

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, वैलेंटाइन डे और मानसिक स्वास्थ्य व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

माघ शुक्ल पक्ष, द्वितीया विक्रम संवत 2080

# अमृत विचार

वर्ष -34, अंक -17, पृष्ठ 16+4, मूल्यः 5 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार




आज का मौसम | 22.8° अधिकतम तापमान | 19.8° न्यूनतम तापमान | आसमान में साफ रहेगा धूप खिली रहेगी। | सूर्योदय 06:46 सूर्यास्त 5:55

लखनऊ, रविवार, 11 फरवरी 2024


रणवीर की रामायण में सूर्पणखा बनेंगी रकुल...15

## एक नजर

### महशहूर चित्रकार ए रामचंद्रन का 89 वर्ष की उम्र में निधन



**नई दिल्ली।** चित्रकार ए. रामचंद्रन का शनिवार को यहां उनके आवास पर निधन हो गया। वह 89 वर्ष के थे। उनके बेटे राहुल ने को बताया कि वह पिछले कुछ समय से बीमार थे और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के कारण आज सुबह 9 बजे उनका निधन हो गया। केरल के अतिंगल में 1935 में जन्मे रामचंद्रन अपनी शानदार चित्रकारी के लिए जाने जाते थे। उन्हें 2002 में ललित कला अकादमी का फेलो चुना गया और 2005 में उन्हें पद्म भूषण से नवाजा गया।

### पाकः गठबंधन सरकार के लिए जोड़-तोड़ शुरू

**इस्लामाबाद/लाहौर।** पाकिस्तान के आम चुनाव में किसी भी एक पार्टी को स्पष्ट बहुमत नहीं मिलने के मद्देनजर गठबंधन सरकार के गठन के लिए चर्चाएं और जोड़-तोड़ की कोशिशें शुरू हो गई हैं। त्रिशंकु संसद बनने के आसार के बीच गठबंधन सरकार बनाने के प्रयासों को तब गति मिली, जब पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने शुक्रवार को प्रतिद्वंद्वी राजनीतिक दलों से पाकिस्तान को मौजूदा कठिनाइयों से बाहर निकालने के लिए हाथ मिलाने की अपील की।

# लोकसभा चुनाव से पहले ही पूरे देश में लागू होगा सीएए: शाह


## गृहमंत्री अमित शाह का बड़ा ऐलान, कहा- इस कानून से किसी की नागरिकता नहीं छिनेगी

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) को आगामी लोकसभा चुनाव से पहले पूरे देश में लागू किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि लाभार्थियों को भारतीय राष्ट्रीयता प्रदान करने की प्रक्रिया जल्द ही शुरू होगी।

सीएए के तहत केंद्र की मोदी सरकार बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान से प्रताड़ित उन गैर-मुस्लिम प्रवासियों हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाई को भारतीय नागरिकता प्रदान करना चाहती है, जो 31 दिसंबर 2014 तक भारत आए थे। शाह ने 'ईटी नाउ ग्लोबल बिजनेस समिट' में कहा, 'सीएए देश का कानून है और इसकी अधिसूचना जरूर जारी होगी। इसे चुनाव से पहले जारी किया जाएगा। इसे लेकर किसी को कोई भ्रम नहीं होना चाहिए।' उन्होंने कहा कि पड़ोसी देशों के प्रताड़ित अल्पसंख्यकों को भारतीय नागरिकता देना कांग्रेस नेतृत्व का भी वादा था।

गृहमंत्री शाह ने कहा कि वह यह स्पष्ट करना चाहते हैं कि सीएए किसी की नागरिकता छीनने का कानून नहीं है। सीएए उन लोगों को नागरिकता देने के लिए बनाया गया है, जो बांग्लादेश-पाकिस्तान से धार्मिक उत्पीड़न का सामना करके आए हैं। इस कानून का किसी को विरोध नहीं करना चाहिए।'



### लोस में शाहः राम मंदिर विरोधी हवन में हड्डी न डालें

**नई दिल्ली।** गृहमंत्री अमित शाह ने अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य मंदिर के निर्माण का विरोध करने वालों को नसीहत दी कि वे 'हवन में हड्डी' न डालें। शाह ने लोकसभा में नियम 193 के तहत श्रीराम जन्मभूमि मंदिर पर चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि भारत में पहली बार एक संन्यासी शासक ने 11 दिन की कठोर तपश्चर्या करके श्री रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की और आध्यात्मिक, भक्ति की चेतना जागृत करके भारत के सांस्कृतिक पुनर्जागरण का शुभारंभ किया है। उन्होंने कहा, "22 जनवरी का दिन सहस्त्रों वर्षों के लिए ऐतिहासिक बन गया है, जो इतिहास और ऐतिहासिक पलों को नहीं पहचानते, वह अपने अस्तित्व को खो देते हैं। 22 जनवरी का दिन 1528 में शुरू हुए एक संघर्ष और एक आंदोलन के अंत का दिन है।"

### सीएए के विरोध में शाहीन बाग में हुआ था धरना-प्रदर्शन

दिसंबर, 2019 में संसद द्वारा सीएए पारित किये जाने और राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने के बाद देश के कुछ हिस्सों में व्यापक पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए थे। दिल्ली के शाहीन बाग में तो इसके खिलाफ महीनों धरना-प्रदर्शन चला था। अब चार साल से अधिक की देरी के बाद सीएए के कार्यान्वयन के लिए नियम बनाए जाने जरूरी हैं। इसबीच अधिकारियों ने कहा कि नियम तैयार हैं और ऑनलाइन पोर्टल भी तैयार है, क्योंकि पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन होगी। आवेदकों को वह वर्ष बताना होगा, जब उन्होंने यात्रा दस्तावेजों के बिना भारत में प्रवेश किया था। आवेदकों से कोई दस्तावेज नहीं मांगा जाएगा। विवादास्पद सीएए को लागू करने का वादा पश्चिम बंगाल में पिछले विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव में भाजपा का एक प्रमुख चुनावी मुद्दा था।

# पांच साल रिफॉर्म, परफॉर्म, ट्रांसफॉर्म के रहे, दुनिया ने देखी भारत की ताकत

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि 17वीं लोकसभा के पांच वर्ष 'रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म' वाले रहे और आज देश का यह संकल्प बन चुका है कि आने वाले 25 साल में वह विकसित भारत बनाने के इच्छित परिणाम प्राप्त करके रहेगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि देशवासियों में भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का जज्बा पैदा हुआ है।

बजट सत्र और मौजूदा लोकसभा की आखिरी बैठक के अंतिम दिन सदन को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'आने वाले 25 वर्ष देश के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। राजनीतिक आकांक्षा और अपेक्षा अपनी जगह है, लेकिन देश का संकल्प बन चुका है कि अगले 25 साल में वह इच्छित परिणाम प्राप्त करके रहेगा।' मोदी ने कहा कि ये पांच वर्ष देश में 'रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म' के थे। अपनी आंखों के सामने ही 'ट्रांसफॉर्म' होते देखना दुर्लभ होता है।

प्रधानमंत्री ने 17वीं लोकसभा में जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने, महिला आरक्षण कानून बनाने, तीन तलाक के खिलाफ कानून बनाने, दंड संहिता की जगह नई न्याय संहिता लाने समेत कई विधेयकों के पारित होने का उल्लेख किया। मोदी ने कहा, 'सदन ने अनुच्छेद 370 हटाया, जिससे संविधान का पूर्ण रूप से प्रकटीकरण हुआ। संविधान निर्माताओं की आत्मा हमें जरूर आशीर्वाद दे रही होगी।' प्रधानमंत्री ने कहा, 'इस कार्यकाल में परिवर्तनकारी सुधार हुए, इनमें 21वीं सदी के भारत की मजबूत नींव नजर आती है।'



- लोकसभा चुनाव से पहले सदन में आखिरी भाषण में बोले प्रधानमंत्री
- बतौर प्रधानमंत्री अपने दूसरे कार्यकाल की गिनाई उपलब्धियां

### सांसदों की बात में 'सबका साथ...' का मंत्रः मोदी

प्रधानमंत्री ने कहा, आज राम मंदिर को लेकर सदन ने जो प्रस्ताव पारित किया, वह आने वाली पीढ़ी को इस देश के मूल्यों पर गर्व करने की संवैधानिक शक्ति दे रहा है। इस सदन में भविष्य को लेकर जो बातें हुई हैं, उसमें संवेदना, संकल्प और सहानुभूति तीनों का समावेश है। सांसदों ने जो बातें कहीं, उनमें सबका साथ-सबका विकास के मंत्र को आगे बढ़ाने का तत्व भी है।

### सभी सांसदों का आभार, पहले सत्र में 30 विधेयक पारित

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला का आभार जताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, ''आपने स्थाई व्यवस्थाओं का निर्माण किया है। आपकी पहल और सभी के संयुक्त प्रयास की वजह से 17वीं लोकसभा में 97 प्रतिशत कामकाज हुआ है। यह अपने आप में प्रसन्नता का विषय है। सात सत्र तो सौ फीसदी से ज्यादा प्रोडक्टिविटी वाले रहे। आपने रात-रात भर बैठकर हर सांसद की बात को सरकार के ध्यान में रखने का प्रयास किया। मैं इस सफलता के लिए सभी सांसदों का आभार व्यक्त करता हूं। पहले सत्र में दोनों सदन में 30 विधेयक पारित किए गए। यह अपने आप में रिकॉर्ड है। नए-नए मानदंड स्थापित हुए।

# पंजाब की सभी लोस सीटों पर चुनाव लड़ेगी आप

खन्ना, एजेंसी

आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को पंजाब की सभी लोकसभा सीटों पर लड़ने की घोषणा की है। हालांकि आम आदमी पार्टी विपक्षी गठबंधन इंडिया का हिस्सा है, लेकिन पंजाब में केजरीवाल ने अलग लड़ने का ऐलान किया है।

केजरीवाल ने कहा, 'दो साल पहले आपने बहुत बड़ा आशीर्वाद दिया था। 117 में से 92 सीट दे दी थी।' उन्होंने कहा, "आज मैं आपसे एक और आशीर्वाद मांगने आया हूं। इस लोकसभा चुनाव में पंजाब में 13 और 1 सीट चंडीगढ़ की है। आने वाले 10-15 दिनों में आम आदमी पार्टी इन 14 की 14 सीटों पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर देगी।" केजरीवाल की इस घोषणा को भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने विपक्षी गठबंधन इंडिया को झटका बताया है।



पार्टी संयोजक केजरीवाल ने किया ऐलान, विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' को एक और झटका

# ईपीएफओ ने बढ़ाई ब्याज दरें, 8.15% से 8.25% की

**नई दिल्ली।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने 2023-24 के लिए कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) जमा पर ब्याज दर शनिवार को 8.25 प्रतिशत तय की, जो पिछले तीन साल में सर्वाधिक है। ईपीएफओ के देश में 6 करोड़ से भी ज्यादा पीएफ खाताधारक हैं, जिन्हें इस फैसले का लाभ मिलेगा। वर्ष 2021-22 में ईपीएफ ब्याज दर 8.10 प्रतिशत थी।

- पिछले तीन सालों में सर्वाधिक

श्रम मंत्री भूपेंद्र यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसकी जानकारी देते हुए कहा कि ईपीएफओ के सेंट्रल बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज (सीबीटी) की 235वीं बैठक में यह फैसला लिया गया। ईपीएफओ ने मार्च 2022 में 2021-22 के लिए ईपीएफ पर ब्याज दर को घटाकर 8.1 प्रतिशत कर दिया था, जो चार दशक में सबसे कम थी। ईपीएफ पर ब्याज दर 2020-21 में 8.5 प्रतिशत थी। सीबीटी के फैसले के बाद 2023-24 के लिए ईपीएफ जमा पर ब्याज दर संबंधी निर्णय को अनुमोदन के लिए वित्त मंत्रालय के पास भेजा जाएगा।

# कश्मीर में 10 जगहों पर एनआईए का छापा

जम्मू, एजेंसी

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने आतंकवादी गतिविधियों के वित्त पोषण और युवाओं को कट्टरपंथी बनाने में कथित रूप से शामिल तत्वों के खिलाफ अपनी कार्रवाई के तहत शनिवार को यहां छापेमारी की।

अधिकारियों ने बताया कि जम्मू शहर के गुज्जर नगर और शहीदी चौक समेत विभिन्न स्थानों पर छापेमारी जारी है। अधिकारियों ने बताया कि एक निजी स्कूल और उसके अध्यक्ष समेत तीन अधिकारियों से जुड़े परिसरों पर एनआईए के अधिकारियों ने छापा मारा। 28 फरवरी, 2019 को यूएपी अधिनियम के तहत एक गैरकानूनी संघ घोषित होने के बाद भी जमात-ए-इस्लामी को जम्मू-कश्मीर में आतंकी फंडिंग गतिविधियों को अंजाम देते हुए पाया गया है।



आतंकवादी फंडिंग मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने की कार्रवाई

### इधर, तमिलनाडु में कार बम ब्लास्ट को लेकर 27 जगहों पर तलाशी

**चेन्नई।** एनआईए के अधिकारियों ने कोयंबटूर में इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड सीरिया (आईएसआईएस) से प्रेरित होकर किए गए कार बम धमाके से जुड़े मामले में शनिवार को तमिलनाडु में कम से कम 27 स्थानों पर छापे मारे। विस्फोट के संबंध में 15 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। एजेंसी ने बताया कि इस मामले का मुख्य संदिग्ध एवं आत्मघाती हमलावर जमेशा मुबीन अक्टूबर 2022 में आईईडी ले जा रहे वाहन में हुए धमाके में मारा गया था। एक सूत्र ने बताया कि चेन्नई, तिरुचिरापल्ली, मदुरै, तिरुनेलवेली और कोयंबटूर जिलों में उन लोगों के परिसरों पर एक साथ छापेमारी की जा रही है, जिन पर आईएसआईएस या उसके समर्थकों से संबंध होने का संदेह है। छापेमारी शनिवार सुबह शुरू की गई।

# कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद की पत्नी को ईडी का समन

**लखनऊ।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धन शोधन के एक मामले की जांच के सिलसिले में पूछताछ के लिए कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद की पत्नी लुईस खुर्शीद को समन भेजा है। यह मामला लुईस खुर्शीद के नेतृत्व वाले एक ट्रस्ट द्वारा कृत्रिम अंगों और उपकरणों के वितरण में सरकारी निधि के दुरुपयोग से जुड़ा है। सूत्रों ने बताया कि उन्हें पीएमएलए के प्रावधानों के तहत अपना बयान दर्ज कराने के लिए 15 फरवरी को लखनऊ में ईडी के कार्यालय में पेश होने को कहा गया है। बरेली में सांसद-विधायक (एमपी-एमएलए) अदालत ने दो दिन पहले इस मामले में लुईस खुर्शीद के खिलाफ गिरफ्तारी का वारंट जारी किया था और मामले पर अगली सुनवाई के लिए 16 फरवरी की तारीख तय की थी। सलमान खुर्शीद संप्रग सरकार में केंद्रीय मंत्री रह चुके हैं।



दिव्यांग उपकरण वितरण में हेराफेरी मामले में 15 फरवरी को तलब किया

# बाहरी इलाकों से कर्फ्यू हटा, होगी मजिस्ट्रेट जांच

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** उत्तराखंड के हिंसाग्रस्त हल्द्वानी शहर के बाहरी इलाकों से कर्फ्यू हटा लिया गया है, लेकिन बनभूलपुरा क्षेत्र में यह लागू रहेगा। यहीं एक अवैध मदरसे को तोड़े जाने को लेकर उपद्रवियों ने भीषण आगजनी और तोड़फोड़ की थी। हिंसा की घटनाओं की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए गए हैं और जांच 15 दिन के भीतर पूरी करने का निर्देश दिया गया है।

मुख्य सचिव राधा रतूड़ी द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि कुमाऊं के आयुक्त दीपक रावत मजिस्ट्रेट जांच करेंगे और 15 दिन के भीतर सरकार को अपनी रिपोर्ट सौंपेंगे। नैनीताल की जिलाधिकारी वंदना सिंह ने शनिवार को कर्फ्यू बनभूलपुरा तक सीमित करने का आदेश जारी किया। इसमें कहा गया है कि नैनीताल-बरेली मोटर रोड पर वाहनों की आवाजाही और वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों पर कोई पाबंदी नहीं रहेगी। इस बीच शनिवार शाम हल्द्वानी में इंटरनेट सेवाएं बहाल कर दी गईं।

एडीजी (लॉ एंड ऑर्डर) एपी अंशुमन ने बताया, 'प्रभावित इलाके में लगातार गश्त की जा रही है और स्थिति नियंत्रण में है।'

### हल्द्वानी की हिंसा



कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत करेंगे दंगे की जांच

### पांच गिरफ्तार गिरफ्तार अन्य की तलाश जारी

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड के हल्द्वानी में हिंसा और आगजनी के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पांच उपद्रवियों को गिरफ्तार कर लिया है। अन्य आरोपियों की पहचान का काम जारी है। पुलिस महानिरीक्षक डॉ. नीलेश आनंद भरणे के अनुसार जिन पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है, उनमें महबूब आलम, जिशान परवेज, अरशद, जावेद सिद्दीकी और असलम उर्फ असलम चौधरी शामिल हैं।

# आपने लूटे मिलियन, हम प्रदेश को देंगे ट्रिलियन: योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और सपा प्रमुख अखिलेश यादव के बीच शनिवार को विधानसभा में बजट सत्र के आखिरी दिन जमकर शब्दों का घमासान देखने को मिला। योगी ने शायराना अंदाज में निशाने पर लेते हुए कहा, 'आपने दिया फेल्योर स्टेट, हमने बनाया सेक्योर स्टेट, आपने लूटे मिलियन, हम प्रदेश को देंगे वन ट्रिलियन।'

भारत रत्न से सम्मानित चौ.चरण सिंह का नाम अखिलेश द्वारा न लेने पर इसे किसानों के अपमान से जोड़ा। योगी कहा कि आप फटे दूध की तरह हैं, धोखेबाज के साथ कौन जाना चाहेगा। मुख्यमंत्री ने बजट को वन ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था की ओर ले जाने वाला बताते हुए कहा कि राज्य सरकार टैलेंट, ट्रेडिशन, ट्रेड, टूरिज्म और टेक्नोलॉजी के मंत्र को अपनाकर मिशन मोड में विकास कार्यों को आगे बढ़ा रही है। सकल पदारथ एहि जग माही... तुलसीदास की चौपाई सुनाते हुए कहा कि पहले की सरकारों में कर्महीनता थी, अब प्रदेश सर प्लस स्टेट बन गया है। 2017 से पहले राज्य के नेतृत्व में कुछ भी करने की जिजीविषा नहीं थी। हमारी सरकार ने प्रदेश के बजट को 7 वर्षों के अंदर दोगुना तक बढ़ा दिया।

योगी ने कहा कि 2017 में पहला बजट भी प्रभु श्रीराम को साक्षी मानकर प्रस्तुत किया था, अब आठवां बजट भी भगवान राम के श्री चरणों में समर्पित है। रहीमदास का दोहा सुनाते हुए कहा, 'रहिमन फाटे दूध को मथे न माखन होय... नेता प्रतिपक्ष की आज यह स्थिति हो चुकी है कि कोई साथ में आने को तैयार नहीं है। सबको मालूम है कि पता नहीं किसको धोखा दे दें।' इसी दौरान सदन में किसी ने शिवपाल यादव का नाम लिया तो, योगी ने कहा कि चाचा तो जानते ही थे कि असल में क्या होने जा रहा है। योगी ने अपने भाषण में चौ. चरण सिंह का नाम न लेने पर अखिलेश पर हमला करते हुए कहा कि चौधरी साहब का सम्मान किसानों का सम्मान है।



- विधानसभा में योगी और अखिलेश के बीच जमकर चला शब्दों का घमासान
- योगी ने कहा, धोखेबाज के साथ कौन जाना चाहेगा, आप फटे दूध की तरह

### काशी-मथुरा में सपा ने बंद किया था ताला

पहले की सपा सरकार पर आरोप लगाते हुए योगी ने कहा कि काशी में भी उसी ने ताला बंद करवाया था और कृष्ण जन्मभूमि में भी पीछे जो पार्क है, उसका भी ताला बंद कर दिया था। दोनों ताले हमारी सरकार ने खुलवा दिए हैं।

### पता नहीं चाचा कब कुर्सी हथिया लें: योगी

योगी ने अखिलेश पर चुटकी लेते हुए कहा कि सीएम रहते न नोएडा गए होंगे, न बिजनौर। उनको डर लगता था कि पता नहीं कब हट जाएंगे, पता नहीं चाचा कब कुर्सी हथिया लें। हम तो नोएडा गए और रात्रि में बिजनौर में भी रुकते थे।





## एक नजर

### विधानसभा का सत्र अनिश्चित काल के लिए स्थगित

अमृत विचार, लखनऊ : उप्र. 18वीं विधानसभा का बजट सत्र अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हो गया है। यह जानकारी विधानसभा के प्रमुख सचिव प्रदीप कुमार दुबे ने दी। हालांकि यह सत्र 12 फरवरी तक चलने की घोषणा की गई थी। मगर, दो शनिवार अवकाश में सदन चलाये जाने से सभी विधायी कार्य दो दिन पहले ही निपट गए।

### छह माह से बंद पड़े हैं विद्युत व्यथा निवारण फोरम

अमृत विचार, लखनऊ : राज्य विद्युत नियामक आयोग के तहत खोले गये विद्युत व्यथा निवारण फोरम पिछले छह माह से बंद पड़े हुए हैं। इससे बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतें निस्तारित नहीं हो पा रही हैं। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने बंद पड़ फोरमों को शीघ्र खोले जाने की मांग उठाई है। उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने बताया कि विद्युत व्यथा निवारण फोरम में पूर्व में शिकायतें दर्ज होती थीं। शिकायतों पर संबंधित बिजली अभियंताओं से जवाब तलब किया जाता था, पर फोरम के बंद होने से उपभोक्ताओं को दिक्कतें हो रही हैं।

# प्रदेश में आया 2,300 करोड़ का विदेशी निवेश

## विधानसभा में मुख्यमंत्री योगी ने पेश किया अवस्थापना व औद्योगिक विकास के परिदृश्य का खाका

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



विधानसभा में कार्यवाही के दौरान मुख्यमंत्री योगी, वित्त मंत्री सुरेश खन्ना व अन्य सदस्य।

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा में बजट सत्र के दौरान शनिवार को एफडीआई और फॉर्च्यून-500 कंपनियों का निवेश प्रदेश में आकर्षित कराने के लिए की जा रही कोशिशों की भी जानकारी दी। कहा कि प्रदेश में 2300 करोड़ का विदेशी निवेश आया है। स्टेबिलिटी व सस्टेनेबिलिटी दो ऐसे फैक्टर्स हैं जिन पर फोकस करके औद्योगिक विकास को गति दी जा रही है। 46 वर्ष के बाद प्रदेश में बीडी के जरिए एक नया औद्योगिक शहर आएगा।

योगी ने कहा कि प्रदेश में पहली बार सेमीकंडक्टर के महत्व को पहचानने का कार्य हुआ है। एक छोटी सी चिप हमारे इलेक्ट्रिक इक्विप्मेंट्स को संचालित करने में क्या रोल अदा करती है और इसी बात को ध्यान में रखकर प्रदेश में सेमीकंडक्टर पॉलिसी को लागू

**सेमीकंडक्टर पॉलिसी समेत बीडा के रूप में नए औद्योगिक शहर के विकास की दी जानकारी**

करने का कार्य किया। एफडीआई और फॉर्च्यून 500 कंपनियों से निवेश को आकृष्ट करने के लिए भी नई एफडीआई नीति लागू की है। किसी भी राज्य द्वारा देश में अब तक वैश्विक निवेश को आकर्षित करने के लिए अब तक इस प्रकार का प्रयास नहीं हुआ है।

**गंगा एक्सप्रेसवे पर महाकुंभ के पहले यातायात संचालन पर फोकस:** प्रदेश के अंदर बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए योगी सरकार में हुए कार्यों को लेकर जानकारी देते हुए कहा कि पूर्वांचल व बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे का विकास हमारे कार्यकाल में हुआ जिसे हम पहले ही पूरा कर चुके हैं।

मेरठ से प्रयागराज को जोड़ने वाले गंगा एक्सप्रेसवे को भी पूरा करने पर हमारा फोकस है तथा हमें विश्वास है कि महाकुंभ 2025 के प्रारंभ से पहले इसे संचालित करने में सफल होंगे। पूर्वांचल एक्सप्रेसवे को आगरा-लखनऊ से जोड़ने तथा एक लिंग एक्सप्रेसवे के निर्माण की प्रक्रिया के लिए भी बजट में धनराशि का प्रावधान किया गया है।

### इन पर भी रहा मुख्यमंत्री का विशेष ध्यान

- **अटल इंडस्ट्रियल इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन :** वर्तमान बजट की अपेक्षा इस वर्ष 33 फीसदी बढ़ोत्तरी के लिए बजट में प्रावधान किया गया है।
- **एमएसएमई :** 2017 के पहले उपेक्षित सेक्टर में 2016-17 तक 2028 करोड़ के ऋण का वितरण प्रदेश में होता था। वहीं, 2022-23 में 1 लाख 60 हजार करोड़ रुपए का ऋण एमएसएमई यूनिट को उपलब्ध कराया गया। वर्ष 2024-25 के लिए इसे 2 लाख 91 हजार करोड़ रुपए करने का संकल्प रखा गया है।
- **युवा उद्यमी विकास :** यह नई स्कीम अप्रैल 2024 से प्रारंभ होगी। इससे नए उद्यमियों को प्रशिक्षित करने, उद्यम लगाने के लिए प्रोत्साहित करने तथा पहले चरण में 5 लाख तक के ब्याजमुक्त ऋण की कार्रवाई की जाएगी। भुगतान होने के बाद इस राशि को अगले चरणों में साढ़े सात लाख व 10 लाख तक करने की व्यवस्था की जाएगी। एक लाख युवा उद्यमी कार्यक्रम से जुड़ेंगे।
- **उत्तर प्रदेश रोजगार प्रोत्साहन कोष :** इसके माध्यम से प्रदेश के अंदर युवाओं के लिए ट्रेनिंग, इंटर्नशिप व अप्रेंटिसशिप का मार्ग प्रशस्त होगा। प्रदेश में युवाओं की ट्रेनिंग के लिए वित्त पोषण रोजगार को उपलब्ध कराने के लिए 10 प्राइवेट औद्योगिक पार्क का विकास हुआ है।
- **वस्त्रोद्योग :** 2024-25 में वस्त्रोद्योग को बढ़ावा देने के लिए एक नई निफ्ट समेत आंगनबाड़ी के विकास का भी कार्य हुआ है।
- **सीएम अप्रेंटिसशिप स्कीम :** इसके लिए भी धनराशि की व्यवस्था की गई है। प्रदेश में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस समेत मशीन लर्निंग के लिए आईआईटी कानपुर के साथ मिलकर फैसिलिटी स्थापित करने का प्रावधान किया गया है।
- **खेल :** प्रदेश में खेल के स्तर को सुधारने के लिए कोई योजना नहीं थी, मगर उत्तर प्रदेश अब पहला राज्य है जो बाकायदा पॉलिसी लाकर 500 से ज्यादा खिलाड़ियों को रोजगार दे चुका है। हॉकी के प्रसिद्ध खिलाड़ी को डीएसपी बनाया व सम्मानित भी किया गया।

# नकल माफिया बोर्ड परीक्षा में लेते थे गांरटी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** विप में शनिवार को जैसे ही नेता सदन व उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि भाजपा सरकार आने से पहले उत्तर प्रदेश में भर्ती का मतलब घोटाला होता था। अगर बोर्ड की परीक्षा होती थी, तो नकल माफिया बोर्ड से लेकर भर्ती तक नकल की गारन्टी लेते थे। जब भाजपा सरकार आयी तो हमने नकल विरोधी अध्यादेश लाकर नकल बन्द करायी। छात्रों को पढ़ने के लिए प्रेरित किया। जवाब सुनते ही सपा के विधायकों ने नारेबाजी शुरू कर दी और सदन से बहिर्गमन कर गये।

शनिवार होने के कारण आज प्रश्न प्रहर नहीं हुआ। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह ने सदन के पूर्व सदस्य सरदार महेन्द्र सिंह के निधन पर शोक व्यक्त किया। सदन ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धाजलि अर्पित की। इसके बाद उप मुख्यमंत्री, नियम 105 के तहत सपा सदस्यों द्वारा उठाए गए बढ़ती बेरोजगारी और शिक्षित बेरोजगारों की आत्महत्या के सवालों का जवाब दिया।

उन्होंने कहा कि सपा ने बिना तैयारी के बेरोजगारी के विषय को उठाया है, प्रदेश सरकार पारदर्शी तरीके से नौकरी दे रही है। समयबद्ध तरीके से परीक्षाएं हो रही हैं, पारदर्शी तरीके से रिजल्ट निकल रहे हैं। रोजगार के क्षेत्र में भी उप्र को नम्बर वन बनाने के लिए हम काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना अंतर्गत जिले स्तर पर बच्चों को निःशुल्क कोचिंग की सुविधा मिल रही है। सरकार की मंशा है कि बच्चे पढ़ लिखकर देश व दुनिया में किसी भी परीक्षा को उत्तीर्ण कर आगे बढ़ें। शिक्षित बेरोजगारो के सवाल पर उप मुख्यमंत्री ने 2015 के सचिवालय में चपरासी के 368 पदों के सापेक्ष 23 लाख आए आवेदन से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि इनमें से 250 पीएचडी, 24 हजार ग्रेजुअट थे। इसके बाद सरकार पर विपक्ष की आवाज दबाने और बेरोजगार विरोधी होने का आरोप लगाते हुए सपा सदस्यों ने सदन से वाकआउट किया।

## विधान परिषद कार्यवाही

### दोनों सदनों में पास हुए पांच विधेयक

भोजनावकाश के बाद प्रमुख सचिव विधान परिषद् ने उत्तर प्रदेश विधान सभा द्वारा पारित भारतीय स्टाम्प (उत्तर प्रदेश संशोधन) विधेयक, 2024 और उप्र निजी विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2024 को सदन की मेज पर रखा गया और ध्वनिमत से पारित हुए। इसके अलावा उप्र लोक आयुक्त तथा उप लोक आयुक्त (संशोधन) विधेयक, 2024, उप्र लिफ्ट और एस्केलेटर विधेयक, 2024 और उप विनियोग विधेयक, 2024 तीनो विधेयक ध्वनिमत से पारित हुए।

### हत्या का मुद्दा कार्य स्थगन के रूप में उठाया

बसपा के भीमराव अम्बेडकर ने औरैया के ग्राम शहबदिया में ग्राम प्रधान रमाकांत उर्फ रिंकू व उनके चचेरे भाई रविन्द्र कुमार की हत्या का मुद्दा कार्य स्थगन के रूप में उठाया। उन्होंने कहा कि एक ही मामले में दो हत्याएं हो गईं, मगर संबन्धित थाने पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। नेता सदन केशव प्रसाद मौर्या ने कहा घटना दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण है। अपराध करनेवाला कोई भी बच नहीं पायेगा। प्रधान की हत्या का दोषी जेल जा चुका है, मामला न्यायालय में हैं जबकि दूसरी घटना में कानून सम्मत कार्रवाई की जायेगी। अगर सदस्य विवेचना से संतुष्ट नहीं हैं तो किसी अन्य अधिकारी से विवेचना करायी जा सकती है।

# बड़ा हुआ तो क्या हुआ जैसे पेड़ खजूर..

**योगी सरकार के बजट पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कसा तंज**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



विधानसभा की कार्यवाही में भाग लेने के लिए जाते सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव, साथ में अन्य सदस्य।

**अमृत विचार:** प्रदेश सरकार की ओर से पेश किए गए बजट 2024-25 पर नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव ने शनिवार को विधानसभा में जोरदार हमला बोला। बड़ा हुआ तो क्या हुआ जैसे पेड़ खजूर..सुनाकर सबसे बड़े बजट पर तंज कसा। बजट की तमाम खामियां और आमआदमी, बेरोजगार, किसान, व्यापारी समेत हर वर्ग की दुश्वारियां गिनाई। साथ ही राम मंदिर कार्यक्रम में पीएम मोदी पर पूरा फोकस होने पर तंज कसा।

अखिलेश यादव ने कहा कि किसानों की आय दोगुनी होने का नारा, विपक्ष का नहीं है। दिल्ली से लेकर लखनऊ तक की डबल इंजन की सरकार का यह नारा है। सरकार यह स्पष्ट करें कि किसानों की आय दोगुनी होगी होगी या नहीं? कर्मचारियों को पुरानी पेंशन मिलेगी या नहीं? अच्छी दवाई, अच्छी पढ़ाई के लिए बजट में कितना आवंटन है? अखिलेश ने कहा कि बिजली के जो भी कारखाने लगाए गए थे। वह पूरी क्षमता पर नहीं चल रहे हैं। सरकारी क्या बताएं कि बिजली के नए कारखाने के लिए कितना बजट आवंटित किया गया है? नई सड़कों को तो छोड़िए, सड़कों के गड्ढे भरने में कोई प्रावधान है या नहीं है। यह देखा जाना चाहिए। गड्ढों को भरने के बहाने सरकार ने कितना पैसा खर्च किया है? उन्होंने शिवपाल यादव का नाम लिए बगैर कहा कि हमें चाचा का नाम लेकर छेड़ा जाता है। हम उन्हें तथ्यों के आधार पर घेर रहे हैं। अखिलेश ने कहा कि बजट के लिए निर्धारित प्रावधानों को जनता तक पहुंचने में सरकार कामयाब नहीं हुई है। नगर विकास विभाग से लेकर गृह विभाग तक के बजट का आंकड़ा पेश करते हुए कहा कि जो बजट प्रावधान किए गए, उसका आधा पैसा भी खर्च नहीं हो पाया।

### अयोध्या नहीं जाना है वोट बैंक पर पड़ेगा असर

नेता विरोधी दल अखिलेश यादव द्वारा राम के नाम पर राजनीति नहीं होनी चाहिए का जिक्र करते हुए योगी ने कहा कि हमने तो कभी राजनीति नहीं की। राम तो हमारे अराध्य हैं। राम के बिना कोई काम कैसे हो सकता है। उठते-जागते हर समय राम-राम का संबोधन होता है, लेकिन अयोध्या नहीं जाना है क्योंकि वोटबैंक पर असर पड़ जाएगा।

### राम मंदिर कार्यक्रम पर कसा तंज

राम मंदिर कार्यक्रम पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर तंज कसते पीएम नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम के फोकस में रहने पर शायरी के जरिए हमला बोला। उन्होंने कहा कि पता नहीं वे अयोध्या कितनी बार गए। सड़क कैसा बनेगा? कैसी लाइट लगेगी? सबको देखा। लेकिन, कार्यक्रम के दिन वे नहीं दिखे। उन्होंने कहा कि, हुजूरे आला आज तक खामोश बैठे हैं इसी गम में..।

### मोदी सरकार पर भी साधा निशाना

अखिलेश यादव ने केंद्र सरकार के भारत को विश्व की पांचवी अर्थव्यवस्था बनाए जाने के दावों निशाना साधा। कहा कि हम विश्व की पांचवीं अर्थव्यवस्था हैं, लेकिन आज भी देश की 80 करोड़ आबादी 5 किलो अनाज के सहारे है। किसानों की बोरी से 5 किलो की चोरी जारी है। पुराने पेंशन के लिए पांच पैसे भी नहीं हैं। युवाओं के लिए कोई रोजगार या 500 रुपये का बेरोजगारी भत्ता नहीं दिया जा रहा है। वरिष्ठ नागरिकों को रेल किराए में कंसेशन 5 फीसदी तक नहीं है।

# आशा बहुओं के बकाया भुगतान की मांग

**भाजपा सदस्य विजय बहादुर पाठक ने उठाया मुद्दा**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** विधान परिषद की कार्यवाही के दौरान भाजपा सदस्य विजय बहादुर पाठक ने उत्तराखण्ड सरकार द्वारा समान नागरिक संहिता कानून (यूनिफार्म सिविल कोड) लागू करने के संबंध में बधाई की सूचना दी। साथ ही उन्होंने नियम 115 में आजमगढ़ की आशा बहुओं के बकाया भुगतान की मांग उठी। सपा के लाल बिहारी यादव, स्वामी प्रसाद मौर्य, डॉ. मान सिंह यादव, आशुतोष सिन्हा, मुकुल यादव, शाहनवाज खान एवं मो.जासमीर अन्सारी ने उप्र राज्य शिक्षा सेवा आयोग के गठन के बाद अभी तक अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति न होने का मामला कार्य स्थगन के रूप में उठाया। निर्दल समूह के सदस्यों ने उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग 2023 के अधिनियमित होने के बाद से आ रही कठिनाईयों का निदान कराये जाने का मामला कार्य स्थगन के रूप में उठाया। माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी ने कहा आयोग के गठन की प्रक्रिया संचालित है। सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह ने शाम को 7.20 बजे सदन की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई है।

### शंकराचार्य के बाद हिंदू उत्थान का काम कर रहे मोदी: राजा भैया

अमृत विचार, लखनऊ : कुंडा से निर्दलीय विधायक रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया ने सदन की कार्यवाही के दौरान योगी सरकार के बजट का समर्थन किया और योगी-मोदी की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि मंदिरों की दीवारों पर गुंबद बना देने से गंगा-जमुनी तहजीब नहीं होती। उन्होंने कहा कि ये हम लोगों का सौभाग्य है कि अपने जीवनकाल में भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर को देखने को मिला। आदि शंकराचार्य के बाद अगर कोई सनातन उत्थान का, हिंदू उत्थान का काम कर रहा है तो वह नरेंद्र मोदी कर रहे हैं।

# 55 घंटे से ज्यादा चली बजट सत्र की कार्यवाही

**विधानसभा अध्यक्ष ने सहयोग के लिए व्यक्त किया आभार**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश की 18वीं विधान सभा में एक बार फिर बिना स्थगन के वर्ष-2024 का प्रथम सत्र शनिवार को अनिश्चित काल के लिए स्थगित हो गया। बजट सत्र के दौरान आहूत आठ उपवेशनों में सदन की कार्यवाही कुल 55 घंटे 09 मिनट तक चली। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने मुख्यमंत्री व नेता सदन योगी आदित्यनाथ समेत नेता प्रतिपक्ष व सभी सदस्यों का सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

कार्यवाही के दौरान कुल 2404 प्राप्त प्रश्नों में अल्पसूचित तारांकित प्रश्न दो, स्वीकृत तारांकित प्रश्न 443 तथा अतारांकित प्रश्न 1753 रहे। जिनकी कुल संख्या 2198 रही। वहीं उत्तरित प्रश्नों में तारांकित प्रश्न 75 तथा अतारांकित प्रश्नों की संख्या 525 रही। इनकी कुल संख्या 600 रही। 2404 प्रश्न (88.14 प्रतिशत) आनलाइन प्राप्त हुए।

गत दो फरवरी से शुरू होने वाले 2024 के प्रथम सत्र में नियम-300 के अंतर्गत कुल सात सूचनाएं प्राप्त हुई, सुनी गयी सूचनाएं तीन, अस्वीकृत सात रही। नियम-301 के तहत कुल 383 सूचनाएं प्राप्त हुई जिनमें 274 स्वीकृत एवं 109 अस्वीकृत हुई।

सत्र के दौरान सरकार से वक्तव्य मांगने वाले नियम-51 के अन्तर्गत 548 सूचनाएं प्राप्त हुई। इनमें वक्तव्य के लिए 25, केवल वक्तव्य के लिए 11, ध्यानाकर्षण के लिए 258 सूचनाएं तथा 254 सूचनाएं अस्वीकार की गयी।

इसी प्रकार इस सत्र में कुल-686 याचिकाएं प्राप्त की गयी। जिसमें ग्राहय याचिकाओं की संख्या 554 रही। सदन की कार्यसूची में सम्मिलित याचिकाओं की संख्या 554, अग्राहय याचिकाओं की संख्या 61, विलम्ब से प्राप्त याचिकाओं की संख्या 71 तथा याचिका देने वाले कुल सदस्यों की संख्या 171 रही। नियम-103 के अंतर्गत कुल 14 प्रस्ताव प्राप्त हुए जो सभी 14 अग्राहय हुए। विगत सत्रों के चर्चाधीन प्रस्तावों की संख्या 30 तथा सदन में चर्चा के उपरांत वापस/अस्वीकृत, व्यपगत प्रस्तावों की संख्या 18 तथा शेष चर्चाधीन प्रस्तावों की संख्या 12 रही।

### आसान होगा मुरादाबाद चित्रकूट, अलीगढ़, आजमगढ़ और श्रावस्ती का सफर

अमृत विचार, लखनऊ : चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट से मुरादाबाद, चित्रकूट, श्रावस्ती, अलीगढ़ और आजमगढ़ के लिए विमान सेवाएं इस माह के अंतिम सप्ताह से शुरू हो सकती हैं। फ्लाईबिग एयरलाइंस की ओर से ये सेवाएं 19 सीटर विमान से दी जाएंगी। विमान का किराया और शेड्यूल भी जल्द जारी होने की संभावना है। राज्य सरकार की पहल पर उड़ान योजना के तहत पांच शहरों के लिए विमान सेवा शुरू होने जा रही है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिन पांच शहरों के लिए विमान सेवाएं शुरू की जा रही हैं, उनका किराया 1800 से 2500 रुपये के बीच होगा। लखनऊ से श्रावस्ती, चित्रकूट, अलीगढ़, आजमगढ़ और मुरादाबाद का सफर सवा से डेढ़ घंटे में पूरा हो जाएगा।

# करने पड़े बड़े सुधार, तब आया सुशासन

## मुख्यमंत्री योगी ने सुशासन दिवस 2024 कार्यक्रम को किया वर्चुअली संबोधित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को नई दिल्ली में आयोजित 'सुशासन दिवस 2024' कार्यक्रम को वर्चुअली संबोधित किया। उन्होंने प्रदेश में हुए विकास कार्यों और सरकार की उपलब्धियों की गाथा सुनाते हुए कहा कि प्रदेश में सुशासन की स्थापना अचानक नहीं हुई है, बल्कि इसके लिए बड़े स्तर पर सुधार किये गये। पहले की सरकारों ने जाति, मत-मजहब, क्षेत्र और भाषा के आधार पर समाज को

**बोले, पहले की सरकारों ने प्रदेश की क्षमता का नहीं किया बेहतर उपयोग**

बांटने और ठगने का कार्य किया, मगर आज विभिन्न योजनाओं के माध्यम से गरीबों को आत्मनिर्भर बनाया गया है। प्रदेश में पहले भी पोटेंशियल था, मगर तब की सरकारों ने इसका बेहतर उपयोग नहीं किया।

नई दिल्ली स्थित डॉ अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में राम भाऊ म्हालगी प्रबोधिनी की ओर से आयोजित दो दिवसीय 'सुशासन महोत्सव 2024' के लिए मुख्यमंत्री ने आयोजकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सुशासन महोत्सव प्रधानमंत्री के विकसित भारत के विजन को प्रस्तुत करता है। बीते 10 साल में पूरी दुनिया नये भारत का दर्शन कर रही है। भारत आज दुनिया को सम और विषम परिस्थितियों में नेतृत्व देने का सामर्थ्य रखता है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने विशेष तौर पर प्रदेश में नये उद्यमियों के लिए लाई गई पांच लाख तक के ब्याज मुक्त ऋण की भी चर्चा की।

### बिना भेदभाव के कानून का राज स्थापित किया

मुख्यमंत्री ने प्रदेश के अंदर चल रही तमाम विकास परियोजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने यूपी में इन्फ्रास्ट्रक्चर और कनेक्टिविटी में हुए कार्यों को गिनाया। साथ ही प्रदेश में सुदृढ़ हुई कानून व्यवस्था जैसी उपलब्धियों के बारे में भी बताया। कहा कि केवल योजना बनाने से सुशासन नहीं आता, बल्कि योजनाओं के क्रियान्वयन का तरीका और उसकी मॉनीटरिंग बहुत जरूरी है। सरकार ने टेक्नोलॉजी का बेहतरीन उपयोग किया है। सरकार ने बिना भेदभाव के कानून का राज स्थापित किया है।

# परिवारवाद करने वाले सहन नहीं कर पा रहे मोदी को: नंदी

**औद्योगिक विकास मंत्री ने राहुल गांधी पर साधा निशाना**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के आपत्तिजनक बयान पर औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने कहा परिवारवादी व वंशवादी सत्ता के अहंकार में डूबे लोग यह सहन नहीं कर पा रहे कि ओबीसी वर्ग से आने वाले नरेंद्र मोदी दो बार देश के प्रधानमंत्री बन गए और लगातार तीसरी बार भी पूरे देश की जनता ने उनके राजतिलक की तैयारी कर ली है।

औद्योगिक विकास मंत्री ने शनिवार को कहा कि यह न केवल देश के प्रधानमंत्री का अपमान है बल्कि ओबीसी वर्ग के स्वाभिमान को आहत करने वाला भी है। कांग्रेस ओबीसी से घृणा के इतने निचले स्तर पर उतर आई है। मालूम हो कि ओडिशा में 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' दौरान राहुल गांधी ने कहा था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ओबीसी जाति में पैदा नहीं हुए थे, वह तो जनरल कॉस्ट में पैदा हुए थे लेकिन भाजपा लोगों को यह बोलकर बेवकूफ बनाती है कि प्रधानमंत्री ओबीसी जाति में पैदा हुए थे।

# 1748 पंचायतें होंगी टीबी मुक्त, मिलेगा सर्टिफिकेट

**20 तक होगा पंचायतों का सत्यापन**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** टीबी मुक्त उप्र. बनाने की दिशा में अच्छे परिणाम मिले हैं। प्रदेश की 57647 पंचायतों में से 1748 ने टीबी मुक्त होने का दावा किया है। सत्यापन के बाद इन पंचायतों को जिलाधिकारी द्वारा टीबी मुक्त होने का सर्टिफिकेट प्रदान किया जाएगा।

राजधानी की कुल 491 पंचायतों में से 12 ने टीबी मुक्त होने का दावा किया है। राज्य क्षय रोग नियन्त्रण कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शैलेन्द्र भटनागर ने बताया कि दावा प्रस्तुत करने वाली इन पंचायतों का 20 फरवरी तक विभिन्न मानकों पर सत्यापन कराया जाएगा।

सत्यापित होने के बाद पंचायतों को टीबी मुक्त होने का सर्टिफिकेट प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत पंचायतों को जल्दी से जल्दी टीबी मुक्त बनाने के लिए चौपालों में भी टीबी के प्रति जागरूकता बढ़ाई जा रही है। साथ ही जांच में टीबी की पुष्टि होने पर तुरंत इलाज उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके लिए ग्राम प्रधानों द्वारा घर-घर टीम भेजकर भी लोगों की स्क्रीनिंग और जांच कराने में जुटे हैं।

### अंबेडकरनगर की 130 पंचायतें हैं शामिल

अम्बेडकरनगर की कुल 899 पंचायतों में से 130 पंचायतों ने टीबी मुक्त होने वाली हैं। इसी तरह बाराबंकी की 1164 पंचायतों में से 82, कुशीनगर की 1003 पंचायतों में से 74, उन्नाव की 1044 पंचायतों में से 66 और मथुरा की 495 पंचायतों में से 64 ने टीबी मुक्त होने का दावा पेश किया है।

# बरेली में तनाव की स्थिति नियंत्रित करे सरकार : मायावती

**अमृत विचार, लखनऊ:** हल्दानी और बरेली में हिंसा के मामले में



बसपा प्रमुख मायावती ने दोनो राज्य की सरकारों को कटघरे में खड़ा करते हुए चिंता व्यक्त किया है।

शनिवार को सोशल मीडिया एक्स पर बसपा प्रमुख ने कहा कि उत्तराखंड से लगे यूपी के जिला बरेली आदि में भी आए दिन किसी न किसी मुद्दे को लेकर यहां तनाव की स्थिति बनी रहती है, जिसे समय रहते सरकार को नियंत्रण कर लेना चाहिये ताकि यहां भी शांति व्यवस्था बनी रहे। साथ ही उन्होंने कहा कि उत्तराखंड राज्य के हल्दानी में हुई हिंसा और उसमें जान-माल की हुई क्षति अति-चिन्तनीय। अगर सरकार, प्रशासन व खूफिया तंत्र सतर्क होता तो इस घटना को रोका जा सकता था।

# लोकसभा की सभी सीटों पर खिलाना है कमल: भूपेंद्र

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



दीप जला कर कार्यशाला की शुरुआत करते प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह, साथ में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी व अन्य। अमृत विचार

**अमृत विचार:** भारतीय जनता पार्टी आगामी लोकसभा चुनाव में जन-जन का समर्थन जुटाने के लिए प्रदेश में लाभार्थी सम्पर्क अभियान चलाएगी। इसे लेकर शनिवार को आयोजित राज्य स्तरीय कार्यशाला में प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने लोकसभा की सभी 80 सीटों पर कमल खिलाने का आह्वान किया। पूरे अभियान को लेकर पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुतिकरण दिया गया। 11 फरवरी से 16 फरवरी के मध्य लोकसभा स्तर पर लाभार्थी सम्पर्क अभियान की कार्यशाला होगी, जबकि 12 फरवरी से 20 फरवरी के मध्य मण्डल स्तर पर कार्यशाला आयोजित की जाएगी। 25 फरवरी से 5 मार्च तक लाभार्थी सम्पर्क अभियान चलाया जाएगा व 1 मार्च से 3 मार्च के मध्य विशेष अभियान चलाया जाएगा।

लखनऊ के विश्वेश्वरैया

**भाजपा सबका समर्थन जुटाने को चलाएगी लाभार्थी सम्पर्क अभियान**

**राज्य स्तर पर हुई कार्यशाला पीपीटी के माध्यम से हुआ प्रस्तुतिकरण**

सभागार में कार्यशाला के दौरान प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि केन्द्र व राज्य में भाजपा सरकार की योजनाओं से लाभान्वित हुए लोगों में लाभार्थी सम्पर्क अभियान के अन्तर्गत सम्पर्क व संवाद स्थापित करना है। प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने लाभार्थी सम्पर्क अभियान को लेकर विस्तृत चर्चा की। कहा कि लाभार्थी सम्पर्क के दौरान लाभार्थी द्वारा मोबाइल नम्बर 9638002024 पर मिस्डकॉल करवाना है और मोदी का पत्र सौंपकर लाभार्थी के घर पर स्टीकर लगाने का कार्य पार्टी कार्यकर्ताओं को करना है। अभियान में प्रदेश भर में लाभार्थी परिवारजनों से व्यापक स्तर पर सम्पर्क व संवाद स्थापित करना है।

पार्टी के प्रदेश महामंत्री गोविन्द नारायण शुक्ला ने पूरे अभियान को लेकर पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुतिकरण किया। कार्यशाला का संचालन पार्टी के प्रदेश मंत्री शंकर लाल लोधी ने किया। आभार ज्ञापन प्रदेश मंत्री मीना चौबे ने किया। कार्यशाला में पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी, क्षेत्रीय अध्यक्ष, क्लस्टर इंचार्ज, जिला प्रभारी, लाभार्थी सम्पर्क अभियान के क्षेत्रीय संयोजक एवं सहसंयोजक और लोकसभा संयोजक/सहसंयोजक सहित अन्य पार्टी पदाधिकारी सम्मिलित हुए।

### पहले की सरकारों में होते थे घोटाले, अब चहुंमुखी विकास

अमृत विचार, लखनऊ : भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने यूपीए सरकार के खिलाफ भाजपा की केंद्र सरकार की तरफ से लाए गए श्वेत पत्र पर प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि यूपीए सरकार घोटालों की सरकार थी, भ्रष्टाचार चरम पर था, अब चहुंमुखी विकास हो रहा है। कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देकर प्रधानमंत्री ने अन्नदाता किसानों का मान बढ़ाया है। आज देश के 140 करोड़ लोग आनंदित हैं। प्रदेश के सभी भाई-बहनों की ओर से कृतज्ञता प्रकट करता हूं। कहा कि वित्त मंत्री जो श्वेतपत्र लाईं हैं वो कांग्रेस के लिए आईना है। श्वेतपत्र ये साबित करता है कि भारत का एक गरीब बेटा जिसने अपने जीवन में गरीबी को जिया वो जब देश के प्रधानमंत्री के पद पर पहुंचता है तो देश को गर्व होता है। यूपीए सरकार की अवधि की तुलना में नरेंद्र मोदी की सरकार में अर्थव्यवस्था में बहुत सुधार हुआ। उसका प्रमाण ये श्वेत पत्र है। 2014 में बैंकिंग संकट बहुत बड़ा था। देश ने 2जी घोटाला देखा. कैश फॉर वोट घोटाला, लैंड फॉर जॉब घोटाला, ट्रक घोटाला, 2जी स्पेक्ट्रम घोटाला, कॉमनवेल्थ घोटाला और इस तरह के तमाम घोटाले देखे।

NIMISHA
CANCER CARE CLINIC
आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के द्वारा इलाज
आयुष्मान योजना के तहत इलाज होता है, मुख्यमंत्री सहायता के तहत भी इलाज होता है।
PET-CT SCAN, RADIOTHERAPY, CANCER ADVANCED BIOPSY
BRACHYTHERAPY, CHEMOTHERAPY
सभी प्रकार की कैंसर सर्जरी
27 वर्षों का अनुभव
सभी प्रकार के कैंसर जैसे :- मुँह का कैंसर, जबड़े का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर पित्ताशय का कैसर, टांग, हाथ की गांठ, शरीर में कहीं भी गांठ व जख्म कैंसर का कारण हो सकता है।
Dr. Neeraj Tandon
Cancer Vibhag HOD Vivekanand Polyclinic & Institute of Medical Sciences
Vivekanand Polyclinic-: Consultation Time 11:00am To 2:00pm
सुबहः 10 से 11 बजे | दोपहर : 2:15 से 3:30 बजे तक | सायं-: 6 से 8 (रविवार व शुक्रवार को फोन करके आये।)
पताः 25 से 27, 32, 33 वसुन्धरा कॉम्प्लेक्स, पेट्रोल पम्प के दो कॉम्प्लेक्स आगे, बाटा के शोरूम के बगल मेन सेक्टर 16, लखनऊ
सम्पर्क सूत्र : 6388663844, 9198948112


## एक नजर

### शिवानी ने वैज्ञानिक बन जिले का रोशन किया नाम



**बाराबंकी, अमृत विचार :** सत्यप्रेमी नगर निवासी शिवानी का डीआरडीओ में वैज्ञानिक-बी पद पर चयनित होकर जिले का नाम रोशन किया है। शिवानी ने उच्च शिक्षा लखनऊ विश्वविद्यालय से प्राप्त करके इस मुकाम को हासिल किया है। वर्तमान में यहीं से पीएचडी मनोविज्ञान में अध्यनरत रहते हुए यह सफलता प्राप्त की है।

### धोखाधड़ी का आरोपी बंदी

**बाराबंकी, अमृत विचार :** रामनगर पुलिस ने शनिवार को धोखाधड़ी के आरोप में वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक वांछित अफजाल निवासी ग्राम लोधौरा थाना रामनगर को आभरण तालाब के पास से गिरफ्तार किया गया।

# नन्ही परियों से बोलीं तापसी-पढ़ो-लिखो, आगे बढ़ो

**बढ़ाया हौसला**

- प्राथमिक विद्यालय गर्री पहुंचीं अभिनेत्री छात्राओं को वितरित की शैक्षिक सामग्री
- बच्चियों के साथ किया डांस, बैडमिंटन भी खेला, जमीन पर बैठकर खिंचवाई फोटो

रामनगर, बाराबंकी

**अमृत विचार :** बॉलीवुड की चर्चित हीरोइन तापसी पन्नू बाराबंकी पहुंची। उन्होंने यहां के सरकारी विद्यालय में नन्हीं परियों से मुलाकात की और उन्हें शिक्षा व खेल के माध्यम से सशक्त बनाने के लिए प्रेरित किया। तापसी पन्नू ने बच्चियों को शैक्षिक सामग्री दी। उनके साथ डांस किया और उनसे कहा कि पढ़-लिखकर आगे बढ़ो।

दरअसल, वह एक प्रोजेक्ट पर काम कर रही हैं। इसके लिए वे गरीब तबके की बच्चियों को गोद लेकर उनके शैक्षिक विकास को लेकर सहयोग करती हैं। इसके तहत वे बिना किसी तामझाम और सुरक्षा के जिले के रामनगर विकासखंड स्थित प्राथमिक विद्यालय गर्री पहुंचीं। जहां शिक्षा विभाग के सहयोग से प्राथमिक विद्यालय गर्री में आफ्टर स्कूलिंग बच्चियों को 2 घंटे फ्री ट्यूशन दिया जाता है। इसमें यहां के छह सरकारी स्कूलों गर्री, लैन, लोनारमठ, बरियारपुर, बिंदौरा, परसपुर और बहलोलपुर की 60 बच्चियां शामिल हैं। इन बच्चियों से मिलने वे हर साल आती हैं। साथ ही उनके परिवार और बाकी बच्चों को मोटिवेट भी करती हैं।



प्राथमिक विद्यालय गर्री में छात्राओं को पाठ्य सामग्री प्रदान करतीं बॉलीवुड अभिनेत्री तापसी पन्नू।

विद्यालय पहुंचने के बाद उन्होंने बच्चियों से उनकी पढ़ाई का हाल पूछा। मुलाकात के दौरान उन्होंने इन बेटियों को अमर चित्र कथा की किताबें, रैकेट और शैक्षिक सामग्री उपहार में दी। शैक्षिक सामग्री वितरित करने के बाद, उन्होंने पूरे स्कूल का जायजा लिया।

इतना ही नहीं, कक्षा के अंदर बच्चियों ने जहां उनके साथ डांस किया, वहीं साथ में जमीन पर बैठकर साथ में फोटो भी खिंचवाई। इसके अलावा उनके साथ बैडमिंटन भी खेला। बॉलीवुड अभिनेत्री तापसी पन्नू का कहना है कि मैं इन बच्चियों को डाक्टर, इंजीनियर और टीचर के साथ ही जो भी यह बनना चाहें, उन्हें बनाना चाहती हूं। मैं हरदम इनके साथ हूं। क्योंकि अगर आप एक आदमी को शिक्षा देते हैं तो आप एक व्यक्ति को शिक्षित कर रहे हैं, लेकिन अगर आप एक बेटी को शिक्षा देते हैं तो आप पूरे देश को शिक्षित करते हैं। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि कोई भी बच्ची, किशोरी या युवती शिक्षा से वंचित न रहे।

# कल्याणी नदी से बरामद हुआ वृद्ध का शव

बनीकोडर, बाराबंकी

**अमृत विचार :** असंद्रा थाना क्षेत्र में शनिवार को एक वृद्ध का शव कल्याणी नदी से बरामद हुआ। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

थाना क्षेत्र के अल्हौरा मजरे मंझौटी निवासी शत्रोहन रावत (70) शनिवार को दोपहर के समय गांव के बाहर गये थे। काफी देर बीतने के बाद भी जब वह वापस नहीं लौटे तो चिंतित परिजनों ने उनकी तलाश शुरू कर दी। बाद में उनका शव गांव के बाहर से निकली कल्याणी नदी से बरामद हुआ। शव मिलने की सूचना मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई। इस संबंध में इंस्पेक्टर असंद्रा संतोष कुमार सिंह ने बताया कि स्वजनों के मुताबिक वृद्ध नदी के किनारे शौच करने गया था। पैर फिसलने से वह डूब गया।

### पंपिंग सेट में फंसकर युवती कुएं में गिरी, मौत

**जहांगीराबाद, बाराबंकी, अमृत विचार :** जहांगीराबाद थाना क्षेत्र में शनिवार को एक युवती खेत में पानी लगाते समय पंपिंग सेट की चपेट में आकर कुएं में गिर गई जिससे डूबने से उसकी मौत हो गई। क्षेत्र के मंझावा निवासी राजकुमार की 25 वर्षीया पुत्री पिंकी शनिवार की दोपहर अपने आलू के खेत में पंपिंग सेट से पानी लग रही थी। पंपिंग सेट पास स्थित कुएं में बंधा था। अचानक पानी छोड़ देने से युवती पंपिंग सेट को बंद कर रही थी इसी दौरान उसका दुपट्टा उसमे फंस गया। दुपट्टा छुड़ाने के चक्कर में वह पास के कुएं में गिर गई।

# डीएम के निर्देश पर टीम ने कब्जे से मुक्त करायी जमीन

## मसौली थाना परिसर में आयोजित किया गया थाना समाधान दिवस

मसौली, बाराबंकी

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने थाना मसौली में पहुंचकर समाधान दिवस में जनशिकायतें सुनीं। उन्होंने अधिकारियों को शिकायतों के त्वरित निस्तारण के दिशा- निर्देश दिये। जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायत पर डीएम ने तुरंत टीम भेजकर वहां बसे लोगो को हटवाया।

शनिवार को थाने में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार एवं पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने जन शिकायतों की सुनवाई की। बड़ागांव निवासी जान मोहम्मद, गुरसेल थाना फतेहपुर निवासी उस्मान, इब्राहिमपुर थाना फतेहपुर निवासी हकीक ने बड़ागांव निवासी आफ़ताब पर सऊदी अरब भेजनें के नाम पर 3 लाख 15 हजार रुपये लेने और एक महीने के विजिट बीजे पर दुबई भेजने का आरोप लगाया। इस पर अधिकारियों ने प्रभारी निरीक्षक को जालसाज के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिये। ग्राम पंचायत के रामचंद्र, सहजराम, सुरेंद्र, अजय, हरिश्चंद, अरविन्द, प्रदीप, वीरेंद्र आदि ने सामूहिक रूप से शिकायत करते हुए कहा कि चकबंदी के दौरान छोड़ी गयी आबादी की भूमि पर पड़ोसी काश्तकार भुल्लन वर्मा ने अवैध रूप से प्लॉटिंग कर लोगों को बसा दिया है। डीएम ने मौक़े पर ही नायब तहसीलदार कुमकुम मिश्रा, प्रभारी निरीक्षक अरुण प्रताप सिंह, राजस्व निरीक्षक स्वामीनाथ सोनी, हल्का लेखपाल अजय सिंह को मौक़े पर भेजा। टीम ने जमीन को कब्जा मुक्त कराया। इस मौक़े पर एसडीएम रामनगर पवन कुमार, सीओ रामनगर आलोक पाठक, वरिष्ठ उप निरीक्षक शमशाद अली आदि मौजूद रहे। डीएम और एसपी ने ब्लॉक मुख्यालय के निकट वुमेन सर्विस होम का जायजा लेते हुए संचालिका से रूम और किचन की जानकारी ली तथा मौक़े पर बाल संरक्षण अधिकारी हरीश मोहन पांडेय को नारी संरक्षण केंद्र स्थापित करने का निर्देश दिया। थाना बदोसरांय में तहसीलदार वैशाली अहलावत की अध्यक्षता एवं प्रभारी निरीक्षक प्रफुल्ल कुमार यादव के संयोजन में हुए थाना समाधान दिवस में कुल दो प्रार्थना पत्र आए। इसमें एक मामले का मौके पर निस्तारण भी किया गया।



मसौली थाने में शिकायतें सुनते डीएम सत्येंद्र कुमार व पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार।

# पुलिस ने लखनऊ से जालसाज को दबोचा

**कार्रवाई**

- चिटफंड कंपनी खोलकर लोगों को लगाया था करोडों का चूना
- पुलिस ने घोषित किया था 10 हजार रुपये का इनाम

रामसनेहीघाट, बाराबंकी

**अमृत विचार :** धन दोगुना कराने वाली चिटफंड कंपनी खोलकर लोगों से करोड़ों ककी ठगी करने वाले जालसाज को स्वॉट टीम ने शुक्रवार को लखनऊ से गिरफ्तार कर लिया। उस पर शुक्रवार को एसपी ने 10 ए का इनाम भी घोषित किया गया था।

सेंजी पावर टेक्नोलॉजी लिमिटेड कंपनी खोल कर आशीष सिंह सिसोदिया ने धन डबल करने का झांसा देकर दर्जनों लोगों को करोड़ों रुपए का चूना लगाया था। बीती 7 फरवरी को रामसनेहीघाट में छोटे लाल व 8 फरवरी को हीरालाल, राजाराम यादव ने असंद्रा थाने में आशीष सिंह सिसोदिया और अन्य पांच पर मुकदमा दर्ज कराया था। स्वाट टीम ने जालसाज को लखनऊ के खरगापुर से गिरफ्तार किया। आशीष सिंह सिसोदिया पर आरोप है कि वह फर्जी वेबसाइट ओर वॉलेट के माध्यम से सिस्टम जनरेटेड डॉलर, क्रिप्टो करेंसी और निवेश के नाम पर धोखाधड़ी करता था। तीन माह पहले रामसनेहीघाट आकर आशीष ने समाज सेवा शुरू की और जरूरतमंदों को कंबल से लेकर कुकर तक बांटे। मंदिरों, स्कूलों में भी दान दिया। कुछ लोगो को लाखों के चेक भी दिये।

### आशीष पर लखनऊ व बाराबंकी में दर्ज हैं 13 केस

समाज सेवा का ढोंग करने वाला आशीष सिंह सिसोदिया कई बड़े मामलों में वांछित था। लखनऊ व बाराबंकी में उस पर 13 मुकदमे दर्ज हैं। लखनऊ के चिनहट, इंदिरा नगर, विभूति खंड, बीबीडी, लखनऊ नगर कोतवाली तथा बाराबंकी के असंद्रा और रामसनेहीघाट थाने में मुकदमों की लंबी फेहरिस्त है। पुलिस उस पर गैंगस्टर लगाने की तैयारी कर रही है।

## सार-संक्षेप

### 221 छात्र-छात्राओं को वितरित किये गये स्मार्टफोन



रामार्पित महाविद्यालय में मुख्य अतिथि के साथ स्मार्ट फोन पाने वाले छात्र-छात्राएं।

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** क्षेत्र के रामार्पित महाविद्यालय गाजीपुर में शनिवार को नि: शुल्क स्मार्टफोन वितरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खाद्य एवं रसद राज्य मंत्री सतीश चंद्र शर्मा रहे। कॉलेज के प्रबंधक मनीष सिंह ने पुष्प गुच्छ भेंट कर एवं विद्यालय के निदेशक प्रांजल सिंह ने स्मृति चिह्न देकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया। समारोह में 221 छात्र- छात्राओं को स्मार्टफोन बांटे गए। इस मौके पर दरियाबाद ब्लॉक प्रमुख आकाश सिंह, मंडल अध्यक्ष विवेक तिवारी, युवा मोर्चा के मधुकर तिवारी, प्रधान संघ अध्यक्ष प्रदीप सिंह, हरी ओम तिवारी, पंकज शुक्ला, केएल गुप्ता, ज्योति कुमारी व कॉलेज का समस्त स्टाफ और समस्त छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### गतिविधि निर्माण को बनाए गए शिक्षकों के छह समूह



मूलभूत साक्षरता एवं संख्यात्मकता प्रशिक्षण में मौजूद शिक्षक।

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** एफएलएन प्रशिक्षण के तृतीय बैच के तीसरे दिन की शुरुवात मां शारदे की वंदना से प्रारंभ हुई। इसमें कक्षा शिक्षण के संबंध में शिक्षकों को गणित शिक्षण संदर्शिकाओं के प्रयोग के बारे में जानकारी दी गई। इसके पश्चात गतिविधि निर्माण के लिए शिक्षकों के छह समूह बनाए गए। इसमें समूह एक में कैलेंडर पोस्टर, समूह दो में नंबर की रेलगाड़ी व जोड़ना-घटाना पोस्टर, समूह तीन में दैनिक जीवन में तकनीक पोस्टर, समूह चार में आकार एवं संख्याएं, समूह पांच में ट्रेन फ्रेम, समूह छह में घटाव बोर्ड पर कार्य कराया गया। प्रशिक्षक एआरपी आशुतोष आनंद अवस्थी राष्ट्रपति एवं आईसीटी पुरस्कार से सम्मानित हैं। प्रशिक्षण ले रहे शिक्षकों ने आशुतोष आनंद की सराहना करते हुए कहा कि राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता शिक्षक से प्रशिक्षण लेना प्रेरणादायी है। इस अवसर पर सौरभ दीक्षित, आनंद वर्मा, प्रिया वर्मा, शिवम गुप्ता, रंजना, नीरज तिवारी, शैलेंद्र रावत, संदीप सिद्धार्थ, नीलू राय, ऊषा, रामधीराज, राजसिंह, अभिषेक तिवारी, पंकज वर्मा, विकास जायसवाल, अमित श्रीवास्तव, रुद्र प्रताप पांडे, अंकित जायसवाल आदि शिक्षक और प्रशिक्षक उपस्थित रहे।

### पृथ्वी पर अत्याचार बढ़ने पर देव लेते हैं अवतार

**मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार :** कस्बा बांसा मे चल रही पांच दिवसीय संगीतमयी श्रीराम व भागवत कथा के तीसरे दिने महमूदाबाद (सीतापुर) से आए कथावाचक अर्जुन कुमार ने कहा कि जब जब पृथ्वी पर अत्याचार होता है, साधु-संत व भक्त सताए जाते हैं, तब-तब प्रभु को अनेक रूपों में अवतार लेना पड़ता है। कथावाचक ने श्री रामचरितमानस मे लिखी चौपाई को सुनाते हुए कहा कि जब-जब पृथ्वी पर धर्म की हानि होती है, दुष्टों का प्रभाव बढ़ने लगता है, तब सज्जनों की पीड़ा हरने के लिए प्रभु का अवतार होता है। उन्होंने कहा कि भागवत कथा श्रवण मात्र से मन के सारे क्लेश एवं दुख दूर हो जाते हैं। भागवत कथा के जरिये हम प्रभु को प्राप्त कर सकते हैं। मानव जन्म से हम स्वर्ग को जा सकते हैं, इस देह से हमें छुटकारा मिल सकता है। प्रभु श्रीकृष्ण को सबसे प्रिय भागवत कथा है। हमें हर क्षण ठाकुर जी का कीर्तन करते रहना चाहिए। इस मौक़े पर कथा आयोजक पवन यादव, शेष कुमार रावत, रामसिंह, अमित कुमार, राजेंद्र यादव, अनिल वर्मा, रामानंद वर्मा व भक्तगण उपस्थित रहे।

### बिजली कर्मियों की लापरवाही ने ली गोवंश की जान

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** विद्युत विभाग की लापरवाही के चलते एक और गाय की जान चली गई। यदि विभाग के जिम्मेदार अधिकारी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए ट्रांसफार्मर जमीन से हटवा देते तो शायद यह हादसा न हुआ होता। नगर के लिल्हौरा वार्ड में हैदरगढ़-भिटरिया मार्ग के निकट नहरिया पर विद्युत आपूर्ति के लिए ट्रांसफार्मर पिछले लंबे समय से जमीन पर रखा हुआ है। इसकी वजह से पिछले 2 साल के दौरान कई मवेशियों की चपेट में आकर मौत भी हो चुकी है। अधिकारियों द्वारा शिकायतों का संज्ञान न लिए जाने के चलते शनिवार की सुबह एक गाय ट्रांसफार्मर की चपेट में आकर जान गवां बैठी। भाजपा नेता बैजनाथ मौर्य ने बताया कि सुबह लगभग 7 :00 बजे जब उन्होंने ट्रांसफार्मर की चपेट में आई गाय को देखा तो बिजली आपूर्ति बंद करने के लिए एसडीओ को फोन लगाया परंतु उनका फोन नहीं उठा। इसके बाद उन्होंने इसकी सूचना कस्बा के संविदा लाइनमैन को दी परंतु जब तक बिजली बंद होती तब तक गाय ने दम तोड़ दिया था।

# मकान बनाने से रोकने पर दर्ज कराया मुकदमा

रामसनेही घाट, बाराबंकी

**अमृत विचार :** तहसील रामसनेही घाट अंतर्गत एक गांव में पट्टे की जमीन पर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बन रहे आवास को पड़ोसी बनने नहीं दे रहे हैं। इसकी शिकायत एक महिला ने उच्चाधिकारियों से की है। महिला की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की है।

विमला देवी पत्नी नंद लाल निवासी गांव कुड़वासा मजरे रामपुर रायसाहब ने उच्चाधिकारियों को शिकायत पत्र देकर बताया कि गांव के राममिलन, उनकी पत्नी शांति और दोनो बेटे सहित उनकी बहु मिलकर उसे मिली पट्टे की जमीन पर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बन रहे आवास को बनने नहीं दे रहे हैं। तहसील से लेखपाल ने नाप कर इस जमीन का पट्टा उसे दिया है। इसके बावजूद आरोपी विवाद कर मारपीट करते हैं। विरोध पर उसे धमकाया जाता है। महिला की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि जांच की जा रही है।

### 38 लीटर शराब के साथ तीन गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** घुंघटेर व मोहम्मदपुर खाला पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर 38 लीटर कच्ची शराब बरामद की है। थाना घुंघटेर पुलिस ने अमित कुमार पुत्र नौमिलाल निवासी अमावा थाना घुंघटेर को गिरफ्तार किया। अभियुक्त के कब्जे से 18 लीटर कच्ची शराब बरामद की गई। वहीं, मोहम्मदपुर खाला पुलिस ने रामदुलारे पुत्र श्यामलाल व दुलारे पुत्र जानकी निवासी ग्राम विप्तरा मजरे विझला थाना मोहम्मदपुर खाला को गिरफ्तार किया है। अभियुक्तों के कब्जे से 20 लीटर कच्ची शराब बरामद की गई। इनके खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की है।

# लूट के दो आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** देवा थाने की पुलिस ने शनिवार को लूट की एक घटना का पर्दाफाश कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। इनके पास से चोरी का सामान और नकदी बरामद हुई है।

पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह बताया कि दो शातिर लुटेरों सुरेश रावत व अमित उर्फ कज्जर उर्फ बउवा निवासीगण खेवली थाना देवा को टाइम सिटी के सामने शारदा नहर पटरी ग्राम बबुरीगांव से गिरफ्तार किया गया। बदमाशों के कब्जे से लूट के 4,300 रुपये व एक मोबाइल फोन एवं दो तमंचे .315 बोर मय दो जिन्दा कारतूस बोर बरामद किये गये।

एसपी ने बताया कि पकड़े गए बदमाशों का एक गैंग है जो संगठित गिरोह बनाकर लूट व चोरी आदि वारदातों को बाराबंकी व आस-पास के जनपदों में अंजाम देते हैं। आरोपी राह चलते व्यक्तियों से भी लूटपाट करते हैं। गिरफ्तार आरोपियों द्वारा वांछित अभियोगों के अलावा करीब चार महीने पूर्व थाना देवा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम खनवाहा में एक व्यक्ति से मोबाइल फोन व रुपये छीन लेने की घटना को स्वीकार किया गया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों ने लखनऊ और बाराबंकी में लूट की आठ घटनाएं स्वीकार की हैं। इन पर पहले से ही सात मुकदमे दर्ज हैं।

### चाकू के साथ पकड़ा गया शातिर बदमाश

**बाराबंकी, अमृत विचार :** देवा थाने की पुलिस ने शनिवार को एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार कर उसके पास से नाजायज चाकू बरामद किया। पुलिस के मुताबिक आरोपी अमित कुमार निवासी ग्राम टीकापुर थाना देवा को बछरामऊ मोड़ ग्राम सफीपुर के पास से गिरफ्तार किया गया। आरोपी को आर्म्स एक्ट के तहत जेल भेज दिया गया।

**भ्रष्टाचार** हैदरगढ़ ब्लॉक की गोतौना ग्राम पंचायत में राज्य ग्रामीण पेयजल योजना के तहत बनवाई गई थी पानी की टंकी

# टोटियां पड़ी सूखी, एक साल से नहीं मिल रहा पेयजल



निष्प्रयोज्य पड़ी पानी की टंकी।

हैदरगढ़, बाराबंकी

**अमृत विचार :** राज्य ग्रामीण पेयजल योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2020-21 में ग्रामीणों को पाइप के जरिए पेयजल उपलब्ध कराने के लिए भारी-भरकम धनराशि खर्च कर बनाई गई पानी की टंकी सफेद हाथी साबित हो रही है। जल निगम द्वारा पेयजल योजना के तहत बनाई गई टंकी भ्रष्टाचार की कहानी बयां कर रही है। पिछले एक साल से ग्रामीणों को टोटियों से एक बूंद पानी नहीं मिला।

हैदरगढ़ ब्लॉक की गोतौना ग्राम पंचायत के गोतौना गुलालपुर और बबुरिहा गांव की 4-5 किलोमीटर की दूरी में बसने वाली आबादी को टोटियों के जरिए शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए पानी की टंकी का निर्माण कराया गया था। निर्माण कार्य पूरा करने के करीब दो वर्ष पूर्व जल निगम ने ट्रॉयल करा पेयजल योजना को ग्राम पंचायत के हवाले कर दिया था। ग्राम पंचायत के जिम्मे आने के करीब 6 माह बाद तक तो ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल मिला लेकिन उसके बाद से पाइप लाइन में होने वाले फॉल्ट की वजह से नियमित रूप से पानी की सप्लाई नहीं हो पा रही है। आलम ये है कि पिछले एक वर्ष से सप्लाई बंद है। सचिव पवन कुमार ने बताया कि हैंडओवर होने के 6 माह बाद ही पाइप लाइन फटने लगी थी। कई बार ग्राम प्रधान ने मरम्मत कार्य कराया लेकिन इससे निजात नहीं मिली। जल निगम को भी कई बार इससे अवगत कराया गया लेकिन समस्या का हल नहीं हुआ।




इसी पंप स्टेशन पर बनी है पानी की टंकी। अमृत विचार

### खंभे पर लगा सीसीटीवी चोरी

**बाराबंकी, अमृत विचार :** ब्लॉक क्षेत्र के अंतर्गत बांग्ला बाजार पुलिस चौकी के समीप खंभे पर लगा सीसीटीवी चोरी हो गया। हरख ब्लॉक की ग्राम पंचायत कोला के अंतर्गत बांग्ला बाजार में पुलिस चौकी के समीप ग्राम निधि से सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी लगाया गया था जो बीती रात चोरी कर लिया गया। वहां के दुकानदारों ने सुबह देखा तो कैमरा गायब था। इसकी सूचना ग्राम प्रधान बंसीलाल गौतम को दी। ग्राम प्रधान ने बताया कि इसकी शिकायत थाने में की जाएगी। वहीं पर पडंरा ग्राम पंचायत में नहर पुलिया के समीप खंभे पर कैमरा लगवाया गया था। ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ने इसे खोल कर अपने घर रख लिया है।

## एक नजर

### एक मनचला धरा गया

बाराबंकी, अमृत विचार : सफदरगंज थाने की पुलिस ने शनिवार को एक मनचले युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस के एंटी रोमियो स्क्वायड ने की सेवा को उसे समय धरर दबोचा जब वह छेड़खानी कर रहा था पुलिस का कहना है कि अभियुक्त विशाल पुत्र मनोज कुमार निवासी ग्राम खलसापुर थाना बदोसराय जनपद बाराबंकी को गिरफ्तार कर थाना सफदरगंज पर भादवि पंजीकृत किया गया।

### शातिर बदमाश गिरफ्तार

बाराबंकी, अमृत विचार : मोहम्मदपुर खाला थाने की पुलिस ने शनिवार को एक शातिर बदमाश को धर दबोचा। पुलिस के मुताबिक़ आरोपी शामिन निवासी ग्राम भुलभूलियापुर मजरे केशरई थाना मोहम्मदपुर खाला को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से एक तमंचा .12 बोर व एक जिन्दा कारतूस बरामद किया गया। आर्म्स एक्ट का मुकदमा दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया गया।

# बुढ़वल-गोंडा रेलमार्ग पर बिछ रही तीसरी लाइन

**आसान होगी राह**

- अंतरिम बजट में इस रेल मार्ग के लिए जारी हुआ है 225 करोड़
- लखनऊ रेल मार्ग पर कम होगा ट्रेनों का दबाव

रीतेश श्रीवास्तव, बाराबंकी



गोंडा रेल मार्ग पर बुढ़वल में तीसरी लाइन बनने को लेकर की जा रही मिट्टी की पटाई। अमृत विचार

**अमृत विचार :** दिल्ली की तरफ से आने-जाने वाली ट्रेनों की रफ्तार बनाए रखने के लिए पूर्वोत्तर रेलवे नए-नए उपाय कर रहा है। इसी क्रम में बुढ़वल से गोंडा के बीच 61.72 किलोमीटर लंबी तीसरी लाइन का निर्माण तेजी से हो रहा है। इसके लिए अंतरिम बजट में 2 अरब 25 करोड़ रुपये आवंटित हुए हैं। इस रेल लाइन के बन जाने से सीतापुर की तरफ आने-जाने वाली ट्रेनों को कहीं लाइन के अभाव में नहीं रुकना पड़ेगा और यात्री समय पर अपने गन्तव्य तक पहुंच सकेंगे।

गोरखपुर से दिल्ली के लिए दो प्रमुख रेलमार्ग हैं। एक लखनऊ-कानपुर होकर और दूसरा सीतापुर-मुरादाबाद होकर। जिले के रामनगर क्षेत्र के बुढ़वल जंक्शन से ये रूट अलग होते हैं। सीतापुर के रास्ते दिल्ली जाने वाले रूट पर बुढ़वल से गोंडा के बीच तीसरी रेल लाइन बनाने का कार्य प्रस्तावित है। 61.72 किलोमीटर लंबे इस रूट पर चौकाघाट, घाघरा घाट, करनेलगंज, जरवल रोड आदि प्रमुख स्टेशन हैं। इस रूट पर तीसरी लाइन बन जाने के बाद दिल्ली से आने-जाने वाली ट्रेनों को कहीं लाइन क्लीयर के अभाव में रुकना नहीं पड़ेगा। इससे यात्रियों का भी अनावश्यक समय बर्बाद नहीं होगा और यह निर्धारित समय में अपने गन्तव्य तक पहुंच सकेंगे। फिलहाल अभी इस रूट से हर दिन करीब 75 ट्रेनों का संचालन होता है। ट्रेन के अलावा मालगाड़ियों के आवागमन में भी सुविधा होगी।

### बुढ़वल-सीतापुर रेलवे ट्रैक का पूरा होगा दोहरीकरण

अंतरिम बजट में बुढ़वल से सीतापुर कैंट के बीच चल रहे दोहरीकरण के लिए भी 19 करोड़ 60 लाख रुपये का आवंटित किया गया है। करीब 130 किलोमीटर लंबे इस रूट के दोहरीकरण से इस पूरे ट्रैक पर ट्रेनों का आवागमन आसान हो जाएगा। अंतरिम बजट में धन मिलने के बाद अगले वित्तीय वर्ष में इन बड़े कामों के पूरा होने की उम्मीद बढ़ गई है। वर्तमान समय में बुढ़वल से लेकर तहसील फतेहपुर होते हुए जनपद सीतापुर तक रेलवे लाइन का दोहरीकरण का काम तेजी से हो रहा है।

> बुढ़वल से गोंडा के बीच तीसरी लाइन बनाने का काम चल रहा है। तीसरी लाइन बन जाने के बाद ट्रेनों को रुकना नहीं पड़ेगा।
>
> –मनोरंजन कुमार, स्टेशन मास्टर, बुढ़वल जंक्शन

# सांसद खेल प्रतियोगिता के विजयी खिलाड़ी पुरस्कृत



सांसद खेल प्रतियोगिता में विजयी खिलाड़ी को पुरस्कृत करते ब्लॉक प्रमुख रामदेव सिंह।

हैदरगढ़ बाराबंकी

**अमृत विचार :** खंड स्तरीय एकदिवसीय सांसद खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन शनिवार को हैदरगढ़ क्षेत्र के बीजापुर खेल मैदान में किया गया। इस अवसर पर आयोजित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में विजयी प्रतिभागियों को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामदेव सिंह ब्लॉक प्रमुख ने प्रमाण पत्र देकर उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन से ग्रामीण क्षेत्रों में छिपी प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का मौका मिलता है इसलिए हमारी सरकार ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन करती रहती है। इस अवसर पर विशाल वर्मा, भाजपा मंडल महामंत्री संतोष कुमार श्रीवास्तव, प्रधान गौतम पाठक, गोविंद पाठक, राजेंद्र पांडे, भावना मिश्रा सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ता व खेलप्रेमी मौजूद रहे।

# चिकित्सक की लापरवाही से नवजात की मौत का आरोप

**की शिकायत**

- निजी अस्पताल पर ऑपरेशन के नाम पर हजारों हड़पने का आरोप
- एएनएम ने दी थी निजी अस्पताल में भर्ती करने की सलाह

बनीकोडर, बाराबंकी



शिकायती पत्र दिखाता पीड़ित प्रमोद कुमार।

**अमृत विचार :** निजी अस्पताल में डॉक्टर की लापरवाही से नवजात की मौत का मामला सामने आया है। बादशाह नगर निवासी प्रमोद कुमार ने डीएम से शिकायत की है कि वह अपनी पत्नी की डिलीवरी के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य ले गया। जहां कार्यरत एएनएम की सलाह पर वह अपनी पत्नी को डिलीवरी के लिए उनके बेटे के अस्पताल पर भर्ती कराया। वहां के डॉक्टर ने प्रमोद से गर्भवती का ऑपरेशन करने की बात कही।

प्रमोद बताया कि डॉक्टर ने उससे 20 हजार रुपये मांगे जो उसने दे दिये। धीरे-धीरे अस्पताल द्वारा 73 हजार 400 रुपए जमा करवाये गये। प्रमोद ने बताया कि 29 जनवरी की रात उसे बताया गया कि नवजात मृत पैदा हुआ है। उसके बाद अस्पताल स्टाफ द्वारा और पैसों की मांग की जाने लगी। पीड़ित के असमर्थता जताने पर उसे बंधक बना लिया गया। मौका पाकर वह भाग निकला। अस्पताल की प्रताड़ना से परेशान होकर डीएम, सीएमओ को शिकायती पत्र भेजकर कार्रवई की मांग की है। प्रमोद ने आरोप लगाया कि उसकी पत्नी का प्रसव ऑपरेशन द्वारा कराया गया, लेकिन डॉक्टर की अनदेखी से बच्चे की जान चली गई। इस संबंध में सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर अमरेश वर्मा ने बताया कि शिकायती पत्र मिलने पर जांच कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# घर-घर खिलायी जाएगी फाइलेरियारोधी दवा

## जिला पंचायत अध्यक्ष, सीएमओ समेत कई लोगों ने ली खुराक

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी



फाइलेरिया की दवा खुद खाते मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अवधेश यादव।

**अमृत विचार :** फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम 10 फरवरी से 28 फरवरी तक किया जाना है। अभियान के सफल संचालन एवं जनमानस में अधिकतम प्रभाव के लिए जिला चिकित्सालय पुरुष में जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत ने इस अभियान की शुरुआत की। उद्घाटन के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.अवधेश यादव ने खुद दवा खायी। इसके साथ ही डॉ. डीके श्रीवास्तव एसीएमओ, डॉ. राजीव सिंह जिला प्रतिरक्षण अधिकारी, डॉ. संजय बाबू उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अविनाश कुमार जिला मलेरिया अधिकारी द्वारा भी फाइलेरियारोधी दवा का सेवन किया गया। साथ ही अभियान के अवसर पर मौजूद जनसामान्य द्वारा भी दवा का सेवन किया गया।

इस दौरान सीएमओ ने बताया कि जिले में 34 लाख 47 हजार 168 लोगों को दवा खिलाने के लिए 3064 टीमें बनाई गईं हैं। इनमें 6128 ड्रग एडमिनिस्ट्रेटर नियुक्त किये गए हैं। ठनके पर्यवेक्षण हेतु 511 पर्यवेक्षक नियुक्त किये गये हैं। अभियान के अन्तर्गत दी जानी वाली दवा एल्बेंडाजोल दो वर्ष की आयु से ऊपर, डीईसी आयुवर्ग के हिसाब से एवं आवरमैक्टिन लम्बाई के हिसाब से दी जानी है। यह भी जानकारी दी गयी कि दवा का सेवन खाली पेट नहीं करना है एवं एक साल से कम उम्र के बच्चों, गर्भवतियों व गम्भीर रोग से पीड़ित व्यक्तियों को ये दवा नही खानी है। इसी तरह सीएचसी त्रिवेदीगंज में अधीक्षक डॉ. प्रणव कुमार ने लोगों को जागरूक करते हुए बताया कि फाइलेरिया की दवा सभी सरकारी चिकित्सालयों पर मुफ्त उपलब्ध है। हर नागरिक का कर्तव्य है बीमारी के पहले ही सुरक्षा चक्र अपनाते हुए फाइलेरिया से बचने के लिए स्वयं व अपने परिवार के सदस्यों को दवा खिलाए। इसके अतिरिक्त उक्त अवसर पर स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक ने स्वयं दवा खाने के बाद उपस्थित सभी लोगों को दवा का सेवन कराया। वहीं रामनगर के धमेड़ी आंगनबाड़ी केंद्र पर नगर पंचायत अध्यक्ष रामशरण पाठक, सीएचसी अधीक्षक लव भूषण गुप्ता ने स्वयं दवा खाकर अभियान की शुरुआत की। श्री पाठक ने कहा कि लोग स्वयं दवा खाएं तथा परिवार के सभी सदस्यों को खिलाएं।

# भाजपा सरकार में हर वर्ग का उत्पीड़न

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी



जनता से संवाद करते हुए कांग्रेस के पदाधिकारी। अमृत विचार

**आरोप**

- कांग्रेस ने मसौली में आयोजित किया संवाद कार्यक्रम

**अमृत विचार :** देश की जनता भाजपा का असली चेहरा पहचान गई है। उसके चेहरे से नकाब उतर गया है। उसे जनता की बुनियादी जरूरत और परेशानियों से कोई लेना-देना नहीं है। उसे सिर्फ सत्ता की भूख है। वह किसी तरह 2024 में सरकार बनाने के प्रयास में है। इंडिया गठबंधन और इस देश का मजबूर गरीब, दलित, किसान, महिलाएं भाजपा के इस सपने को चकनाचूर करेंगे। कांग्रेस की अगुवाई में 2024 में देश में सरकार बनेगी।

उक्त उद्गार उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव तनुज पुनिया ने ग्राम मसौली में आयोजित संवाद कार्यक्रम में व्यक्त किये। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष महेंद्रपाल वर्मा तथा संचालन कांग्रेस के महासचिव नेकचन्द्र त्रिपाठी ने किया। उन्होंने कहा कि 10 वर्षों की देश की भाजपा सरकार में समाज के हर वर्ग का उत्पीड़न हुआ है और सबसे ज्यादा प्रभावित इस देश का अन्नदाता, नौजवान, महिलाएं और मध्यम वर्गीय परिवार हुआ है। किसानों को उनकी फसल का सही दाम नहीं मिल रहा है। नौजवान नौकरी न मिलने से बेरोजगार होकर डिग्री लेकर सड़कों पर घूम रहा है। महिलाएं घर से बाहर निकलने में अपने को असुरक्षित महसूस कर रही हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव सिर पर हैं लेकिन मोदी सरकार अवाम की बुनियादी जरूरत पर बात न कर उनकी भावनाएं भड़काकर चुनाव में जीत हासिल करना चाहती है लेकिन वह अपने नापाक मंसूबों में कभी कामयाब नहीं होगी। इस मौके पर बड़ी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### भागवत कथा के समापन पर भंडारे का आयोजन

करनैलगंज, गोंडा : गाड़ी बाजार में भागवत कथा के समापन पर शुक्रवार को भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महेश कुमार गुप्ता, मुकेश सोनी, प्रकाश जायसवाल, समीर गुप्ता, राहुल सिंह, अशोक, धर्मेंद्र आदि थे।

# वार्षिकोत्सव में छात्र-छात्राओं की प्रस्तुतियों ने मोहा मन

सूरतगंज, बाराबंकी



पंचायत रामनगर अध्यक्ष रामशरण पाठक।

**अमृत विचार :** कांति महाविद्यालय अमराई गांव भुंड में शनिवार को वार्षिक उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन रामनगर ब्लॉक प्रमुख संजय तिवारी एवं चेयरमैन राम शरण पाठक ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया।

छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर दर्शकों का मन मोह लिया। छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत की गयी प्रदर्शनी आकर्षण का केंद्र रही। कई स्कूलों के प्रधानाचार्यों ने प्रर्दशनी की सराहना की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथियों ने बीकॉम की पढ़ाई कर रहे 13 छात्रों को मोबाइल फोन भी वितरित किए। कार्यक्रम का समापन कवि सम्मेलन के साथ बरसाने की होली से हुआ। इस अवसर पर कॉलेज के प्रबंधक इं.राष्ट्रभूषण सिंह, पूनम सिंह, अनिल वर्मा, सौरभ मिश्रा, अजय मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

# तबेले में तब्दील आंगनबाड़ी केंद्र

**लापरवाही**

- केंद्र के अंदर पुआल तो बाहर रखे हैं उपले व बांधे जाते हैं पशु

काशीनाथ दीक्षित, दरियाबाद, बाराबंकी



आंगनबाड़ी केंद्र से सटाकर रखे गए पुवाल व उपले और बाहर बंधा पशु।

**अमृत विचार :** आंगनबाड़ी केंद्रों को प्री-प्राइमरी बनाया जा रहा है ताकि वहां नौनिहालों को पढ़ाकर स्कूल जाने से पहले उनकी शिक्षा के आधार को मजबूत किया जा सके। इसके लिए केंद्रों को कहीं मॉडल के रूप में तो कहीं सजा-संवारकर बेहतरीन बनाने का प्रयास चल रहा है। लेकिन क्षेत्र का हाल यह है कि आंगनबाड़ी केंद्र पशुओं का अड्डा बना है। केंद्र के अंदर पुवाल रखी है तो बाहर पशु बंधे हैं।

दरियाबाद ब्लाक के जारमऊ स्थित आंगनबाड़ी केंद्र तबेले में तब्दील है। केंद्र के अंदर जहां एक तरफ कटी पुवाल भरी है। वहीं दूसरी तरफ केंद्र के सामने ही पशु बांधे जाते हैं। ग्रामीणों द्वारा आसपास उपलों का निर्माण भी किया जाता है कागजी आंकड़े इस ग्राम पंचायत के कुछ भी हों लेकिन सरकार के इस प्रयास का असर इस केंद्र पर बेअसर साबित हो रहा है। जहां बच्चों की सेहत का ध्यान रखा जाता है और शिक्षा दी जाती है, वहां आंगनबाड़ी केंद्र पर पुवाल रखा हुआ है। बाहर का नजारा भी कुछ कम नही है। बाहर ग्रामीणों द्वारा उपले का निर्माण किया जा रहा तो पशुओं को दिन में आश्रय देने की जगह भी आंगनबाड़ी केंद्र ही है। इस संबंध में प्रभारी सीडीपीओ अनिल वर्मा से बात की गई तो उन्होंने बताया उनकी तैनाती अगस्त में हुई है। उन्हें इस मामले की कोई जानकारी नहीं है। बाकी सारा काम प्रेमशीला देखती हैं। इस संबंध में उनसे बात करता हूं।

# मधुमेह के लक्षणों को न करें नजरअंदाज

बाराबंकी



कार्यशाला का उद्घाटन करते डॉ. आमोद सचान तथा डॉ. ऋचा मिश्रा।

**अमृत विचार:** आकस्मिक दशाओं को लेकर शनिवार को हिंद मेडिकल कॉलेज में कार्यशाला हुई। इसमें डॉक्टरों को एकदिवसीय प्रशिक्षण देकर प्रभावित मरीजों की जान बचाने के गुर सिखाए गए। इस मौके पर वरिष्ठ मधुमेह विशेषज्ञ डॉ. अनुज माहेश्वरी ने कहा कि युवावस्था में मधुमेह के लक्षण दिखें तो उसे नजरअंदाज न कर उपचार कराना चाहिए।

पीजीआई लखनऊ के डॉ.ओम प्रकाश संजीव ने कहा कि सांप डसने की दशा में मरीज को जल्दी अस्पताल पहुंचाना महत्वपूर्ण है। लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के डॉ.मनोज त्रिपाठी ने सीने में दर्द, अचानक लकवा ग्रस्त होने पर मरीज का क्या उपचार अपनाना चाहिए। इसे समझाया। निश्चेतन विभाग के प्रोफेसर सोमनाथ लोंगानी, अस्थि विभागाध्यक्ष प्रो. दीपक श्रीवास्तव, पूर्व संयुक्त चिकित्सा निदेशक डॉ. शशि जायसवाल ने भी संबोधित किया। संस्थान अध्यक्ष प्रो. आमोद सचान व चेयरपर्सन डॉ ऋचा मिश्रा ने अतिथियों का आभार जताते हुए कहा कि संस्थान में जल्द ही गुर्दा प्रत्यारोपण सुविधा शुरू हो जायेगी। प्राचार्य प्रो. दीपक मालवीय, निश्चेतन विभाग प्रमुख प्रो. अर्चना अग्रवाल, प्रो. राजीव लखोटिया, प्रो. आरबी सिंह, प्रो. आरआर सिंह, डॉ. राखी गुप्ता ने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर डॉ. एसएनएस यादव, अमित श्रीवास्तव, निशांत नसर आदि शामिल रहे।


बच्चों का चश्मा हटाए
GLYTERVEX- M EYE DROP उपयोग करें
जन कल्याण ऑंख का अस्पताल
ए- 1040, इन्दिरा नगर लखनऊ
मायोपिया विभाग के रिसर्च यूनिट के सहयोग व मार्गदर्शन में
स्टॉकिस्ट - जे० वी० फार्मा, मो0: 9452245400, के० एस० फार्मा, मो0: 9453028384, अमीनाबाद लखनऊ


**आह्वान** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ खण्डपीठ के न्यायमूर्ति पहुंचे श्रीराम वन कुटीर आश्रम हड़ियाकोल, मरीजों का लिया हालचाल

# महीने में 10 मरीजों का मुफ्त इलाज करें निजी डॉक्टर : सिंह

कार्यालय संवाददाता बाराबंकी

**अमृत विचार :** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ खण्डपीठ के न्यायमूर्ति बृजराज सिंह ने शनिवार को यहां कहा कि प्राइवेट डाक्टरों को भी महीने में अपने अस्पताल में कम से कम 10 मरीजों का निःशुल्क इलाज करना चाहिए। श्रीराम वन कुटीर आश्रम हड़ियाकोल में चल रहे निःशुल्क आपरेशन शिविर को देखने के बाद उन्होंने कहा कि जंगल में इतना बड़ा आपरेशन शिविर हो रहा है बड़ी संख्या में आपरेशन सफल हो रहे हैं। यह किसी चमत्कार से कम नहीं है। इस आर्थिक युग में देशभर के सेवा भावी डाक्टर यहां आकर निर्जन स्थान पर गरीब लोगों को रोग मुक्त कर रहे हैं वे बधाई के पात्र है। डाक्टरों को यहां पर आकर निस्वार्थ सेवा के शिविर को देखना व प्रेरणा लेना चाहिए।

न्यायमूर्ति शनिवार को स्वामी रामदास महाराज स्मृति चिकित्सालय पहुंचे। उनका स्वागत उदयपुर से 43 वर्षों से सर्जरी टीम को बाराबंकी लाने वाले डॉ. जेके छापरवल, ट्रस्ट के सदस्य कैप्टन सुरेश इनानी, शंकर लाल सोमानी, रामकिशन राठी ने फूल माला से किया। न्यायमूर्ति ने मन्दिर में जाकर रोगहरण श्रीहनुमानजी के दर्शन कर मरीजों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की। आश्रम के सेवादार मनीष मेहरोत्रा ने बताया कि शनिवार से नेत्र (मोतियाबिन्द) के आपरेशन समाप्त हो गये हैं। रविवार से शिविर निदेशक डॉ. जेके छापरवाल एमिरटस प्रोफेसर मेडिसन, उप कुलपति साईं तिरुपति विवि उमरडा की टीम के सदस्य, सर्जन डॉ. एसएस भारद्वाज, डॉ. एलएल सेन, डॉ. अर्चना अग्रवाल लखनऊ, डॉ. गुमान सिंह पीपाडा (कलकत्ता), डॉ. वीएस वावेल जयपुर, डॉ. शरद नलवाया गंगापुर नर्सिंग टीम, संपत वराला, सुखलाल धाकड़, संतोष पुरी, सुरेश लॉवरी, दीपचन्द्र, वार्ड बॉय हीरालाल, चमन लाल, रतनदेवी, शिवलाल वैद्य, लक्ष्मीकान्त आचार्य, जयन्त व्यास, अरुण व्यास, डॉ. नीलाभ अग्रवाल, हार्निया के आपरेशन करेंगे। इस अवसर पर भगवान दास, विष्णुदास, शिव कुमार निगम व संघ के वरिष्ठ प्रचारक वीरेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।



श्रीराम वन कुटीर आश्रम हड़ियाकोल मरीजों का हालचाल लेते न्यायमूर्ति। अमृत विचार


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

आवश्यकता है
ज्वाला देवी स्नातकोत्तर महाविद्यालय
रेताही मानिकपुर, प्रतापगढ़ (उ.प्र.)
(सम्बद्ध प्रो.राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय, प्रयागराज, उ.प्र.)
में बी.काम में अध्यापन हेतु 03 शिक्षकों की आवश्यकता है।
योग्यता– उपरोक्त पदों पर यू.जी.सी./उ.प्र.शासन द्वारा निर्धारित योग्यतानुसार।
नोट– इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त पत्रावली के साथ विज्ञापन तिथि से 15 दिनों के अन्दर सम्पर्क कर सकते हैं।
वेतनमान – उ.प्र.शासन/यूजीसी के मानकानुसार देय होगा।
प्राचार्य– 8765312453, 9532071072

सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है मैने अपने पुत्र डेनिस बाल्मीकि और पुत्रवधु निशा के गलत आचरण से क्षुब्ध होकर अपनी समस्त चल – अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए हैं। उनके किए कार्यो एवं लेनदेन के वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
–ओमप्रकाश पुत्र मन्नीलाल 166/ठ –1 बीबीपुर चकेरी एरोड्रम, कानपुर

सूचना
मेरे पुराने पासपोर्ट पर मेरे पिता का नाम तुर्टिवश बशीर अहमद अंकित हो गया है मेरे पिता का वास्तविक नाम छेदा है। समस्त अभिलेखों में मेरे पिता का नाम छेदा ही माना जाये। मो0 गुफरान पुत्र छेदा निवासी मोहल्ला खत्राना कस्बा परगना थाना बिलग्राम हरदोई







राष्ट्रीय फैशन टेक्नोलॉजी संस्थान (निफ्ट) में फ़ैशन स्पेकट्रम के समापन पर देर रात अलग-अलग कार्यक्रम में प्रतिभाग करते छात्र-छात्राएं और अतिथिगण। अमृत विचार

# फैशन स्पेकट्रम में टीम इला बनी चैम्पियन, फैशन शो में आभा अव्वल

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय फैशन टेक्नोलॉजी संस्थान (निफ्ट) में फ़ैशन स्पेकट्रम का समापन रंगारंग कार्यक्रमों के साथ हुआ। इस दौरान खेल के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। देर रात तक चले कार्यक्रम में खूब धमाल मचाया गया। एलिक्स्ज़र थीम पर आधारित फ़ैशन स्पेकट्रम की विजेता टीम इला रही।

निदेशक निफ़्ट नन्दन सिंह बोरा ने देर रात विजयी टीम को ट्रॉफी प्रदान की। कहा कि अभी और आगे सबको जाना है। ऐसे में बेहतर प्रदर्शन आगे भी जारी रहना चाहिए। इसके अलावा अवंत गार्ड फैशन शो के विजेता सौरव कान्त और उपविजेता शिवांगी व प्रणय रहे। वहीं रेडी टू वियर स्टाइलिंग फैशन स्टाइलिंग फ़ैशन शो की विजेता आभा और उपविजेता हिमांशी रही। ग्रुप डांस की विजेता टीम इला व उपविजेता टीम सफायर रही। मिस फ्रेशर्स सौरिता रे, मिस्टर फ्रेशर्स सार्थक बने। समापन समारोह मे सिटी मैजिस्ट्रेट बाबूराम चौधरी ने कार्यक्रम की प्रशंसा की। इस मौके पर यूनिट हेड आईटीआई लिमिटेड राजीव कुमार श्रीवास्तव, निफ़्ट के संकाय सदस्य व कर्मचारी आदि मौजूद रहे।

### हस्तशिल्प एवं हथकरघा क्राफ्ट मेला 11 और 12 को

निफ्ट में 11 और 12 फरवरी को उत्तर प्रदेश के हस्तशिल्प एवं हथकरघा क्लस्टर के कारीगर अपने उत्पादों की प्रदर्शनी लगाएंगे। इस प्रदर्शनी में उत्पाद उचित मूल्य पर रायबरेली की जनता की खरीददारी के लिए उपलब्ध होंगे। यह जानकारी उज्वल बैनर्जी क्राफ्ट इनीशिएटिव कोआर्डिनेटर ने दी। उन्होंने बताया कि इस क्राफ्ट बाज़ार में कई राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त कारीगर प्रतिभाग कर रहे हैं। साथ ही इस कार्यक्रम में जिले के विभिन्न स्कूल और कालेज के विद्यार्थी आकर निफ्ट में पढाये जा रहे विभिन्न पाठयक्रमों की जानकारी ले सकते है। वर्तमान में डिज़ाइन के स्नातक स्तरीय चार, टेक्नालाजी का एक और मैनेजमेंट का स्नातकोत्तर स्तर का एक पाठयक्रम चल रहा है।

## एक नजर

### मारपीट करने का आरोप रिपोर्ट दर्ज

**महराजगंज, रायबरेली :** कोतवाली क्षेत्र के टूक गांव निवासी राम लखन ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि मोहल्ले में रामायण के समापन अवसर पर वह हवन पूजन करने गए थे, जहां उसे गांव के ही राजेन्द्र, साकेत व महेंद्र ने मारा-पीटा। गांव वालों के बीच बचाव करने पर पिटाई कर रहे तीनों युवक भाग गए। मामले में कोतवाल बालेंदु गौतम ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### तीन शिकायतों का निस्तारण

**ऊंचाहार, रायबरेली :** शनिवार को कोतवाली परिसर में नायब तहसीलदार सत्याराज की अध्यक्षता में समाधान दिवस आयोजित हुआ। इसमें 12 शिकायतों में से तीन का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। केवलपुर मजरे इटौरा बुजुर्ग गाँव निवासी वीरेंद्र कुमार ने पड़ोस के ही लोगों के विरुद्ध मकान निर्माण में अवरोध उत्पन्न करने, पूरे बदद्दा मियां निवासी ननकऊ ने गांव के हो लोगों पर भूमि कब्जाने व मकान निर्माण में अवरोध उत्पन्न करने, पूरे तुला निवासी राजपति ने गांव के ही लोगों पर भूमिधरी जमीन कब्जाने की शिकायत की है। इस मौके पर कोतवाल अनिल कुमार सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# किसानों के लिए परेशानी का सबब बने छुट्टा मवेशी, रतजगा करने को विवश

- सर्दी में रात-रात भर फसल की सुरक्षा में देते रहते पहरा
- गौशाला महज दिखावा

महराजगंज, रायबरेली

**अमृत विचार।** छुट्टा मवेशियों को गौशाला में भेजने के लिए सरकार द्वारा प्रबंध किए गए है, लेकिन अधिकारियों की लापरवाही से आज भी बड़ी संख्या में छुट्टा मवेशी इधर उधर भटक रहे है। यही छुट्टा मवेशी अब अन्नदाताओं को लाइलाज दर्द दे रहे हैं। पलक झपकते ही फसल को नुकसान पहुंचा देते हैं। ऐसे में मेहनत से तैयार फसल की सुरक्षा के लिए रतजगा करने को किसान विवश हो रहे हैं।

वैसे तो इन मवेशियों का सड़कों से लेकर खेत - खलिहानों तक कब्जा है। दिनभर आसपास सड़क और गलियारों में आराम फरमाते हैं। इनकी वजह से कई बार मार्ग दुर्घटनाएं भी हो जाती हैं। विकासखंड के कुशमहुरा, कैर, पूरे रानी, पाली व पूरे मूढ़ू सहित दर्जनों गांवों के किसान बेसहारा पशुओं से हो रही फसलों की बर्बादी से आहत हैं। कड़ी मेहनत से तैयार फसलों को बचाने के लिए किसान खेतों में ही फूस की मड़ई बना कर दिन-रात रखवाली करने को मजबूर हैं।



फसल को नुकसान पहुंचाते मवेशी। अमृत विचार



किसान विवेक मिश्रा



किसान आशीष मौर्य



किसान विनोद



झोपड़ी में रहकर फसल की करते हैं रखवाली।

### चारा भूसा में बजट बना रोड़ा

विकास क्षेत्र में आधा दर्जन गौशालाओं में क्षमता से अधिक बेसहारा पशुओं को रखा गया है। नाम न छापने की शर्त पर गौशाला संचालित करने वाले प्रधानों ने बताया कि पशुओं के संरक्षण के लिए चारे भूसे का भुगतान समय से नही हो पाता। कभी कभी तो चार माह से अधिक समय भुगतान में लग जाता है। जबकि जिम्मेदारों द्वारा केवल मवेशियों को रखने के लिए दबाव बनाया जाता है।

### कटीले तारों पर पाबंदी, कैसे बचाएं फसल

कुशमहुरा गांव के किसान विवेक मिश्रा ने बताया कि कई बार खड़ी फसल नष्ट हो गई है। किसी तरह रात में जाग कर फसलें बचा रहे हैं। किसान आशीष मौर्य ने कहा कि जब से खेत के चारों तरफ कंटीले तारों को लगाने पर सरकार ने पाबंदी लगा दी है। तब से फसल बचाने में ज्यादा परेशानी होती है। वही पूरे रिसाल गांव निवासी विनोद कुमार ने बताया कि छुट्टा मवेशी व नीलगाय अधिकता में हो गई है। झुंड में मवेशी आकर फसलों को नष्ट कर देते हैं। सरकार को किसानों के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए।

# तेजी से बदल रही है फिजा, कांग्रेस कार्यकर्ता कमर कस लें : नकुल दुबे

- कांग्रेस की ब्लाक गौरा के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की कार्यशाला

ऊंचाहार, रायबरेली

**अमृत विचार।** कांग्रेस नेता नकुल दुबे ने शनिवार को ब्लॉक गौरा के पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं, ग्रामसभा अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष की कार्यशाला में कहा कि बढ़ती मंहगाई, अराजकता, भ्रष्टाचार से ऊबी जनता लोकसभा चुनाव में बदलाव करने जा रही है। फिजा तेजी से बदल रही है, ऐसे में कांग्रेस कार्यकर्ता पूरी तरह कमर कस लें और कांग्रेस को जिताने के लिए लग जाएं।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री ने कार्यकर्ताओं को लोकसभा चुनाव के लिए अभी से लग जाने की अपील की। उन्होंने कहा हम सभी को कांग्रेस पार्टी की जीत के लिए अभी से ही दिन-रात मेहनत करनी है। प्रदेश सचिव एवं पूर्व प्रत्याशी अतुल सिंह ने कहा कि सभी बूथो पर हम सबको मजबूती से खड़ा होना है।



कार्यशाला में बोलते कांग्रेस नेता एवं पूर्व मंत्री नकुल दुबे।

विधानसभा प्रभारी महेश शर्मा ने कहा कि हम सबका प्रयास है कि 2024 के चुनाव में प्रत्येक बूथ पर भारी मतों कांग्रेस जीते। इस अवसर पर प्रदेश सचिव शिवम सिंह राना, ब्लाक अध्यक्ष दल बहादुर सिंह, आलोक यादव, अनुरुद्ध दीक्षित, फ़रूख़ी, राघवेंद्र सिंह, शैलेन्द्र त्यागी, प्रदीप अग्निहोत्री, अरुणेश सिंह, आदित्य सिंह, कृष्ण दत्त त्रिवेदी, मोवीन अंसारी, अमर यादव, चंद्रकांत त्रिवेदी, रामखेलावन पासी, राजू सिंह, मोहम्मद अकबर, भोला साहू, राधेश्याम यादव प्रधान, अनुराग गुप्ता, नागेंद्र सिंह, शरद त्रिवेदी, लल्लू राम भारती, जसवंत सिंह आदि मौजूद रहे।

# बड़ौदा यूपी बैंक भोजीपुरा शाखा का सबसे बेहतर काम




बड़ौदा यूपी बैंक की ओर आयोजित सम्मान समारोह में मौजूद लोग।

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार :** बड़ौदा यूपी बैंक की ओर से एक होटल में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसमें में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले कार्मिकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्रामीण बैंक बड़ौदा यूपी बैंक के चेयरमैन दविन्दर पाल ग्रोवर ने किया।

सबसे पहले बैंक के अध्यक्ष और सभी जनपदों से आए क्षेत्रीय प्रबंधकों ने दीप प्रज्ज्वलित किया। प्रशासनिक प्रमुख घनश्याम सिंह द्वारा अंग वस्त्र देकरअध्यक्ष का स्वागत किया गया। बैंक के चेयरमैन दविन्दर पाल ग्रोवर द्वारा बैंक की प्रगति और चुनौतियों पर प्रकाश डाला गया। प्रशासनिक कार्यालय रायबरेली द्वारा चलाये गए अभियान "जीतने की उमंग, त्योहारों के संग" की प्रशंसा करते हुए कहा कि हमें अपने ग्राहकों के प्रति जवाबदेह होना चाहिए, उन्हें बैंक में अच्छी सुविधा प्रदान की जाए। बैंक को प्रतिस्पर्धा में रखने के लिए जरूरी है कि सभी कर्मचारी ईमानदारी, मेहनत और लगन से अपने कार्य को करें।

उन्होंने यह भी कहा कि बैंक के सभी पात्र खातों में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना का लाभ अवश्य दिया जाये। उन्होंने सभी कर्मचारियों को आगाह किया कि भारत सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की शिथिलता को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

# क्रासिंग खोलने को रेल मंत्री को भेजा ज्ञापन

ऊंचाहार, रायबरेली

**अमृत विचार।** करीब एक वर्ष पूर्व बंद किए गए नगर के रेलवे क्रॉसिंग गेट को खोले जाने को लेकर नगर वासियों ने एक बार फिर अपनी मांग को लेकर रेल मंत्री को ज्ञापन भेजा है। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं सर्वोच्च न्यायालय के अधिवक्ता अजय अग्रवाल के माध्यम से भेजे गए ज्ञापन में नगर वासियों ने अपनी पीड़ा को व्यक्त किया है

लखनऊ प्रयागराज राजमार्ग पर नगर के रेलवे क्रासिंग का गेट करीब एक साल पहले रेलवे ने बंद कर दिया था। रेलवे ने यह कदम राजमार्ग पर ओवर ब्रिज के निर्माण के बाद उठाया था। इस रेलवे गेट के बंद हो जाने से ऊंचाहार नगर दो भागों में विभाजित हो गया है। जिसके कारण नगर वासियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यही नहीं रेलवे क्रॉसिंग के आसपास सैकड़ो व्यापारियों का व्यापार भी चौपट हो चुका है। रेलवे गेट बंद हो जाने के कारण प्राथमिक, जूनियर विद्यालय और इंटर कॉलेज के बच्चों को भी आवागमन में भारी असुविधा हो रही है। रेलवे गेट बंद करते समय नगर वासियों ने काफी विरोध किया था, किंतु मामले का कोई समाधान नहीं हो पाया है।

शनिवार को सर्वोच्च न्यायालय के अधिवक्ता व भाजपा नेता अजय अग्रवाल ऊंचाहार पहुंचे तो नगर वासियों ने उन्हें रेलमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन सौंपा है। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष ममता जायसवाल, राज गुप्ता, गया कौशल, रमेश कौशल, लालचंद कौशल, पवन सिंह, राज नारायण, कृष्ण कुमार, राजेश कुमार, राजू सोनी, डा पी. कुमार आदि मौजूद रहे।

### राजमार्ग के किनारे नाला निर्माण की मांग

शनिवार को ऊंचाहार पहुंचे सर्वोच्च न्यायालय के अधिवक्ता अजय अग्रवाल को नगर पंचायत अध्यक्ष ममता जायसवाल ने ज्ञापन सौंप कर लखनऊ प्रयागराज मार्ग के किनारे एनएचएआई द्वारा नाला निर्माण कराए जाने की मांग की है। ज्ञापन में उन्होंने कहा है कि गंदा नाला से लेकर बस स्टेशन के आगे तक नाला निर्माण न होने के कारण राजमार्ग पर जल भराव की समस्या बनी रहती है। इसी प्रकार रेलवे क्रॉसिंग के पास ओवर ब्रिज के नीचे नाला निर्माण न होने के कारण जल भराव बना रहता है। उन्होंने एनएचएआई द्वारा नाला निर्माण कराए जाने की मांग की है।

## सार-संक्षेप

### किशोर को बंधक बनाकर काम करवाने का आरोप

**ऊंचाहार, रायबरेली।** एक किशोर को घर में बंधक बनाकर काम कराने की शिकायत उसकी मां ने पुलिस से की है। क्षेत्र के गांव माता दीन का पुरवा मजरे कंदरावा निवासिनी राजपति का कहना है कि उसका पुत्र अंकित पट्टी रहस कैथवल गांव के पास स्थित एक ईंट भट्ठे पर रहता था, जहां से उसके गांव के एक व्यक्ति ने पकड़ लिया और जबरन उसे अपने घर लाया। उसे घर में वह बंधक बनाए हुए हैं। महिला का आरोप है कि उसके बेटे से जबरन काम लिया जा रहा है और उसे छोड़ा नहीं जा रहा है। पीड़िता ने मामले की शिकायत पुलिस से करते हुए अपने बेटे को बंधक से मुक्त कराए जाने की मांग की है। कोतवाल अनिल कुमार सिंह ने बताया की प्रार्थना पत्र की जांच कराई जा रही है।

### पुलिस ने दो शातिरों को किया गिरफ्तार

**संवाददाता, रायबरेली।** शहर में बीते कई दिनों से हो रही चोरी की वारदातों ने पुलिस का दर्द बढ़ा रखा था। शनिवार को कोतवाली पुलिस ने दो अंतर्जनपदीय चोरों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। पुलिस ने हरियाणा प्रान्त के हमीदपुर नारायणगढ़ निवासी विशाल शर्मा पुत्र विनोद शर्मा व लखनऊ के कैसर बाग निवासी मो. आदिल पुत्र मुख्तार को महराजगंज रोड स्थित गौशाला से गिरफ्तार किया, जब वह भागने के फिराक में थे। दोनों चोरी की घटना में वांछित थे और इनके ऊपर इनाम भी घोषित था। इन्होने अयोध्या व मिल एरिया थाना क्षेत्रों में भी घटनाओं को अंजाम दिया था। दोनों के ऊपर कई आपराधिक मामले दर्ज है। दोनो के कब्जे से चोरी किया हुआ सामान व अवैध हथियार बरामद हुआ है। सीओ सिटी अमित सिंह ने बताया कि दोनो को जेल भेज दिया गया है।

### वीडियो कॉलिंग कर निर्वस्त्र हो गए प्रेमी युगल, वीडियो वायरल

**ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार।** व्हाट्सएप पर इश्क लड़ाना प्रेमी प्रेमिका के लिए बदनामी का सबब बन गया। दोनो के बीच हुई अश्लील वीडियो कॉलिंग का वीडियो वायरल हो गया, जिससे पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। हालांकि मामले में अभी तक किसी पक्ष से कानूनी कार्रवाई नहीं की गई है। वायरल वीडियो क्षेत्र के एक गांव का बताया जाता है। इस वीडियो को इसी गांव के एक युवक ने अपने फेसबुक पर वायरल किया है। वायरल वीडियो में गांव का एक प्रेमी युगल व्हाट्सएप वीडियो कॉल करके पहले आपस में बात करते है, फिर दोनो निर्वस्त्र हो जाते हैं। वीडियो वायरल हुआ तो गांव के लोगों ने दोनों की पहचान कर ली। कई लोगों ने इस वीडियो की कॉपी कर ली। वीडियो वायरल करने वाले युवक ने अपनी फेसबुक आईडी से इसे डिलीट कर दिया, लेकिन तब तक सैकड़ों लोग इसकी कॉपी कर चुके थे। मामले की जानकारी पुलिस अधिकारियों को भी हुई, किंतु किसी पक्ष से कोई शिकायत न मिलने के कारण इसमें विधिक कार्रवाई नहीं की गई है।

# श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव पर जयकारों से गूंज उठा पंडाल

**शिवगढ़, रायबरेली, अमृत विचार।** क्षेत्र के कबिरादान मजरे बैंती में चल रही श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ प्रवचन के चौथे दिन मंगलवार को कर्मयोगी भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव बडे.ही हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया। श्रीकृष्ण जन्म प्रसंग शुरू होते ही पांडाल में मौजूद श्रद्धालु नन्द के आनन्द भयो जय कन्हैयालाल की के भजनों एवं जयकारों के साथ झूम उठे। मथुरा से पधारे कथा वाचक शिवनरायण दास जी महराज ने अपनी अमृतमयी वाणी से भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की कथा का बखान करते हुए कहाकि जब जब धरा पर अत्याचार, दुराचार, पापाचार बढ़ता है, तब-तब प्रभु का अवतार होता है। शिवराज रावत ने बताया कि श्रीमद् भागवत कथा के समापन पर हवन पूजन कन्या भोज एवं विशाल भण्डारे का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर कमल किशोर रावत, ओम प्रकाश अवस्थी, अनिल यादव, संदीप, पंकज कुमार, रोहित रावत, संतोष यादव, उमेश कुमार, रिंकू, मोलहे, बुधई लोधी, संतपाल यादव आदि मौजूद रहे।

# कांग्रेस प्रत्याशी को जीत दिलाने की करें तैयारी

**महराजगंज, रायबरेली।** अंबेडकर महिला डिग्री कॉलेज में कांग्रेस संगठन द्वारा ब्लॉक स्तरीय कार्यकर्ता संवाद एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि लोकसभा प्रभारी इंदल रावत ने लोकसभा चुनाव पर चर्चा करते हुए ब्लॉक के सभी बूथ अध्यक्ष व न्याय पंचायत अध्यक्ष से संवाद कर ब्लॉक से लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के प्रत्यासी को जिताने को लेकर रणनीति बनाई। वही कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता एवं उपाध्यक्ष सुशील पासी व जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी ने लोकसभा प्रभारी इंदल रावत का स्वागत किया। इस मौके पर जिला महासचिव सैदुल हसन, नागेंद्र सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप चौधरी, कृपा शंकर शर्मा, दिनेश शुक्ला, भगवानदीन फौजी, राहुल सिंह, गया प्रसाद चौरसिया, विचित्र चौधरी, युवा मोर्चा विधानसभा प्रभारी संदीप मौर्य, ब्रजेश पासी, कुश सिंह आदि मौजूद रहे।

# छात्र-छात्राओं को दिए परीक्षा उपयोगी टिप्स

- न्यू पब्लिक एकाडमी इण्टर कालेज भवानीगढ़ में विदाई समारोह का आयोजन

शिवगढ़, रायबरेली

**अमृत विचार।** न्यू पब्लिक एकाडमी इंटर कॉलेज भवानीगढ़ में धूमधाम से विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कक्षा 11 के छात्र-छात्राओं द्वारा कक्षा 12 के छात्र-छात्राओं को रोली अक्षत का टीका लगाया। इसके बाद उन्हें उपहार देकर भावभीनी विदाई दी। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। वहीं शिक्षकों ने बेहतर अंक लाने के टिप्स भी दिए।



सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं छात्राएं। अमृत विचार

कक्षा 11 द्वारा कक्षा 12 के छात्र-छात्राओं को भाषण, डांस, गेस हूं, रोटी बनाना आदि कई प्रकार के टास्क दिए गए। इसमें विजेता छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। वहीं छात्राओं ने शिक्षकों को भी रोटी बनाने का टास्क दिया, जिसमें शिक्षक सत्य प्रकाश वर्मा विजेता रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय के प्रबंधक विवेक बाजपेयी द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन से किया गया। प्रबन्धक कक्षा 10 और 12 के छात्र-छात्राओं को यूपी बोर्ड परीक्षा में बेहतर अंक के लिए अग्रिम बधाई दी।

प्रधानाचार्य पुरस्करनाथ शुक्ला, प्रधानाध्यापक आशीष शुक्ला, शिक्षक श्याम सैनी, जान्हवी शुक्ला, अनिरुद्ध कुमार, पंकज पाण्डेय, राजीव, अन्नपूर्णा बाजपेई, जमुना प्रसाद आदि शिक्षकों ने परीक्षा उपयोगी टिप्स देते हुए कहाकि परीक्षा में सफलता के लिए सकारात्मक सोंच बहुत जरूरी है। उन विषयों पर ध्यान केंद्रित करें जो आपको सबसे चुनौतीपूर्ण लगते हैं, क्योंकि इनमें सबसे अधिक समय और प्रयास की आवश्यकता होती है। उन कार्यों की सूची बनाएं जिन्हें आपको पूरा करने की आवश्यकता है और उनका निर्धारण समय के अनुसार करें। इससे तैयारी करने में आसानी होगी। मंच संचालन हाईस्कूल की टॉपर छात्र प्रतिष्ठा सिंह व अर्पिता सिंह द्वारा किया गया।

# पढ़ाई में बच्चों का सहयोग करें अभिभावक

### गोल्डेन बर्ड पब्लिक स्कूल में शिक्षक अभिभावक गोष्ठी सम्पन्न

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** शनिवार को खीरो कस्बे के गोल्डेन बर्ड पब्लिक स्कूल में शिक्षक अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में बबिता सिंह असिस्टेंट प्रोफेसर, अजय सिंह, अनुराग शुक्ला, संतोष सिंह, सुनील कुमार आदि वक्ताओं ने छात्र व छात्राओं को समय से विद्यालय आने की बात कही। साथ ही बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई-लिखाई करने की सलाह दी। बच्चों के बौद्धिक विकास को लेकर अभिभावकों को बताया कि अपने बच्चों पर ध्यान देते हुए समय से तैयार कराके विद्यालय प्रतिदिन अवश्य भेजें। वही शिक्षकों से कहा कि बच्चे ही देश के भविष्य हैं। इनके भविष्य बनाने में कोताही न बरतें। कर्यक्रम की अध्यक्षता मुन्ना द्विवेदी ने की। इस अवसर पर प्रबंधक सुधांशु शुक्ला, प्रधानाध्यापक रामकृष्ण शर्मा, मीरा मिश्रा, रजत, अखिलेश, आराधना, सोनिया, आरजू सहित अभिभावक वसी अहमद, लवकुश, पिंकू आदि मौजूद रहे।



शिक्षक-अभिभावक गोष्ठी में मौजूद लोग। अमृत विचार

## एक नजर

### बाइक चोरी

**लालगंज, रायबरेली :** साकेत नगर लालगंज के एक गेस्ट हाउस में दावत में आए युवक की बाइक चोरी हो गई। पीड़ित शिवम कुमार पुत्र मनोज मिश्रा पमरौली थाना गाजीपुर जिला फतेहपुर ने मामले की लालगंज पुलिस से शिकायत की है।

### पतंग उड़ा रहा बालक छत से गिरा

**बछरावां, रायबरेली :** थाना क्षेत्र के कसरावां गांव का रहने वाला रुपेश पुत्र सोनू शनिवार की सुबह पतंग उड़ाने के लिए छत पर गया था। वह पतंग उड़ा रहा था, इसी दौरान अचानक छत के नीचे आ गिर गया। रोने की आवाज सुनकर परिजन बाहर दौड़े तो रुपेश नीचे पड़ा था। आनन-फानन उसे बछरावां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

### हाईवे पर बेहोश मिला वृद्ध

**बछरावां, रायबरेली :** लखनऊ-प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक अज्ञात वृद्ध सड़क पर बेहोशी की हालत में घायल पड़ा हुआ मिला। सूचना पर पहुंची यूपी 112 एवं भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की एंबुलेंस के द्वारा उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के पश्चात उसकी हालत को नाजुक देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। प्रभारी चिकित्सक ने बताया कि वृद्ध के सिर पर गंभीर चोटे होने के चलते अभी तक होश नहीं आया है, जिससे उसका नाम और पता ज्ञात नहीं हो पाया है।

# स्मृति के प्रयासों से सई नदी पर वर्षों से लंबित पुल हुआ स्वीकृत

▸▸ **नाव से नदी पार करते हैं ग्रामीण, कई वर्षों से लंबित पड़ा था सई नदी पर पुल निर्माण का मामला**

**नीरज श्रीवास्तव, परशदेपुर, रायबरेली**



केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी



विधायक अशोक कुमार




सई नदी का लगा संकेतक बोर्ड

**अमृत विचार।** केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने सलोन विधान सभा को बड़ी सौगात दी है। केंद्रीय मंत्री के प्रयासों से वर्षों से लटके पड़े हाजीपुर-माधवपुर मार्ग में सई नदी पर पुल निर्माण की सभी बाधाएं पार हो गई हैं। शनिवार को पुल निर्माण स्वीकृत होने से अब जल्द ही कार्य शुरू होने की उम्मीद है।

सलोन विधान सभा में डीह ब्लॉक में प्रतापगढ़ बॉर्डर पर हाजीपुर व सलोन ब्लॉक का माधवपुर गांव है। हाजीपुर में सेवाकबीर बाबा व माधवपुर में प्राचीन सिद्धेश्वर धाम है जो लोगों की आस्था का केंद्र है। यहां पर श्रद्धालुओं का अक्सर आवागमन होता रहता है। लेकिन दोनों गांवो के बीच पड़ने वाली सई नदी पर पुल निर्माण ना होने से लोगों को आवागमन में काफी परेशानी होती है। दिवगंत विधायक दल बहादुर कोरी ने भी पुल निर्माण के लिए काफी प्रयास किया था। बताते हैं शासन से पुल निर्माण की घोषणा भी की गई लेकिन धरातल पर कुछ भी नहीं उतर पाया। विधायक बनने पर दल बहादुर कोरी के पुत्र अशोक कुमार भी अपने पिता के अधूरे सपने को पूरा करने में जुटे रहे।

विधायक ने केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी को भी इस समस्या से अवगत कराया और लगातार पुल निर्माण के लिए प्रयास करते रहे। विधायक ने बताया कि केंद्रीय मंत्री के प्रयासों से कई वर्षों से लंबित सई नदी पर पुल निर्माण स्वीकृत हो गया है। जल्द ही निर्माण कार्य शुरू हो जायेगा।

> दीदी स्मृति अपने संसदीय क्षेत्र के संपूर्ण विकास को लेकर लगातार प्रयास कर रही हैं। नए विकास कार्यों के साथ ही उनकी कोशिश रहती है अधूरे कार्य भी समय से पूरे हो जाएं।
>
> **-विजय गुप्ता, प्रतिनिधि केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी**

### नाव से नदी पार करते हैं ग्रामीण

डीह ब्लॉक के हाजीपुर गांव से थोड़ी दूर पर सलोन ब्लॉक का माधवपुर ननैया गांव है। दोनों गांवो के बीच सई नदी है इसलिए आने जाने वाले ग्रामीण वर्षों से नाव से नदी पार कर रहे हैं।

### विधान सभा में उठाया था विधायक ने पुल का मुद्दा

बीते पांच फरवरी को विधायक अशोक कुमार ने ये मुद्दा विधान सभा में उठाया था। उन्होंने विधान सभा में कहा था कि उनके पिता जब विधायक थे तब से सई नदी पर पुल की मांग की जा रही है। उन्होंने फिर से पुल के लिए स्थलीय निरीक्षण की भी मांग की थी। बीते शुक्रवार को मुख्यमंत्री द्वारा लखनऊ मंडल की बैठक में भी विधायक ने उन्हें इस समस्या से अवगत कराते हुए लिखित पत्र सौंपा था।

> दीदी स्मृति के प्रयासों से सलोन विधान सभा को बड़ी खुशखबरी मिली है। उनके प्रयासों से वर्षों से लंबित हाजीपुर-मधवापुर मार्ग में सई नदी पर पुल निर्माण स्वीकृत हो गया है। अब लोगों के आवागमन की समस्या जल्द ही दूर हो जायेगी।
>
> **-अशोक कुमार, विधायक सलोन**

# पुलिस के सामने ही राजस्व टीम पर हमला, लेखपाल को दौड़ाकर पीटा

▸▸ **अवैध कब्जेदारों ने बीचबचाव करने पहुंचे कानून गो के साथ की धक्का-मुक्की, रिपोर्ट दर्ज**

**लालगंज, रायबरेली**

**अमृत विचार।** पुलिस के साथ अवैध कब्जा हटवाने पहुंची राजस्व टीम पर कब्जेदारों ने हमला कर दिया। इतना ही नहीं लेखपाल को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। वहीं बीचबचाव करने पहुंचे कानून गो के साथ भी धक्का-मुक्की की। इसके बाद पुलिस के हस्तक्षेप से किसी तरह राजस्व टीम को हमलावरों से बचाया गया। मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

मामला क्षेत्र के पूरे मधई मजरे लालूमऊ गांव का है। लेखपाल ऋषिकांत ने लालगंज पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि पूरे मधई गांव के सूरज पुत्र केशन, धनंजय पुत्र लल्लू प्रसाद और गीता पत्नी मुन्नीलाल बंजर जमीन पर कई दिन से कब्जा करने की कोशिश कर रहे थे। उक्त लोगों को जरिये प्रशासनिक नोटिस बंजर भूमि पर कब्जा करने से रोकने का भी प्रयास किया गया था, लेकिन नोटिस के बावजूद जब बंजर भूमि पर निर्माण कार्य बदस्तूर जारी था तो राजस्व की टीम ने मय पुलिस फोर्स के मौके पर पहुंचकर बंजर भूमि से अतिक्रमण हटाने का प्रयास किया गया।

प्रयास करते ही कब्जेदार राजस्व टीम पर हमलावर हो गए और लेखपाल को मारने पीटने लगे। लेखपाल को पिटता देख बचाने दौड़े कानून गो के साथ भी कब्जेदारों द्वारा धक्का मुक्की किया गया। मामले में लालगंज पुलिस ने लेखपाल ऋषिकांत की तहरीर पर आरोपी गणों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक शिवशंकर सिंह ने बताया कि सरकारी काम में बाधा और मारपीट के बाबत मुकदमा पंजीकृत हुआ है। विवेचना की जा रही है। आरोपियों के खिलाफ सख्त करवाई की जाएगी।

## घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**डलमऊ, रायबरेली।** सड़क दुर्घटना में घायल एक युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। डलमऊ निवासी आर्यन पुत्र राजेश यादव शुक्रवार शाम को आर्यन अपने अन्य साथी के साथ रायबरेली शहर से कहीं जा रहा था। तभी अज्ञात ट्रक की टक्कर से घायल हो गए। दोनों को जिला अस्पताल से लखनऊ के लिए रेफर कर दिया गया था और ट्रॉमा सेंटर में उनका इलाज चल रहा था। शनिवार को आर्यन की मौत हो गई। पत्रकार के पुत्र के निधन से परिजनों में कोहराम मच गया है।

## सार-संक्षेप

### खेत में पानी लगाने गई किशोरी से दुष्कर्म की कोशिश

**ऊंचाहार, रायबरेली :** ट्यूबवेल से गेहूं के खेत में पानी लगाने गई किशोरी को गांव के युवक ने दुष्कर्म की कोशिश की। पीड़िता के चीखने चिल्लाने पर उसकी मां पहुंची तब उसकी आबरू बच पाई। मामले में एसपी के हस्तक्षेप के बाद पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है। घटना बीते माह 24 जनवरी की है। क्षेत्र के एक गांव की किशोरी अपनी मां के साथ ट्यूबवेल से गेहूं के खेत की सिंचाई करने गई थी। किशोरी ट्यूबवेल के पास अकेली थी। तभी वहां पहले से मौजूद एक युवक ने उसे दबोच लिया। किशोरी ने उसका विरोध किया। किशोरी के चीखने चिल्लाने पर थोड़ी दूर खेत में मौजूद उसकी मां एक अन्य महिला के साथ दौड़कर मौके पर पहुंची तो युवक धमकी देकर भाग गया। उसके बाद पीड़िता कोतवाली पहुंची, लेकिन पुलिस ने मामले में कोई कार्रवाई नहीं की। परेशान पीड़िता ने एसपी से मुलाकात करके पूरी घटना बताई। एसपी के निर्देश पर पुलिस ने युवक बउवा निवासी कंदरावा के विरुद्ध दुष्कर्म की कोशिश का मामला दर्ज किया है।

### मुख्य परिचालक प्रबंधक ने रेलवे स्टेशन का किया निरीक्षण

**रायबरेली।** शनिवार को रेलवे स्टेशन का मुख्य परिचालक प्रबंधक ने औचक निरीक्षण किया। स्टेशन परिसर सहित पावर केबिन में सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। सकुशल निरीक्षण होने पर अधिकारियों ने राहत की सांस ली। दिल्ली से आए मुख्य परिचालक प्रबंधक सामान्य आरके सिंह ने शनिवार को रेलवे स्टेशन का औचक निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म, पावर केबिन, रेलवे लाइन, स्टेशन मास्टर कक्ष आदि को देखा। उनके साथ इंस्पेक्टर योगेंद्र कुमार व सचिन रहे। निरीक्षण के दौरान स्थानीय रेलवे अधिकारी व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने में व्यस्त रहे। करीब दो घंटे तक निरीक्षण चलने के बाद खामियां न मिलने पर अधिकारियों ने राहत की सांस ली। इस दौरान स्टेशन अधीक्षक रवि रंजन कुमार सहित रेलवे अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### चोरी की योजना बनाते तीन को दबोचा

**लालगंज, रायबरेली।** प्रभारी निरीक्षक शिव शंकर सिंह ने डलमऊ रोड ओवर ब्रिज के पास से तीन को अवैध असलहे के साथ पकड़कर जेल भेज है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि इब्राहिमपुर थाना कैंट लखनऊ निवासी आशीष कुमार पुत्र रामकुमार, थाना आशियाना जनपद लखनऊ निवासी अंशु पुत्र ज्ञान चंद्र और तेलीबाग थाना पीजीआई निवासी सिराज कुरैसी पुत्र लाल मोहम्मद अपराधी किस्म के हैं। तीनों के खिलाफ अलग-अलग थानों में चोरी सहित अन्य धाराओं में मुकदमा पंजीकृत है। तीनों को डलमऊ ओवर ब्रिज के पास से संदिग्ध हालत में पकड़ा गया तो उनके पास से अवैध असलहा और कारतूस भी बरामद हुआ है। इसके अलावा चोरी के काम में प्रयुक्त होने वाले औजार मिला है। पूछताछ में उन्होंने बताया कि वह लालगंज में चोरी करने की फिराक में योजना बना रहे थे। टीम में कोतवाल सहित उपनिरीक्षक राजेश यादव, मालिक राम साहनी, सिपाही शक्ति सिंह, राहुल पटेल, किशन पटेल, साजन चौधरी, नितिन परमार शामिल रहे।

### जिले के 39 केंद्रों पर आरओ और एआरओ की होगी परीक्षा

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार :** जिले में आरओ और एआरओ परीक्षा की तैयारी पूरी कर ली गई है। इसके लिए जिले में 39 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। समीक्षा अधिकारी और सहायक समीक्षा अधिकारी की रविवार को होने वाली परीक्षा के दौरान सभी केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। इसके लिए 13 सेक्टर और 39 स्टैटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। केंद्र व्यवस्थापक और वाह्य केंद्र व्यवस्थापकों नकलविहीन परीक्षाएं कराने के निर्देश दिए गए। एडीएम प्रशासन प्रफुल्ल त्रिपाठी ने बताया कि परीक्षा के लिए 39 केंद्र बनाए गए हैं। सभी केंद्रों पर सिटिंग प्लान तैयार कर लिया गया है। परीक्षाएं सीसी कैमरे की निगरानी में कराई जाएंगी। इसमें 15577 परीक्षार्थी शामिल होंगे। पहली पाली की परीक्षा सुबह 9 .30 से पूर्वान्ह 11 .30 बजे तक और दूसरी पाली की परीक्षा अपराह्न 2 .30 से 3 .30 बजे तक होंगी। प्रश्न पत्रों को परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाने की जिम्मेदारी सेक्टर मजिस्ट्रेट की होगी। केंद्रों के आसपास 100 मीटर के दायरे में फोटो कापी की दुकानें बंद रहेंगी। पहली पाली का प्रश्नपत्र कोषागार से सुबह पांच बजे और द्वितीय पाली सुबह 10 बजे दिया जाएगा। परीक्षा से कम से कम दो घंटा पूर्व केंद्र पर पहुंचाना होगा।

# सरकार की योजनाओं से देश बन रहा सशक्त

**संवाददाता, रायबरेली**




सरकार की योजनाओं के संदर्भ में पत्रक सौंपते भाजपा नगर महामंत्री अजय सिंह सोनू।

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी की ओर से लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर गांव चलो अभियान- बूथ चलो अभियान के तहत मलिकमऊ आइमा के बूथ संख्या 186 पर बूथ संयोजक सनी कपूर के साथ नगर महामंत्री भाजपा अजय सिंह सोनू ने रात्रि प्रवास किया।

इस दौरान उन्होंने केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं के बारे में लोगों को बताया। साथ ही कहा कि भ्रष्टाचार मुक्त सरकार में पात्रों को बिना किसी भेदभाव के योजनाओं का लाभ मिल रहा है। झोपड़ी और कच्चे घरों में रहने वाले लोग अब पक्के घरों में रह रहे हैं। इतना ही नहीं निश्शुल्क अनाज के कारण अब कोई भूखा नहीं सोता है।

इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा चलाई जा रही विभिन्न लोक कल्याणकारी एवं जनहित योजनाओं के बारे में बताते कहा कि सरकार की योजनाओं के कारण ही आज देश सशक्त हो रहा है।

हर क्षेत्र में तेजी से विकास कराया जा रहा है। किसान हो या फिर सेना के जवान सभी सरकार की कार्यशैली खुश हैं। विरोधी पूरी तरह से परेशान हैं। आगामी चुनाव में विरोधियों का सुफड़ा साफ होना तय है। इस अवसर पर टीएल सिंह, उमेश जायसवाल, राकेश वर्मा, रामा सिंह, अभिषेक सिंह आदि मौजूद रहे।

## पुलिस चौकी से चंद कदम दूर मकान से चोरों ने उड़ाया लाखों का माल

**सरेनी, रायबरेली**

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र की भोजपुर चौकी से मात्र दो सौ मीटर की दूरी पर बीती रात बेखौफ अज्ञात चोरों ने सर्राफा के घर से नगदी समेत तीन से चार लाख का माल पार कर दिया। चोरी के समय सर्राफ का परिवार कानपुर दवा लेने गया था।

वही भोजपुर पुलिस चौकी से चंद कदमों की दूरी पर हुई लाखों की चोरी से आसपास के लोग सहमे हुए हैं और कहीं न कहीं चोरी की इस वारदात ने भोजपुर चौकी इंचार्ज की निष्क्रियता व रात्रिगश्त की पोल खोलकर रख दी है। शुक्रवार को वह अपनी पत्नी शकुंतला व बेटे निहाल के साथ कानपुर दवा लेने गए थे। शनिवार की सुबह लगभग 10 बजे जब वह कानपुर से दवा लेकर घर वापस आए तो मेनगेट का टूटा हुआ पीड़ित ने बताया कि अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर 6500 रुपये नगदी समेत लगभग तीन से चार लाख के सोने व चांदी के आभूषणों पर हाथ साफ कर दिया है। चौकी इंचार्ज भोजपुर मोहित ने बताया कि चोरी की घटना हुई है, मामले से संबंधित तहरीर मिली है। जल्द ही चोरी की घटना का खुलासा किया जाएगा।

# प्रतियोगिता में कई जनपदों की टीमें करेंगी प्रतिभाग

**सतांव, रायबरेली**

**अमृत विचार।** पूर्व ब्लॉक प्रमुख उमेश प्रताप सिंह द्वारा सतांव गन्ना कांटा मैदान में रविवार को पं. दीन दयाल उपाध्याय स्मारक अंतरप्रान्तीय क्रिकेट प्रतियोगिता' का शुभारम्भ होगा। आयोजन कमेटी के वरिष्ठ क्रिकेटर रामू सिंह ने बताया कि विगत् दो वर्षों की भाँति ही इस वर्ष भी प्रतियोगिता को भव्य तरीके से सम्पन्न कराया जायेगा। इसमें प्रदेश के विभिन्न जनपदों के साथ ही अन्य प्रान्तों के खिलाड़ी भी शामिल होंगे। इससे युवा खिलाडियों को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। प्रतियोगिता में विजेता टीम को 201000 रुपये व उपविजेता टीम को 1,21,000 रुपये, 'मैन ऑफ द सीरीज' को बाइक आयोजक उमेश प्रताप सिंह द्वारा प्रदान की जायेगी।

## जय गुरुदेव क्रिकेट टूर्नामेंट 11 से

**नसीराबाद, रायबरेली :** परशदेपुर-रायबरेली रोड पर डीह ब्लॉक के राहुल नगर नहर चौराहा के पास रामनगर मैदान पर 11 फरवरी से जय गुरुदेव क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजित किया जाएगा। आयोजक संतोष शर्मा ने बताया कि विजेता टीम को 25 हजार और उपविजेता टीम को 12 रुपये पुरस्कार दिया जाएगा। मैन ऑफ द सीरीजमें कूलर प्रदान किया जाएगा। इस टूर्नामेंट को कोटेदार विपिन सिंह, संजय सिंह, अरविंद बीडीसी, मुन्ना यादव, राम भवन यादव, रन बहादुर, कुसुम चंद, पवन यादव आदि लोग ग्राम वासियों के सहयोग से आयोजित कर रहे हैं। व्यवस्थापक संतोष शर्मा, छोटे शर्मा, दीपू शुक्ला, आशुतोष मिश्रा आदि ने बताया कि सभी मैच कैनवस की गेंद से खेले जाएंगे। मुख्य अतिथि दिलावलपुर के ग्राम प्रधान गिरिजा शंकर और विशिष्ट अतिथि मनोज साहू प्रधान खेतौंधन और पूर्व प्रधान नरेंद्र सिंह होंगे।

# बीजेपी सरकार में गरीबों की हालत सुधरी: विशाल

**नसीराबाद, रायबरेली**

**अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा "गांव चलो अभियान" चलाकर जन-जन से सम्पर्क किया जा रहा है। विकास खण्ड छतोह के ग्राम कपूरपुर में रात्रि प्रवास के दौरान ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि विशाल सिंह के नेतृत्व में घर-घर जाकर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा लोगों को केन्द्र सरकार के हर पात्र व्यक्ति को मकान, शौचालय, पेंशन, किसान सम्मान निधि आदि देकर सम्मानजनक स्थिति लाने की बात कही।

उज्ज्वला योजना के अन्तर्गत मुफ्त गैस कनेक्शन, किसान सम्मान निधि मिलने से किसानों को खेती करने, 18 घंटे बिजली मिलने से सिंचाई करने, बच्चों को पढ़ाई और उद्यमियों को छोटे और कुटीर उद्योग चलाने में सहूलियत हो रही है। आयुष्मान गोल्डन कार्ड से अब गरीब आदमी भी बड़े से बड़े अस्पताल में अपने घर वालों का पांच लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज करवा पा रहा है। कार्यकर्ताओं ने एक बार फिर से भाजपा को समर्थन देकर नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार सरकार बनाने की अपील की। रात्रि प्रवास में भाजपा जिला मंत्री राघवेन्द्र पांडेय, बूथ अध्यक्ष अटल सिंह, संयोजक आद्या बख्श सिंह, अभय तिवारी आदि लोग शुभम यादव अर्जुन यादव दीपू तिवारी नवीन सिंह दीपंशु सिंह प्रशांत सिंह मौजूद रहे।

## रायबरेली में मनाया गया पुराछात्र सम्मेलन पगध्वनि- 2024

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय में शनिवार को पुराछात्र सम्मेलन पगध्वनि का आयोजन 1990 बैच के छात्रों एवम् विद्यालय प्रशासन द्वारा किया गया। विद्यालय में पहुँचे पुराछात्रों का स्वागत विद्यालय की वर्तमान छात्राओं रीतिका सिंह, कीर्ति शुक्ला तथा प्रेरणा पांडेय द्वारा तिलक और पुष्प प्रदान कर किया गया। सभी आगंतुक स्वागत के बाद प्राथमिक भवन में स्थित सभागार में पहुँचे, जहाँ विद्यालय के छात्र छात्राओं ने स्वागत गीत के माध्यम से उनका स्वागत किया। इसके बाद उस दौर के शिक्षकों और वर्तमान कार्यवाहक प्राचार्य आदर्श कुमार सिंह एवम् अन्य अध्यापकों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन पुराछात्रों की तरफ़ से रवि प्रताप शाही ने किया। कार्यक्रम में 1990 बैच के सभी छात्रों ने अपनी यादें ताजा कीं। सभी पुरा छात्र कार्यक्रम के उपरांत पूरे विद्यालय परिसर में घूम कर अपनी यादें ताजा करते रहे और छायाचित्र लेते रहे। पुराछात्रों में दिनेश रस्तोगी, राजेश मौर्य तथा राजीव सिंह ने इस कार्यक्रम के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मुख्याध्यापक कमलेश कुमार, अभिषेक सिंह, अरुण कुमार मिश्र, आशुतोष मिश्र, अमित कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

# समारोह से नाराज होकर लौट गए स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती

▸▸ **मंदिर में स्वामी रामभद्राचार्य की मूर्ति देख हुए खफा**

**सलोन, रायबरेली**

**अमृत विचार।** राजापुर चकबीबी गांव में 9 दिवसीय मूर्ति स्थापना व प्राण प्रतिष्ठा समारोह में कार्यक्रम को संपन्न कराए बिना ही शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती नाराज होकर लौट गए। उन्होंने शिव मंदिर के अंदर जैसे ही प्रवेश किया, स्वामी रामभद्राचार्य की मूर्ति देख खफा हो गए। इसके बाद वह क्रोधित अवस्था से मंदिर परिसर से बाहर निकल आए। उनके नाराज होने की सूचना पर आयोजक शीतला प्रसाद ने काफी विनती की लेकिन उनकी एक न सुनी।

शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कहा कि प्रभु के समान एक संत की मूर्ति स्थापित कर ईश्वर के साथ संतों का अपमान किया गया है। इसे संत समाज कदापि बर्दाश्त नहीं करेगा। जीवित रहते किसी की मूर्ति स्थापित नहीं की जाती।

उन्होंने इशारों में बसपा सुप्रीमो पर तंज कसते हुए कहा कि एक महिला राजनेता ने भी लखनऊ में अपनी मूर्ति लगाई थी। उनकी पूरे देश में जग हंसाई हुई थी। इस दौरान स्वामी जी आयोजक की भेंट भी स्वीकार नहीं की और मंदिर स्थल से लखनऊ के लिए प्रस्थान कर गए। आयोजक शीतला प्रसाद का कहना है कि स्वामी रामभद्राचार्य उनके गुरु हैं। गुरु की मूर्ति मंदिर में स्थापित करना कैसे पाप हो गया, महाराज जी को पहले ही पूरे कार्यक्रम की जानकारी दे दी गई थी।

### नेताओं का काम धर्म की रक्षा नहीं, दिखावा है

शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने प्रवचन के दौरान कहा कि गोहत्या को रोके बिना भारत हिंदू राष्ट्र नहीं बन सकता। धर्म की रक्षा करने के लिए धर्म को अपनाना जरूरी है। आज के नेताओं का हिंदुत्व राजनीतिक है, इनका काम धर्म की रक्षा नहीं, दिखावा है। उन्होंने भारतीय नस्ल की गाय को 'रामा गाय' का नाम दिया है। यहां 'रा' का अभिप्राय राष्ट्र और 'मा' का माता से है। देश के करोड़ों हिंदू गौ माता को सम्मान देना चाहते हैं लेकिन संसद ने आज तक गौ माता को राष्ट्रमाता का दर्जा नहीं दिया है। उन्होंने कहा कि जो गाय को माता नहीं मान सकता, वह हिंदू कहलाने के लायक नहीं है।

# चुनावी मजबूरी में भाजपा बांट रही है भारत रत्न: स्वामी प्रसाद

▸▸ **सिविल लाइन पर कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत**

**संवाददाता, रायबरेली**



सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य।

**अमृत विचार।** देश की तीन महान विभूतियों को सरकार द्वारा भारत रत्न दिए जाने के बाद सपा नेता विधान परिषद सदस्य स्वामी प्रसाद मौर्य ने तंज कसा है। उन्होने भाजपा सरकार को घेरते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह, पीवी नरसिम्हा राव और कृषि वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन को भारत रत्न दिए जाने का स्वागत करते हैं।

लेकिन भारतीय जनता पार्टी ने चुनावी समय में ही क्यों घोषणा की। उन्होने कहा कि राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभाने वाले चौधरी चरण सिंह व आर्थिक विकास में अहम योगदान देने वाले नरसिम्हा राव को पहले भाजपा ने क्यों नही सम्मान दिया। अब चुनावी मजबूरी में उन्हें सम्मान दिया जा रहा है। जबकि पूर्व में भी भाजपा की सरकार रही है। लेकिन पहले उनके कार्यों की आलोचना होती थी लेकिन अब बखान करना पड़ रहा है। इससे पहले पूर्व मंत्री का शहर के सिविल लाइन पर कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया।

वह लखनऊ से ऊंचाहार एक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। इस दौरान अपने ऊपर हो रहे हमलों को लेकर कहाकि हमला करने वाले ही भाजपाई है, उन पर कैसे अंकुश लगेगा। भाजपा ही मेरे ऊपर हमला करवा रही है। सपा नेता ने कहा कि साथी ही हमारी जान है, मै इनकी बातो को लेकर सड़क से लेकर सदन तक मुद्दा उठाता हूं। स्वागत करने वालों में प्रमुख रूप से सपा नेता राहुल निर्मल बागी, अवनीश चौधरी, विभव यादव, अखिलेश माही, केडी, ऋषभ सेन, आजम, आशीष चौधरी सहित बड़ी संख्या में समर्थक रहे।




## 'दिल है छोटा सा' और 'जोगीरा सा रा रा' पर थिरके नौनिहाल

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** कचेहरी रोड स्थित एसजेएस पब्लिक स्कूल में नन्हे-मुन्हे बच्चों का जन्मदिन केट काटकर मनाया गया। इस समारोह में बच्चों के अभिभावकों ने भी भाग लिया। बच्चों के साथ उनके माता पिता ने भी खूब धमाल मचाया। बच्चों ने रैम्प वाक के जरिये खूब वाहवाही बटोरी। अगस्त से मार्च महीने में पैदा हुए नर्सरी, केजी और यूकेजी के 130 बच्चों का जन्मदिन मनाया गया। बच्चो के लिए बर्थडे सांग की प्रस्तुति दी गई। नन्हे बच्चों ने 'दिल है छोटा सा' और 'जोगीरा सा रा रा....' पर खूबसूरत डांस किया। बच्चों को कैप पहनाई गई और बच्चों का केक काटकर उनका जन्मदिन मनाया गया। स्कूल की प्रधानाचार्य डॉ. बीना तिवारी ने कहा कि बच्चों का जन्मदिन उनके लिए बहुत ही अहम दिन होता है और बच्चों का जन्मदिन उनके स्कूल में उनके माता-पिता के साथ मनाया जाए तो यह बच्चों के लिए बहुत ही खुशी का दिन हो जाता है। यही वजह है कि स्कूल में बच्चों का जन्मदिन मनाने की परंपरा एसजेएस ने शुरू की है। कार्यक्रम का संचालन छात्रा कशिश सिंह व वेदिका गुप्ता ने किया।

# भारत जोड़ों न्याय यात्रा से विरोधियों की उड़ी है नींद : केएल शर्मा

**सरेनी, रायबरेली**



सांसद प्रतिनिधि केएल शर्मा का स्वागत करतीं महिलाएं।

**अमृत विचार।** शनिवार को भोजपुर कस्बे में ब्लॉक स्तरीय कांग्रेस कार्यकर्ता संवाद एवं सम्मेलन का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सांसद सोनिया गांधी के प्रतिनिधि किशोरी लाल शर्मा ने कहा कि यहां के लोग सोनियाजी के प्रति समर्पित हैं। यही वजह है कि सांसद जी भी रायबरेली के लोगों का विशेष ख्याल रखती हैं।

आगामी 20 फरवरी को पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा लेकर रायबरेली आ रहे हैं। सभी कार्यकर्ता रायबरेली पहुंचकर श्री गांधी का स्वागत करेंगे। हमारा संगठन मजबूत है, लेकिन इसे और पक्का कर आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुड़ जाना है। सांसद प्रतिनिधि ने कहा कि श्री गांधी की न्याय यात्रा से विरोधियों की नींद उड़ी है। सम्मेलन को रविंद्र सिंह, संतोष त्रिवेदी, अनूप बाजपेई ने भी संबोधित किया। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष गिरीशसिंह, मोहम्मद अमीन हाशमी, नईम खान, सुन्दर सिंह, अरविंद सिंह, रोशन लाल त्रिपाठी, लाला सिंह, जीतेंद्र द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

# लाखों की लागत से बने शौचालय हो रहे बर्बाद

अतरौली, हरदोई

**अमृत विचार।** सरकार का सपना था कि गांव-गांव व सार्वजनिक स्थानों पर सामुदायिक शौचालय बनने से ग्रामीणों व राहगीरों को शौच के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। रोजगार की राह खुलेगी, लेकिन भरावन में तीन साल से चार सामुदायिक शौचालय गंदगी से पटे हैं, अधिकारी गैरजिम्मेदारी पूर्ण रवैया अपना रहे हैं।

वित्तीय सत्र 2020-21 में क्षेत्र पंचायत निधि भरावन से ब्लॉक भरावन परिसर, थाना अतरौली, बीज भंडार अतरौली, जंगली शिव मंदिर परिसर में करीब 32 लाख के इस्टीमेट से सामुदायिक शौचालयों का निर्माण करवाया गया था, जिसके बाद से शौचालयों में केयर टेकर नहीं रखे गए, जिससे सभी शौचालय गंदगी से पटे हैं। ब्लॉक के अधिकारी ब्लॉक में डंटे रहते हैं, लेकिन सिर पर बने शौचालय में टूटे पल्ले, यूरिनल से गायब पाइप, टूटा सिंक, उखड़ी बिजली वायरिंग व बदबू पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ब्लॉक, बीज भंडार, जंगली शिव मंदिर, अतरौली थाना आए दिन सैकड़ों लोग जाते हैं और टायलेट य शौच जाने के लिए जैसे ही शौचालय में घुसते हैं तो उल्टे पांव भागते हैं।







सामुदायिक शौचालय की टूटी पड़ी सिंक, प्रयोग न होने से फैली गंदगी व खराब हो रहा दरवाजा (दायें)। अमृत विचार

### स्वच्छता को लेकर अफसरों की कथनी-करनी में अंतर

जिले के अफसर स्वच्छता को लेकर निर्देश देते रहते हैं लेकिन यहां जिम्मेदार अधिकारियों पर इसका कोई असर नहीं दिखाई पड़ रहा है, क्योंकि ब्लॉक में भी बने शौचालय पर अफसरों का कोई ध्यान नहीं है। वहीं अफसरों ने ऑफिस से जुड़े अपने शौचालयों को सफाई कर्मियों से चमकवा लेते हैं, लेकिन आम जनता की व्यवस्था पर कोई ध्यान नहीं है। ब्लॉक कॉर्डिनेट रजा इमाम ने बताया क्षेत्र पंचायत निधि से बने सामुदायिक शौचालयों को विभाग को ट्रांसफर नहीं किए गए, जिसके कारण समूह से केयर टेकर नहीं रखे गए हैं।

### चार लोगों का छिना रोजगार

रोजगार को लेकर आय दिन नए नए आयाम ला रही है। समूह सी जुड़ी महिलाओं को भी रोजगार देने के लिए सरकार निर्देश दे रही है। शौचालयों पर छह हजार रुपए के मानदेय पर केयर टेकर बतौर महिलाओं को तैनाती देनी थी, लेकिन तीन वर्षों में कई बीडीओ आए और चले गए, जो कुर्सी पर डटी हैं। वहीं इस पर ध्यान नहीं दे रहीं हैं।



सामुदायिक शौचालय नगला कल्लू में लगा कंडों का ढेर। अमृत विचार

### सामुदायिक शौचालय के बाहर बनाए जा रहे उपले

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** सरकार ने गांवों के संपूर्ण विकास के लिए पानी की तरह पैसा बहाया, लेकिन जिम्मेदारों ने कमीशन खोरी के साथ-साथ लापरवाही के चलते सरकार की विकास योजनाओं की हालत दयनीय है। नगला कल्लू के सामुदायिक शौचालय में लाखों रुपया लगाकर जिम्मेदार एक तरफ हो गए। गांव वासियों ने उसमें कंडे पाथना शुरू कर दिए हैं। देखभाल के अभाव में सामुदायिक शौचालय पूरी तरह से बदहाल है। शाहाबाद ब्लॉक की ग्राम पंचायत रही नगला कल्लू के मजरा नारायणपुर में प्रधान द्वारा सामुदायिक शौचालय बनवाया गया। इस सामुदायिक शौचालय पर सरकार ने लाखों रुपया पानी की तरह बहाया। बेहतरीन रंगरोगन किया गया। देखने में आलीशान इमारत दिखाई दे रही है, लेकिन उसके चारों तरफ कंडे लगे हुए हैं। अब यह ग्राम पंचायत शाहाबाद नगर पालिका परिषद के सुलेमानी वार्ड में सीमा विस्तार के चलते समाहित कर दिया गया है और पूर्ण रूप से अभी नगर पालिका के सुपुर्द भी नहीं हुआ है। जैसे ही इसका ग्राम पंचायत का दर्जा समाप्त हुआ वैसे ही इसकी दुर्दशा का दौर शुरू हो गया। हाल यह है कि सामुदायिक शौचालय में ग्रामीणों ने कंडे पाथने शुरू कर दिए हैं। तस्वीर में आप साफ देख सकते हैं किस तरह से सामुदायिक शौचालय में कंडो का अंबार लगा हुआ है। इस संबंध में ग्रामीणों से बातचीत की गई तो पता चला कि इसमें पानी की व्यवस्था नहीं है। मोटर पूरी तरह से फूंक चुका है। रखरखाव के अभाव में इस सामुदायिक शौचालय में ग्रामीणों ने शौच क्रिया बंद कर दी है।

# विधायक ने सदन में उठाया संडीला के विकास का मुद्दा

संडीला, हरदोई

● संडीला नपाप अध्यक्ष पर लगाया भेदभाव का आरोप

**अमृत विचार।** विधायक अलका सिंह अर्कवंशी ने शनिवार को विधानसभा में क्षेत्रीय विकास, नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा भेदभाव रवैया अपनाने सहित जिला बनाए जाने का मुद्दा उठाया है।

सदन में बोलते समय उन्होंने कहा कि विपक्षी पार्टियां सिर्फ विकास का ढिढोरा पीटती थी, लेकिन डबल इंजन की सरकार ने विकास कार्य करके दिखाया है। उन्होंने सबसे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का धन्यवाद देते हुए कहा कि डबल इंजन की सरकार से संडीला विधान से जुड़े हुए औद्योगिक पार्क के निर्माण का जो फैसला लिया उसके लिए जनता की ओर से आभार प्रकट करती है। उन्होंने कहा संडीला के औद्योगिक क्षेत्र में करोड़ों रुपए का सरकार ने निवेश कराया है जिसके बाद बर्जर जैसी एशिया की सबसे बड़ी फैक्ट्री खोली गई है। इसके अलावा दर्जनों उद्यमी फैक्ट्री लगाए हैं। उन्होंने संडीला को जिला घोषित करने की पुरजोर सिफारिश की। उन्होंने कहा कि एक क्षेत्रीय पार्टी के नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा नगर में विकास कार्य में भेदभाव किया जा रहा है। शीत लहर के दौरान चौपार टोला में सिर्फ अलाव इसलिए नहीं जलवाए गए कि वहां पर पिछड़ी जाति के कहार जाति के लोग निवास करते हैं। वार्ड नंबर एक में भी भेदभाव किया गया। उन्होंने बताया कि विधान सभा क्षेत्र में करीब 1200 गरीबों को आवास सिर्फ इसलिए नहीं मिल पाए, क्योंकि एक क्षेत्रीय पार्टी के समर्थित प्रधानों ने गलत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने पेयजल के लिए करोड़ों रुपए भेजा, लेकिन काम नहीं कराया गया।

# ग्रामीणों की समस्याओं का कराया जाए स्थाई समाधान

## डीएम व एसपी ने थाना समाधान दिवस में फरियादियों की सुनीं समस्याएं, निस्तारण का दिया निर्देश

हरदोई

**अमृत विचार।** थाना टड़ियावां में सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। थाना समाधान दिवस में गरीबों की एवं सरकारी भूमि पर आयी अवैध कब्जों की शिकायतों पर सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने उपस्थित कानूनगों तथा लेखपालों को निर्देश दिए कि गांवों में सरकारी एवं गरीबों के पट्टे की भूमि पर किये गये अवैध कब्जों को पुलिस बल के साथ जाकर तत्काल कब्जा मुक्त कराएं और बार-बार भूमि पर अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराते हुए कड़ी कार्यवाही करें।

जिलाधिकारी ने टड़ियावां कस्बे में नाली अवरोध करने की शिकायत पर ग्राम प्रधान तथा लेखपाल से कहा कि कल ही उक्त विवादित नाली पर जिन लोगों ने अवैध रूप से सीढ़ी, चबूतरा आदि का निर्माण कर लिया है वह सभी टुड़वा दें और नाली बनवाकर पानी निकास का समुचित निस्तारण करायें। उन्होंने लेखपालों को निर्देश दिये कि नियमित रूप से अपने क्षेत्र के गांवों का निरीक्षण कर ग्रामवासियों की समस्याओं की स्थाई समाधान करायें। किसी लेखपाल आदि के खिलाफ किसी प्रकार की घूस लेने की शिकायत मिली तो सम्बन्धित के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जायेगी। थाना दिवस में एसपी केशव चन्द्र गोस्वामी ने थानाध्यक्ष को निर्देश दिये कि गांव में सरकारी एवं अन्य किसी भूमि पर अवैध कब्जों के सम्बन्ध में कार्यवाही के दौरान कानूनगो एवं लेखपालों के साथ पुलिस बल भेजें और एक बार कब्जा हटाने के बाद दोबारा कब्जा करने वालों को चिन्हित करें और उनके विरूद्ध सख्त कानूनी कार्यवाही करें। क्षेत्र के आसामाजिक, आराजक, अपराधी तथा दबंग व्यक्तियों की गतिविधियों की जानकारी प्रति दिन गांव के बीट सिपाही एवं चौकीदारों से लें।



फरियादियों की शिकायतें सुनते डीएम-एसपी। अमृत विचार

### अब सबइंस्पेक्टर लगाएंगे शिकायतों में आख्या

**हरदोई, अमृत विचार।** जन शिकायतों के निस्तारण की व्यवस्था को और प्रभावी बनाने की व्यवस्था की जा रही है। अभी तक शिकायत की जांच आख्या कांस्टेबल और हेडकांस्टेबल भी लगा दिया करते थे, लेकिन अब जांच आख्या सिर्फ सबइंस्पेक्टर ही लगाया करेंगे। आख्या देखकर अधिकारी सत्यता परख सकेंगे कि जांच हुई भी या नहीं। इस सम्बन्ध में एसपी केशवचन्द गोस्वामी के निर्देश पर एएसपी पश्चिमी एमपी सिंह के द्वारा आदेश जारी किये गए हैं। दरअसल, जिले में एसपी और एडिशनल के सामने आने वाली शिकायतों की समीक्षा के बाद यह फैसला लिया गया है। इसके लिए सभी सीओ और सभी थानेदारों को निर्देश जारी किए गए हैं। बता दें कि स्थानीय स्तर पर आइजीआरएस की रैंकिंग में जनवरी माह में जिले को अच्छा स्थान नहीं मिला है। रैंकिंग में कुछ थाने फिसड्डी पाए गए है। इसी को देखते हुए जिला स्तर पर शिकायतों के निस्तारण को लेकर नई व्यवस्था बनाई गई है। एएसपी पश्चिमी ने जांच आख्या सबइंस्पेक्टर को लगाने के निर्देश दिए है एएसपी एमपी सिंह ने कहा है कि शिकायत निस्तारण की गुणवत्ता स्पष्ट रूप से होनी चाहिए। किसी प्रकरण के संबंध में किये गये निस्तारण एवं कार्यवाही की फोटो और स्थलीय फोटोग्राफ जांच आख्या के साथ अनिवार्य रूप से संलग्न करें। इसका कड़ाई से अनुपालन किया जाये। समस्याओं का समय से निस्तारण किया जाए। लापरवाही करने वाले पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई करने की बात भी कही है।

# सड़क निर्माण में किशोरों से करा रहे मजदूरी

साण्डी, हरदोई

**अमृत विचार।** क्षेत्र की ग्राम पंचायत औरोनी में विकास कार्य को लेकर ग्राम प्रधान द्वारा इंटरलॉकिंग सड़क व नाली का निर्माण कराया जा रहा है, जिसको लेकर ग्राम सचिव व प्रधान द्वारा नाबालिग युवकों से मजदूरी कराई जा रही है, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ।

विकास खंड साण्डी की ग्राम पंचायत औरोनी में ग्राम प्रधान व सचिव द्वारा इंटरलॉकिंग सड़क व नाली निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जिसमें नाबालिक बच्चों द्वारा मजदूरी भी कराई जा रही है वहीं बच्चों ने बताया है कि ग्राम प्रधान द्वारा 300 रुपये पर एक दिन की मजदूरी पर उन्हें लगाया गया है जब इस विषय पर ग्राम सचिव विमल श्रीवास्तव ने बताया कि उन्हें जानकारी नहीं है न ही इंटरलॉकिंग व नाली का निर्माण कराया जा रहा है। अब सवाल उठता है जहां एक तरफ ग्राम प्रधान व सचिव की मिलीभगत से नाबालिगों से मजदूरी कराई जा रही है। वहीं ग्राम सचिव द्वारा हमें जानकारी न होने की बात कही है। बाल मजदूरी को लेकर जिलाधिकारी मंगला प्रसाद द्वारा भी कई बार आदेश किए गए। लेकिन इसके बाद भी शासन प्रशासन के आदेशों की अवहेलना की जा रही है।



सड़क निर्माण में लगे नाबालिग युवक। अमृत विचार

# दुर्घटना में घायल एक और श्रद्धालु की लखनऊ में मौत

हरदोई

फॉलोअप

**अमृत विचार।** नैमिषारण्य से लौट रहे श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर-ट्राली सीतापुर रोड पर शुक्लापुर के पास गोवंश के अचानक सामने आने से खाईं में जा गिरी थी, जिसमें दो श्रद्धालुओं की वहीं पर मौत हो गई थी और तकरीबन 40 घायल हुए थे। एक महिला श्रद्धालु को लखनऊ के लिए रिफर कर दिया गया, जहां आधी रात में उसकी वहीं मौत हो गई। इस हादसे में तीन श्रद्धालुओं की मौत हो चुकी है।

बताते चलें कि शुक्रवार को बघौली थाने के बिराजीखेड़ा निवासी दलगंजन के यहां शुरू हुई भागवत कथा के दौरान शिव बारात निकाली गई। दर्जनों श्रद्धालु ट्रैक्टर-ट्राली पर सवार होकर नैमिषारण्य पहुंचें और शाम को वहां से वापस लौट रहे थे, उसी बीच सीतापुर रोड पर बेनीगंज कोतवाली के शुक्लापुर के पास अचानक से सामने गोवंश आ गया, जिससे ट्रैक्टर-ट्राली बेकाबू होकर वहीं खाईं में जा गिरी। इस हादसे में बिराजीखेड़ा के अनिल कुमार की पत्नी अनीता और अनूप की पुत्री पूजा की मौत हो गई थी। तकरीबन 40 श्रद्धालु ज़ख्मी हुए थे, जिन्हें आनन-फानन में मेडिकल कालेज और कुछ को अहिरोरी सीएचसी में भर्ती कराया गया था। श्रद्धालुओं की मौत होने की खबर सुनते ही डीएम, एसपी, एएसपी पश्चिमी, एसडीएम सदर, सीओ सिटी और काफी पुलिस फोर्स मेडिकल कालेज में इकट्ठा हो गया। 55 वर्षीय रानी पत्नी दयाराम को लखनऊ ट्रामा सेंटर के लिए रिफर कर दिया गया था।

## सार-संक्षेप



कार्यक्रम में बोलते प्रशिक्षक। अमृत विचार

### निरक्षरों को शिक्षित करने के दिए टिप्स

**हरदोई, अमृत विचार।** नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत अहिरोरी ब्लाक की ग्राम सभाओं के चिन्हित वालंटियर टीचर्स का प्रशिक्षण बीआरसी में हुआ। इस बीच प्रशिक्षक संजीव मिश्रा ने वॉलिंटियर्स को नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि कार्यक्रम के तहत 15 वर्ष से अधिक की आयु के निरक्षर लोगों की शिक्षा से संबंधित है इस कार्यक्रम के अंतर्गत किए जाने वाले कार्य, जीवन में शिक्षा का महत्व, 15 वर्ष से अधिक आयु के निरक्षर लोगों को शिक्षा की आवश्यकता आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। वॉलिंटियर्स को उल्लास एप एवं दीक्षा एप का के बारे में समझाते हुए इन एप का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। प्रशिक्षण में बीईओ अहिरोरी उदयभान यादव ने वॉलिंटियर्स को 15 वर्ष से अधिक आयु के निरक्षर लोगों को कार्यक्रम से जोड़ने के लिए प्रेरित किया गया। प्रशिक्षण में आशीष श्रीवास्तव, रविंद्र सिंह, द्रोण गुरु, जनक दुलारी, आरती यादव, सूरज मिश्रा, आदर्श कुमार, विनोद कुमार, अमर सिंह आदि मौजूद रहे।

### कारोबारी की मौत से बंद रहा सराफा बाज़ार

**हरदोई, अमृत विचार।** गोपामऊ का सराफा बाज़ार सारे दिन बंद रहा। शनिवार को वहां के सराफा कारोबारी मोहित रस्तोगी की मेडिकल कालेज में पहुंचने से पहले ही मौत हो गई। खबर सुनते ही सराफा बाज़ार बंद हो गया। गोपामऊ कस्बे के मोहल्ला बड़ी बाज़ार निवासी मोहित रस्तोगी अपने पिता चन्द्र कुमार रस्तोगी के साथ बाज़ार में सराफा का कारोबार करता था। शनिवार को तबियत बिगड़ने पर घर वाले शहर के एक निजी हास्पिटल में लेकर पहुंचे, जहां से डाक्टरों ने जांच के लिए लिखा। मोहित को जांच के लिए सर्कुलर रोड पर डायग्नोस्टिक सेंटर ले जाया गया। जहां हालत और बिगड़ गई। आनन-फानन में घर वहां से ले कर मेडिकल कालेज पहुंच रहे थे, लेकिन वहां पहुंचने से पहले ही मोहित रस्तोगी की मौत हो गई। इस तरह की खबर सुनते ही कस्बे का सराफा बाज़ार बंद हो गया।

### गंगा में डूबी युवती की तलाश में जुटी एनडीआरएफ

**मल्लावां, हरदोई।** छोटी बहन के साथ गंगा स्थान करने गई युवती की डूबने के दो दिन बाद भी कोई पता नहीं चल सका है। पुलिस और गोताखोर लगातार नदी में उसकी तलाश कर रहे हैं। शनिवार को पुलिस ने एनडीआरएफ की टीम को बुलाकर खोज शुरू कराई है। कोतवाली क्षेत्र के गांव तिर्वाकुल्ली का मुजरा छुट्टा पुरवा निवासी रामू की बेटी आरती (19) छोटी बहन साजनी के साथ गुरुवार की सुबह गांव के सामने गंगा स्नान करने गई थी, जहां पर गहरे पानी में फिसलने से आरती डूब गई थी, जिसके बाद मौके पर पहुंचे परिजनों ने पुलिस व गोताखोरों की मदद से जाल डालकर खोजकर कराई लेकिन पता नहीं चल सका। दूसरे दिन भी पुलिस व गोताखोरों के द्वारा खोज कराई गई लेकिन नहीं पता चल सका। पुलिस ने लखनऊ से तीसरे दिन शनिवार को एनडीआरएफ की टीम के द्वारा को शुरू कराई गई है लेकिन सुबह से लगातार खोज जारी है। अभी तक एनडीआरएफ को भी सफलता नहीं मिल पाई है। उपनिरीक्षक राम लाल सोनकर पुलिस बल के साथ घाट पर मौजूद रहे। कोतवाल निर्भय सिंह ने बताया कि एनडीआरएफ के 25 जवान खोज में जुटे हैं। लगातार खोज जारी है।

### कल से सुबह 9 बजे खुलेंगे स्कूल

**हरदोई।** सोमवार से सूबे के परिषदीय और मान्यता प्राप्त स्कूल सुबह 9 बजे से खुलेंगे। शीत लहर के चलते 23 जनवरी से सुबह 10 से स्कूल खुल रहे थे। बेसिक शिक्षा परिषद के सचिव प्रताप सिंह बघेल ने कहा है कि शीत लहर के चलते परिषदीय और मान्यता प्राप्त स्कूलों को सुबह 10 बजे से 3 बजे तक खुलने का आदेश दिया गया था। लेकिन अब सभी स्कूल 12 फरवरी से सुबह 9 बजे से 3 बजे तक खुलेंगे।

### लकड़ी ठेकेदार ने वनरेन्जर पर लगाया मारपीट का आरोप

**कोथावां, हरदोई, अमृत विचार।** लकड़ी ठेकेदार ने जिला वन अधिकारी को शिकायती पत्र लिखते हुए क्षेत्रीय वनरेन्जर पर मारपीट का आरोप लगाया है। मनीष निवासी गेरई मजरा मुठिया थाना बेनीगंज ने जिला वन अधिकारी को शिकायती पत्र लिखते हुए बताया कि बीते दिनों लकड़ी ठेकेदार कालेखाँ निवासी ग्राम मुठिया ने ग्राम सहदिन में स्थित दो जामुन के पेड़ों को साझे मे कटवाए थे, जिसपर क्षेत्रीय वनाधिकारी विनय कुमार सिंह वन रेन्ज कछौना द्वारा कार्यवाही की गई और मुझे कछौना कार्यालय बुलाया गया जहां पर वनरेन्जर व उनके सहयोगियों द्वारा मुझे जातिसूचक गालियाँ देते हुए मारा पीटा गया। इस सम्बन्ध में वन रेन्जर विनय कुमार सिंह ने बताया कि लकड़ी ठेकेदार द्वारा लगाए गए सभी आरोप निराधार हैं, जोकि जांच का विषय है।

# श्रीराम के पीछे सीता और लक्ष्मण भी चले गए वन

हरदोई

**अमृत विचार।** नुमाइश मैदान में चल रही रामलीला में शनिवार को निषाद मिलन की लीला का मंचन वृंदावन के कलाकारों द्वारा किया गया। मंचन में यह दर्शाया गया कि श्री राम, माता कौशल्या के महलों में होते हुए उधर जब माता-सीता को पता चलता है कि राम जी वन को जा रहे हैं तो माता सीता कौशल्या के महलों में पहुंच जाती है माता के पैर पकड़कर श्री राम के साथ जाने की बात कहती है।

इस पर श्री राम बहुत प्रकार से माता सीता को समझते हैं लेकिन माता-सीता नहीं मानती हैं और प्रभु श्री राम के साथ वन के लिए चल देती हैं। इधर जब लक्ष्मण जी को पता चला तो लक्ष्मण जी भी राम के पास गए और उनसे बन जाने के लिए बोलते हैं तो राम व लक्ष्मण जी को भी बहुत प्रकार से समझते हैं। लक्ष्मण जो श्री राम जी की एक बात नहीं सुनते हैं तो राम जी उनसे कह रहे हैं की अपनी माता से आज्ञा लेकर आओ तो तुरंत लक्ष्मण जी अपनी माता सुमित्रा के पास जाते हैं और राम जी के वन जाने की बात बदलते हैं तो माता मूर्छित हो जाती है फिर लक्ष्मण जी राम जी के साथ वन जाने की बात कहते हैं तो उन्हें प्रेम से आज्ञा दे देती हैं। उसके बाद लक्ष्मण राम जी के पास पहुंच जाते हैं उधर तीनों प्राणी माता कैकई व राजा दशरथ को प्रणाम करके वन की यात्रा प्रारंभ करते हैं यह सब देश से देखकर पुरवासी बड़े दुखी और विलाप करने लगे।

आयोजन — आर्य कन्या महाविद्यालय में युवा महोत्सव के पांचवें और अन्तिम दिन हुए कार्यक्रम

# महाविद्यालय में दो कक्षों का किया लोकार्पण

हरदोई

**अमृत विचार।** आर्य कन्या महाविद्यालय में युवा महोत्सव के पांचवें और अन्तिम दिन रंगारंग पुरस्कार वितरण और नवीन कक्ष का लोकार्पण कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। संस्था प्रधान मुकेश अग्रवाल ने छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि प्रतियोगिता में पुरस्कार जीतना और प्रतिभाग करना दोनों महत्वपूर्ण है, इसलिए पूरे लगन से और बेहतर करने का प्रयास करना चाहिए।

उन्होंने महाविद्यालय के हित में भविष्य की योजनाओं पर धन की कमी न आने देने का पूर्ण आश्वासन दिया। प्रबंधक राम प्रकाश शुक्ल ने युवा महोत्सव के प्रतिभागियों को बधाई देते हुए पुनः महाविद्यालय में जल्द ही परस्नातक कक्षाएं संचालित करने के और दो नए कक्षों के निर्माण करने के संकल्प को दोहराया। अतिथियों एवं प्राध्यापिकाओं द्वारा सरस्वती जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन हुआ। अन्वेषा और इशिता द्वारा सरस्वती वन्दना का सुमधुर गान हुआ। तत्पश्चात अतिथियों को पुष्प गुच्छ देकर और उनके स्वागत में गीत गाकर औपचारिक स्वागत समारोह सम्पन्न हुआ। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ सुमन वर्मा ने वार्षिक आख्या प्रस्तुत की। जिसमें उन्होंने पूरे वर्ष की शैक्षिक, भौतिक व सहगामी गतिविधियों की उपलब्धि पर विस्तार से प्रकाश डाला। अतिथियों ने विजयी छात्राओं को पुरस्कार और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।



नवीन कक्ष का लोकार्पण करते संस्था प्रधान मुकेश अग्रवाल। अमृत विचार

## एक नजर

### खेती और पशुपालन दोनों एक-दूसरे के पूरक : धीरेंद्र

**हरपालपुर, हरदोई।** विकास खंड के बेडीजोर गांव मे पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेले में 702 पशुओं के स्वास्थ्य की जांच कर उनका इलाज किया गया। मुख्य अतिथि धीरेंद्र प्रताप सिंह सेनानी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर मेले का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि पशुपालन एक व्यवसाय है।खेती और पशुपालन दोनों एक दूसरे के पूरक हैं।किसान अपनी आय बढ़ाने के लिए पशुपालन अवश्य करें। अच्छी प्रजाति के पशु पालने से अच्छी आय हो सकती है। गाय पालने के लिए लोगों को प्रेरित करें। पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ संतोष कुमार वर्मा ने बताया कि मेले मे 702 पशुओं का पंजीकरण किया गया। जिसमें 380 पशुओं की सामान्य चिकित्सा, 81 पशुओं की बॉझपन चिकित्सा, तीन पशुओं में कृत्रिम गर्भाधान, 22 पशुओं की पीडीएल, 14 पशुओं की लघु शल्य चिकित्सा, 29 भेड की कीटनाशक दवा, दो पशुओं का बीमा किया गया है।

### दवा लेने जा रहे बुजुर्ग की ट्रेन से कट कर मौत

**हरदोई।** घर से दवाई लेने जा रहा बुज़ुर्ग रेलवे लाइन पार कर रहा था, उसी बीच उधर से निकली ट्रेन की चपेट में आने से उसकी वहीं कट कर मौत हो गई। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है। बेहटा गोकुल थाने के पसिगवां निवासी 65 वर्षीय विजेन्द्र पुत्र सुंदरलाल शुक्रवार को दवाई लेने के लिए झरसा आलमपुर जा रहा था। बताते हैं कि विजेन्द्र रास्ते में रेलवे लाइन पार कर रहा था, उसी बीच अचानक ट्रेन के आ जाने से वह उसकी चपेट में आ कर कट गया, जिससे उसकी वहीं पर दर्दनाक मौत हो गई। खेती-किसानी करने वाले बुज़ुर्ग की पत्नी की पहले ही मौत हो चुकी थी। उसके तीन बेटे मनीष, विनीत और अनीत बताए गए हैं।

### टास्क फोर्स की बैठक कल

**हरदोई।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया है कि जिला स्वास्थ्य समिति शासी निकाय एवं जिला टास्क फोर्स की बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 12 फरवरी को अपरान्ह तीन बजे कलेक्टेट सभागार में आयोजित की गई है।

# बालामऊ जंक्शन पर शुरू हो गए निर्माण कार्य

हरदोई

**अमृत विचार।** रेल मंत्रालय द्वारा लगातार देश के रेलवे स्टेशनों को विकसित करने का कार्य कर रहा है। रेल मंत्रालय द्वारा अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत कई फेज में रेलवे स्टेशन के जीर्णोद्धार कराया जाना है। पहले फेज में हरदोई रेलवे स्टेशन का नाम भी सूची में शामिल था।

अमृत भारत स्टेशन योजना के दूसरे चरण 523 स्टेशनों को शामिल किया गया हैं। दूसरे चरण में हरदोई रेलवे स्टेशन के बालामऊ जंक्शन को शामिल किया गया है। बालामऊ जंक्शन को शामिल करने के लिए मिश्रिख लोकसभा सीट से सांसद अशोक रावत ने



बालामऊ जंक्शन पर बन रहे स्टेशन भवन का निरीक्षण करते अधिकारी। अमृत विचार

काफी प्रयास किए थे। रेलवे स्टेशन अब जल्द ही नए रंग रूप में नजर आएगा। उम्मीद है कि जल्द ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बालामऊ जंक्शन का भी वर्चुअल शिलान्यास कर सकते हैं। बालामऊ जंक्शन से सीतापुर- कानपुर लखनऊ व शहजहांपुर जाने के लिए ट्रेनें हैं। हरदोई के आसपास के लोग भी बालामऊ जंक्शन से कानपुर जाने के लिए ट्रेनों को पकड़ते हैं। जंक्शन की प्रस्तावित नई बिल्डिंग का शिलान्यास फरवरी माह में हो सकता है। मंडल स्तर पर बालामऊ जंक्शन के शिलान्यास की तैयारी की जा रही है। फिलहाल अभी कोई तिथि इस बाबत निर्धारित नहीं हुई है।

### 25 करोड़ होंगे खर्च

बालामऊ रेलवे स्टेशन का विकास लगभग 25 करोड़ की लागत से होना प्रस्तावित है। जल्द ही यहां लिफ्ट, एक्सीलरेटर, एसी वेटिंग रूम के साथ ऊंचे और चौड़े प्लेटफार्म, कोच डिस्प्ले बोर्ड, वाईफ़ाई, नजर आएंगे। बालामऊ रेलवे स्टेशन परिसर को विकसित किया जाएगा प्रकाश और जल निकासी की बेहतर व्यवस्था की जाएगी। बालामऊ रेलवे स्टेशन की बिल्डिंग का जीर्णोद्धार कराया जाएगा। जानकारों ने बताया कि वर्तमान समय में जिस स्थान पर रेलवे स्टेशन की बिल्डिंग बनी है नई बिल्डिंग उसके विपरीत स्थान पर होगी। बालामऊ रेलवे स्टेशन के फेस टू में शामिल होने के बाद बजट भी जारी हो चुका है अब जल्द ही स्टेशन बिल्डिंग का शिलान्यास प्रधानमंत्री व रेल मंत्री कर सकते हैं।

# दवा कारोबारी के परिजनों को बंधक बनाकर लूटपाट

मल्लावां, हरदोई

**अमृत विचार।** बदमाशों ने दवा कारोबारी के परिजनों को बंधक बनाकर लाखों का सामान लूट लिया। पीड़ित दवा कारोबारी मकान के ऊपर वाले कमरे में सो रहा था, जबकि बाकी परिजन नीचे कमरे में सो रहे थे। बदमाशों ने नीचे सो रहे परिजनों को बंधक बना लिया और ताले तोड़कर सोने चांदी के जेवरात व कीमती सामान उठा ले गए। मामले की पुलिस को तहरीर गई है।

मल्लावां कोतवाली के पुरवावां निवासी आलोक कुमार दवा का कारोबार करता है। पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि शुक्रवार की रात में वह अपने मकान के ऊपरी कमरे में सो रहा था, बाकी घर वाले नीचे कमरे में सो रहे थे। देर रात को वहां पहुंचें चोरों ने नीचे कमरे में सो रहे लोगों को उसी में बंद कर दिया और वहीं पास के दूसरे कमरे में लगा ताला तोड़ कर बक्से में रखी करीब 35 हज़ार की नगदी, दो सोने की अंगूठी, दो जोड़ी पायल के साथ कुछ और ज़ेवर साथ ही तांबे और पीतल के बड़े-बड़े बर्तन चोरी हो गए। शनिवार की सुबह जब घर वाले नींद से जागे और बाहर से कमरा बंद होने से उन्होंने आलोक को आवाज़ दी, आलोक ने उठ कर देखा तो कमरे का सारा सामान बिखरा हुआ था, बक्सों के ताले टूटे हुए मिले। पुलिस ने दी गई तहरीर पर गहराई से छानबीन शुरू कर दी है।

# सरकारी योजनाएं महिलाओं को कर रहीं सशक्त : प्रेमावती

## चाय पर चर्चा कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती व भाजपा जिलाध्यक्ष ने गिनाईं सरकार की उपलब्धियां

हरदोई

**अमृत विचार।** श्रीश चंद्र बरात घर में भाजपा द्वारा आयोजित शक्ति वंदन अभियान के तहत हुई चाय पर चर्चा पर मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती ने महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण में भाजपा की कल्याणकारी योजनाओं का सबसे बड़ा हाथ बताते हुए कहा कि उज्जवला योजना से लेकर घरौनी योजना, हर घर जल योजना से लेकर सुकन्या समृद्धि योजना और नारी वंदन अधिनियम ने बहनों को आर्थिक, सामाजिक और राजनैतिक रूप से सशक्त बनाने का काम किया है।

कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन ने स्वयं सहायता समूहों से आई महिलाओं को धन्यवाद देते हुए कहा कि देश



शक्ति वंदन अभियान में महिलाएं व साथ ही जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती, भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन।

की मातृ शक्ति जब सशक्त होगी तभी देश सशक्त बनेगा। जाति पात के भेद को मिटा सभी बहनों और माताओं को सशक्त और स्वावलंबी बनाने के लिए योजनाएं चलाई, जिसका परिणाम इस हाल में बैठी सैकड़ों महिलाओं के खिले चेहरे बयां कर रहे हैं। जिलाध्यक्ष ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य पूरे देश में करोड़ों स्व-सहायता समूहों से संपर्क करके 10 करोड़ से अधिक महिलाओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प से जोड़ना है।

बैठक में जनपद की स्वयं सहायता समूहों से आई महिलाओं ने चाय पर चर्चा के दौरान अपनी आर्थिक प्रगति एवं सशक्तिकरण की कहानी बयां की, स्वयं सहायता समूह की महिला लाभार्थियों ने बताया कि कैसे भाजपा सरकार की कल्याणकारी योजनाओं ने उनके जीवन को बदलने और उन्हें समाज में अपनी पहचान बनाने का मौका दिया। बैठक में मां दुर्गा स्वयं सहायता समूह से रीता सिंह, श्री श्याम स्वयं सहायता समूह से नंदनी अवस्थी, प्रिंसी स्वयं सहायता समूह से सोनी गुप्ता ने बताया कि भाजपा सरकार महिलाओं को आगे बढ़ने के भरपूर मौके मुहैया करा रही है। उन्होंने बताया कि डूडा विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के माध्यम से उन्हें अपने पैरों पर खड़े होने का मौका मिला, समाज में उनकों एक पहचान मिली। उन्होंने बताया कि भाजपा की मोदी योगी सरकार ने उन्हें आर्थिक और सामाजिक रूप में सशक्त बनाने का काम किया।

### अयोध्या दर्शन को जाएंगे जिले से 10 हजार कार्यकर्ता

भाजपा जिले के बूथों से कार्यकर्ताओं को अयोध्या दर्शन के लिए रविवार को ले जाएंगे। जिला अध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन ने बताया कि जिले के 3,328 बूथों से 10 हजार कार्यकर्ता 200 बसों व अन्य चौपहिया वाहनों से रविवार को रामलला के दर्शन करने अयोध्या जाएंगे।

बेहतर कानून व्यवस्था होने से घर के बाहर बेझिझक होकर निकलती है। शक्ति वंदन कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री सत्येंद्र राजपूत ने किया। कार्यक्रम में हरदोई लोकसभा प्रभारी प्रीतेश दीक्षित, जिला उपाध्यक्ष राजेश अग्निहोत्री, एसपी मौर्य, संदीप सिंह, संजय सिंह गुड्डू, विनोद राठौर, जिला मंत्री मीना वर्मा आदि मौजूद रहे।

# बहन के घर से लौट रहे भाई की हादसे में मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** बहन का हालचाल लेने उसकी ससुराल पहुंचा भाई रात में वहां से वापस घर लौट रहा था, उसी बीच सरेहरी-सरसंड माइनर पर किसी तेज़ रफ्तार गाड़ी की टक्कर लगने से ज़ख्मी हो गया। ज़ख्मी हालत में वह काफी देर वहीं पर पड़ा रहा, उसके बाद वहां पहुंची पुलिस ने उसे सीएचसी पहुंचाया, जहां से लखनऊ ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। उसे रात में ही लखनऊ के लिए ले जाया जा रहा था, उसी बीच रास्ते में ही मौत हो गई। कासिमपुर थाने के तिलकखेड़ा मजरा बड़ागांव निवासी सत्यप्रकाश (40) की बहन कछौना कोतवाली के धुरपुरा में ब्याही है। सत्यप्रकाश उसका हालचाल लेने धुरपुरा गया था और शुक्रवार की रात में बाइक से सरेहरी-सरसंड माइनर के रास्ते होते हुए घर लौट रहा था। उसी बीच उसी रास्ते पर किसी गाड़ी ने उसे टक्कर मार दी।

# अति-पिछड़ों को दिलाएंगे उनका हक : सुनील

हरदोई

**अमृत विचार।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता और पूर्व दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री सुनील अर्कवंशी ने कहा कि उनकी पार्टी प्रदेश के शोषित, वंचित और अति पिछड़े वर्ग को उनका हक दिला कर ही दम लेगी।

बिलग्राम-मल्लावां विधानसभा के नौमलिकपुर में हुई बैठक में पहुंचे श्री अर्कवंशी ने एक हो-एक जुट हो का नारा देते हुए कहा कि पार्टी के मुखिया ओमप्रकाश राजभर के रूप में एक ऐसे नेता का उदय हो चुका है, जिनके संघर्ष से अति-पिछड़ों को



विधानसभा बैठक को संबोधित करते राष्ट्रीय प्रवक्ता सुनील अर्कवंशी।

उनके हक, अधिकारों से वंचित नहीं किया जा सकता है। अति-पिछड़ी जातियों में अर्कवंशी, आरख, कश्यप खंगार, पाल, नाई, चौरसिया, बंजारा, ब हेलिया, गोंड शाक्य, सैनी, कुशवाहा, सविता, श्रीमाली, सहित अन्य जातियों को पार्टी के परचम के नीचे जोड़ने का किया जा रहा है। इन जातियों को गोलबंद हो जाना चाहिए। उन्होंने पार्टी की नीतियों को घर-घर पहुंचाने को कहा।

### सदस्यता अभियान तेज

माधौगंज ब्लाक के नौमलिकपुर में हुई पार्टी की बैठक में राष्ट्रीय प्रवक्ता श्री अर्कवंशी की अगुवाई में ज़ोरदार तरीके से सदस्यता अभियान शुरू किया गया। इस बीच तमाम लोगों ने पार्टी की सदस्यता ली। साथ ही लालाराम, अरूण कुमार, रामचन्द्र अर्कवंशी, रामरहीस, मैकूलाल, सर्वेश, रामनरेश, विश्राम सिंह कुशवाहा और सचिन अर्कवंशी को पदाधिकारी बना कर उन्हें मनोनयन पत्र सौंपा गया।



### एसपी ने कोतवाली शहर का किया निरीक्षण

हरदोई। एसपी केशव चन्द्र गोस्वामी ने शनिवार को कोतवाली शहर का वार्षिक निरीक्षण किया। वहां पहुंचने से पहले गार्द ने एसपी श्री गोस्वामी को सलामी दी। एसपी ने कोतवाली में रखे अभिलेखों, कंप्यूटर, अन्य इलेक्ट्रानिक डिवाइस, मालखाना, शस्त्रागार, बंदीगृह, मेस, जलपान की व्यवस्था, सीज़ की गई गाड़ियों का रख-रखाव, महिला हेल्प डेस्क, कोतवाली में रखे सभी असलहो को चेक किया गया। कोतवाली शहर परिसर की साफ-सफाई पर काफी ज़ोर दिया।

### खेत के किनारे पड़ा मिला अधेड़ का शव

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** खेत के किनारे संदिग्ध हालात में अधेड़ का शव पड़ा मिला। उसके गले में फांसी का फंदा भी पड़ा हुआ था। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। कोतवाली के धनसरी गांव में शनिवार की सुबह विजय कुमार त्रिवेदी (50) का शव घर के बाहर खेत के किनारे पेड़ से मफलर के फंदे से बंधा हुआ था। देखा गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार शव इस अवस्था में मिला था कि उससे ऐसा नहीं प्रतीत हो रहा था कि उसने आत्महत्या की हो। शव पूरी तरह से ज़मीन पर रखा हुआ था और उसका गला फंदे से बंधा हुआ था। उसके घर वाले भी फिलहाल कुछ नहीं बता पा रहे हैं। एसएचओ नारायण कुमार कुशवाहा नारायण ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# ट्रैक्टर की टक्कर से साले की मौत व बहनोई घायल

हरदोई

**अमृत विचार।** सण्डीला-गौसगंज रोड पर लकड़ी ले जा रहे ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर लगने से बाइक सवार साले की मौत हो गई, जबकि उसके साथ पीछा बैठा उसका बहनोई बुरी तरह से ज़ख्मी हो गया। जैसा कि बताया गया है कि दोनों शुक्रवार की शाम को वापस घर लौट रहे थे। उसी बीच कहली गांव के पास हादसा हो गया।

बताया गया है कि माधौगंज थाने के खुर्दा मदारपुर निवासी 48 वर्षीय जयराम पुत्र बेचन शुक्रवार की शाम को अपने बहनोई शिवकुमार निवासी भिम्माखेड़ा मजरा नयागांव कोतवाली मल्लावां के साथ बाइक से घर वापस लौट रहा था। उसी बीच सण्डीला-गौसगंज रोड पर कहली के पास लकड़ी से लोड ट्रैक्टर-ट्राली से टक्कर हो गई। जिससे जयराम की वहीं पर मौत हो गई, जबकि उसका बहनोई शिवकुमार बुरी तरह से ज़ख्मी हो गया। हादसा होते ही ड्राइवर ट्रैक्टर ले कर वहां से भाग निकला। पुलिस ने बहनोई शिवकुमार की तहरीर पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हादसे का शिकार हुए बाइक सवार जयराम के घर वालों का रोते-रोते काफी बुरा हाल है।

### जमानत कराने के बाद लौट रहे थे साले-बहनोई

जयराम करीब 20 साल पहले हुए एक एक्सीडेंट में कोर्ट में हाज़िर नहीं हुआ, तो कोर्ट ने उसके खिलाफ वारंट जारी कर दिया। उसी में अपने बहनोई शिवकुमार को उसकी ज़मानत दाखिल कराने के लिए वह बिंदकी गया हुआ था। साथ में एक और ज़मानतदार भी था। शुक्रवार को जयराम अपने ज़मानतदारों के साथ बिंदकी से सण्डीला पहुंचा, वहां एक ज़मानतदार को छोड़ कर बहनोई को साथ ले कर गांव जा रहा था, उसी बीच हादसा हो गया।



मृतक जयराम।

# अपहरण का आरोपी गिरफ्तार

**बेनीगंज, हरदोई, अमृत विचार।** क्षेत्र में हो रहे अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए बेनीगंज कोतवाली प्रभारी निरीक्षक व पुलिस टीम उपनिरीक्षक राजीव कुमार व हेड कांस्टेबल रतन कुमार सिंह के द्वारा अपहरण के आरोपी कौशल निवासी मोहल्ला अशराफ टोला बेनीगंज को प्रतापनगर चौराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया।

## सार-संक्षेप



जन पंचायत को संबोधित करते सपा नेता आसिफ खान बब्बू।

### लोगों को गुमराह कर रही है भाजपा : आसिफ खान

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** 2024 फतह करने के लिए भाजपा के साथ-साथ अब समाजवादी पार्टी ने भी गांव-गांव जाकर पंचायतें शुरू कर दी हैं। शनिवार को पीडीए की ओर से ग्राम भदासी में एक जन पंचायत का आयोजन किया गया। इस मौके पर शाहाबाद विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक एवं समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आसिफ खान बब्बू ने कहा कि भाजपा धर्म के नाम पर लोगों को गुमराह कर रही है। लोगों की भावनाओं को भड़का रही है। कहा कि आम जनता महंगाई की त्रासदी झेल रही है। युवाओं को नौकरियां नहीं मिल रही है, लेकिन भाजपा के लोग केवल मंदिर और मस्जिद की बात कर रहे हैं। जिला उपाध्यक्ष धर्मवीर सिंह यादव ने कहा 2014 में भाजपा सत्ता में आई थी और 2024 में पार्टी की विदाई तय है। कहा कि कल्याणकारी योजनाओं के नाम पर लोगों को छला जा रहा है। सपा की सरकार के वक्त जनकल्याण की तमाम योजनाएं चलाई गई जो आज भी संचालित हैं। भाजपा की एक भी योजना धरातल पर नहीं है। केवल धर्म के नाम पर लोगों को गुमराह करके लड़ाने का प्रयास किया जा रहा है। भावनाओं को भड़काया जा रहा है। श्री यादव ने बताया राम मंदिर के नाम पर भाजपा 2024 जीतने के प्रयास में है लेकिन पीडीए ऐसा नहीं होने देगा, क्योंकि पिछड़ा दलित और अगड़ा वर्ग के लोग अब खुलकर समाजवादी पार्टी के साथ आ गए हैं। जिला उपाध्यक्ष ने कहा ईडी और सीबीआई के सहारे विपक्ष को जेल में डालने का काम किया जा रहा है। इस अवसर पर राजकुमार जिंदल, अवनीश कुमार, शिव कुमार, धर्मपाल राजपूत, गोपीनाथ कुशवाहा, अरुण कुमार मिश्रा, बलदेव राजपूत, विजय कुमार राजपूत, छेदा लाल राजपूत, मेवाराम, बृजलाल कठेरिया, कमलेश कुमार एडवोकेट आदि मौजूद रहे।



पकड़े गए इनामी लुटेरे। अमृत विचार

### पुलिस ने तीन इनामी बैंक लुटेरों को दबोचा

**पिहानी, हरदोई, अमृत विचार।** इलाकाई पुलिस ने पंजाब नेशनल बैंक में लूट करने के बाद फरार चल रहे 10-10 हज़ार के तीन ईनामी बदमाशों को घेराबंदी कर दबोच लिया। उन तीनों के पास से तमंचे और कारतूस बरामद किए गए हैं। बताया गया है कि पिहानी के सरेहजू गांव के पास हुई पंजाब नेशनल मिनी बैंक लूट कांड में फरार चल रहे 10 हजार के इनामी तीन गैंगस्टर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बदमाशों के पास से अवैध हथियारों कों भी बरामद किया है। एसएचओ पिहानी धर्मदास सिद्धार्थ के मुताबिक शुक्रवार को उनकी टीम ने सूरज पुत्र नन्हेलाल निवासी मोहल्ला भगवंतपुर कस्बा पाली को चठिया तिराहा,, उसी कस्बे के मोहल्ला सुलह सराय निवासी अमन शुक्ला उर्फ भोला पुत्र रामरूप शुक्ला को शारदा नहर पुल हरैया और वहीं के मोहल्ला बिरहाना निवासी सूरज पुत्र रामविलास को शाहाबाद तिराहा से तमंचा जिंदा कारतूसों के साथ गैंगस्टर एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया है। बताते हैं कि कुछ महीने पहले इन्हीं तीनों ने पिहानी पंजाब नेशनल बैंक की बड़ा चौराहा मिनी शाखा के संचालक रामवीर के साथ सरेहंजू गांव में लूट की वारदात को अंजाम दिया था। उसी बीच तत्कालीन एसपी राजेश द्विवेदी एएससपी पश्चिमी दुर्गेश कुमार सिंह और सीओ हरियावां रहीं शिल्पा कुमारी की गाइडलाइन पर तत्कालीन एसएचओ बेनी माधव त्रिपाठी ने इसका खुलासा किया और उसके बाद से तीन लुटेरों की तलाश थी। एसपी ने फरार चल रहे तीनों लुटेरों के ऊपर 10-10 हज़ार का इनाम रखा था।

# बीमार गाय का पशु स्वास्थ्य कर्मियों ने किया उपचार

हरदोई

**अमृत विचार।** गर्भवती परेशान गाय की आंखें हर आने-जाने वाले को मदद की गरज़ से निहार रहीं थीं, लेकिन वह कई से जहां थी वहीं पड़ी रही। आस-पड़ोस वालों ने न सिर्फ अफसरों को फोन लगाया और भाजपा कार्यालय तक दौड़ लगाई, लेकिन किसी को उस बे-ज़ुबान की हालत पर तरस तो आना दूर, उसे देखना तक मुनासिब नहीं समझा। शहर के बगल में चांद बेहटा गांव है। वहां कई दिनों से एक गाय प्राथमिक विद्यालय के पास बैठी हुई थी।

पहले तो वहां के लोग उसे खाने-पीने को देते रहे, लेकिन वह कहीं आती-जाती नहीं दिखी, इस पर जब देखा गया तो पता चला कि उसका पीछे का हिस्सा काम नहीं कर रहा था और वह गर्भवती भी थी। कुछ लोगों ने बताया कि उन्होंने काफी इलाज कराया, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। उसके बाद पशुचिकित्साधिकारी, नगर पालिका परिषद के ज़िम्मेदारों को फोन किया, उधर से कोई जवाब नहीं दिया गया, फिर उसके बाद कुछ ही दूर पर भाजपा कार्यालय है, वहां जा कर गाय की समस्या के बारे में बताया, लेकिन कोई पहल नहीं हो सकी। बताते हैं कि शनिवार को काफी दौड़-भाग के बाद उस गाय को एंबुलेंस से आए लोगों ने उसका उपचार कराया। एंबुलेंस से आए कर्मियों ने बताया कि गाय अत्यधिक कमजोर है।

उपलब्धि

## उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान लखनऊ की ओर की ओर से किया गया चयन

# संस्कृत सम्मान से सम्मानित होंगे डा. अमित

हरदोई

**अमृत विचार।** जनपद के पंचनद कटरी हरपालपुर के गांव श्यामपुर के मूल निवासी संस्कृतज्ञ डॉ. अमित द्विवेदी को उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान, लखनऊ की ओर की ओर से संस्कृत सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। इस संस्कृत सम्मान के साथ 11 हजार रूपये की धनराशि भी डा. द्विवेदी को प्रदान की जाएगी।

संस्कृत सम्मान के केन्द्र में उनकी पुस्तक 'ब्रह्मपुराण का समाजशास्त्रीय अनुशीलन' शामिल है। अभी तक उनकी पांच कृतियां प्रकाशित हो चुकी है और वह संस्कृति और भारतीय संस्कृति दोनों



डा. अमित द्विवेदी।

के लिए समर्पित है। इस संस्कृत सम्मान के लिए डा. दिवेदी का चयन होने पर पंचनद संयोजक अवनिकांत वाजपेयी, श्री सरस्वती सदन की लाइब्रेरियन सीमा मिश्र सहित शिक्षा और साहित्य से जुड़े लोगों ने खुशी जतायी है। प्रदेश सरकार के अंतर्गत संचालित उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान लखनऊ की ओर से सम्मानित होने वाले जिन 46 संस्कृतज्ञों का चयन किया गया है उनमें जनपद के डा. द्विवेदी का नाम भी शामिल है। डा. अमित द्विवेदी वर्तमान में डीएवी डिग्री कालेज, कानपुर में संस्कृत विभाग में एसोसिएशन प्रोफेसर हैं। सुभाषनगर हरदोई में रह रहे उनके पिता सुरेश द्विवेदी बैंक प्रबंधक रहे हैं। एसोसिएशन प्रोफेसर डा. द्विवेदी के ताऊ बद्री विशाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय फरूखाबाद के प्राचार्य रहे डा. शिवबालक द्विवेदी का नाम देश के प्रख्यात संस्कृतज्ञों में शामिल है। एसोसिएट प्रोफेसर डा. अमित द्विवेदी को इसके पूर्व भी राज्य पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है और राज्यपाल द्वारा भी दो बार संस्कृत सम्मान प्रदान किया जा चुका है। संस्कृतज्ञ डा. द्विवेदी की आकाशवाणी लखनऊ से कई बार संस्कृत वार्ताएं भी प्रसारित हो चुकीं हैं। संस्कृतज्ञ डा. द्विवेदी ने यह सम्मान अपनी मां सुमन द्विवेदी को समर्पित किया है। संस्कृतज्ञ डा. द्विवेदी का कहना है कि भारतीय ग्रन्थों और दर्शन सहित धर्म-संस्कृति को समझने के लिए पहले संस्कृत को समझना आवश्यक है। उनका मानना है कि संस्कृत समन्वय और संस्कार की भाषा है।

# असलहे के बल पर दंपत्ति को बंधक बनाकर बदमाशों ने की लूटपाट

- पीछा करने पर सशस्त्र बदमाशों ने की फायरिंग, गृहस्वामी घायल
- पुलिस पर दबाव बनाकर तहरीर बदलवाने का आरोप, केस दर्ज, 27 फरवरी को घर में है शादी

**सीतापुर, अमृत विचार।** जिले में हो रहे ताबड़तोड़ ऑपेरशन लंगड़ा अभियान के बाद भी बदमाशों में पुलिस का खौफ नजर नहीं आ रहा है। रामपुरकलां थाना इलाके में शस्त्र बदमाशों ने असलहे के बल पर लाखों की लूटपाट की वारदात को अंजाम दिया।

ग्राम पंचायत शंकरपुर के ग्राम रमईपुर निवासी राजाराम वर्मा अपने छोटे बेटे दिलीप के साथ घर के बाहर बने कमरे में सो रहे थे। पीड़ित कुलदीप वर्मा ने बताया कि वह अपनी पत्नी मधु वर्मा के साथ घर के अंदर कमरे में सो रहे थे। शुक्रवार की रात करीब 2 बजे आधा दर्जन से अधिक शस्त्र बदमाश घर में दाखिल हुए और कुलदीप के कमरे का दरवाजा तोड़कर अंदर घुस आये। कुलदीप ने बताया कि जब वह कुछ समझ पाता तब तक बदमाशों ने उसके मुंह पर टार्च लगाकर पति-पत्नी को असलहे के बल पर रोके रखा। अन्य बदमाशों ने कमरे में रखी अलमारी का ताला तोड़कर उसमे शादी के कपडे खरीदने के लिए रखी 95 हजार की नकदी और सोने चांदी के जेवर जिनकी कीमत करीब 5 लाख रूपये लेकर भागने लगे। बताया जाता है कि अलमारी के तोड़ने की आवाज से बाहर लेटे कुलदीप के पिता और छोटा बेटा दिलीप वर्मा की आंख खुल गई। बेटे और दामाद की चीख सुनकर बदमाशों का पीछे गृहस्वामी राजाराम ने किया तो बदमाशों ने फायर झोक दिया। बदमाशों की फायरिंग से उसके पिता के कंधे में चोट आई है। बदमाशों के जाने के बाद परिवार वालों ने मामले की सूचना पुलिस को दी।


लूटपाट की सूचना पर मौके पर मौजूद ग्रामीणों की भीड़। अमृत विचार



बदमाशों की फायरिंग के दौरान कंधे में लगी चोट को दिखाते घायल राजाराम।

### एक घंटे देर से पहुंची पुलिस : पीड़ित

परिजनों ने बताया कि गन पॉइंट पर हुयी लूटपाट और बदमाशों के जाने के बाद उन्होंने मामले की सूचना पुलिस को दी। आरोप है कि सूचना देने के करीब 1 घंटे बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मौकाय वारदात का मुआयना किया। पुलिस ने मौके पर एकत्रित साक्ष्यों के आधार पर छानबीन शुरू कर दी है। वहीं बदमाशों की फायरिंग से चोटिल राजाराम को पुलिस ने सीएचसी में प्राथमिक उपचार के लिए भेजकर मुख्यालय पर फायर इंजरी की तस्दीक के लिए एक्सरे जांच भी कराई।

> पीड़ित की तहरीर के आधार पर संगीन धाराओं 459, 380 आईपीसी के तहत केस दर्ज किया गया है। इन धाराओं में आजीवन कारावास सजा है। पुलिस मामले का जल्द ही खुलासा करेगी। छानबीन जारी है।
>
> –भावनाथ चौधरी, प्रभारी निरीक्षक

### दबाव बनाकर कम कराई बदमाशों की संख्या

पीड़िता कुलदीप वर्मा ने आरोप लगाया कि स्थानीय रामपुरकलां पुलिस ने लूटपाट की घटना में शामिल आधा दर्जन से अधिक बदमाशों की जगह महज 3 से 4 बदमाशों का जिक्र तहरीर में करने का दबाव बनाया। जिसके बाद पीड़ित ने पुलिस के आधार पर तहरीर देकर मामले में कार्रवाई की मांग की।

### 27 फरवरी को है शादी

पीड़ित कुलदीप वर्मा ने बताया कि उसके छोटे भाई दिलीप वर्मा की 27 फरवरी को शादी होनी है। बारात सदरपुर इलाके के ग्राम पोखरकलां जानी है। घर के अंदर शादी की तैयारियां चल रही थी। इसी के चलते घर में कैश और जेवरात का कुछ सामान भी लाकर रखा गया था। लेकिन बदमाशों की लूटपाट ने शादी की तैयारियों को फीका कर दिया है।

## एक नजर

### 32 शिकायतों में तीन का किया निस्तारण

**रामपुर मथुरा, अमृत विचार।** प्रभारी निरीक्षक महेश चंद्र पांडे की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमे राजस्व से संबंधित 32 शिकायती प्रार्थना पत्र आए। राजस्व से संबंधित तीन शिकायतो का मौके पर निस्तारण किया गया। अन्य सभी शिकायतो को संबंधित को देकर निस्तारित करने को निर्देशित किया गया है। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक महेश चंद्र पांडे, कानूनगो वीरेंद्र सिंह, लेखपाल अनिल सिंह, रविंद्र वर्मा, महेंद्र तिवारी, जितेंद्र पाल, राजेंद्र कुमार, सतीश कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

### कलाकारों ने कृष्णजन्म का किया मंचन

**पिसावां।** अल्लानगर के शिव मंदिर पर रासलीला का मंचन किया गया। पहले दिन वृन्दावन के कलाकारों ने कृष्णजन्म का मंचन किया। जिसमें दिखाया गया कि महाराजा उग्रसेन को कंस कैदखाने में डालकर स्वयं उत्तराधिकारी बन जाता है। उसके बाद अपनी बहन देवकी का विवाह वासुदेव के साथ कर देता है। जब कंस अपनी बहन को विदा कर रहा होता है, उसी समय आकाशवाणी होती है ऐ कंस जिस बहन को आज तू विदा कर रहा है। इसी का आठवां पुत्र तेरा काल होगा, यह सुनते ही कंस उग्र हो जाता है और अपनी बहन और बहनोई को तुरंत ही कारागार में डालने का आदेश दे देता है। जहां देवकी की आठवीं संतान श्रीकृष्ण का जन्म होता हैं कलाकारों द्वारा श्री कृष्ण के जन्म का उत्सव मनाया जाता है। इस दौरान भाजपा मंडल महामंत्री विद्याधर शर्मा, रंजीत शर्मा, रामजी शर्मा, विकास शर्मा, अकुल शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

### ससुराल आये युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**कमलापुर।** थाना इलाके में ससुराल आए एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजन हत्या का आरोप लगा रहे है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मछरेहटा थाना इलाके के पांडेखेड़ा निवासी 30 वर्षीय तेजराम पुत्र रामदयाल शुक्रवार की देर शाम अपनी ससुराल कमलापुर इलाके के हमीरपुर गांव गोकरन पुत्र खुशाल के वहां आया था। बताया जा रहा है कि संदिग्ध परिस्थितियों में शनिवार की सुबह उसका शव घर के अंदर पड़ा हुआ मिला। जानकारी पाकर मौके पर पहुंचे उसके घर वालों ने ससुरालीजनों पर हत्या का आरोप लगाया है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने पूछताछ कर लाश पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है पीएम रिपोर्ट आने के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# ट्रक की चपेट में आए बाइक सवार, दो महिलाओं सहित तीन लोगों की मौत

## ट्रक छोड़कर फरार हुआ चालक, ओवरटेक करने के दौरान हादसा

संवाददाता, बिसवां, सीतापुर

**अमृत विचार।** कोतवाली इलाके में ओवरटेक करने के दौरान बाइक ट्रक की चपेट में आ गई। जिससे बाइक सवार दंपत्ति सहित तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

तालगांव थाना इलाके के कस्बा परसेंडी निवासी अवधेश पुत्र कौशल किशोर अपनी पत्नी संगीता और अपनी सलहज प्रियंका पत्नी कौशल निवासी सरैंया माफी के साथ बाइक पर सवार होकर बिसवां दवा लेने आ रहे थे। इस दौरान बिसवां-सीतापुर मार्ग पर पीडब्ल्यू गेस्ट हाउस के सामने ट्रक को ओवरटेक करते समय बाइक चालक अनियंत्रित होकर ट्रक की चपेट में आ गई। जिससे तीनों ट्रक के पहिये के नीचे आ गये और तीनों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। वहीं चालक मौके पर ट्रक छोड़कर फरार हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। हादसे के बाद मौके पर पहुंचे परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

परिजनों ने बताया कि मृतक अवधेश पहले अपनी सलहज प्रियंका के घर सरैंया माफी गया था। जिसके बाद वहां से उसे लेकर बाइक से तीनो बिसवां के लिए रवाना हुए थे। रास्ते में तीनों हादसे का शिकार हो गये। परिजनों ने बताया कि मृतक दंपत्ति के चार बच्चे हैं। जबकि दूसरी महिला प्रियंका के भी चार बच्चों के सर से मां का साया उठ गया।


हादसे के बाद रोते-बिलखते मृतक के परिजन।



घटनास्थल पर खड़ा ट्रक। अमृत विचार

### दुर्घटना में टुकड़ों में बंट गया हेलमेट

पत्नी और सलहज प्रियंका के साथ ही एक ही बाइक पर सवार होकर जा रहा अवधेश बाइक चलाते समय हेलमेट पहने हुये था। बताया जाता है कि हादसा इतना दर्दनाक था कि सर में पहना हुआ हेलमेट ट्रक के पहिये के नीचे आने से कई टुकड़ों में बंट गया। स्थानीय लोगों की भीड़ और पुलिस इस हेलमेट को देखकर हादसे की कल्पना कर रहे थे। टुकड़ो में बंटा हेलमेट देखकर लोग हेलमेट की मजबूती सहित अन्य चीजों पर चर्चा करते हुए नजर आये।



# राम के आदर्शों पर चलकर हमें जीवन को संवारना चाहिए

**महमूदाबाद, सीतापुर, अमृत विचार।** राम के आदर्शों पर चलकर हमें अपने जीवन को संवारना चाहिए। राम को प्राप्त करने के लिए भरत व विभीषण जैसा त्याग होना चाहिये। राम का जीवन मर्यादित रहा है, जिससे लोग प्रेरणा लेते आ रहे हैं। आप सब ने जो राम कथा सुनी है उसका कुछ अंश ही अपने जीवन में अवश्य उतरे।

उक्त बातें उच्च न्यायालय के न्यायाधीश राजीव सिंह ने संकटा देवी धाम पहुंचकर मां संकटा देवी के गर्भ गृह में दर्शन करने के पश्चात मौजूद लोगों के बीच कहीं। न्यायमूर्ति ने नगर पालिका परिषद द्वारा मां संकटा देवी धाम परिसर में बनवाई गई इंटरलॉकिंग मार्ग का लोकार्पण विधि विधान से किया। इसके पश्चात न्यायमूर्ति राजीव सिंह ने अपने पिता रमेश सिंह के साथ श्री शतचंडी महायज्ञ में हवन पूजन कर श्रीराम कथा का आनंद लिया। इससे पूर्व कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे न्यायमूर्ति का बिसवां रोड स्थित पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में गार्ड ऑफ ऑनर देकर स्वागत किया गया। मां संकटा देवी धाम समिति के द्वारा न्यायमूर्ति राजीव सिंह उनके पिता रमेश सिंह का स्वागत कुर्सी विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा, आरके वाजपेयी, आचार्य अखिलेश चंद्र शास्त्री द्वारा माल्यार्पण कर पटका व स्मृति भेंटकर किया।

# जेसीबी से तोड़े गए खेल के मैदान व आशियाने


मकानों को ध्वस्त करती जेसीबी। अमृत विचार

## कार्रवाई

- तालाब पर कब्जा कर बनाए गए थे आशियाने
- तहसीलदार, राजस्व व पुलिस टीम रही मौजूद

**इमलिया सुल्तानपुर, सीतापुर, अमृत विचार।** इमलिया सुल्तानपुर क्षेत्र के हथूरी गांव में अवैध जमीन पर बने घरों पर बुलडोजर गरजा। खेल के मैदान व तालाब पर बने घरों को जेसीबी से तोड़ा गया।

थाना क्षेत्र के हथूरी गांव में खेल के मैदान व तालाब पर अवैध कब्जा करके घर बने हुए थे। जिसको लेकर प्रशासन द्वारा 15 दिन पूर्व कुछ मकानों पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई थी वहीं कुछ मकान रह गए थे जिन पर शनिवार को फिर से बाबा का बुलडोजर गरजा और उन्हें ध्वस्त किया गया। बताते चलें कि नोटिस के बावजूद कब्जा न खाली करने पर 24 जनवरी को तहसीलदार महोली की मौजूदगी में कार्रवाई हुई थी। जिसके बाद शनिवार को पुनः कार्रवाई हुई है। जानकारी के अनुसार इस बार हथूरी गांव निवासी प्रसादी, विनोद, छोटई तथा कुछ हिस्से पर नरेश पुत्र मनोहर द्वारा अवैध भूमि जो कि तालाब व खेल मैदान की थी, जिस भूमि पर मकान बनाया गया था, उन पर दोबारा तहसीलदार महोली के नेतृत्व में बाबा का बुलडोजर चलाया गया है। इस दौरान जिनके मकान टूट रहे थे वो रोते- बिलखते दिखाई दिए।

# धनोपार्जन की लालसा ही मन की बेचैनी का मुख्य कारण: ऋचा

**महमूदाबाद, सीतापुर, अमृत विचार।** मानव मन अति चंचल है। किसी एक अभिलाषा की पूर्ति हो जाने के उपरांत मन में तुरंत ही नवीन अभिलाषा के अंकुर प्रस्फुटित होने लगते है। श्री संकटा देवी धाम महमूदाबाद में चल रहे श्री शतचंडी महायज्ञ के अवसर पर आयोजित श्रीराम कथा के सप्तम् दिवस अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचिका ऋचा मिश्रा ने श्रोताओं को कथा का रसपान कराते हुए प्रवचन के दौरान उक्त बातें कही। उन्होंने कहा कि प्रायः धनोपार्जन की लालसा ही मन की बेचैनी का मुख्य कारण है। कथा के दौरान विधानसभा कुर्सी के विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा, मां संकटा देवी धाम समिति के अध्यक्ष आरके वाजपेयी, जिला पंचायत निर्माण समिति के अध्यक्ष शिवकुमार गुप्त, एसपी सिंह, अजीत वाजपेयी, अमित निरंजन सहित हजारों की संख्या में कथा प्रेमी मौजूद रहे।


कथा सुनने आई श्रद्धालुओं की भीड़। अमृत विचार

### मूर्तियों को विधि-विधान से कराया गया मिष्ठानाधिवास

श्री शतचंडी महायज्ञ के सप्तम दिवस यज्ञाचार्य पंडित अखिलेश चंद्र शास्त्री सहित अन्य आचार्यों ने पूर्व आवाहित देवताओं का पूजन अभिषेक तथा हनुमत व भैरव, महाकाली व देवताओं का सहस्त्रार्चन, सर्वतोभद्र व क्षेत्रपाल देवता व श्री दुर्गा सप्तसती के मंत्रों द्वारा हवन, पूजन सम्पन्न हुआ। नवनिर्मित मंदिरों में स्थापित होने वाली देव प्रतिमाओं को शनिवार को विधिवत पूजन-अर्चन के बाद मिष्ठानाधिवास कराया गया। रविवार को पूजन-अर्चन के साथ प्रतिमाओं का नगर भ्रमण के पश्चात शर्कराधिवास, घृताधिवास व औषाध्याधिवास संपन्न होगा।

# डाला बाइक में भिड़ंत दो युवक जख्मी

**कमलापुर, सीतापुर, अमृत विचार।** कमलापुर थाना इलाके में नेशनल हाईवे पर विपरीत दिशा में आ रहे डाला व मोटरसाइकिल में टक्कर हो गई। जिससे बाइकसवार दो युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गए। ट्रामा सेंटर में भर्ती कराये गये सुमित की हालत गंभीर बताई जा रही है। जबकि दिलीप का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है।

सिधौली कोतवाली इलाके के किरतापुर निवासी 20 वर्षीय सुमित पुत्र अजय कुमार व कमलापुर क्षेत्र के चंदोखा निवासी 19 वर्षीय दिलीप पुत्र देशराज शनिवार को बाइक से लखनऊ जा रहे थे। इसी बीच सुरैंचा के निकट नेशनल हाईवे पर विपरीत दिशा से आ रहे डाला व उनकी मोटरसाइकिल आपस में टकरा गई। जिससे बाइकसवार दोनों नवयुवक गंभीर रूप से जख्मी हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस के जरिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिधौली पहुंचाया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद परिजनों ने घायलों को लखनऊ में भर्ती कराया। बताया जा रहा है कि ट्रामा सेंटर में इलाज चल रहे सुमित की हालत बेहद गंभीर है।

# कलश यात्रा के साथ शतचंडी महायज्ञ शुरू


सिर पर कलश रखकर यज्ञ मंडप जाती महिलाएं। अमृत विचार

संवाददाता, रामपुर मथुरा

**अमृत विचार।** कस्बा रामपुर मथुरा के फतुहापुर में सात दिवशीय शतचंडी महायज्ञ का सुभारंभ कलश यात्रा के साथ शुरू हुई यात्रा यज्ञ मंडप फतुहपुर से राजा बाजार होते हुए मुरलीधर मंदिर पहुंची जहा पर सैकड़ो महिलाओं ने चंद्रभागा नदी से जल भरकर गुमानेश्वर मंदिर होते हुए यज्ञ मंडप पहुंची। यात्रा में स्कूली बच्चे भी शामिल रहे। इस मौके पर डॉ. सुरेश पाठक, स्वामी ओमप्रकाशनाद, प्रधान रवि कुमार, लक्ष्मी नारायण मौर्य, अभिनय मिश्रा, प्रमोद शुक्ला, अनिल शुक्ला, ब्रजेश शुक्ला, रामू शुक्ला, धीरेंद्र मिश्रा, संजय सिंह, रविंद्र शुक्ला सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### समाजवादी पार्टी लोकतंत्र बचाने की लड़ रही लड़ाई



सपा कार्यालय में पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को संबोधित करते जिलाध्यक्ष।

**सीतापुर, अमृत विचार।** शनिवार को समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय में मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिलाध्यक्ष क्षत्रपाल सिंह यादव ने कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 में मजबूती के साथ चुनाव जिताने का काम करें और अपनी विधानसभाओं को मजबूत करें। समाजवादी पार्टी लोकतंत्र और संविधान बचाने की लड़ाई लड़ रही है। भाजपा 2014 में जनता से झूठे वादे और धोखा देकर सत्ता में आयी थी। जनता 2024 में भाजपा की विदाई कर देगी। लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश भाजपा को सत्ता से बाहर कर देगा। बैठक में मुख्य रूप से मास्टर प्रमोद वर्मा, अशफाक खां, रमेश यादव, श्याम किशोर पाल, अंकित त्रिवेदी, चंद्रशेखर शब्बीर खान, श्रीपाल यादव सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### घर-घर जाकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया जनसंपर्क

**भदफर, सीतापुर, अमृत विचार।** भाजपा द्वारा गांव चलो अभियान के तहत दिनांक 10 फरवरी 2024 दिन शनिवार को मंडल शाहपुर विधानसभा हरगांव के अंतर्गत बूथ संख्या 324 कोठी पुरवा शाहपुर में गांव चलो अभियान के अंतर्गत घर-घर जाकर संपर्क किया गया। केंद्र व प्रदेश सरकार की सभी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी लोगों को पत्रक के माध्यम से जानकारी दी गई। जिसमें शाहपुर के मंडल अध्यक्ष संतोष मौर्य, प्रवासी तरुण कुमार मिश्रा, सत्य प्रकाश मिश्रा, रामकुमार चौहान, पुलकित कुमार, आलोक पांडे, नीरज शुक्ला, जिला नीति शोध प्रमुख वरुण कुमार, पन्ना प्रमुख सभी लोग मौजूद रहे।

### दशहरा महोत्सव पैंतेपुर के संस्थापक का निधन

**पैंतेपुर, सीतापुर, अमृत विचार।** दशहरा महोत्सव पैंतेपुर के संस्थापक सुंदर लाल विश्वकर्मा का लंबी बीमारी के चलते निधन हो गया। वह 85 वर्ष के थे। उनके आकस्मिक निधन पर समाजसेवियों ने दुख प्रकट करते हुए ईश्वर से पीड़ित परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की।

**तैयारी** | नारी शक्ति वंदन अभियान के तहत भाजपा ने चाय पर चर्चा कार्यक्रम का किया आयोजन

# 2024 के लोकसभा चुनाव में मातृशक्ति का होगा अतुल्य योगदान

**सीतापुर, अमृत विचार।** नारी शक्ति वंदन अभियान के तहत भाजपा ने चाय पर चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया। खैराबाद स्थित जिला प्रशिक्षण भवन में चाय पर चर्चा के साथ पीएम मोदी के नारी शक्ति वंदन अभियान पर जोर दिया गया। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने की। बैठक की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्रद्धा सागर रहीं।

चाय पर चर्चा के दौरान संबोधित करते हुए बीजेपी जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने कहा कि आगामी 2024 के लोकसभा चुनाव में मातृशक्ति का अतुल्य योगदान होगा और उनके योगदान से भारतीय जनता पार्टी जिले की चारों सीटों पर प्रचंड इतिहास रचेगी। भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता 2024 के चुनाव में मनोयोग से लगेगा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी के हाथों को मजबूत करने के संकल्प के साथ तन मन धन से पार्टी के लिए कार्य करेगा। जिलाध्यक्ष ने चल रही तैयारियों का फीडबैक भी लिया। इस दौरान मुख्य अतिथि श्रद्धा सागर ने सभी कार्यकर्ताओं से संगठन के निर्देशानुसार चल रहे कार्यक्रमों पर सौ फीसदी उत्तम कार्य करने का आवाहन किया तथा सरकार द्वारा चलाई जा रही जनहित की योजनाओं को जन-जन तक प्रसारित करने की बात कही। जिले की प्रथम नागरिक के रूप में स्वयं का उदाहरण देकर नारियों को प्रेरणा देने का काम मुख्य अतिथि ने किया।

जिला मीडिया प्रभारी पवन सिंह ने बताया कि इस चाय पर चर्चा के दौरान संचालन रमेश कुमार भार्गव दीपू जिला महामंत्री/अभियान संयोजक, सहसंयोजक कंचन प्रभा पांडेय जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा, जितेन्द्र मिश्रा डीसी मनरेगा, नेहा अवस्थी, अभिषेक गुप्ता प्रतिनिधि, ब्लाक प्रमुख मिथिलेश सिंह यादव, अजय विश्वकर्मा, नीरज वर्मा झल्लर, राजेन्द्र प्रसाद, उपाध्यक्ष इन्दू सिंह चैहान, संजय मिश्रा, जिला मंत्री सुनील मिश्रा, जितेन्द्र मेहरोत्रा कार्यालय मंत्री, राम स्वरूप भार्गव अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा, शालिनी गुप्ता, लक्ष्मी पांडेय, पंकज पांडेय, अनूप विश्वकर्मा, कल्याण सिंह, दीपक शुक्ला जिला पंचायत सदस्य, अनूप त्रिपाठी, नगर अध्यक्ष संदीप अवस्थी, सभासद सहित महिला सम्बंधित विशिष्ट एनजीओ के प्रमुख व अन्य उपस्थित थे।



शक्ति वंदन सम्मान पत्र देते जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रद्धा सागर, पालिकाध्यक्ष नेहा अवस्थी व अन्य।


सभी प्रकार के रोगों का समाधान आयुर्वेद द्वारा
सैक्स समस्याएं!!
मर्दाना कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष
सेक्स में कमी, निःसन्तान दम्पत्ति अवश्य मिलें
प्रातः 10 बजे से सायं 07 बजे तक
सेक्स वर्धक दवाओं का उपयोग न करें ये दवाएं लाईलाज कर सकती है।
राना डिस्पेंसरी
9919792325
9415810891
हुसैनगंज चौराहे से लालकुँआ रोड, (पुल के पास) लखनऊ

# प्रकृति का सृजन मधुमय और रसमय



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

> वसंत हमारी सांस्कृतिक अनुभूति भी है। आस्था नही, देखी जांची, परखी प्रत्यक्ष सांस्कृतिक संपदा। प्रकृति छन्दबद्ध है। अराजक नहीं। प्रकृति नियम आबद्ध है। वैदिक ऋषियों ने प्रकृति की नियमबद्धता और छन्दस्। गति को 'ऋत' कहा है।

ऋतुराज वसंत आ गए। सुस्वागतम! आओ वसंत। लहको, महको, महकाओ। दिग्दिगंत। भारतीय सौन्दर्यबोध के ऋतुराज को नमस्कार है। प्रकृति आपकी प्रियतमा है। वह अधीर प्रतीक्षा में थी। प्रकृति ने अपने अरुण तरुण अंग खोले। रूप रूप प्रतिरूप और बहुरूप सौन्दर्य चरम परम होते गए। अपना सारा रूप रस गंध उड़ेल दिया उसने। कलियां चटकीं, फूल खिले। वायु गंध आपूरित हैं। अनेक छन्दों में स्तुतियां हैं। ऋग्वेद का प्रख्यात छन्द गायत्री और साम का 'वृहत्साम'। श्रीकृष्ण ने अर्जुन को इन्हीं दोनों छन्दों में अपनी व्याप्ति बताई थी और अंत में कहा था-ऋतुओं में मैं वसंत हूं। प्रकृति वसंत की अगवानी में पुलकित है। अपनी वीणा के तार छेड़ चुकी है। प्रकृति का सृजन मधुमय और रसमय है। सोम ओम की प्राकृतिक मस्ती है। रस रस प्रीति। रस घनत्व से धरती अंतरिक्ष आच्छादित हैं। लेकिन भारत के कुछ लोग विदेशी वेलेन्टाइनी शीर्षासन में हैं। वे ऋतुराज और प्रकृति का प्रेम रस छोड़कर विदेशी वेलेन्टाइनी मुद्रा में हैं। श्लील अश्लील हो रहा है। वसंत उनके लिए बस-अंत है।

वसंत बौद्धिक समस्या भी है। प्रश्न है कि विश्व मानवता से वसंत का प्रथम परिचय कब हुआ? प्रकृति के हरेक जीव को मदमस्त करने वाले ऋतुराज कब पहचाने गए? ऋग्वेद विश्व का प्राचीनतम अभिलेख है। यहां सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड को पुरुष रूप में कल्पित किया गया है हजारों सिर और हजारों पैरों वाला यह पुरुष मजेदार है। यह पुरुष समय का अतिक्रमण करता है। ऋग्वेद के अनुसार जो हो चुका है और जो होना वह सब पुरुष ही है। इसके एक भाग में यह विश्व है शेष तीन भाग अनंत दिव्यलोक हैं। यह ब्रह्माण्ड से भी विराट है।" सृष्टि सृजन एक पवित्र यज्ञ है। इसी सूक्त में कहते हैं "सृजन यज्ञ में यही पुरुष हवि (अग्नि में अर्पित सामग्री) बना और वसंत बना घृत-वसन्तो अस्यासी दाज्यं।" वसंत ऋग्वेद में है। इसलिए तय है कि वसंत ऋग्वेद के पुरुष सूक्त से प्राचीन है। पुरुष गहन दार्शनिक अनुभूति है। भारत की वसंत अनुभूति अतिपुरातन है। इसका मुख्य कारण है-प्रकृति के प्रति हमारे पूर्वजों की गहन प्रीति। इस प्रीति का कारण रूपों को ध्यान से देखने की द्रष्टा प्रवृत्ति है। द्रष्टाभाव से उगे सौन्दर्य बोध का चरम परम वसंत है।

प्रकृति के रूप रम्य हैं। भारतीय द्रष्टा भाव और भी रम्य है। ऋग्वेद के ऋषि को वसंत सृजन यज्ञ कार्य में घी जैसा जान पड़ता है। वसंत भावोत्तेजक है। घी वैदिक ऋषियों का प्रिय रस है। रस का संबंध स्वाद से है। जिह्वा रस लेती है इसीलिए वह रसना है। ऋषियों के भावबोध में अग्नि घृत प्रिय हैं। अग्नि की अन्य अनेक विशेषताएं भी हैं। सबसे मजेदार बात है कि वे कवि भी हैं और उनकी जीभ मधुमती है। ऋषि स्वयं कवि हैं स्वाभाविक ही उनके प्रिय देवता भी कवि हैं। प्रकृति को देखने के लिए गीता वाले दिव्य चक्षु की जरूरत नहीं पड़ती। कृष्ण ने अर्जुन को विराट रूप दिखाने के पहले दिव्य चक्षु दिए थे।

प्रकृति और हम अंगांगी हैं। हम प्रकृति में हैं, प्रकृति के हैं और प्रकृति हम में हैं। हम सब मधुप्रिय हैं। ऋषि भी मधुप्रिय हैं। वे प्रकृति के सभी रूपों को मधुमय देखने के अभिलाषी हैं। बार-बार गुनगुनाने लायक एक मंत्र (ऋ 1.90) में कहते हैं "हवाएं मधु आपूरित हों। प्रकृति चक्र मधुमय हो। नदियों के जल मधुमय हों। औषधियां, वनस्पतियां मधुर हों। पृथ्वी की धूलि और सूर्य की किरणें भी मधुर हों।" वसंत मधु अनुभूति का दर्शन दिग्दर्शन है। ऋग्वेद और उसके पहले से ही यह अनुभूति लोकजीवन को रस आपूरित करती आई है। रस का यह स्रोत कभी रीता नहीं हुआ। तैत्तिरीय ब्राह्मण में वसंत आगमन पर देवता भी आनंदमगन बताए गये हैं।

माघ मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी वसंत स्वागत की मुहूर्त है। यही वाग्देवी सरस्वती के उदय होने की वेला है। भारतीय प्रज्ञा की आराध्य हैं सरस्वती। वे हंसवाहिनी हैं। वीणावादिनी हैं। ऋग्वेद व अथर्ववेद में वे एक नदी हैं। ऋग्वेद के ऋषियों की नदीतमा। उन्हीं की गोद में और उनका जल रस पीते भारतीय दर्शन ने अपनी काया और कान्ति पाई। इन्हीं के तट पर गायत्री जैसे अनेक मंत्र उगे। वैदिक ऋषियों ने सरस्वती को मां जाना। यहीं यज्ञ चले, यज्ञ अग्नि से साक्षात्कार हुए ऋषियों के। सरस्वती पुत्रों को 'भरतजन' नाम मिला सरस्वती तट पर। यहीं इसी तट पर अग्निधर्मा सतत अभीप्सा 'भारत' कहलाई-तस्माद् अग्निर्भारत। फिर यही सरस्वती नदी रूप में विलुप्त हो गयीं। वैलेन्टाइनी सरस्वती को कल्पना मानते थे। अब सरस्वती का अस्तित्व सिद्ध हो चुका है। सरस्वती ने भारत के मन को नीर-क्षीर विवेकी बनाया। वाग्देवी सरस्वती विवेक की अधिष्ठात्री बनीं। वसंत की मस्ती में विवेक का अनुशासन जरूरी है। सोम मस्ती है और ओम् जागरण। परंपरा में दोनों हैं। वसंत के साथ सरस्वती का भी उगना सकारण है। वसंत अप्रतिम सौन्दर्यबोध है तो सरस्वती अप्रतिम आत्मबोध। जगत् में रस आपूरण है। इस रस का अजर अमर और अक्षय रस स्रोत महारस है। तैत्तिरीय के ऋषि ने उसे 'रसो वै सः' गाया है।

वसंत वैदिक मंत्रों में है। परवर्ती साहित्य में है। कालिदास के सृजन में प्रकृति की यह तरुणाई मोहक है। हिरणी हिरण की पीठ सींग से खुजलाती है। वसंत विह्वल नायिका इरावती नायक अग्निमित्र को पुष्प गुच्छ भेजती है। तुलसीदास संत थे। वसंत ने उन्हें भी नहीं छोड़ा। तुलसी की अनुभूति में वसंत प्रभाव मुर्दों को भी हिला देता है-"जागे मनोभव मुएहुं मन वन सुभगता न परै कही।" श्रीराम मंगल भवन हैं, अमंगलहारी हैं। मर्यादा पुरुषोत्तम भी हैं। लेकिन कविता में वे भी वसंत खेलते हैं-खेलत वसंत राजाधिराज। सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला हमारे गांव के पड़ोस के। उनकी वसंत अनुभूति का क्या कहना? गाया है "वर्ण गंध धर मधुमरन्द भर तरू-उर की अरूणिमा तरूणतर।" कालिदास, जैसी वसंत अनुभूति को आज हम सोच भी नहीं सकते। निराला के पड़ोसी होकर भी हम लोग वसंत रस का स्वाद नहीं पाते। क्या करें? सोशल नेटवर्किंग में वसंत गंध की कोई जगह नहीं। चैटिंग का बतरस है। बात का बतंगड़ है। अब "सखि वसंत आया" जैसी शब्द धुन की फिक्र किसको है।

वसंत हमारी सांस्कृतिक अनुभूति भी है। आस्था नहीं, देखी जांची, परखी प्रत्यक्ष सांस्कृतिक संपदा। प्रकृति छन्दबद्ध है। अराजक नहीं। प्रकृति नियम आबद्ध है। वैदिक ऋषियों ने प्रकृति की नियमबद्धता और छन्दस्। गति को 'ऋत' कहा है। ऋत अन्तस् प्रवाह है और ऋतु इसी छन्दबद्ध प्रवाह का चेहरा। गतिशील जगत् में ऋत के कारण परिवर्तन आते हैं। भारत में मोटे तौर पर 6 ऋतुएं हैं। लेकिन मस्त वसंत ऋतुराज है। वसंत स्वयं मस्त है, मस्ती देते भी हैं। वे ऐसे वैसे मनमोहन नहीं हैं। वे जैसे मनमोहन हैं, प्रकृति के हरेक अंग को वैसी ही मनमोहन तरंग से भर देते हैं। वे सृष्टि के सभी घटकों को नृत्य तरंग और उमंग देते हैं। वसंत भारतीय लोकजीवन का उल्लास है। शुद्ध भौतिक लेकिन रस आपूरण में परिपूर्ण आध्यात्मिक भी। वसंत सनातन हैं, पुरातन हैं और हर बरस नित नए भी हैं। प्रज्ञा और मस्ती के परम्परा प्रवाह को गति देते हैं। शुभकामना है कि यह वसंत आप सबको नवउमंग और नवतरंग के उल्लास से भरे।

# रत्नों की बारिश

> मोरारजी देसाई की जनता पार्टी सरकार के साथ इन्होंने ऐसा ही किया था। तब इस काम के लिए अपने दाहिने हाथ राजनारायण को आगे किया था, फिर धीरे-धीरे अपने समर्थक सांसद हटाकर स्वयं बाहर हुए और सरकार गिराई। उन्हें इंदिरा गांधी ने समर्थन का झांसा दिया और ये सरकार बनाकर प्रधानमंत्री बन बैठे।




रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

यहां हम हीरा मोती पन्ना आदि रत्नों की बात नहीं कर रहे हैं, बल्कि उन भारतरत्न सम्मानों की कर रहे हैं, जिनकी सद्यः बरसाती झड़ी लग गई है। नरेंद्र मोदी के द्वारा 2014 में प्रधानमंत्री पद संभालने के बाद उनकी सरकार द्वारा अब तक 10 विभूतियों को यह प्रदान किया गया या जाएगा। इसमें कालखंडों के अनुसार वितरण बहुत असामान्य है। पांच सम्मान साढ़े नौ साल में, शेष पांच एकदम से पंद्रह दिन के अंदर, और वह भी 26 जनवरी को होने वाली सामान्य घोषणाओं में शामिल न किए जाकर, बाद में रुक-रुक कर, कुछ सोच-सोच कर। वैसे गृह विभाग के नियमों के अंतर्गत एक वर्ष में तीन ही ऐसे सम्मान दिए जा सकते हैं। लगता है इनका संबंध आसन्न लोकसभा चुनावों की गणित से है और भाजपा को 'रामास्त्र' पर पूरा भरोसा नहीं है, गर्वोक्ति चाहे जितनी करें। यहां हम अभी घोषित चौधरी चरणसिंह के नाम की विवेचना कर रहे हैं, जिसका सीधा संबंध उत्तर प्रदेश से है। चरणसिंह की धूमिल विरासत उनके पौत्र जयंत चौधरी ढो रहे हैं और उनके पितामह को यह सम्मान देकर पश्चिम उत्तर प्रदेश की जाट बेल्ट में वोटों की तलाश माना जा रहा है।

विगत में कथित किसान आंदोलन में राकेश टिकैत द्वारा सड़कें घेरने से सरकार को घुटने टेकने पड़े थे और तीनों कृषि कानून वापस लेने पड़े थे, भाजपा का इस पट्टी में असर क्षीण हुआ और इधर रालोद मुखिया जयंत चौधरी भी 'अखिलेश से ताल मेल कर रहे थे। ऐसे में इस पट्टी को साधने के लिए जयंत को लोकसभा टिकट, उनकी पत्नी को राज्यसभा प्रवेश और उनके बाबा को भारत रत्न देकर अखिलेश के पाले से खींचा गया है। दांव कितना कारगर होगा, यह समय बताएगा। वैसे चौधरी चरणसिंह दल बदल प्रथा के जनक माने गए हैं और उन्हें लोग 'चेयरसिंह' कहने लगे थे। उत्तर प्रदेश में उन्होंने अपनी ही चन्द्रभानु गुप्त सरकार गिराई थी, जब उनके चहेते दो व्यक्ति उदित नारायण शर्मा और जयराम वर्मा को गुप्त जी ने मंत्री नहीं बनाया था। चौधरी साहब ने चलते सदन में 17 विधायक लेकर फ्लोर क्रास की थी। यही नहीं केंद्र में भी अपनी मोरारजी देसाई की जनता पार्टी सरकार के साथ इन्होंने ऐसा ही किया था। तब इस काम के लिए अपने दाहिने हाथ राजनारायण को आगे किया था, फिर धीरे-धीरे अपने समर्थक सांसद हटाकर स्वयं बाहर हुए और सरकार गिराई। उन्हें इंदिरा गांधी ने समर्थन का झांसा दिया और ये सरकार बनाकर प्रधानमंत्री बन बैठे।

इंदिरा ने तुरंत समर्थन वापस ले लिया और ये लोकसभा फेस नहीं कर पाए और इस्तीफा देना पड़ा। यानी देश के इतिहास में एक ऐसा प्रधानमंत्री भी हुआ, जिसका सदन में एक क्षण को भी बहुमत नहीं रहा। हालांकि उन्होंने कहा था, 'मेरी तमन्ना पूरी हुई और हर व्यक्ति को इस पद की चाहत रखनी चाहिए'। भाजपा के पुरखे अटलविहारी बाजपेयी और कांग्रेस से हटे बाबू जगजीवनराम ने तब चुटकी लेते हुए कहा था, "बुजुर्ग की तमन्ना पूरी हुई"।

# मनुष्य का धर्म, मनुष्यता यानी नैतिकता



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

> धर्म के पालन से ही धर्म की रक्षा होती है। तभी उससे मिलने वाली सुरक्षा भी मिल सकती है। "धर्म की रक्षा" के लिए तलवार-बंदूक नहीं उठानी पड़ती।

धर्मो रक्षति रक्षितः धर्म की रक्षा करो तो धर्म तुम्हारी रक्षा करेगा? वाह, क्या बात है! माने धर्म लेन-देन की चीज़ है, कोई कॉन्ट्रैक्ट है-एक हाथ दो, दूसरे हाथ लो। इस श्लोकांश ने बहुत भ्रम फैलाया है। पूरा श्लोक है-धर्म एव हतो हन्ति धर्मो रक्षति रक्षितः।

तस्माद्धर्मो न हन्तव्यो मा नो धर्म हतोऽवधीत्॥ (मनुस्मृति 8:15) (धर्म नष्ट होने पर (पालन न किए जाने पर) नष्ट करता है और रक्षित होने पर रक्षा करता है। इसलिए धर्म को नष्ट नहीं करना चाहिए (उसका उल्लंघन नहीं करना चाहिए) ताकि नष्ट हुआ धर्म हमें नष्ट न कर दे।) तो धर्म की "रक्षा" का एकमात्र अर्थ है धर्म का पालन। धर्म के पालन से ही धर्म की रक्षा होती है। तभी उससे मिलने वाली सुरक्षा भी मिल सकती है। "धर्म की रक्षा" के लिए तलवार-बंदूक नहीं उठानी पड़ती। और 'धर्म' का पालन कैसे होता है? पूजा-पाठ करके, ईश्वर-नाम का जप करके, यज्ञ-हवन करके? नहीं। यह सब मनोपचार है। हमारे मन की शांति और सुस्थिरता के लिए है। हम नियमित पूजा-पाठ करते रहें, ईश्वर का नाम जपते रहें और कोई छुरा लेकर हमारा गला काटने आ जाए तो धर्म कहीं से प्रकट होकर उसका छुरा छीन लेगा और उसे पटककर लतियाना शुरू कर देगा? आपको नहीं लगता, ऐसा कुछ होने वाला नहीं, यह शुद्ध अंधविश्वास है? तो अपनी रक्षा का इंतज़ाम हमें स्वयं करना पड़ेगा। किंतु असली 'धर्म' का पालन करने से असुरक्षा का ख़तरा कुछ कम अवश्य हो सकता है, बशर्ते वह असली धर्म हो। सवाल है असली धर्म क्या है? मनुस्मृति बहुत बदनाम ग्रंथ है, फिर भी कहां लिखा है कि बदनाम लोगों या बदनाम चीज़ों में कोई अच्छी बात हो ही नहीं सकती।

मनुस्मृति में ही धर्म के लक्षण देख लीजिए- धृतिः क्षमा दमोऽस्त्येयं शौचमिन्द्रि यनिग्रहः। /धीर्विद्या सत्यीमक्रोधो दशकं धर्मलक्षणम्।। (मनुस्मृति, 6.92) (धैर्य, क्षमा, आत्मनियंत्रण, अस्तेय (किसी चीज़ की चोरी न करना), शौच (भीतर-बाहर से पवित्र रहना), इन्द्रिय-निग्रह (इन्द्रियों को भटकने से रोकना), बुद्धिमत्ता (विवेकशीलता), विद्या (ज्ञानार्जन करना), सत्य, और क्रोध पर क़ाबू रखना, धर्म के यही दस लक्षण हैं।) यानी धर्म माने नैतिकता-पूजा-पाठ नहीं। हम आत्मनियंत्रण रखें, चोरी न करें, इंद्रियों को भटकने से रोकें, विवेकशील बनें (आत्मरक्षा भी विवेकशीलता में शामिल नहीं है?), सोच-समझकर सत्य ही बोलें, क्रोध पर क़ाबू रखें तो हमारी रक्षा की संभावना अधिक नहीं होगी? धर्म माने वह जो मनुष्य को पशुओं से पृथक करता है, उनसे बेहतर बनाता है- आहारनिद्रा भय मैथुनं च सामान्यमेतत् पशुभिर्नराणाम्।

धर्मो हि तेषामधिको विशेषः धर्मेण हीनाः पशुभिः समानाः॥ (महाभारत, शांति पर्व, 264.26) यानी धर्म माने नैतिक-बोध, विवेक, परिस्थिति विशेष में ग़लत-सही का निर्णय करने की क्षमता और तदनुरूप व्यवहार करने की प्रवृत्ति। अतिसंक्षेप में धर्म माने-श्रूयतां धर्मसर्वस्वं, श्रुत्वा चैवावधार्यताम्।/आत्मनः प्रतिकूलानि, परेषां न समाचरेत्।। (पद्मपुराण, सृष्टि खण्ड, 19.357)(धर्म का सर्वस्व सुनो और सुनकर उसे अमल में लाओ। जो अपने को प्रतिकूल लगता है, वैसा दूसरों के साथ नहीं करना चाहिए।) जी हां, धर्म का व्याकरणिक या व्युत्पत्तिमूलक अर्थ भी हमें इसी निष्कर्ष तक ले जाएगा। 'ध्रियते लोकोऽनेन, धरति लोकं वा इति धर्मः' यही न? क्या मतलब हुआ इसका? धर्म वह है जो लोक को, ब्रह्मांड को धारण करता है (पूजा-पाठ नहीं)। सवाल है हमारे लिए, मनुष्य के लिए धर्म क्या है? बहुत सोचिए, बहुत विचारिए किंतु जवाब वही मिलेगा। मनुष्य का धर्म मनुष्यता यानी नैतिकता। यानी धैर्य, क्षमा, इंद्रियों पर, मन पर नियंत्रण वगैरह। यानी दूसरों के साथ वैसा न करना जैसा हम दूसरों से नहीं चाहते। तभी धर्म इस मनुष्य लोक को धारण कर पायेगा। बाक़ी उसे और भी बहुत कुछ धारण करना है। पृथ्वी की गति, सूर्य, चंद्रमा, हमारी आकाश गंगा नामक नीहारिका के अनन्त सूर्य, उनके अनंत ग्रह-उपग्रह, फिर अनंत नीहारिकाएं, उनके सूर्य, उनके ग्रह-उपग्रह... सबको धारण करना है, अपनी-अपनी जगह, अपने-अपने काम में लगाए रखना है। हमें और आपको छुरेबाज़ों से बचाने की फ़ुरसत है 'ध्रियते लोकोऽनेन, धरति लोकं वा इति धर्मः' वाले धर्म को? यह भी है कि आदमी ख़ुद तो नैतिक बन सकता है किंतु दूसरों को नैतिक कैसे बनायेगा? नहीं बना सकता। लेकिन पहले ख़ुद नैतिक बने तभी न दूसरों से नैतिक बनने की अपेक्षा कर सकता है।

सभी लोग नैतिक कभी नहीं होंगे। कुछ लोग उन्माद में बह जाएंगे। धर्मांधता में ग़लत को सही समझ लेंगे। उनसे रक्षा के लिए ही राज्य नाम की संप्रभु संस्था है जिसके पास मनुष्य के अनैतिक आचरण- उसकी अपराध-वृत्ति, उसके उन्माद, उसकी धर्मांधता से-हमारी-आपकी रक्षा के लिए एक विशद और ख़र्चीला अधिष्ठान है जो हमारे-आपके पैसे (कर) से चलता है। राज्य के प्रतिनिधि ठीक से काम नहीं करते, ख़ुद अनैतिक आचरण करते हैं, अनैतिक लोगों से मिल जाते है और उन्हीं की मदद करने लगते हैं? इसी का उपाय है जनतंत्र, जनतांत्रिक प्रक्रिया से राज्य के प्रतिनिधियों का चयन। यह काम भी ठीक से नहीं होता? कौन गड़बड़ करता है? हम और आप ही उसके लिए ज़िम्मेदार नहीं हैं? फिर तो भगवान् ही मालिक हैं। और कोई उपाय नहीं।

## महर्षि वाल्मीकि के वर्ण को लेकर भ्रांति और यथार्थ



प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ
एचपीयू, शिमला

महर्षि वाल्मीकि को प्राचीन वैदिक काल के महान ऋषियों कि श्रेणी में प्रमुख स्थान प्राप्त हैं। वह संस्कृत भाषा के आदि कवि तथा आदि काव्य 'रामायण' के रचयिता के रूप में प्रसिद्ध हैं। उनके वर्ण (जाति) को लेकर जनमानस में व्याप्त भ्रान्ति का निराकरण स्वयं वाल्मीकि द्वारा किया गया है। महर्षि वाल्मीकि अपना परिचय श्रीराम को देते हुए कहते हैं " प्रचेतसोऽहं दशमः पुत्रो राघवनन्दन।" (वाल्मीकि रामायण 7/96/18) अगले श्लोक में वे महर्षि भृगु के कुल में जन्म लेने की पुष्टि करते हैं। संनिबद्धं हि श्लोकानां चतुर्विंशत्सहस्त्रकम्। उपाख्यानशतं चैव भार्गवेण तपस्विना।। (वाल्मीकि रामायण 7/94/25) ब्रह्मवैवर्त पुराण में उल्लेख है-कति कल्पान्तरेऽतीते स्त्रष्टुः सृष्टिविधौ पुनः। /यः पुत्रश्चेतसो धातुः बभूव मुनिपुङ्गवः।।/तेन प्रचेता इति च नाम चक्रे पितामहः।।-अर्थात्: कल्पान्तरों के बीतने पर सृष्टा के नवीन सृष्टि विधान में ब्रह्मा के चेतस से जो पुत्र उत्पन्न हुआ, उसे ही ब्रह्मा के प्रकृष्ट चित्तसे आविर्भूत होने के कारण प्रचेता कहा गया है। मनुस्मृति में ब्रह्माजी द्वारा प्रचेता इत्यादि 10 महर्षियों के जन्म के विषय में लिखा है। अहं प्रजाः सिसृक्षुस्तु तपस्तप्त्वा सुदुश्चरम्।/ पतीत् प्रजानामसृजं महर्षीनादितो दश।। (मनु०-1/34-35)

महाभारत में भी महर्षि वेदव्यास ने महर्षि वाल्मीकि के भार्गव कुल में उत्पत्ति के विषय में लिखा है - श्लोकश्चापं पुरा गीतो भार्गवेण महात्मना।/ आख्याते रामचरिते नृपति प्रति भारत।। (महाभारत 12/57/40) विष्णु पुराण इनका एक नाम ऋक्ष भी आया है-ऋक्षोऽभूद्भार्गववस्तस्माद्वाल्मीकिर्योऽभिधीयते। (विष्णु०3/3/18)-शिव पुराण में इन्हे ब्रह्मा से उत्पन्न बताया गया है।/ पुरा स्वायम्भुवो ह्यासीत् प्राचेतस महाद्युतिः। / ब्रह्मात्मजस्तु ब्रह्मर्षि तेन रामायणं कृतम्।।

उत्तर रामचरित में वाल्मीकि जी सीता को अयोध्या में राम के सम्मुख रखते हुए कहां कि मैने कभी कोई पाप कर्म, अहिंसा या असत्य भाषण किया हो यह मुझे याद नहीं (मुझे कई जन्मों का स्मरण है) श्रीराम! मैं तुम्हें विश्वास दिलाता हूं कि सीता पवित्र और सती है। कुश और लव आपके ही पुत्र हैं। मैं कभी मिथ्याभाषण नहीं करता। यदि मेरा कथन मिथ्या हो तो मेरी संपूर्ण तपस्या निष्फल हो जाय। इससे भी स्पष्ट है कि वे कभी अहिंसा आदि कार्य में सलंग्न नहीं रहे, अब प्रश्न आता है कि यदि महर्षि वाल्मीकि ब्राह्मण वर्ण में जन्मे प्रचेता के पुत्र थे तो उनके शुद्र वर्ण में जन्म लेने की कथा का प्रसार कैसे हुआ? इसका उत्तर स्कन्द पुराण में है जहां रत्नाकर नामक एक डाकू का वर्णन है जो देवर्षि नारद की प्रेरणा से राम नाम लेकर महान तपस्वी बनता है और अपना नाम वाल्मीकि रख लेता है। पुराणों का कालखंड रामायण से बहुत बाद का है, और रत्नाकर का वर्णन केवल स्कंद पुराण में मिलता है, यही संभावना सबसे सटीक बैठती है। महर्षि वाल्मीकि जन्म और कर्म दोनो से ब्राह्मण और त्रिकालदर्शी और सभी के लिए पूज्य है और उनकी कृति से संपूर्ण मानवता लाभान्वित हो रही हैं।

## कहां है साहित्य की वह धारा



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

जो दुखों से घिरे जनमानस को आश्वस्त करे, निर्भय करे, जिसमें निर्लिप्त-दृष्टि और मनुष्यता की ज्योति है? मीडिया के इतने विकास के बावजूद क्या आज भी साहित्य और जनता के बीच दूरी बनी है? यदि हां तो क्यों? सवाल यह है कि क्या जनता और साहित्य अभी भी दूर हैं? ऐसा तो नहीं कि साहित्य समझ रहा हो कि जनता अपढ़ है, वह भला साहित्य को क्या समझेगी? साहित्य तो अभिजातवर्ग का मनोविलास है। जनता उसका क्या करेगी? साहित्य का सबसे बड़ा गंतव्य तो लोकजीवन ही है और साहित्य की सबसे बड़ी कसौटी लोकमंगल।

साहित्य का सबसे बड़ा आलोचक समय ही है। संतों का साहित्य आज भी जिंदा है और वे किंकविता-अकविता-नई कविता आदि के प्रयोग रसातल में चले गए? जब कोई भाषा और साहित्य जनता से दूर हो जाता है, तो उसकी जीवनी-शक्ति भी चुक जाती है। इससे तो फिल्म के पुराने गीत ही अच्छे, जो जनता की जवान पर तो हैं। आचार्य वासुदेवशरण अग्रवाल ने कहा था। साहित्य-साधना योग है। साहित्य सेवी जहां बैठता है, प्रकाश की किरणें छिटकती हैं। लोक जीवन की परिस्थितियों का द्वन्द्व युगद्रष्टा कवि और मेधावी को जन्म देता है। संवेदन-शक्ति के कारण वह मेधावी-कवि लोकमय हो जाता है। युगद्रष्टा कवि और मेधावी की वाणी में स्वयं युग ही लोकजीवन से संवाद करता है। उसकी वाणी में लोक अभिव्यक्त होता है।

# आओ ऋतुराज वसंत



अमृता पांडे
स्वतंत्र लेखिका, हल्द्वानी

> बसंत के मौसम में एक मनभावन समां बंध जाता है। कहीं भी चले जाइए, प्राकृतिक सौंदर्य भरपूर मिलेगा। इन्हीं दोनों प्योंली और बुरांश की अद्भुत छटा देखने को मिलती है।

इस बार ठंड कुछ देर से आई तो संभव है जाएगी भी देर से वरना वसंत पंचमी के त्यौहार के बाद मौसम में परिवर्तन आने लगता है। ठंड दबे पैरों वापस जाने लगती है और मधुमास अपने लाव लश्कर के साथ चला आता है। फाल्गुन और चैत्र वसंत ऋतु के दो प्रमुख महीने हैं। वसंत ऋतु के आगमन के साथ ही तापमान में वृद्धि होने लगती है और सर्दी से निजात मिलती है। मन जो शीत ऋतु में कभी-कभी अवसाद से ग्रसित हो जाता था, उसे आनंद की अनुभूति होती है, जीवन में राहत लाता है वसंत। आम में बौर आने लगती है, कोयल पंचम सुर में गाती है, ठंड से ठिठुर रहे विहंग अब उड़ने का बहाना ढूंढते हैं तो किसान लहलहाती हुई गेहूं की बालियों और सरसों को देख फूले नहीं समाते हैं। नव पल्लव, नव कुसुम और नवगात की सौगात साथ लेकर वसंत ऋतु आती है इसीलिए तो यह ऋतुराज कहलाती है। वसंती दुशाला पहने धरा का सौंदर्य अद्भुत खूबसूरत लगता है। अंगारों की तरह खिलते लाल बुरांस और सोने की तरह पीले फ्योंली की छटा तो देखते ही बनती है। फरवरी के महीने में वैलेंटाइन वीक की धूम है।

अपने यहां तो वसंत ऋतु को ही प्रेम की ऋतु कहा जाता है। जीवन में गुनगुनी धूप हो, मंद मंद पवन बहती रहे, प्रेम रस में घुले मीठे बोल हों और क्या चाहिए प्रेम को? अनेक गीतकारों और संगीतकारों ने बसंत को लेकर सुंदर शब्द रचना की हैं और धुन बनायी है... रुत आ गई रे, रुत छा गई रे, संग बसंती अंग बसंती रंग बसंती छा गया, मस्ताना मौसम आ गया, पुरवा सुहानी आई रे, ओ बसंती पवन पागल जैसे गीत बासंती उमंग और उत्साह को और बढ़ा देते हैं। कई कवियों ने अपनी रचनाओं में वसंत को गाया है, जिनमें जायसी, सुभद्रा कुमारी चौहान, अमीर खुसरो, निराला, गोपाल दास नीरज, दिनकर, भारतेंदु हरिश्चंद्र, जयशंकर प्रसाद जैसे महान कवि प्रमुख हैं। वसंत को कामदेव का पुत्र कहा गया है। कवि देव ने क्या खूब कहा है...

डार द्रुम पलना बिछौना नव पल्लव के, सुमन झिंगूला सोहै तन छबि भारी दै।/पवन झूलावै, केकी-कीर बतरावैं 'देव', कोकिल हलावै हुलसावै कर तारी दै।।/ पूरित पराग सों उतारो करै राई नोन, कंजकली नायिका लतान सिर सारी दै।/मदन महीप जू को बालक बसंत ताहि, प्रातहि जगावत गुलाब चटकारी दै॥

वसंत पंचमी इस बार 14 तारीख को मनाई जाएगी। इस दिन सुबह स्नान करके घरों में लिपाई-पुताई होती है, पूड़ी-पकौड़ी बनाई जाती है, घर की चौखटों पर ऐंपण दिए जाते हैं। घर की मालकिन टोकरी में फूल, दीप, अगरबत्ती, खाद, पानी, हल्दी टीका, कुदाल रखकर खेत में जाकर हलजोत की रस्म करती है। प्रकृति का धन्यवाद अदा करते हुए अगली बार भी अच्छी फसल होने की कामना करती है। पुराने समय में जिन लोगों के पास बैल हुआ करते थे, वे इस दिन खेत में बैलों के साथ रस्म के तौर पर बुआई करते थे। जिनके पास बैल नहीं होते, वे कुदाल से ही खेत में एक जगह पर खुदाई कर वहां पर खाद आदि से जमीन तैयार करते और उसका घर से टोकरी में लाई गई पूजन सामग्री से पारंपरिक पूजन करते थे। ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी यह प्रथा प्रचलित है। हालांकि खेती का रकबा बुरी तरह घटा है।

वर्तमान समय में अधिकतर बड़े शहरों में कंक्रीट के जंगल दृष्टिगोचर होते हैं, हरियाली से छेड़छाड़ की गई है, वहीं उत्तराखंड के पर्वतीय अंचल में प्रकृति आज भी अपने संपूर्ण यौवन में मिल जाएगी। बसंत के मौसम में एक मनभावन समां बंध जाता है। कहीं भी चले जाइए, प्राकृतिक सौंदर्य भरपूर मिलेगा। इन्हीं दोनों प्योंली और बुरांश की अद्भुत छटा देखने को मिलती है। और जब बात उत्तराखंड की हो तो हम अपने प्रकृति के सुकुमार कवि सुमित्रानंदन पंत जी को कैसे भूल सकते हैं। यूं तो पंत जी ने वसंत पर बहुत कुछ लिखा है लेकिन यहां पर उनकी चार पंक्तियां ही काफी हैं... चंचल पग दीपशिखा से धर/गृह मग, वन में आया वसंत/सुलगा फाल्गुन का सूनापन/सौंदर्य शिखाओं में अनंत।- बसंत के आगमन के साथ ही दिन बड़े होने लगते हैं जो इस बात का संकेत है कि यह जागृत होने का समय है। अपने मन मस्तिष्क को जागृत रखें,अपनी ऊर्जा को सही कार्यों में लगाए, यही संदेश लाता है वसंत हम सब के लिए।

# अयोध्या और तुलसी



डा. अरविंद मिश्रा
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

अयोध्या के नए मंदिर में प्रभु श्रीराम के नए विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा हो गई है। अयोध्या से लौट रहे प्रभु भक्त वहां की भव्यता नव्यता का वर्णन करते नहीं थकते। अयोध्या का उद्धार हो गया। प्रभु राम पुनः विराजे हैं। किंतु एक बात खटकने वाली है। जिसकी चर्चा कई जुबानों पर है। इस सारे परिप्रेक्ष्य में संत कवि तुलसी जैसे विस्मृत से कर दिए गए हों। रामकथा के अनेक प्रतीक प्रस्तरों मूर्तियों मे तुलसीदास कहीं नहीं दिखते। अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा भी आदि कवि वाल्मिकी के नाम पर है। जबकि जन जन तक में श्रीराम की भक्ति का प्रसार करने में तुलसी अद्वितीय हैं। कहते हैं कि तुलसी की काव्य साधना का एक सुदीर्घ काल अयोध्या में ही बीता था।

कुछ विद्वानों का तो यह भी मानना है कि आततायी आक्रांताओं के प्रतिकार में ही संत कवि ने मानस काव्य प्रबंध का संकल्प लिया और रावण और उसकी राक्षसी सेना को ही उन्होंने आततायियों के प्रतीक के रुप में प्रस्तुत किया। जिससे लोकमानस प्रेरणा लेकर आक्रांताओं के विनाश को तत्पर हो। इसलिए क्षोभ भरा आश्चर्य है कि अयोध्या के पुनरुद्धार में तुलसी को बिसरा दिया गया है। कहीं इसके कोई राजनीतिक निहितार्थ तो नहीं?

आज जब केवल और केवल वोट बैंक को हलोरने के दृष्टिगत ही बड़े और अभूतपूर्व फैसले लिए जा रहे हों, सारा माहौल राजनैतिक दांव पेंच से बोझिल हो गया हो कोई आश्चर्य नहीं कि एक यशस्वी संत कवि को मात्र इसलिए ही बिसराने की कूट रचना हो रही हो कि वे ब्राह्मण थे और आज की राजनीति में ब्राह्मण हाशिये पर हैं। उनसे वोटों की गणित हल नहीं होगी। आज बस केवल अनुसूचित और पिछड़े ही राजनीति के तारणहार बने हैं। वोट के इस अपार भंडार के सामने ब्राह्मण की क्या बिसात? पहले तो यह कि कोई भी संत महात्मा जाति पांत से विमुक्त होता है। जाति न पूछो साधु की। और तुलसी के ब्राह्मण होने का मापदंड तो बालकांड की प्रस्तावना की इस अर्धाली से ही स्पष्ट है-'बंदऊ प्रथम महीसुर चरना मोह जनित संशय सब हरना।' अर्थात ब्राह्मण वही जो मोह से उत्पन्न सभी संशयों को मिटा देने का ज्ञान रखता हो। जो भी हो, राजनीति से बोझिल वातावरण में तुलसी की विस्मृति का यदि सचमुच कोई कुचक्र हो, या नहीं भी हो, आरोपित हो रहे राजनीति के शिखर पुरुषों को ही इसका स्पष्टीकरण देना होगा। केवल वाचिक ही नहीं कर्मणा भी। अयोध्या में मंदिर के द्वार प्रमुख पर संत कवि तुलसी की एक भव्य मूर्ति स्थापित हो। यही वर्तमान शासकों द्वारा तुलसी के बिसराये जाने के लांछन का प्रतिकार होगा।

हनुमानगढ़ी | रामपथ





# 10 लाख श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी, किया दर्शन-पूजन

## साढ़े तीन लाख भक्तों ने रामलला के दरबार में लगाई हाजिरी ▶ प्रयागराज में गंगा स्नान के बाद आई भीड़ को नियंत्रित करने के लिए जगह-जगह लगाए गए बैरियर

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** मौनी अमावस्या के दूसरे दिन शनिवार को प्रयागराज से लौटे 10 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने रामनगरी में सरयू में आस्था की डुबकी लगाकर मठ-मंदिरों में दर्शन-पूजन किया। साढ़े तीन लाख भक्तों ने रामलला के दरबार में हाजिरी लगाई। श्रद्धालुओं को सुरक्षा मानकों के तहत कतारबद्ध तरीके से प्रवेश के बाद दर्शन-पूजन कराया गया।

सरयू के घाट पर शनिवार सुबह लगभग चार बजे से ही स्नान करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। स्नान के बाद हनुमानगढ़ी और राम जन्मभूमि पर दर्शन पूजन के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतार में लगी। जिला प्रशासन ने राम मंदिर में भीड़ के दबाव को रोकने के लिए श्रद्धालुओं को रामपथ से ही दर्शन मार्ग से ही प्रवेश दिया। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए सिविल पुलिस के साथ आरएएफ ने भी मोर्चा संभाला।

सिद्धपीठ हनुमान गढ़ी पर भी दर्शन कराए जाने के लिए विशेष इंतजाम किए गए। श्रद्धालुओं को भक्तिपथ के रास्ते हनुमानगढ़ी तक जाने के लिए कई स्थानों पर बैरियर लगाए गए और छोटी-छोटी टुकड़ियों में ही उन्हें मंदिर में प्रवेश कराया गया। जिलाधिकारी नीतीश कुमार ने बताया कि राम मंदिर में दोपहर दो बजे तक दो लाख से अधिक श्रद्धालुओं के दर्शन किए हैं। दूसरी पाली भीड़ का दबाव कुछ कम रहा। जिसमें लगभग डेढ़ लाख भक्तों राम मंदिर में दर्शन-पूजन किया।



रामपथ पर भीड़ को दूसरे रास्ते से जाने की अपील करती पुलिस। अमृत विचार

### आस्था स्पेशल ट्रेन से हर दिन आ रहे 25 हजार राम भक्त

22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के बाद देश के अलग-अलग स्थानों से राम भक्तों के आने का क्रम जारी है। 23 जनवरी से प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु राम मंदिर में दर्शन पूजन कर रहे हैं। बस और निजी साधनों के अलावा प्रतिदिन 10 से अधिक आस्था स्पेशल ट्रेन के माध्यम से लगभग 25 हजार से अधिक लोग यहां पहुंचे रहे हैं। उनके रुकने और भोजन करने की सुविधा के लिए टेंट सिटी बनाई गई। वे सभी एक दिन के प्रवास के बाद राम मंदिर में दर्शन पूजन कर रहे हैं।

### हर तरफ रही राम नाम की गूंज

अयोध्या में हर तरफ राम नाम की गूंज सुनाई दे रही है। राम मंदिर निर्माण के साथ रामनगरी को त्रेतायुग की झलक दिखाई रही है। राम मंदिर में दर्शन करने जा रहे हैं श्रद्धालुओं को अहमदाबाद के संस्थान के द्वारा सड़कों पर खड़े होकर लोगों को राम नाम जपने की अपील कर रहे हैं। उनका मानना है कि लाखों राम भक्तों के द्वारा करोड़ों बार राम नाम कहने से देश का कल्याण होगा। प्रभु राम के नाम में अपार शक्ति है। इसलिए यह संस्था लोगों को राम नाम जपने और उनसे प्राप्त होने वाले सुख का एहसास कर रहे हैं।

### सर्किट हाउस में अतिथियों के लिए ऑन कॉल मौजूद होंगे डॉक्टर

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** अब सर्किट हाउस में आने वाले विशिष्ट अतिथियों व न्यायाधीशों के लिए जिला अस्पताल के चिकित्सकों को ऑन कॉल ड्यूटी निभानी पड़ेगी। इसके लिए सीएमएस की ओर से एक पत्र जारी किया गया है। जारी पत्र के मुताबिक समस्त चिकित्सा विशेषज्ञ व अधिकारियों को आदेशित किया जाता है कि सर्किट हाउस में रुकने वाले अतिथियों को आवश्यकता पड़ने पर ऑन कॉल चिकित्सक द्वारा उक्त स्थल पर तत्काल चिकित्सकीय सहायता प्रदान की जाएगी। संबंधित चिकित्सक फार्मासिस्ट के साथ औषधि व उपकरण लेकर जाएंगे।

# पांच साल की बच्ची से छात्रों ने किया सामूहिक दुष्कर्म

## 10 और 8 वर्ष के छात्रों पर वारदात को अंजाम देने का आरोप

धानेपुर, गोंडा

**अमृत विचार:** जिले के धानेपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में पांच वर्ष की बालिका के साथ सामूहिक दुष्कर्म का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोप है स्कूल के दो छात्रों ने हैवानियत को अंजाम दिया है। दोनों की उम्र 10 वर्ष और 8 वर्ष बताई जा रही है। पीड़िता के परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है और घटना की छानबीन में जुट गई है।

धानेपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाले सख्श के मुताबिक उसकी पांच साल की बेटी गांव के बगल स्थित एक निजी स्कूल की छात्रा है। शुक्रवार को वह पढ़ने के लिए स्कूल गयी थी। स्कूल में उसके साथ दो छात्रों ने सामूहिक दुष्कर्म किया। स्कूल से वापस लौटने के बाद जब मासूम ने परिजनों से दर्द की शिकायत की और घटना की जानकारी दी। मासूम संग दुष्कर्म जैसी घिनौनी वारदात की जानकारी पर परिवार के लोग सन्न रह गए। तत्काल इसकी जानकारी पुलिस को दी गयी।

दुष्कर्म की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक वेद प्रकाश शुक्ला दल बल के सात मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। पुलिस ने घायल मासूम को जिला महिला पहुंचाया। इलाज के बाद शनिवार को पीड़िता को छुट्टी दे दी गयी। शनिवार की सुबह सीओ सदर शिल्पा वर्मा पीडिता के गांव पहुंची और परिवार के लोगों से घटना की जानकारी ली। परिजनों की शिकायत पर दोनों आरोपी छात्रों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है और उनकी तलाश की जा रही है।

### फॉरेंसिक टीम के साथ एसपी ने किया निरीक्षण

पांच वर्षीया छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म करने की वारदात की जानकारी मिलने पर शनिवार को एसपी विनीत जायसवाल भी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। एसपी ने स्कूल तथा पीडिता के गांव पहुंचकर घटना की जानकारी ली। एसपी ने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है। स्कूल के ही 10 व 8 वर्ष के छात्रों पर दुष्कर्म का आरोप है। पीड़िता का मेडिकल कराया गया है और उसे घर भेज दिया गया है। फॉरेंसिक टीम साक्ष्य संकलन में जुटी है। जांच रिपोर्ट मिलने पर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जायेगी।

# मंत्री और विधायक आज जाएंगे अयोध्या, करेंगे रामलला के दर्शन

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचारः** रामलला के दरबार में हाजिरी लगाने के लिए योगी सरकार के सभी मंत्री और विधायक आज 10 लग्जरी बसों से रामनगरी आएंगे। फूलों से सजी बसों में रामधुन बजेगी। मुख्यमंत्री योगी दोपहर के आसपास अयोध्या एयरपोर्ट पर पहुंचेंगे। उनके साथ मंत्रिमंडल के सहयोगियों के अलावा अन्य गणमान्य भी रहेंगे। योगी सरकार करीब चार घंटे रामनगरी में रहेगी।

उप सूचना निदेशक/प्रभारी मीडिया सेंटर लोकभवन डॉ. मुरलीधर सिंह ने बताया कि बसों की व्यवस्था व्यवस्था परिवहन मंत्री द्वारा विशेष रूप से की गयी है। मंत्रियों और विधायकों को लेकर बसों का काफिला 11 फरवरी की सुबह करीब आठ बजे विधान भवन लखनऊ से अयोध्या धाम यात्रा के लिए रवाना होगा। जो करीब 11 बजे अयोध्या धाम पहुंचेगा। यहां हनुमानगढ़ी में सभी पूजा-अर्चना करने के बाद दोपहर करीब 12:30 बजे रामलला के दर्शन करने जाएंगे। रामलला का दर्शन-पूजन करने के बाद भोजन करेंगे। काफिला बसों से ही लखनऊ के लिए रवाना हो जाएगा। एसपी सिटी मधुबन सिंह ने बताया कि हाईवे और जिले के सभी संबंधित थाना पुलिस को सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

**रामजन्मभूमि परिसर में ही सभी करेंगे भोजनः** सभी मंत्री और विधायक विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना के साथ रामजन्मभूमि परिसर में ही दोपहर का भेजन करेंगे। हनुमानगढ़ी और रामलला के दर्शन-पूजन के बाद दोपहर दो बजे से तीन बजे तक का समय भोजन के लिए निर्धारित किया गया है।



▶▶ फूलों से सजी 10 लग्जरी बसों से आएंगे सभी मंत्री और विधायक, बजेगी रामधुन

# पब्लिक अप्रूवल रेटिंग में फंसी देवीपाटन मंडल की चार सीटें

अरुण कुमार मिश्र, गोंडा

**अमृत विचारः** देवी पाटन मंडल के चारों जिलों में चार लोकसभा सीटें हैं। इनमें एक पर बसपा तो तीन पर भाजपा के सिटिंग सांसद हैं। लेकिन अन्य दलों की अपेक्षा भाजपा पब्लिक अप्रूवल रेटिंग को आधार बनाकर अपना प्रत्याशी तय करने के मूड में दिख रही है। भाजपा के जानकारों का मानना है कि तीन स्तर से तय रिपोर्टों के मिलान के बाद प्रत्याशी तय होंगे। इसमें बदलाव की भी गुंजाइश है। माना जा रहा है कि इसी माह के अंत तक चुनाव की तारीख तय हो सकती है और प्रत्याशियों के नामों की घोषणाएं भी। ऐसे में भाजपा में अधिक मारामारी है। सपा व बसपा में बहुत कम नाम ही हैं जो लोगों के बीच चर्चा में हैं लेकिन भाजपा में मोदी की गारंटी वाली सीट पर चुनाव लड़ने वालों की लंबी फेहरिस्त है। गोंडा लोकसभा सीट पर मनकापुर राजघराने के कीर्तिवर्धन सिंह सिटिंग सांसद हैं। यहां से कीर्तिवर्धन सिंह, कैसरगंज के सांसद बृजभूषण शरण सिंह या उनके बेटे प्रतीक भूषण, गौरा विधायक प्रभात वर्मा, मेहनौन के विधायक विनय कुमार द्विवेदी, महेश नरायन तिवारी, पुष्कर मिश्रा, पीयूष मिश्रा का भी नाम चर्चा में है। गोंडा लोकसभा में गोंडा जिले की चार गोंडा सदर, मेहनौन, मनकापुर व गौरा तथा बलरामपुर जिले की उतरौला विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। यहां का जातीय समीकरण भी अब बदला है। इसमें सबसे अधिक वोटर पिछड़ा वर्ग है जिसमें सबसे अधिक कुर्मी व यादव हैं। इसके बाद मुस्लिम मतदाता हैं। ब्राह्मण निर्णायक भूमिका में है। तीन लोकसभा गौरा, मेहनौन व उतरौला में कुर्मी तथा मुस्लिम मतदाता निर्णायक होते रहे हैं। यहां सपा से सूरज सिंह, कांग्रेस से पूर्व विधायक राम प्रताप सिंह के नाम की भी चर्चा है। इंडिया गठबंधन होने पर यहां सपा या कांग्रेस में किसी एक को ही मौका मिल सकता है। बसपा से अभी किसी नाम की चर्चा सामने नहीं आई है। बगल में कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र हैं जहां 2009 से बृजभूषण शरण सिंह लगातार सांसद हैं। मौजूदा समय वह भाजपा के कद्दावर नेताओं में हैं और कैसरगंज से उनकी दावेदारी पक्की मानी जा रही है लेकिन पार्टी के सर्वे में उनकी पब्लिक अप्रूवल रेटिंग बेहतर है लेकिन विवादों का साया रहने के कारण इस सीट के भी बदलाव के सुर गूंज रहे हैं। यहां भी भाजपा के कई दिग्गजों का नाम चर्चा में है। इस लोकसभा क्षेत्र में गोंडा जिले की तीन तरबगंज, करनैलगंज, कटरा बाजार तथा बहराइच जिले की कैसरगंज व पयागपुर विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। पयागपुर, कटरा बाजार व तरबगंज विधानसभा क्षेत्र में ब्राह्मणों का दखल अधिक माना जा रहा है। समाजवादी पार्टी से पूर्व विधायक बैजनाथ दूबे, पूर्व मंत्री योगेश प्रताप सिंह, कैसरगंज के विधायक आनंद यादव के नाम पर भी जोर आजमाइश चल रही है।

# पंचायत भवन में ताला, तहसील के चक्कर काट रहे फरियादी

थानगांव, सीतापुर

**अमृत विचार।** रेउसा बिकास खण्ड क्षेत्र में अधिकतर पंचायत भवनों में सुबह से शाम तक ताला लटकता रहता है। पंचायत सहायक एवं ग्राम विकास अधिकारी पंचायत भवन पर रहना मुनासिब नहीं समझते हैं। जिससे ग्रामीणों को अनेकों योजनाओं के लाभ जैसे मृत्यु प्रमाण पत्र व जन्म प्रमाण पत्र व परिवार रजिस्टर की नकल आदि प्राप्त करने के लिए ब्लॉक व तहसील परिसर के चक्कर काटने पड़ते है।

शनिवार को रेउसा विकासखण्ड क्षेत्र के ग्राम पंचायत थौरा के पंचायत भवन में सुबह से शाम तक ताला लटकता रहा। पंचायत सहायक व ग्राम सचिव पंचायत भवन पर मौजूद नहीं मिले वहीं स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत सहायक व ग्राम सचिव कभी भी पंचायत भवन पर नहीं बैठते हें और न ही पंचायत भवन का ताला खुलता है।

ऐसे में जन्म मृत्यु व परिवार रजिस्टर की नकल सहित अन्य योजनाओं के लाभ लेने के लिए कई किलोमीटर दूर ब्लॉक व तहसील के चक्कर लगाना पड़ता है।

इस बाबत ग्राम प्रधान रमेश ने आयुष्मान कार्ड बनाने का हवाला दिया। इसी क्रम में ग्राम विकास अधिकारी सोनपाल ने डीएम साहब के आदेशों का हवाला देकर छूटे हुए लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाने की बात कहकर पल्ला झाड़ लिया जिससे परेशानी बढ़ गई।




रेउसा विकासखंड के पंचायत भवन में लटका ताला। अमृत विचार

# थाना दिवस में आईं चार शिकायतें

**महमूदाबाद, सीतापुर।** महमूदाबाद कोतवाली में आयोजित थाना समाधान दिवस के दौरान चार शिकायतें प्राप्त हुई। इनमें से मौके पर एक भी शिकायत का निस्तारण नहीं हो पाया। शनिवार को कोतवाली परिसर में तहसीलदार सूरज प्रताप सिंह की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राजस्व विभाग से संबंधित तीन शिकायतें और पुलिस विभाग से संबंधित एक आई थी। जिसमें से एक भी शिकायत का मौके पर निस्तारण नहीं हो सका।

तहसीलदर सूरज प्रताप सिंह ने बताया समाधान दिवस में कुल तीन शिकायतें राजस्व विभाग से संबंधित एक आई थी। जिसको लेकर विभाग से संबंधित विभागों को शिकायतों के निस्तारण के लिए निर्देशित किया गया है। महमूदाबाद कोतवाली परिसर में आयोजित थाना समाधान दिवस में ज्यादातर राजस्व कर्मी मोबाइल चलाते नजर आए।

# कठिना नदी का जलस्तर बढ़ने से पचास बीघा फसल जलमग्न



कठिना नदी का जलस्तर बढ़ने से पानी में डूबी फसल। अमृत विचार

कुतुबनगर, सीतापुर

**अमृत विचार।** कठिना नदी में पानी का जलस्तर बढ़ने से आसपास स्थित पचासों बीघा फसल पानी में डूब गई है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर ऐसे ही रहा तो हम किसानों की फसलें बर्बाद हो जाएगी। क्षेत्र से होकर निकली कठिना नदी के तटवर्ती क्षेत्र में लगभग एक दर्जन से अधिक गांव बसे हुए हैं। किसानों की हजारों बीघा जमीन नदी के आसपास ही स्थित है। नदी में कई दिनों से पानी का स्तर लगातार बढ़ता जा रहा है। शुक्रवार से पानी खेतों की ओर बढ़ना शुरू हो गया है। शनिवार की सुबह जब लोग खेतों की ओर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि आसपास स्थित पचासों बीघा फसल नदी के पानी में पूरी तरह से डूब गई है। ऐसे में किसान परेशान हो गये। फसलों को बचाने के लिए उन्हें कोई रास्ता दिखाई नहीं दे रहा है। आसपास स्थित गांव रामपुरभूड़ा, भिठौरा आदि गांवों के किसान राजेन्द्र सिंह, नरेंद्र सिंह, शिवप्रताप सिंह, भोगनाथ सिंह, कृष्णपाल सिंह, मोती, संतराम, संजय सिंह आदि किसानों ने बताया कि अगर ऐसे ही नदी का जलस्तर बढ़ता रहा तो हम किसानों की गेहूं, सरसो, व मसूर, की फसलें पानी में डूब जाने से काफी नुकसान हो जयोगा।

### मांगें पूरी नहीं होने पर आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा संगठन

**सकरन, सीतापुर।** शनिवार को ब्लॉक सकरन परिसर में आत्मनिर्भर दिव्यांग एकता फाउंडेशन के विभिन्न दिव्यांगजन एकत्र होकर विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई। खुली बैठक का प्रस्ताव न बन पाने से दिव्यांगजनों का राशन कार्ड न बन पाने से पेंशन नहीं बन पा रही है। उन दिव्यांगजनों का राशन कार्ड बनाया जाए। काफी दिव्यांगजनों को आवास नहीं मिल पा रहा है। दिव्यांगों को मनरेगा में काम दिया जाए। संगठन का कहना है कि मांगों के संबंध में अगर एक सप्ताह के भीतर कोई संज्ञान नहीं लिया गया तो संगठन अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होगा, जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी । इस मौके पर राष्ट्रीय सचिव बिंदू मौर्या, कोषाध्यक्ष विजय पाल, उत्तम कुमार, सलीम, भोलानाथ, पूजा देवी, टीकाराम आदि पदाधिकारी व सदस्यगण उपस्थित रहे।


# बीमा परमिट फिटनेस न मानक पूरे, फर्राटा भर रहीं स्कूली वैन

## आशाराम पब्लिक स्कूल की मैजिक बिना बीमा, फिटनेस, परमिट व प्रदूषण के ढो रही बच्चों को

लक्ष्मण प्रसाद वर्मा

**अमेठी।** जिले के स्कूलों में लगी लगभग एक सैकड़ा वैन बच्चों के लिए खतरा बनी हुईं हैं। इन वाहनों के परमिट, फिटनेस, प्रदूषण और बीमा समेत मानक अधूरे हैं। परिवहन विभाग का धरपकड़ अभियान का असर भी इन स्कूली वाहनों पर नजर नहीं आ रहा है।

शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों के निजी स्कूलों में प्राइवेट वाहनों की भरमार है। कई वाहन बिना फिटनेस के फर्राटा भर रहे हैं। इन वाहनों में बच्चे पूरी तरह से असुरक्षित हैं। सिर्फ कागजों पर एआरटीओ, पीटीओ ने ऐसे वाहनों पर शिकंजा कसने के लिए अभियान भी चलाया। स्कूली वाहनों को फिटनेस और मानक पूरा करने के निर्देश दिए थे। जिसका अभी तक असर नहीं दिखा है। अभिभावकों की जेब शिक्षा के नाम पर ढीली करने वाले स्कूल संचालक स्कूली वाहनों के कागजात तक नहीं सही करा पा रहे है। बान्दा से टाण्डा को जाने वाले नेशनल हाइवे पर कासिमपुर के पास पूरे हकीम में निकट चंद्रा ऑटो मोबाइल स्थित आशाराम पब्लिक स्कूल में मैजिक संख्या यूपी 36 टी 3669 बच्चों को लाती ले जाती है। लेकिन इसका बीमा 8 नवंबर 2022, फिटनेस 21 नवंबर 2023, परमिट 11 नवंबर 2023 और प्रदूषण 19 नवंबर 2023 को समाप्त हो गया है।



अवधि एम परिवहन से लिया गया स्क्रीन शॉट।



बीमा समाप्त स्कूली वैन का एम परिवहन से लिया गया स्क्रीन शॉट


आशाराम पब्लिक स्कूल के सामने मानक विहीन स्कूली वैन

इसी तरह इसी स्कूल में मैजिक संख्या यूपी 36 टी 1092 का फिटनेस 8 मार्च 2021, बीमा 30 जुलाई 2020 को खत्म हो चुका है। इन स्कूलों में बिना बीमा, फिटनेस व परमिट के नौनिहालों के जान के दुश्मन बन सड़कों पर फर्राटा भर रहे हैं।

95 फीसदी स्कूली वाहनों में न तो फायर किट है और न ही फर्स्ट एड बॉक्स। स्कूली मैजिक और वैन की खिड़कियों पर रॉड भी नहीं लगी है।

> न स्कूली वैन, बस का परमिट, बीमा, फिटनेस या फिर प्रदूषण खत्म हुआ है उसकी जांच कराई जाएगी, बिना मानक पूरा किये स्कूल संचालक वैन बस का इस्तेमाल करते पाए गए तो कार्यवाही जरूर की जाएगी।
>
> –अरविंद त्रिवेदी, एआरटीओ अमेठी

### ये हैं स्कूली वैन के मानक

स्कूल वाहन के परमिट दो तरह के होते हैं। स्कूल प्रबंधन की वैन और निजी वैन का स्कूल से अनुबंध होने का अलग-अलग परमिट दिया जाता है। स्कूल प्रबंधन वाली वैन पूरी तरह से पीले रंग की होती है, जबकि अनुबंधित वैन के चारों तरफ पीली पट्टी होती है। स्कूल की वैन सात सीटर होती है। वैन की खिड़कियों के पास रॉड लगी होनी चाहिए, जिससे बच्चे बाहर मुंह न निकाल सकें। वैन में स्कूल का नाम, पता, मोबाइल नंबर लिखा होना जरूरी होता है। जिससे किसी भी तरह की जानकारी प्रबंधन को दी जा सके। बच्चों के बैग रखने के कैरियर और स्टैंड होना चाहिए।

### फीस बढ़ाई, फिर भी मानक अधूरे

कोरोना काल के दौरान सामाजिक दूरी का पालन करने के निर्देश मिलते ही स्कूल वैन वालों ने एक किलोमीटर से तीन किलोमीटर की दूरी का किराया 500 रुपये से बढ़ाकर आठ सौ रुपये कर दिया था। जबकि पांच किलो मीटर से आठ किलोमीटर की दूरी का किराया आठ सौ के स्थान पर 1000 रुपये से 1200 रुपये किया गया था, लेकिन मानक आज भी पूरा नहीं कर सके। ऐसे वाहन बच्चों को ठूंस कर ले जाते हैं। निजी वैन से बच्चों को स्कूल भेजने में खतरा रहता है, लेकिन संसाधनों का अभाव होने के कारण यह मजबूरी बन गया है। इसी का स्कूल संचालक फायदा भी उठाते है। मनमानी फीस लेने के बाद भी मानक पूरा नहीं कर रहे हैं। प्रशासन सख्ती बरते तभी कुछ हो सकता है।

## एक नजर

### घनश्याम शर्मा ने 26वीं बार किया रक्त दान


केजीएमयू में रक्तदान करते प्रांतीय अध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह

**अमेठी।** संग्रामपुर थाना अन्तर्गत ग्राम सभा करनाईपुर के गांव शिवपुर के सूरज सिंह, दर्शन सिंह पुत्रगण राजेश सिंह जो कि 22 जनवरी 2024 को शिव मन्दिर रानीपुर में प्राण प्रतिष्ठा के समय शोभा यात्रा के दौरान डीजे हाई टेंशन बिजली के तार से संपर्क में आ जाने से बुरी तरह से झुलस गए थे। उनका केजीएमयू लखनऊ के प्लास्टिक सर्जरी विभाग में ऑपरेशन के लिए ब्लड की आवश्यकता पड़ने पर शिवपुर निवासी ओम प्रकाश सिंह की सूचना पर महापदमनंद वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन (एमडब्ल्यूओ) के प्रान्तीय अध्यक्ष घनश्याम शर्मा ने अपना 26वां रक्तदान किया और बच्चो का हाल चाल जाना। इस घटना में गांव के नौ बच्चे बुरी तरह झुलस गए थे और इलाज के दौरान नंदन सिंह पुत्र राम सजीवन (14) की लखनऊ के केजीएमयू के प्लास्टिक सर्जरी विभाग के आईसीयू में मृत्यु हो गई थी। बच्चों के अभिभावक अपने बच्चों की तीमारदारी में लगे हुए हैं।

### पैदल जा रहे अधेड़ को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर

**अमेठी।** शुक्रवार की देर रात पैदल घर वापस जा रहे एक अधेड़ को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की मदद से उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया हैं कस्बा गौरीगंज के माधव पुर निवासी बुद्धू पुत्र गंगादीन (45) शुक्रवार की देर रात करीब साढ़े 10 बजे पैदल ही घर वापस जा रहे थे। उसी समय जामों रोड़ पर तहसील मोड़ के पास पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिसमें अधेड़ गंभीर रूप से घायल हो गया है। राहगीरों से मिली सूचना पर पहुंची पुलिस ने उनकी मदद से घायल बुद्धू को संयुक्त जिला अस्पताल असैदापुर पहुंचाया। जहां घायल का इलाज चल रहा है।

### आखिरी दिन पटना साहिब जाने वालों को परोसा लंगर

**अमेठी।** गुरु गोबिंद सिंह जी लंगर आयोजन समिति की ओर श्री पटना साहिब जाने वाले यात्रियों के लिए 52 दिवसीय लंगर का समापन शनिवार को हुआ। समापन के दिन बाबा मनोहर सिंह ने पंजाब मेल ट्रेन के दो चालकों और आरपीएफ के इंचार्ज को सरोपा भेंटकर सम्मानित किया। लंगर और मिठाई के पैकेट भी दिए। शनिवार को पंजाब मेल 1.50 बजे रेलवे स्टेशन पर पहुंची। ट्रेन रूकते ही बाबा मनोहर सिंह, ट्रेन चालक के पास पहुंचे और उन्हें सम्मानित किया। सदाशिव पांडेय के साथ सेवादारों ने लंगर वितरित किए। हरवंश सिंह, संजीव भारती, अम्बरीश मिश्र, गुरु मिंदर सिंह, अभिषेक पाण्डेय, सुनील कुमार आदि ने लंगर वितरण में सेवाएं दीं।

### राज्य स्तरीय फुटबॉल मैच का आयोजन 12 से

**अंबेडकरनगर।** रघुराजी देवी फाउंडेशन ट्रस्ट की एक आवश्यक बैठक शनिवार को कौमी इंटर कॉलेज टांडा में सांसद रीतेश पांडेय की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें 12 से 15 फरवरी के मध्य प्रस्तावित राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता के संबंध में गहन विचार-विमर्श किया गया। आयोजन समिति के अमन मेहरोत्रा ने बताया कि अंबेडकरनगर फुटबॉल कप की तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है। उक्त फुटबॉल टूर्नामेंट नगर के मोहसिनपुर मंसूरपुर स्थित तक्षशिला रुट्स में और फाइनल मैच कौमी इंटर कॉलेज टांडा के मैदान पर 15 फरवरी को दिन में 1रू30 बजे आयोजित किया जाएगा। जिसमें विजेता टीम को नकद 51 हजार रुपए और उपविजेता टीम को 25 हजार रुपए देने की घोषणा सांसद रितेश पांडेय की ओर से की गई है।

# समाधान दिवस में राजस्व विभाग से संबंधित आए 90 फीसदी मामले

**12** प्रकरण रजिस्टर में किए गए थे अंकित

कोतवाली अमेठी में कोतवाल ने पुराने मामले निपटाए

रामगंज, पीपरपुर, संग्रामपुर, मुंशीगंज, गौरीगंज में 6 से 10 के बीच रही शिकायतों की संख्या

अमेठी

**अमृत विचार।** जिले में शनिवार को सभी थानों में समाधान दिवस आयोजित किया गया। समाधान दिवस में 90 फीसदी मामले जमीन के झगड़ों से सम्बन्धित रहे। कोतवाली अमेठी में एक प्रकरण में लेखपाल और सिपाही की सेटिंग सामने आई।

कोतवाली अमेठी समाधान दिवस लगभग 11 बजे शुरू हुआ। कोतवाल अरुण कुमार द्विवेदी सवा 12 बजे अपनी चेयर पर बैठे और एक घंटे के भीतर सभी पुराने मामले निपटाए। यहां ताला, भरेथा, सहरी के मामले जमीनी विवाद से सम्बन्धित रहे। गुंगवाछ और नरैनी के दो मामले पंजीकृत किए गए हैं। इसके पूर्व के समाधान दिवस में कुल 12 प्रकरण रजिस्टर में अंकित किए गए थे। कोतवाल के बैठने के पहले लेखपाल ने फरियादियों को वापस किया

समाधान दिवस




दो नई शिकायतें रजिस्टर में अंकित की गयीं

अमेठी। गुंगवाछ गांव में खड़ंजे के निर्माण को लेकर जमीनी विवाद लम्बे समय से चल रहा है। एसडीएम प्रीति तिवारी पिछले महीने ही मौके का मुआयना कर चुकी हैं। उन्होंने सड़क पर हुए अवैध निर्माण को हटाते हुए दोनों पक्षों को समझा बुझाकर खड़ंजे के निर्माण के निर्देश दिए थे। राजस्व निरीक्षक और लेखपाल एक महीने में भी एसडीएम के आदेश का अनुपालन नहीं कर पाए। इस बीच ग्राम प्रधान की ओर से जेसीबी चलवा कर बिना समझौते के रास्ते का निर्माण शुरू कर दिया गया, पीड़ित पक्ष ने पुलिस से शिकायत की तो काम रूक गया। पुन्नी लाल बनाम राज्य सरकार मुकदमा सिविल कोर्ट में विचाराधीन है। शनिवार को क्षेत्रीय लेखपाल सरजू प्रसाद यादव ने दूसरे पक्ष की भोली देवी व अन्य को समाधान दिवस में बुलाया था। कोतवाल अरुण कुमार द्विवेदी के समक्ष फरियादियों को प्रस्तुत नहीं किया और एसआई को दर्खास्त दिलवाकर कोतवाली के सामने स्थित चाय की दुकान पर बात करके वापस घर भेज दिया। दो बजे के पहले ही एक सिपाही गांव पहुंच गया और दोनों पक्षों के नाम लिखकर वापस चला आया। इसी मामले को लेकर हुए झगड़े में पुलिस पहले ही दो लोगों के विरुद्ध कार्रवाई कर चुकी है। थाना रामगंज में आधा दर्जन मामले समाधान दिवस में निस्तारित किए गए। गौरीगंज कोतवाली परिसर में समाधान दिवस आयोजित किया गया। दिवस के दौरान छः मामले आयें। पांच मामले राजस्व विभाग से संबंधित रहा। जबकि एक पुलिस विभाग से रहा।

मौके पर ही तीन मामलों का निस्तारण कर दिया गया। शेष मामले में टीमें भेजी गई है। मुंशीगंज में तहसीलदार शालिनी तिवारी द्वारा परिसर में आयोजित समाधान दिवस में फरियादियों की शिकायत के सुनी गई। सात मामले सामने आए। दो मामले को मौके पर ही निस्तारण कर दिया है। शेष मामलों में राजस्व और पुलिस से की संयुक्त में क्षेत्र में भेजी गई है। संग्रामपुर में एक दर्जन मामले सामने आए मौके पर तीन मामले को निपटा दिया गया। शेष मामलों में टीम भेजी गई है। थाना पीपरपुर में आयोजित समाधान दिवस में एसओ संदीप कुमार राय ने फरियादों की शिकायतें सुनी। दिवस के दौरान आधा दर्जन मामले पेश हुए, सभी मामले राजस्व विभाग के संबंध रहे निस्तारण के लिए टीमें क्षेत्र में भेजी गई है।

## अमेठी में सैकड़ों लोगों ने थामा कांग्रेस का हाथ

अमेठी

**अमृत विचार।** कांग्रेस कार्यालय अमेठी में शनिवार को किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश द्विवेदी की अगुवाई में सैकड़ो लोगों ने बसपा पार्टी एवं आरटीआई संगठन से इस्तीफा देकर किसान कांग्रेस पार्टी में शपथ लेकर शामिल हुए।

किसान कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए विजय सिंह को विधानसभा किसान कांग्रेस अध्यक्ष नियुक्त किया गया। वहीं ध्रुव कुमार सिंह को विधानसभा महासचिव और जंग बहादुर यादव को ब्लॉक अध्यक्ष भादर और संतराम कोरी को भादर ब्लॉक किसान कांग्रेस अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस मौके पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता धर्मेंद्र शुक्ला, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष देवमणि तिवारी व बृजेश मिश्रा ब्लॉक उपाध्यक्ष संग्रामपुर द्वारा सैकड़ो लोगों को कांग्रेस पार्टी की सदस्यता दिलवायी गयी।


किसान नेता के नेतृत्व में कांग्रेस की सदस्यता लेते महिला व पुरुष। अमृत विचार

राजनीति

2024 चुनाव के पहले किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष कर रहे पार्टी को मजबूत

2024 लोकसभा चुनाव के पहले कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने के लिए किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश द्विवेदी द्वारा सैकड़ों लोगों को किसान कांग्रेस पार्टी में शामिल करके पार्टी को मजबूत किया गया है।

वहीं सैकड़ो लोगों को किसान कांग्रेस पार्टी की सदस्यता दिलाने के बाद ओम प्रकाश द्विवेदी ने कहा कि हमारी पार्टी इस बार पूरे दम-खम के साथ लोकसभा चुनाव में जीत दर्ज करेगी। 19 फरवरी को हमारे लोकप्रिय नेता राहुल गांधी अमेठी आ रहे हैं। अपार जन समर्थन के साथ एक बार फिर राहुल गांधी अमेठी के सांसद बनेंगे।

## सरकार की जैसी मंशा, वैसा काम, रोशन हुआ राकेश का नाम

**जगदीशपुर, अमेठी।** अपराधों पर अंकुश लगे फरियादियों को निष्पक्ष न्याय मिले यही सरकार की मंशा है, ठीक वैसा ही कार्य करके कोतवाल राकेश सिंह ने क्षेत्र से लेकर जिले तक अपना नाम रोशन किया। इनकी प्रतिभा पर चार चांद तब लग गया जब आकस्मिक निरीक्षण में आए डीएम निशा अनंत व पुलिस कप्तान डाक्टर इलामारन जी इनके संतोष जनक कार्यों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए गदगद हो गए। जिले का जिगर कहा जाने वाला कोतवाली जगदीशपुर यहां जो भी आया कोई अपनी कार्य कुशलता की छाप छोड गया तो कोई खाकी पर दाग लगाकर रुख्सत हो गया। वहीं यदि वर्तमान कोतवाल की बात की जाए तो इन्होंने लगभग एक वर्ष के कार्यकाल में अपनी कार्य कुशलता की बदौलत ऐसी पहचान बनाई कि जनमानस में चर्चा का विषय बन गया कि इंसाफ के लिए आने वाले फरियादियों को बगैर भेदभाव के दर्जनों ऐसे मामले सुलह समझौते के जरिए निपटा दिए जो कई वर्षों से कोर्ट कचेहरी के चक्कर काट रहे थे। वहीं वर्षो से फरार चल रहे इनामी बदमाश, चोर-लुटेरों, गौ हत्यारों, जुआरियो, शराबियो, स्मैकियों, कछुआ तस्करों आदि अपराधों मे लिप्त कारोबारियों को जेल की संलाखो में पहुंचाकर अपराध पर अंकुश लगाते हुए हरे भरे वृक्षो की कटान पर ऐसा प्रतिबंध लगाया कि वन माफिया क्षेत्र छोड कर दूसरे क्षेत्र को पलायन करने पर मजबूर हैं।


शक्ति संवाद कार्यक्रम में मौजूद भाजपा पदाधिकारी व महिलाएं। अमृत विचार

## शक्ति संवाद कार्यक्रम के साथ शक्ति वंदन अभियान की हुई शुरुआत

**गौरीगंज, अमेठी।** भारतीय जनता पार्टी शनिवार को एक बजे जिला भाजपा कार्यालय में शक्ति वंदन अभियान का शुभारंभ हुआ। इस अभियान के तहत जिला स्तरीय "शक्ति संवाद (चाय पर चर्चा)" कार्यक्रम आयोजित हुआ। लोकसभा की तैयारी को लेकर भारतीय जनता पार्टी आधी आबादी यानी महिलाओं पर खास फोकस कर रही है। शनिवार को भाजपा जिलाध्यक्ष रामप्रसाद मिश्रा की उपस्थिति एवं जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि के मुख्य अतिथि में भाजपा शक्ति संवाद (चाय पर चर्चा) कार्यक्रम के दौरान महिला एनजीओ की प्रतिनिधि व स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं के साथ चाय पर चर्चा हुई। भाजपा प्रवक्ता चन्द्रमौलि सिंह ने जानकारी दी कि शक्ति संवाद कार्यक्रम में शक्ति वंदन अभियान के जिला संयोजक सुधांशु शुक्ला, चंद्र प्रकाश मिश्र मटियारी पूर्व विधायक, केशव सिंह जिला महामंत्री, भवानी दत्त दीक्षित जिला उपाध्यक्ष, अरुण मिश्रा जिला शाही मीडिया प्रभारी, आशा बाजपेई जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा सहित भाजपा के जिला पदाधिकारी व महिला मोर्चा एवं शक्ति वंदन अभियान से जुड़े जिम्मेदार मौजूद रहे।

## ठग या साजिश, रहस्य का पर्दाफाश करने के लिए पुलिस ने दर्ज किया केस

अमेठी

मां के हाथों ही भिक्षा लेने पर अड़ा था जोगी, परिजन समझ बैठे थे अपनी संतान, प्रेम में ठग ले गया अनाज और पैसा

**अमृत विचार।** सोशल मीडिया के अलग-अलग प्लेटफार्म पर इन दिनों एक वीडियो जमकर वायरल हो रही थी। जैसे-जैसे दिन गुजरते गए, वैसे-वैसे रहस्यों से पर्दा उठता गया। अफवाहें अब यह रही कि बीते दिनों जोगी के भेष में आये युवक ने एक घर में मां के ही हाथों भिक्षा लेने की बात पर अडिग था। जिस पर परिजन उसे अपनी ही संतान समझ बैठे थे। बदले में भिक्षा के नाम पर अनाज के साथ भारी भरकम रकम भी दे डाली थी, और परिजन घर वापसी के लिए हर जतन अपनाने को तैयार थे। लेकिन दिन ब दिन बीतने से परिजन और जोगी में दूरियां बनती जा रही है, जिससे ग्रामीणों में रहस्य भी बरकरार रहा। अंत में शनिवार को पुलिस ने केस दर्ज कर पर्दाफाश करने की तैयारी में जुट गई है।

दर असल कोतवाली जायस क्षेत्र के गांव खरौली के रहने वाले रतीपाल सिंह अपने परिवार के साथ दिल्ली में रहकर नौकरी पेशा करते थे। वर्ष 2002 में रतीपाल का 11 वर्षीय बेटा अरुण कुमार उर्फ पिंकू संदिग्ध परिस्थियों में गायब हो गया था। खोज बीन व तलाश के बाद अरुण कुमार नहीं मिला तो परिजनों ने दिल्ली के खजुरी थाने गुमसुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। जनवरी के आखिरी सप्ताह में खरौली गांव में दो युवक जोगी की भेष भूसा धारण कर घर-घर भिक्षा मांगने आये थे। घर में मौजूद रतीपाल की बहन उसे दो दशक पूर्व अचानक लापता हुए भतीजे अरुण कुमार समझ बैठी। सारंगी की धुन पर एक जोगी और रतीपाल की बहन फफक फफक कर रोते हुए योगी अपने भाषा में गाता रहा। उस दौरान गांव वालों का भी जमावड़ा लगा रहा। रतीपाल को इसकी भनक लगी तो बेटे की मोह माया में वह भी गांव आ गए थे। गृहस्थ जीवन में वापस लाने के लिए परिजनों ने जोगी की सारी शर्तें पूरी करने के लिए हामी भर ली थी। जोगी की विदाई में ग्रामीणों ने करीब 15-16 कुन्तल अनाज और लाखों रुपये चंदा के रूप में व जोगी को संपर्क में रहने के लिए मोबाइल हैंडसेट भेंट कर रवाना कर दिया था। परिजनों ने बेटे को मठ से मुक्त करने के लिए बात की तो बात 11 लाख रुपये से शुरुआत हुई और अंततोगत्वा तीन लाख 60 हजार रुपये पर तय हुआ था।

परिजनों ने जैसे तैसे पैसे की व्यवस्था कर जोगी से संपर्क किया तो उसने खाते पर पैसा भेजने की बात कही। इस बात को सुनकर परिजनों को शक होने लगा। उसके बाद से ही जोगियों के संपर्क में न रहने से परिजन अपने आपको अब ठगा महसूस कर रहे हैं। कोतवाली पुलिस ने दृगपाल सिंह से मिली तहरीर पर केस दर्ज कर लिया है। सीओ तिलोई डॉ. अजय कुमार सिंह ने बताया कि केस दर्ज कर लिया गया है, जल्द ही खुलासे के लिए संबंधित को निर्देशित किया गया है।


## सार-संक्षेप

### मेगा रिटेल एक्सपो में हुआ ऋण प्रस्तावों का निपटारा




**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की ओर से शनिवार को शहर के जनौरा स्थित एक होटल में मेगा रिटेल एक्सपो का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन अयोध्या क्षेत्र के प्रमुख हिमांशु मिश्रा ने फीता काटकर किया। एक्सपो में खोले गए काउंटर पर बैंक की ओर से ऋण प्रस्तावों के त्वरित निपटान कराया गया। क्षेत्र प्रमुख हिमांशु मिश्रा ने कहा कि एक्सपो ऐसा प्लेटफॉर्म है, जहां ऋणाकांक्षी अपनी रुचि अनुरूप आवश्यक वस्तुओं/ उत्पादों का चयन करते हैं। वित्तीय अवश्यकता की पूर्ति के लिए बैंक को अपना प्रस्ताव देते हैं। उसके बाद बैंक की ओर से ऋण प्रस्तावों के निपटान कर ऋण मुहैया कराया जाता है। उन्होंने बताया कि खुदरा ऋण काउंटर के माध्यम से यूनियन आवास ऋण, यूनियन वाहन ऋण के प्रस्तावों , एमएसएमई ऋण काउंटर से यूनियन परिवहन, यूनियन एमएसएमई, यूनियन मुद्रा लोन, यूनियन नारी शक्ति एवं होटल के लिए ऋण प्रस्तावों का निपटारा किया गया। वहीं कृषि ऋण काउंटर से जन सुरक्षा योजनाएं, केसीसी एवं गोल्ड ऋण के लाभ एवं उपयोगिता पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर ग्राहक समेत अयोध्या क्षेत्र में कार्यरत कार्यपालकगण, शाखा प्रमुख वृंद एवं स्टाफ मौजूद रहे।

### अयोध्या धाम में इंडियन बैंक की श्रीराम शाखा का उद्घाटन


उद्घाटन के दौरान मौजूद बैंक के अधिकारी। अमृत विचार

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** इंडियन बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी एसएल जैन ने शनिवार को अयोध्या धाम में बैंक की श्री राम जन्मभूमि शाखा का उद्घाटन किया। कहा कि यह शाखा स्थानीय निवासियों के साथ-साथ पूरे विश्व से रामलला के दर्शन करने के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को समर्पित हैं। उन्होंने कहा कि इस शाखा में बैंकिंग की सभी आधुनिकतम सुविधाएं उपलब्ध होंगी। वह दो दिनों के लिए व्यवसाय संवर्धन एवं समीक्षा बैठक के लिए आधिकारिक दौरे पर आए हैं। बैंक के कार्यपालक निदेशक, आशुतोष चौधरी भी दौरे पर हैं। कार्यपालक निदेशक आशुतोष चौधरी, महाप्रबंधक सुजय मल्लिक, चंद्रशेखरण, गायत्री, सलाहकार रविन्द्र सिंह, क्षेत्र महाप्रबंधक पंकज त्रिपाठी, अंचल प्रबंधक (लखनऊ) प्राणेश कुमार मौजूद रहे।

### वर्दी की धमक होनी चाहिए, आतंक नहीं : राकेश सिंह

**अमेठी।** इन दिनों सदन की चल रही कार्यवाही में शुक्रवार को अमेठी पुलिस को बिना सूचना दिए रायबरेली पुलिस द्वारा उठाये गए तीन युवकों व विरोध करने पर 80 वर्षीय बुजुर्ग के साथ 12 वर्दी धारियों द्वारा पिटाई करने का मुद्दा सपा विधायक ने रखा। इस दौरान पुलिस पर भूमाफिया, तस्कर, अपरहरणकर्ता, रंगदारी, फिरौली मांगने वालों को संरक्षण देने का आरोप लगाया। सदन में 11 मिनट से अधिक वक्तव्य के समय में सपा विधायक ने पुलिस की कलई खोल कर रख दी। हालांकि विधान सभा अध्यक्ष के हस्तक्षेप पर मंत्री ने एसपी रायबरेली द्वारा भेजी गई आख्या को सदन में पढ़कर सुनाया। पुलिस कार्यप्रणाली से खफा अमेठी के गौरीगंज विधानसभा सपा विधायक राकेश सिंह विधान सभा में सदन की चल रही कार्यवाही में जमकर गरजे। सपा विधायक राकेश सिंह ने कार्य स्थगन पर बोलने का मौका दिए जाने पर अध्यक्ष को धन्यवाद ज्ञापित किया। राकेश सिंह ने भरी सदन में कहा कि यह प्रत्येक व्यक्ति, सदन के माध्यम से योगी सरकार पुलिस पर राकेश सिंह ने 12 बजकर 10 मिनट से शुरू हुए अपने वक्तव्य में 11 मिनट 35 सेकेंड में जमकर निशाना साधा।

स्वास्थ्य विभाग

अभियान में लगाई गई हैं 1783 टीमें, मॉनीटरिंग के लिए लगाए गए 304 सुपरवाइजर

# फाइलेरिया उन्मूलन अभियान : पहले दिन 163432 लोगों को खिलाई गई दवा

अमेठी

**अमृत विचार।** फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत पहले दिन एक लाख 63 हजार 432 लोगों को फाइलेरिया दवा खिलाई गई है। स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर जाकर लोगों को दवा खिलाने के साथ रोग के प्रति जागरूक कर रही हैं। यह अभियान 28 फरवरी तक चलेगा। स्कूल-कॉलेजों में भी छात्र-छात्राओं को फाइलेरिया की दवा खिलाई जाएगी।

सीएमओ डॉ. अंशुमान सिंह ने बताया कि जनपद में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के अंतर्गत चलाए जा रहे सामूहिक दवा सेवन (एमडीए) कार्यक्रम में आबादी में 85 प्रतिशत हिस्से को कवर करने का लक्ष्य है। शनिवार को पहले दिन एक लाख 63 हजार 432 लोगों को फाइलेरिया की दवा खिलाई गई है। सीएमओ डॉ. अंशुमान सिंह ने जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरी को दवा खिलाकर अभियान को शुरुआत की है।

अभियान में 1783 टीमें लगाई गई हैं। मॉनीटरिंग के लिए 304 सुपरवाइजर लगाए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग की टीमें घरों पर जाकर लोगों को जागरूक कर रही हैं। सीएमओ ने बताया कि परजीवी क्यूलैक्स फैंटीगंस मादा मच्छर के काटने से फाइलेरिया होता है। ऐसे मच्छर घरों के आसपास नाली, गड्ढों व घर के अंदर रुके गंदे पानी में पनपते हैं। ठंड लगने के साथ ही तेज बुखार होना, हाथ-पैर की नसों का फूलना, दर्द होना, जांघ में गिल्टी उभर आना, हाथ-पैर में सूजन आदि इस रोग के लक्षण हैं।

दें ध्यान

गर्भवती महिलाओ व एक वर्ष से कम आयु के बच्चो को दवा लेना वर्जित

### दवा का डोज सभी को लेना जरूरी: सीएचसी अधीक्षक

**जगदीशपुर, संवाद।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर फाइलेरिया उन्मूलन अभियान प्रारंभ तब हुआ जब सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर प्रदीप तिवारी ने सर्व प्रथम खुद दवा खाने के बाद उपस्थित लोगो को जागरूक करते हुए बताया कि दवा का डोज सभी को लेना जरूरी है। केवल गर्भवती महिलाओ व एक वर्ष से कम आयु के बच्चो को दवा लेना वर्जित है। तीन सप्ताह तक चलने वाले इस अभियान में स्वास्थ्य कर्मी, आशा, आंगनाडी, एएनम घर-घर गांव-गांव व विद्यालयों में जाकर दवाई खिलाकर लोगो को जागरूक करेंगी। आगे उन्होने बताया कि फाइलेरिया रोग प्रदेश के कई जिलों मे प्रभावी है जो क्यूलेक्स मच्छर के काटने से फैलता है जो तुरंत प्रभावी न होकर 10-15 वर्षो के बाद हाथ पैर स्तन एवं अंडकोष में सूजन आदि के रूप में दिखाई देता है। यह लाईलाज बीमारी है। इस बीमारी से बचने के लिए दवा का सेवन करना बीमार व्यक्तियो को छोड़कर सभी को आवश्यक है। दवा खाने के बाद फाइलेरिया से ग्रसित लोगो को चक्कर आना, जी मतलाना, हल्का बुखार आदि समस्या आ सकती है। परंतु दो तीन घंटे बाद शरीर सामान्य हो जाएगा। इस मौके पर समस्त चिकित्सक, आशा, आंगनबाडी कार्य कत्री समेत आदि लोग मौजूद रहे।


जिपं अध्यक्ष को दवा खिलाने के बाद चिन्हित करते सीएमओ डॉ. अंशुमान सिंह।

## सार-संक्षेप

### वर्तिका मिस और श्रेयस चुने गए मिस्टर बीएसएस




**प्रतापगढ़। अमृत विचार :** बीएसएस एकेडमी फुलवारी में बारहवीं के छात्र-छात्राओं को शनिवार को समारोह पूर्वक विदाई दी गई। शुरुआत मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन से किया गया। विद्यालय के निदेशक विनोद सिंह ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी। ग्यारहवीं के विद्यार्थी प्रांजलि, दिव्या, मानस, प्रणव ने बारहवीं के विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया। अदिति सिंह, रोशनी सोनी ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत प्रस्तुत किया। अंश सिंह, एकांश दूबे, प्रियांशु पांडेय, मानस ने आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। वर्तिका सिंह को मिस और श्रेयस अग्रवाल को मास्टर बीएसएस चुना गया। अंत में निदेशक विनोद सिंह, प्रधानाचार्य अवधेश प्रताप सिंह ने बच्चों के साथ केक काटा। संचालन सुधा विश्वकर्मा, आविर्भाव ने किया। विशाल केसरवानी, शिवानी कांत वर्मा, यमी सिंह, प्रीतम राज, किरन सिंह ने संयोजन किया। मैनेजर धर्मेंद्र सिंह, कोआर्डिनेटर धर्मराज, नीलम, ऊषा जायसवाल, संजू, आयुषी, कल्पना मौर्या, शालिनी, आरती, दिग्विजय सिंह, विजय सिंह, राहुल रावत, चंद्र प्रकाश सिंह, प्रिया सिंह, वर्षा साधवानी, पूजा मिश्रा, हिमांशु श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

### 101 कन्याओं का सामूहिक विवाह आज

**कुण्डा प्रतापगढ़। अमृत विचार :** राजा भइया यूथ ब्रिगेड और देवरहा बाबा चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला सामूहिक विवाह कार्यक्रम रविवार को बजरंग डिग्री कालेज कुंडा के परिसर में आयोजित किया गया है। जिसमें 101 कन्याओं का सामूहिक विवाह होगा। राजा भइया यूथ बिग्रेड के कार्यकर्ताओं ने रविवार को सभी तैयारियां को अंतिम दिया। राजा भइया के प्रतिनिधि हरिओम शंकर श्रीवास्तव के साथ कार्यकर्ता लगे रहे। कोतवाल कमलेश पाल ने बताया कि सुरक्षा के बेहतर इंतजाम किए गए हैं।

### मिशन शक्ति के तहत छात्राओं को किया गया जागरूक



**प्रतापगढ़। अमृत विचार :** जयपुरिया स्कूल सुन्दरपुर में कोहड़ौर थानाध्यक्ष प्रीति कटियार ने शनिवार को बालिकाओं के लिए सरकार द्वारा चलाई जानी वाली योजनाओं के प्रति जागरूक किया। उन्होंने टोल फ्री नंबर 1090, 112, 181, 1076, 1098 एवं सीयूजी नंबर के साथ उत्तर प्रदेश पुलिस कांस्टेबल की आगामी परीक्षा के संबंध में जागरूक किया। छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर बताये गए। स्कूल-कालेज, घर -बाजार के रास्ते में परेशान करने वाले मनचलों और अराजकत्त्वों के खिलाफ थाने के सीयूजी नंबर पर कॉल कर सुरक्षा मांगने के बारे जानकारी दी। प्रिंसिपल परमजीत कौर ने पुलिस टीम का स्वागत कर आभार व्यक्त किया।

### छात्रों के आंदोलन में पहुंचे सपा व्यापार सभा के प्रदेश अध्यक्ष



**प्रयागराज। अमृत विचार :** इलाहाबाद विश्वविद्यालय में चीफ प्रॉक्टर राकेश सिंह के साथ सहायक चीफ प्रॉक्टर, मृत्युंजय राव परमार, अतुल नारायण सिंह, विवेक द्विवेदी इलाहाबाद विश्वविद्यालय चौकी इंचार्ज विनय सिंह द्वारा छात्र अभिषेक गुप्ता को 19 मिनट रैगिंग व मारने पीटने के मामले में चल रहे आंदोलन में एक के बाद एक संगठन उन्हे समर्थन दे रहा है। शनिवार को आंदोलन का समर्थन करने समाजवादी पार्टी व्यापार सभा के प्रदेश अध्यक्ष जायसवाल पहुंचे और आंदोलन का हिस्सा बने। इविवि के छात्र अभिषेक गुप्ता को न्याय दिलाने के लिए 12 दिनों से लगातार छात्र धरने पर बैठे है। पीड़ित छात्र को न्याय दिलाने के लिए लगातार आंदोलन जारी है। शनिवार को आंदोलन का समर्थन करने के लिए लखनऊ से आये समाजवादी व्यापार सभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जायसवाल ने पहुंचकर छात्रों का समर्थन किया। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा विश्वविद्यालय के प्रॉक्ट्रोलियल बोर्ड के लोगो को किसका संरक्षण प्राप्त है। जो इस तरह के कुकृत करने का प्रयास कर रहे है। उन्होंने जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन के मांग किया कि यदि दोषियों के खिलाफ कार्यवाही नही की गई तो आने वाले दिनों में व्यापक आंदोलन करने का बाध्य होंगे।

# अनियंत्रित कार पेड़ से टकराई बच्चे की मौत, चार लोग घायल

## अयोध्या से श्रीरामलला के दर्शन करके घर लौट रहा था परिवार

संवाददाता, लालगंज प्रतापगढ़

**हादसा**




▸▸ चालक को झपकी आने से हुआ हादसा, घायलों का चल रहा इलाज

**अमृत विचार :** झपकी आ जाने से अनियंत्रित हुई कार पेड़ से टकराने के बाद हाइवे किनारे बने एक मकान में जा घुसी। जिसमें कार सवार बच्चे की मौत हो गयी। वहीं कार पर बैठे चार लोग घायल हो गये। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजवाया गया।

लालगंज कोतवाली के करनराय पूरे जोधा निवासी रवीश कुमार श्रीवास्तव (37)अपनी पत्नी प्रीती (35) व पुत्री शिवी (04), एक माह के पुत्र बाबू एवं भाई प्रकाश श्रीवास्तव (32) व नगर कोतवाली के टेऊंगा निवासी अंकुर श्रीवास्तव (34) के साथ शुक्रवार को निजी कार से अयोध्या स्थित श्रीराम मन्दिर दर्शन करने गये थे। वहां से रात में घर लौटते समय लालगंज कोतवाली के प्रतापगढ़ रायबरेली राजमार्ग पर संगम चौराहे के पास रात करीब ढ़ाई बजे कार चला रहे रवीश श्रीवास्तव को अचानक झपकी आ गयी। जिससे कार अनियंत्रित होकर हाइवे किनारे पेड़ से टकराती हुई एक घर में जा घुसी। हादसे में बच्चे बाबू की मौत हो गयी। वहीं चार लोग घायल हो गये। घायलों को इलाज के लिए राजा प्रताप बहादुर अस्पताल भेजवाया गया। जहां घायल अंकुर, प्रकाश व प्रीती की हालत गंभीर बनी हुई है।

कोतवाल अवन दीक्षित ने बताया कि चालक को झपकी आ जाने से हादसा हुआ। घायलों का इलाज चल रहा है।

# यूपी बोर्ड : पर्यवेक्षक ने देखे परीक्षा केंद्र, दिए आवश्यक निर्देश



श्रीराम बालिका इंटर कॉलेज में परीक्षा केंद्र देखने पहुंचे पर्यवेक्षक निदेशक सीमेट प्रयागराज दिनेश सिंह।

संवाददाता, प्रतापगढ़

**अमृत विचार :** शासन द्वारा यूपी बोर्ड परीक्षा 2024 के लिए नामित पर्यवेक्षक निदेशक सीमेट प्रयागराज दिनेश सिंह शनिवार को प्रतापगढ़ पहुंचे। यहां उन्होंने बोर्ड परीक्षा के लिए बनाए गए कई केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं तथा आवश्यक निर्देश दिए।

जनपद के बोर्ड परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करते हुए उन्होंने केंद्र व्यवस्थापकों से कहा कि स्ट्रांग रूम में डबल लाक की दो अलमारियां सुरक्षित रखें। सीसीटीवी और वाइस रिकार्डर हमेशा क्रियाशील रहे। इसके अलावा विद्यालयों में कक्षाओं की व्यवस्था, सीटिंग प्लान और विद्यालय की मूलभूत व्यवस्थाओं को भी देखा। इस दौरान उन्होंने माडर्न साइंस इंटर कालेज जोगापुर, अब्दुल कलाम इंटर कालेज, लोकमान्य तिलक इंटर कालेज, राजकीय बालिका इंटर कालेज प्रतापगढ़, श्रीराम बालिका इंटर कालेज चिलबिला, ग्राम विकास इण्टर कालेज देल्हूपुर, श्री जगतपाल रंगनाथ द्विवेदी इंटर कालेज रामापुर कोहंड़ौर, बृजेंद्र मणि इंटर कालेज कोहंड़ौर सहित दर्जनों परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया।

## अखाड़े के शिविर में लगी आग से झुलसे किन्नर की मौत

**प्रयागराज। अमृत विचार:** माघ मेला क्षेत्र के सेक्टर -5 में बने किन्नर अखाड़ा के शिविर में बीते गुरूवार की हवन रात आग लगने से कई शिवर राख हो गया था। हादसे में तीन लोग झुलस गये थे। जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वहीं इलाज के दौरान एक किन्नर की मौत हो गयी। बता दें कि मौनी अमावस्या स्नान पर्व के एक दिन पहले गुरूवार को किन्नर अखाड़ा के शिविर में देर रात महामंडलेश्वर भवानी मां हवन कर रही थी। उस दौरान किन्नर अखाड़ा के शिविर में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। शिविर में अफरा-तफरी मच गई थी। पंडाल में सो रहे लोग बाहर निकलकर भागने लगे थे। वही इस आग की चपेट में तीन लोग बुरी तरह से झुलस गए थे। जिसमें महामंडलेश्वर के घर के लोग शामिल थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने झुलसे लोगों को तत्काल स्वरूप रानी चिकित्सालय अस्पताल में भर्ती कराया था। जिसमे एक किन्नर राज कुमार बेचन निवासी कसेंदा करैली की मौत हो गयी। बेचन ढोलक बजाने का काम करता था।

# चौक के गुम्बद पर मजहबी झंडा लगाकर माहौल बिगाड़ने की कोशिश हुई नाकाम

संवाददाता, प्रतापगढ़



▸▸ पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ दर्ज किया मुकदमा, जांच के लिए लगाई गईं चार टीमें

> माहौल बिगाड़ने का प्रयास करने वाले पर सख्त कार्रवाई होगी। इस तरह की खुरापात करने वाले की तलाश की जा रही है। केस दर्ज कर खुलासे के लिए चार टीमें लगाई गई हैं। – सतपाल अंतिल, एसपी प्रतापगढ़

**अमृत विचार :** शहर के चौक घंटाघर के सबसे ऊपरी भाग पर लगाया गया हनुमान ध्वज एक युवक ने उतार कर फेंक दिया। हरे रंग का इस्लामी मजहबी झंडा लगा दिया। माहौल बिगाड़ने की कोशिश को नाकाम करते हुए पुलिस ने मामले में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। घटना की खुलासे के लिये चार टीमें लगाई गई हैं।

शनिवार सुबह शहर में घंटाघर चौक में मजहबी झण्डा लगाकर माहौल बिगाड़ने के प्रयास की भनक लगते ही पुलिस प्रशासन में हड़कम्प मच गया। पुलिस तत्काल अलर्ट हुई लेकिन तब तक उक्त युवक अपना काम करके निकल गया। इसके बाद पुलिस पहुंची और एक मजदूर की मदद से उसे हटवाकर फिर से हनुमान ध्वज लगवाया। इस घटना को लेकर चौक और आसपास के लोगों में आक्रोश भी है।पुलिस ने लोगों को शांत कराया। चर्चा रही कि वह झंडा पाकिस्तानी था, जो युवक ने लगाया। पुलिस आस - पास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से खुराफाती युवक की पहचान में लगी है। झंडा किस तरह का था अभी यह बात स्पष्ट नहीं हो सकी। मामले में भाजपा नेता विजय सिंह बजरंगी की तहरीर पर अज्ञात खुराफाती युवक के खिलाफ पुलिस ने नगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कर लिया। अब तक यह पता नहीं चल सका है कि वह कौन था। उसकी पहचान व तलाश के लिए पुलिस की चार टीमें लगाई गई हैं।

## विधायक मोना ने पोस्टमार्टम के प्रबन्धों में सुधार व तदर्थ शिक्षकों की उठायी आवाज



**संवाददाता, लालगंज प्रतापगढ़। अमृत विचार :** कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने शनिवार को विधानसभा में दुर्घटनाओं में पोस्टमार्टम को लेकर पीड़ित परिजनों की आवाज उठायी। उन्होंने सदन में कहा कि दुर्घटनाओं में मृत व्यक्तियों के शवों के पोस्टमार्टम को लेकर रात में व्यवस्था न होने के कारण पीड़ित परिजनों को 10 से 12 घंटे शव के इंतजार का दर्द झेलना पड़ता है। विधायक आराधना मिश्रा ने कहा कि अब पुरानी व्यवस्था को बदले जाने की आवश्यकता है। सरकार का ध्यानाकर्षण करते हुए तदर्थ शिक्षकों की सेवाओं को समाप्त किये जाने को भी चिन्ताजनक कहा। उन्होनें कहा कि ऐसे तदर्थ शिक्षकों की सेवाओं को जारी रखने के लिए सरकार मानवीय आधार पर अविलम्ब वैकल्पिक प्रबन्ध करे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश शुक्ल ने विज्ञप्ति में दी है।

# नैनी स्टेशन के प्लेटफॉर्म चार पर बनेगा टिकट काउंटर, वेटिंग हॉल

**नैनी प्रयागराज। अमृत विचार :** नैनी जंक्शन स्टेशन के प्लेटफार्म पर टिकट घर और वेटिंग हाल बनाया जाएगा। इसके लिए कार्य चल भी रहा है। इसके बन जाने से चाका की ओर रहने वाले दर्जनों मोहल्लों के लोगों को सहूलियत होगी। महाकुंभ के मद्देनजर रेलवे विभाग नैनी जंक्शन स्टेशन पर कई कार्य करा रहा है। इसी क्रम में नैनी स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या चार पर टिकट घर और वेटिंग हाल बनवाया जाएगा। कहने को तो यह कुंभ का कार्य है लेकिन इसके बन जाने से चाका की ओर रहने वाले दर्जनों यात्रियों को इससे काफी सुविधा हो जायेगी। चाका, चकलाल मोहम्मद, महेवा, मोहब्बतगंज, मड़ौका, डांडी, तिगनौता, डभांव, धनुहा, छिवकी, बसवार सहित अन्य मोहल्लों के लोगों को नैनी स्टेशन से टिकट लेने के लिए प्लेटफार्म एक पर जाना पड़ता है। इसके लिए लोगों को रेलवे पुल पार कर प्लेटफार्म एक से होकर बाहर टिकट काउंटर पर जाना पड़ता है। या तो रीवा रोड से लेप्रसी चौराहा होते हुए नैनी स्टेशन आकर टिकट लेना पड़ता है। लेकिन प्लेटफार्म चार पर टिकट घर बन जाने पर उन्हें इसी पर टिकट उपलब्ध हो जाएगा। इससे यात्रियों को काफी सुविधा हो जाएगी। इसके अलावा वेटिंग हाल भी बन जाने के बाद ट्रेन की प्रतीक्षा करने में परेशानी नही होगी। टिकट घर और वेटिंग हाल बनाने का कार्य भी चल रहा है। प्लेटफार्म चार पर जगह नहीं होने की दशा में रेलवे कालोनी वाली सड़क को शिफ्ट करने का काम तेजी से हो रहा है। इसके अलावा रेलवे स्टेशन के लिए एक नया गेट भी मलहरा फाटक के पास बनवाएगा। इस संबंध में प्रयागराज रेल मंडल के पीआरओ अमित कुमार सिंह ने बताया कि कुंभ के तहत प्लेटफार्म चार पर टिकट घर, प्रतीक्षालय तथा मलहरा फाटक के पास स्टेशन का गेट बनाया जाएगा। इससे यात्रियों को काफ़ी सुविधा होगी।

**चाका की तरफ रहने वाले दर्जनों मोहल्ले के यात्रियों को होगी सहूलियत**


## वर्ग पहेली-339

**बाएं से दाएं**

1. 1. गुण, योग्यता, प्रकृति 2. असर, प्रभाव।
4. जो कृपण अथवा कंजूस न हो, ख़र्च करने वाला, उदार, दानशील।
5. तदर्थ, किसी विशेष कार्य के लिए की गई सामयिक व्यवस्था।
8. 1. बातचीत, वार्तालाप, कथोपकथन 2. ख़बर, समाचार 3. भेजा हुआ या प्राप्त विवरण या वृतांत 4. चर्चा 5. सहमति, स्वीकृति 6. व्यवहार, मुकदमा।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. सूर्यपुत्री, सूर्य की कन्या, तासी 2. ताप्ति नामक नदी।
2. 1. जंभाई लेना 2. खिलना, फैलना।
3. जो कृषि से संबंध न रखता हो, कृषीतर (नॉन-ऐग्रिकल्चरल)।
6. 1. ऐसी बात जो किसी को डराने के लिए कही जाए 2. पक्षियों आदि को डराकर फलदार वृक्षों
7. 1. वह नीची ज़मीन या छोटा गड्ढा जिसमें बरसाती पानी ठहरता हो, झांवर 2. मैला या गंदा पानी 3. चिलमची नामक पात्र जिसमें हाथ-मुंह धोने का पानी रहता है।




### वर्ग पहेली - 338 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 भा | षा | स | 2 म | | 3 तु |
| | | | धु | | ला |
| | | | मा | | ई |
| | 4 कु | 5 शा | स | न | |
| | | सि | | | 6 ज़े |
| 7 गुं | जि | त | | | ह |
| | | | 8 झा | ड़ | न |

## सुडोकू -56

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 5 | 6 | | 1 | | 8 | | 7 |
| | | | 7 | | | | 3 | |
| | 3 | | | | | 5 | | 2 |
| | | 7 | | 9 | 4 | | | |
| 1 | | | | | | | | 5 |
| | | | 8 | 2 | | 4 | | |
| 9 | | 5 | | | 6 | | 8 | |
| | 4 | | | | 3 | | | |
| 8 | | 3 | | | | 2 | 1 | |

### सुडोकू - 55 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 1 | 7 | 3 | 2 | 4 | 9 | 8 | 5 |
| 2 | 9 | 8 | 5 | 6 | 1 | 3 | 4 | 7 |
| 5 | 3 | 4 | 9 | 8 | 7 | 1 | 2 | 6 |
| 9 | 8 | 5 | 4 | 1 | 3 | 6 | 7 | 2 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 9 | 6 | 4 | 5 | 3 |
| 4 | 6 | 3 | 7 | 5 | 2 | 8 | 9 | 1 |
| 3 | 2 | 9 | 1 | 4 | 5 | 7 | 6 | 8 |
| 8 | 5 | 1 | 6 | 7 | 9 | 2 | 3 | 4 |
| 7 | 4 | 6 | 2 | 3 | 8 | 5 | 1 | 9 |

# स्वतंत्रता सेनानी डॉ. काशी प्रसाद को भी भारत रत्न दे सरकार

**अखिल भारतीय जायसवाल सर्व-वर्गीय महासभा ने उठाई मांग**



डॉ. काशी प्रसाद जायसवाल

**संवाददाता, प्रयागराज, अमृत विचार :** डॉ. काशी प्रसाद जायसवाल समाज के गौरव, अग्रणी स्वतंत्रता सेनानी के साथ अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त विद्वान थे। प्रधानमंत्री उन्हें भी मरणोपरांत देश का सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न दें। अखिल भारतीय जायसवाल सर्व-वर्गीय महासभा की इकाई उत्तर प्रदेश मीडिया प्रभारी राजीव जायसवाल ने यह मांग करते हुए कहा कि उनके जीवन काल में सिर्फ एक उद्देश्य था भारत आजाद हो। प्राचीन इतिहास, विधिवेत्ता, पुरातत्वज्ञ, प्राचीन लिपि मर्मज्ञ, लुप्त इतिहास के अद्भुत विद्वान, मुद्रा शास्त्री, सूक्ष्म अन्वेषण एवं ग्रीक, लेटिन, जर्मन, फ्रेंच, इंग्लिश, चीनी, तमिल, तेलुगू, हिंदी, संस्कृत आदि 35 देशी व विदेशी भाषाओं के जानकार डॉ. काशी प्रसाद ने एमए, डी लिट, बार-एट-ला किया था। उन्होंने मिर्जापुर में संत हार्डिया बाबा से संस्कृत की शिक्षा प्राप्त की थी। मिर्जापुर के लंदन मिशन हाई स्कूल से 1897 मे मेट्रिक, बनारस के क्वींस कॉलेज से स्नातक एवं इलाहाबाद विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर डिग्री प्राप्त करने के पश्चात उच्च शिक्षा के लिए इंग्लैंड चले गए। वहां ऑक्सफोर्ड से 1909 में बैरिस्ट्री पास किया। वहां कुछ दिनों के लिए वह एक कॉलेज में चीनी भाषा के लेक्चरर नियुक्त हुए। आक्सफोर्ड में रहते हुए इन्होंने वहां फ्री इन्डिया सोसायटी बनाया। क्रांतिकारी आपस में लंदन के इंडिया हाउस में मिलने लगे। इनके क्रांतिकारी प्रवृत्तियों की जानकारी इंग्लैंड के गुप्तचरों को जानकारी हो गयी तो उन्होंने भारत आकर कलकत्ता हाईकोर्ट में वकालत करना शुरू कर दिया। इनकी कई पुस्तकें प्रकाशित हुई थी जो देश, विदेश के महाविद्यालयों में पढ़ायी जाती है। मौर्य कालीन सिक्कों एवं महत्वपूर्ण ख़ोजो पर उन्हें विशेष रुप से व्याख्यान देने के लिए सन् 1931 मे एशियाटिक सोसाइटी लंदन में निमंत्रण पाने वाले वह पहले भारतीय थे। इन्हें दूसरा सर एलेक्सजेंडर कहा गया था। उनको डॉक्टर आफ फिलोसॉफी की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया था। डॉ. काशी प्रसाद की नई-नई खोजें पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित होने लगी, जिनके कारण अंग्रेज इतिहासकारों ने लिखा था कि भारत को राज्य चलाने का अनुभव नहीं है। उन्हें पटना विवि ने डॉक्टर ऑफ लिटरेचर की उपाधि से भी सम्मानित किया था।


डॉ. काशी प्रसाद ने डार्कनेस ऑफ इंडिया में वर्णन किया है कि भारत मे गुप्तकाल ही स्वर्ण युग रहा है, यह भी साबित किया कि चीन और जापान का आध्यात्मिक गुरु भारत ही था। 1915 में बिहार और उड़ीसा रिसर्च सोसायटी की स्थापना किया जो बाद में डॉ. काशी प्रसाद जायसवाल रिसर्च सेन्टर के नाम से कर दिया गया। उन्होंने अपनी देखरेख में पटना म्यूजियम का निर्माण भी कराया। वर्ष 1926 से लेकर वर्ष 1936 तक वह इसके अध्यक्ष भी रहे। इन्हें वर्ष 1930 में गायकवार्ड स्वर्ण जयंती के अवसर पर व्याख्यान देने के लिए आमंत्रित किया गया था। इसके पूर्व विश्वकवि रविंद्र ठाकुर और वैज्ञानिक सीपी रमन को भी आमंत्रित किया गया था, जिन्हें नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 11 फरवरी, रविवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-द्वितीया 21.09 तक तत्पश्चात तृतीया।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- पश्चिम। ऋतु-शिशिर।
चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुम्भ।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-शतभिषा 17.39 तक तत्पश्चात पूर्व भाद्रपद।

**मेष** – आज अचानक धन लाभ होने के योग बन रहे हैं। लोगों के बीच आपके किसी अच्छे काम की चर्चा होगी। प्रेमी आपकी काफी देखभाल करेगा। स्वास्थ्य पहले से बहुत ही अच्छा रहेगा। समान विचारधारा वाले लोगों के बीच काफी उत्तम समय व्यतीत करेंगे।

**वृष** – आज घर के किसी सदस्य के व्यवहार को लेकर थोड़े खिन्न हो सकते हैं। घर में टेलीविज़न और फोन पर व्यस्त रहेंगे। दूसरों की मदद करने से आपको सुकून मिलेगा। किन्तु आत्मसम्मान का सदैव ध्यान रखें।

**मिथुन** – आज आपकी वाणी में सौम्यता, आपको परिवार में विशेष सम्मान की हकदार बनायेगी। ससुराल पक्ष में कोई मांगलिक कार्यक्रम हो सकता है। दाम्पत्य जीवन में परस्पर प्रेम और विश्वास की भावना में वृद्धि होगी।

**कर्क** – आज यह समय आपके पक्ष का नहीं है। इसीलिए आपको कोई बड़ा और विशेष कार्य शुरू नहीं करना चाहिए। व्यापार में नुकसान की आशंका से परेशान रहेंगे। छात्र कुछ नया सीखने का प्रयास करेंगे। नाक, कान और गले संबंधित दिक्कत हो सकती है।

**सिंह** – आज परिवार में हर्ष का माहौल रहेगा। विवाहेत्तर संबंधों को लेकर सचेत रहें। व्यापार में कुछ प्रयोग कर सकते हैं। अपनों का भरपूर प्रेम और सम्मान प्राप्त होगा। पुराने मित्र से आपको सहायता मिलेगी। उत्तम भोजन के शौकीन रहेंगे।

**कन्या** – आज आपके बौद्धिक गुणों की प्रशंसा होगी। गुप्त शत्रु आपके खिलाफ भावनाएं भड़का सकते हैं। व्यवसाय में आपको क्लाइंट्स के माध्यम से बड़ा लाभ मिल सकता है। मस्तिष्क में अनावश्यक विचार आपको परेशान करेंगे। जल्दबाजी में कोई भी काम न करें।

**तुला** – आपको आज किसी को वचन नहीं देना चाहिए। संपत्ति के विक्रय की योजना बनायेंगे। प्रेम विवाह को लेकर सहमति बन सकती है। आपके द्वारा कही गई कोई बात सत्य सिद्ध होगी। किसी मध्यस्थ के कारण से आपका कोई अटका काम बन सकता है।

**वृश्चिक** – आज घर के कार्यों में काफी व्यस्त रहेंगे। लवमेट्स का दिन कुछ खट्टा-मीठा सा रहेगा। कार्यक्षेत्र में कोई बड़ा बदलाव करना पड़ सकता है। बच्चों के व्यवहार में नियंत्रण रखें। किसी धार्मिक संस्था में दान दक्षिणा करेंगे।

**धनु** – आज सभी कार्य शान्तिपूर्ण तरीके से होंगे। कहीं दूर की यात्रा का विचार बनायेंगे। टूटे रिश्तों को आज जोड़ सकते हैं। मनोरञ्जन के कार्यों में आप धन खर्च कर सकते हैं। पति-पत्नी आपसी प्रेम और सामन्जस्य बनाकर रखें।

**मकर** – आज जॉब में आपको लापरवाही नहीं करनी चाहिए। धार्मिक कार्यों में आप रुचि लेंगे। आज आप काफी खुश रहेंगे। नए सम्पर्कों से लाभ मिलेगा। कोई मूल्यवान वस्तु आपको प्राप्त हो सकती है। दिल की बजाय दिमाग से काम करें।

**कुंभ** – आज प्रमोशन में आ रही बाधा दूर होगी। घर में सुख-शान्ति का वातावरण रहेगा। आपकी उपलब्धियों की लोग प्रशंसा करेंगे। मीडिया और ऑनलाइन कार्यों से जुड़े लोगों का दिन शुभ रहेगा। आपकी व्यवहार कुशलता की प्रशंसा होगी।

**मीन** – आज जॉब और व्यापार में आपको एक से अधिक मौके मिल सकते हैं। त्वरित निर्णय आज आपको नहीं लेने चाहिये। कुछ लोग आपका अपमान कर सकते हैं। जोखिम भरे निवेश करने से पहले पूरी जानकारी ले लें। माता के साथ सम्वादहीनता की स्थिति पनप सकती है।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
कूली – सुबह : 09.00
सिंह इज ब्लिंग – रात : 09.00

SONY MAX
पीकू – सुबह : 08.00
गुमराह – रात : 07.00

Utsav Gold
बजरंगी भाईजान – सुबह : 09.15
सीता रामम – शाम : 06.45

ZEE CINEMA
पड़ोसन – सुबह : 09.40
रेड – रात : 07.00

colors CINEPLEX
हम्प्टी शर्मा की दुल्हनियां – सुबह : 10.23
गोविंदा मेरा नाम – शाम : 06.58

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात-07.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

संता- यार बंता आज सुबह-सुबह एक बिल्ली ने मेरा रास्ता काट दिया...
बंता- अच्छा फिर क्या हुआ?
संता – फिर क्या आगे जाकर उस बिल्ली का एक्सीडेंट हो गया, हमसे पंगा जो ले लिया था।

मास्टर जी- मुहावरे का अर्थ बताओ 'सांप की दुम पर पैर रखना'
स्टूडेंट- पत्नी को मायके जाने से रोकना।
टीचर समझ नहीं पा रहे हैं कि इतनी गहरी जानकारी इसे कैसे हुई।

# अर्थव्यवस्था को कांटों से भरी झाड़ी में फंसी साड़ी की तरह निकाला है सही सलामत

## वित्त मंत्री सीतारमण ने राज्यसभा में श्वेत पत्र पर हुई चर्चा का विपक्ष को दिया जवाब

नई दिल्ली, एजेंसी



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि सरकार ने पिछले दस साल में देश की अर्थव्यवस्था को कांटों में फंसी साड़ी की तरह सही-सलामत निकालकर भविष्योन्मुखी सुधारों की राह पर चलाने का प्रयास किया है। वित्त मंत्री सीतारमण ने राज्यसभा में श्वेत पत्र पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि निरंतर प्रयासों और प्रभावी नीतिगत योजनाओं ने भारतीय अर्थव्यवस्था को पटरी पर ला दिया है तथा इसके परिणामस्वरूप यह दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हो गई है।

उन्होंने दावा किया प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में भारत विश्व की तीन सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शुमार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी व्यक्तिगत रूप से जमीनी स्तर पर विकास परियोजनाओं की प्रगति की निगरानी करते हैं। संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के दौरान आर्थिक कुप्रबंधन की ओर इशारा करते हुए उन्होंने कहा कि पिछले शासन के दौरान 18 लाख करोड़ रुपये की परियोजनाएं रुकी हुई थीं। उन्होंने कहा-मोदी सरकार ने पिछले कुछ वर्षों में 17 लाख करोड़ रुपये से अधिक की 348 लंबित परियोजनाओं को मंजूरी दी।

### श्वेत पत्र ध्यान भटकाने के लिए लाया गया : वेणुगोपाल



कांग्रेस ने शनिवार को राज्यसभा में कहा कि अर्थव्यवस्था पर श्वेत पत्र इस देश की "वास्तविक सच्चाइयों" को छिपाने और महंगाई, बेरोजगारी, अर्थव्यवस्था की खराब स्थिति जैसे मूल मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए सरकार द्वारा लाया गया है। सरकार द्वारा लाए गए श्वेत पत्र पर उच्च सदन में हुई अल्पकालिक चर्चा में भाग लेते हुए कांग्रेस सदस्य के सी वेणुगोपाल ने आरोप लगाया कि सरकार ने देश के सामने मौजूद मुद्दों से ध्यान भटकाने और अपने बचाव के लिए इसका इस्तेमाल किया है। पूर्व प्रधानमंत्रियों चौधरी चरण सिंह, नरसिंह राव और कृषि वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन को भारत रत्न दिए जाने का स्वागत करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार राजनीतिक उद्देश्यों के लिए भारत रत्न सम्मान का इस्तेमाल कर रही है।

## अखिल भारतीय पुलिस सम्मेलन का आयोजन करेगा आरपीएफ

**नई दिल्ली, अमृत विचार:** 68वां अखिल भारतीय पुलिस सम्मेलन 12 फरवरी से लखनऊ में होने जा रहा है। सम्मेलन का उद्घाटन रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव करेंगे और 16 फरवरी को समापन उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे।

अखिल भारतीय पुलिस सम्मेलन के आयोजन का दायित्व इस वर्ष रेलवे सुरक्षा बल को दिया गया है। यह आयोजन लखनऊ के जगजीवन राम आरपीएफ अकादमी में 5 दिन तक चलेगा। होने वाले सम्मेलन में सभी राज्यों एवं केंद्र शासित राज्यों की पुलिस के अलावा केंद्र शासित अर्धसैनिक बलो के विशेषज्ञ भी आएंगे। कानून एवं अपराध की दृष्टि से उक्त सम्मेलन में कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव भी पारित किए जाएंगे।

## 37वें सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेला...



फरीदाबाद जिले में 37वें सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेले में परेड के दौरान अलग-अलग किरदारों में सजे कलाकार प्रदर्शन करते हुए। यहां कई राज्यों के कलाकारों ने हिस्सा लिया है। ● एजेंसी

## एक नजर

### हरियाणा में मेडिकल की छात्रा ने की आत्महत्या

**सोनीपत।** सोनीपत के गोहाना के खानपुर कलां स्थित भगत फूल सिंह महिला मेडिकल कॉलेज के छात्रावास में एमबीबीएस एमडी प्रथम वर्ष की छात्रा ने शनिवार को कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। पुलिस प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हिसार निवासी मनीषा (24) भगत फूल सिंह महिला मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस एमडी प्रथम वर्ष की छात्रा थी और कॉलेज के छात्रावास में एक कमरे में अकेले रहती थी। उन्होंने बताया कि शनिवार सुबह मनीषा का शव कमरे में पंखे से लटका मिला। घटना से कॉलेज में हडक़ंप मच गया।

### देश में भ्रष्टाचारियों का अमृतकाल: राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को आरोप लगाया कि देश में भ्रष्टाचारियों का अमृतकाल चल रहा है। उन्होंने 'प्रगति मैदान टनल' से जुड़ी एक खबर का हवाला देते हुए सरकार पर निशाना साधा। राहुल गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, देश में भ्रष्टाचारियों का अमृतकाल चल रहा है। 777 करोड़ रुपये खर्च कर बनाई गई प्रगति मैदान टनल सिर्फ एक साल में उपयोग के लायक नहीं रही। उन्होंने दावा किया-प्रधानमंत्री विकास की हर परियोजना पर प्लानिंग की जगह मॉडलिंग कर रहे हैं और हम ईडी, सीबीआई से लड़ रहे हैं।

## दिव्यांगजन अधिकार कानून में प्रशंसनीय नीति दूर का सपना नहीं होना चाहिए

कोच्चि, एजेंसी

▸▸ केरल उच्च न्यायालय ने मामले की सुनवाई के दौरान की टिप्पणी



केरल उच्च न्यायालय ने शनिवार को कहा है कि दिव्यांगजन अधिकार (आरपीडब्ल्यूडी) अधिनियम में निहित प्रशंसनीय नीति को लागू किया जाना चाहिए और यह दूर का सपना नहीं बनना चाहिए। अदालत ने जनवरी में कोझिकोड जिले में 77 वर्षीय एक दिव्यांग व्यक्ति द्वारा पिछले कुछ महीनों से कथित तौर पर विकलांगता पेंशन न मिलने के कारण आत्महत्या की खबरों के आधार पर मामले का स्वतः संज्ञान लिया था। इसी मामले में सुनवाई करते हुए अदालत ने यह टिप्पणी की। अदालत ने केंद्र और राज्य सरकार के वकीलों को इस मामले पर निर्देश लेने के लिए समय दिया है। याचिका को 23 फरवरी को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया गया है।

उच्च न्यायालय ने शीर्ष अदालत के फैसले का हवाला देते हुए कहा कि आरपीडब्ल्यूडी अधिनियम एक बड़े बदलाव की कल्पना करता है और उक्त कानून के तहत प्रदान किए गए लाभों को साकार करने की कल्पना करता है। उच्च न्यायालय ने कहा-इसमें चीजें बेहतर की गई हैं और कई लोगों की जिम्मेदारियों को शामिल किया गया है। ऐसी स्थिति में, अधिनियम के महत्वपूर्ण प्रावधानों की संरचना पर गौर करना और यह देखना अनिवार्य हो जाता है कि उन्हें लागू किया गया है। उच्च न्यायालय ने कहा-कानून के ढांचे के भीतर निहित प्रशंसनीय नीति को लागू किया जाना चाहिए और यह दूर का सपना नहीं बनना चाहिए। कार्रवाई की तत्काल आवश्यकता है। अधिनियम की धारा 24 सामाजिक सुरक्षा से संबंधित है। यह धारा कहती है कि संबंधित सरकार, अपनी आर्थिक क्षमता और दायरे के भीतर दिव्यांगजन के स्वतंत्र रूप से या समुदाय में रहने में सक्षम बनाने के लिए आवश्यक योजनाएं और कार्यक्रम तैयार करेगी। पिछले कुछ महीनों से सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत कथित तौर पर पेंशन नहीं मिलने के कारण दिव्यांग व्यक्ति जोसेफ उर्फ पप्पाचन (77) द्वारा आत्महत्या की खबरें आने के बाद अदालत ने मामले का स्वतः संज्ञान लिया था। जोसेफ ने शुरू में पेंशन न मिलने की शिकायत करते हुए चक्किटपारा ग्राम पंचायत के सचिव और संबंधित थाने से भी संपर्क किया था।

## ढाई करोड़ के गबन मामले में प्रबंधक सहित 2 लोग गिरफ्तार

जयपुर, एजेंसी

राजस्थान पुलिस ने प्रतापगढ़ जिले में एक निजी बैंक में लगभग 2.50 करोड़ रुपये के घोटाले का पर्दाफाश करते हुए बैंक के प्रबंधक सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया।

पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि इस मामले में 46 लाख रुपये की नकदी भी जब्त की गयी है। प्रतापगढ़ के पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने यहां एक बयान में बताया, ''धरियावद में आईसीआईसीआई बैंक में हुए लगभग 2.50 करोड़ रुपये के बैंक घोटाले का पर्दाफाश कर बैंक मैनेजर प्रशांत काबरा (32) व उदयपुर के हिस्ट्रीशीटर रहे आरोपी जालम चन्द जैन (72) को गिरफ्तार किया गया।'' अधिकारी के अनुसार, गबन की राशि से आरोपी हिस्ट्रीशीटर ने उदयपुर-नाथद्वारा रोड पर एक 'फार्म हाउस' खरीदा। उन्होंने बताया कि मामला उस समय सामने आया जब बैंक के एक ग्राहक के खाते से चार फरवरी को 32 लाख रुपये निकाल लिये गये। अधिकारी के मुताबिक, बाद में जब बैंक के अन्य ग्राहकों के खातों की जांच की गई तो गबन की जानकारी हुई।

## सीने में दर्द की शिकायत के बाद अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती अस्पताल में भर्ती

**कोलकाता।** प्रख्यात अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती को सीने में दर्द की शिकायत के बाद शनिवार को यहां के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 73 वर्षीय अभिनेता का एमआरआई हो चुका और अन्य परीक्षण किये जा रहे हैं। अस्पताल के प्रवक्ता ने कहा-चक्रवर्ती को आज सुबह भर्ती कराया गया और उन्हें चिकित्सीय निगरानी में रखा गया है। इस बारे में ज्यादा जानकारी बाद में दी जाएगी। अभिनेता से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता बने चक्रवर्ती को सुबह अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## महाराष्ट्र के मंत्री भुजबल को धमकी सुरक्षा बढ़ाई गई

**नासिक।** महाराष्ट्र के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री छगन भुजबल को एक पत्र मिला है, जिसमें उन्हें उनकी जान को खतरा होने के बारे में चेतावनी दी गई है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस पत्र के मिलने के बाद पुलिस ने नासिक स्थित उनके आवास और कार्यालय पर सुरक्षा बढ़ा दी है। भुजबल अजित पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) में हैं। भुजबल ने कहा कि यदि उन्हें ऐसे और भी कई पत्र मिलते हैं, तो भी वह अपने रुख से पीछे नहीं हटेंगे। अधिकारी ने बताया कि यह पत्र भुजबल के नासिक स्थित कार्यालय को शुक्रवार शाम को मिला। इसमें दावा किया गया कि मंत्री को नुकसान पहुंचाने के लिए पांच लोगों को 50 लाख रुपये की 'सुपारी' दी गई है।

## दलित, ओबीसी और आदिवासी योजनाओं के सबसे बड़े लाभार्थी

डीसा (गुजरात), एजेंसी

▸▸ लोगों से मोदी बोले- हमारी उपलब्धि 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दलित, अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और आदिवासियों को उनकी सरकार की गरीब हितैषी योजनाओं के सबसे बड़े लाभार्थी होने का उल्लेख करते हुए शनिवार को कहा कि पिछले 10 वर्ष में इसकी सबसे बड़ी उपलब्धि 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकालना है। मोदी ने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) के तहत 1.3 लाख आवास के उद्घाटन व शिलान्यास के बाद कहा कि किसी गरीब व्यक्ति के पास अपना घर होना उसके बेहतर भविष्य की गारंटी है।

प्रधानमंत्री ने कहा-1.3 लाख आवास के आंकड़े देखिए। यहां तक कि जब मैं पीएमएवाई के तहत राष्ट्रीय स्तर के एक कार्यक्रम में शामिल हुआ, मैंने इतना बड़ा आंकड़ा नहीं देखा। मैं गुजरात सरकार को बधाई देता हूं। किसी भी गरीब व्यक्ति के लिए उसके पास अपना घर होना उसके बेहतर भविष्य की गारंटी है। मोदी ने कहा-हमारी सरकार की गरीब हितैषी योजना के सबसे बड़े लाभार्थी दलित, ओबीसी और आदिवासी हैं। उन्होंने विपक्ष द्वारा केंद्र पर अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और ओबीसी की अनदेखी करने के आरोपों का जवाब देते हुए यह कहा। मोदी ने कहा कि गरीब, युवा, किसान और महिलाएं विकसित भारत के स्तंभ हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 10 साल में उनकी सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकालना है।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मध्य प्रदेश में आज जनजातीय सम्मेलन को करेंगे संबोधित

**झाबुआ (मप्र)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मध्यप्रदेश के आदिवासी बहुल झाबुआ जिला मुख्यालय पर रविवार को जनजातीय सम्मेलन को संबोधित करेंगे, जिसमें राज्य के विभिन्न हिस्सों के आदिवासी समुदाय से आने वाले नागरिक भी शिरकत करेंगे। श्री मोदी इसके साथ ही आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मध्यप्रदेश भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के चुनाव अभियान की शुरूआत करेंगे। श्री मोदी की यात्रा के एक दिन पहले शनिवार को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने यहां यात्रा का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर भाजपा नेता एवं लोकसभा चुनाव के प्रदेश प्रभारी डॉ महेंद्र सिंह और सह प्रभारी सतीश उपाध्याय भी मौजूद रहे। गुजरात की सीमा से लगे झाबुआ में आयोजित जनजातीय सम्मेलन में झाबुआ और आसपास के जिलों के हजारों की संख्या में जनजातीय समुदाय के लोग भी शामिल होंगे। व्यापक भीड़ के मद्देनजर समारोहस्थल पर सुरक्षा संबंधी आवश्यक प्रबंध किए गए हैं।

# कारोबार/कृषि

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 990 फ्लैग 1110 डीएमओ 825 बोल्ड 1145, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1135 बोल्ड 1160 डीएमओ 910।

## लखनऊ मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूं (आरआर 21) | 2360-2800 |
| गेहूं (के 65) | 3500-3800 |
| बाजरा | 2200-2300 |
| मक्का | 2700-2800 |
| जौ | 2900-3000 |
| **चावल प्रति कुन्तल** | |
| चावल सेल्हा | 2800-3100 |
| चावल बासमती | 7000-8000 |
| चावल मोटा | 2800-3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200-3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800-5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600-8600 |
| चावल राजरानी | 7000-7500 |
| **दाल दलहन** | |
| चना देशी | 6800-7000 |
| चना फार्मी | 7200-7500 |
| चना काबली | 14500-17000 |
| मटर हरा | 6000-6200 |
| मटर सफेद | 6100-6500 |
| दाल चना | 8000-8400 |
| दाल मटर | 6400-6500 |
| उड़द हरा | 12000-12500 |
| उड़द काला | 9000-9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500-16000 |
| दाल उड़द काली | 10500-11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000-12500 |
| मूंग खड़ा | 10000-10500 |
| मूंग दाल | 10500-11000 |
| मूंग धोवा | 12000-13000 |
| मसूर | 8800-9000 |
| मलका | 9000-9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000-17000 |
| दाल स्पेशल | 13000-14000 |
| राज्मा सफेद | 13000-14000 |
| राज्मा काला | 11500-12500 |
| मूंगफली का दाना | 11000-12000 |
| **तेल तिलहन** | |
| अलसी | 5310-5510 |
| लाही | 4800-5200 |
| काली सरसों | 4900-5300 |
| पीली सरसों | 5600-5800। |

# सरकार की नई पॉलिसी ने बढ़ाई ई-वाहनों की रफ्तार

## पेट्रोल महंगा हुआ तो तेजी से बढ़ने लगा इलेक्ट्रिक गाड़ियों का कुनबा, दिसंबर 2023 तक बिक चुके हैं 6,65,115 वाहन

नीरज मिश्र, लखनऊ

**अमृत विचार:** पर्यावरण के 'मित्र' इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के बिक्री की रफ्तार धीरे-धीरे बढ़ती जा रही है। ई-वाहनों की नई पॉलिसी से वाहन बिक्री ने सोने में सुहागा कर दिया है। मिलती सरकारी रियायत और लोगों के रुझान ने अब इन बेआवाज वाहनों की ओर दिलचस्पी और बढ़ा दी है।

ईवी खरीद का बढ़ता आंकड़ा बताता है कि अब बड़ी संख्या में लोग इलेक्ट्रिक वाहन खरीद रहे हैं। 31 दिसंबर तक अकेले इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों की बिक्री 66,960 तक हो चुकी है। इन गाड़ियों की खरीद पर न केवल गाड़ी के पंजीकरण में बल्कि क्रय सब्सिडी में भी छूट दी जा रही है।

### ईवी वाहनों के प्रोत्साहन के लिए दी जा रहीं ये सुविधाएं



1-ईवी वाहनों में गाड़ियों के पंजीयन पर टैक्स से छूट।
2-वाहन स्वामियों को तीन साल तक इलेक्ट्रिक वाहनों में टैक्स नहीं देना पड़ेगा।
3-चौथे और पांचवे साल में उन वाहनों को टैक्स में छूट दी जाएगी जो उत्तर प्रदेश में निर्मित हों।
4-वाहनों की खरीद पर सब्सिडी।
5-छूट की राशि सीधे खाते में जाती है।

### प्रदेश में पंजीकृत इलेक्ट्रिक वाहनों की संख्या दिसंबर 2023 तक

| वाहन का प्रकार | ट्रांसपोर्ट गाड़ियां |
|---|---|
| बस | 744 |
| ई-रिक्शा | 5,50,689 |
| ई-रिक्शा विद कार्ट | 21,689 |
| थ्री व्हीलर यात्री | 15,633 |
| थ्री व्हीलर गुड्स | 1,288 |
| गुड्स कैरियर | 177 |
| मोटर कैब | 138 |
| बाइक-स्कूटर किराए वाली | 35 |
| एक्स-रे वैन | 1 |

| वाहन का प्रकार | नॉन ट्रांसपोर्ट व्हीकल |
|---|---|
| मोटर साइकिल स्कूटर | 66,960 |
| बाइक-स्कूटर विद साइड कार | 52 |
| मोपेड | 703 |
| मोटर-कार | 4,712 |
| मोटराइज्ड साइकिल 25 सीसी | 2,198 |
| कृषि ट्रैक्टर | 91 |
| एडाप्टेड वाहन | 03 |
| फारक लिफ्ट | 01 |
| थ्री व्हीलर पर्सनल | 01 |
| कुल ट्रांसपोर्ट ईवी | 5,90,394 |
| कुल नॉन ट्रांसपोर्ट ईवी | 74,721 |
| कुल इलेक्ट्रिक वाहनों की संख्या | 6,65,115 |

इस बारे में पुष्पसेन सत्यार्थी, अपर परिवहन आयुक्त सड़क सुरक्षा ने बताया कि ई-गाड़ियों की बिक्री लोगों का रुझान बता रही है। अब लोग अपने निजी वाहनों की सूची में इसे शामिल कर रहे हैं। दिसंबर 2023 तक के ई-वाहन बिक्री के आंकडे लोगों की पसंद बता रहे हैं।

वहीं इस बारे में चंद्रभूषण सिंह, परिवहन आयुक्त उत्तर प्रदेश का कहना है कि सरकार की नई पॉलिसी से ई-वाहनों की बिक्री रफ्तार पकड़ चुकी है। परिवहन विभाग की ओर से खरीदारों को सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। लोग अब प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों की खरीद से बच रहे हैं। इलेक्ट्रिक गाड़ियां लोगों को रास आ रही हैं। धीरे-धीरे इलेक्ट्रिक वाहन लोगों के घरों में अपनी जगह बना रहे हैं।

## आसान नियमों के साथ सेवानिवृत्त व्यक्तियों को मिलेगा चिकित्सा लाभ

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ ईएसआईसी की 193वीं बैठक में लिया गया फैसला

कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) ने शनिवार को नियमों में ढील के साथ सेवानिवृत्त बीमित व्यक्तियों को चिकित्सा लाभ देने का फैसला किया। श्रम मंत्रालय ने बयान में कहा कि केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव की अध्यक्षता में ईएसआईसी की 193वीं बैठक में यह फैसला लिया गया।

इसमें कहा गया कि ईएसआईसी ने उन बीमित सेवानिवृत्त श्रमिकों को चिकित्सा लाभ प्रदान करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है, जो वेतन सीमा से अधिक होने के कारण ईएसआई योजना कवरेज से बाहर हो गए हैं, यदि कर्मचारी सेवानिवृत्ति/स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति से पहले कम से कम पांच साल के लिए बीमा योग्य रोजगार के अंतर्गत था। वे व्यक्ति जो एक अप्रैल, 2012 के बाद कम से कम पांच वर्षों तक बीमा योग्य रोजगार में थे और एक अप्रैल, 2017 को या उसके बाद 30,000 रुपये प्रति माह तक वेतन के साथ सेवानिवृत्त/स्वैच्छिक सेवानिवृत्त हुए थे, उन्हें नई योजना के तहत लाभान्वित किया जाएगा।

सरकार की एक्ट ईस्ट नीति के दृष्टिकोण को पूरा करने के उद्देश्य से पूर्वोत्तरी राज्यों में सेवा वितरण तंत्र को बढ़ाने के लिए ईएसआईसी ने सिक्किम सहित पूर्वोत्तर राज्यों में औषधालयों, चिकित्सा बुनियादी ढांचे/क्षेत्रीय/उप क्षेत्रीय कार्यालयों की स्थापना के लिए मौजूदा मानदंडों में ढील दी है। बैठक के दौरान ईएसआई लाभार्थियों की समग्र भलाई को बढ़ावा देने के लिए ईएसआईसी संस्थानों में आयुष 2023 पर एक नई नीति अपनाई गई।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 72,700 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 64,175 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 47,800-48,000 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 64,150 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 64,000 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 73,800 |
| चांदी तैयार | 73,900 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 63,950 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 62,950 |
| चांदी पक्की | 717 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 64,200 |
| चांदी आभूषण | 72,700। |

## जेएसडब्ल्यू समूह ओडिशा में लगाएगा विद्युत वाहन व बैटरी कारखाना

नई दिल्ली, एजेंसी

उद्योगपति सज्जन जिंदल के नेतृत्व वाले विनिर्माण क्षेत्र के प्रमुख औद्योगिक समूह जेएसडब्ल्यू ने ओडिशा में कटक और पारादीप में एक बड़े पैमाने का एकीकृत विद्युत वाहन (ईवी) और ईवी बैटरी विनिर्माण परियोजना स्थापित करने की शनिवार को घोषणा की।

कंपनी ने कहा है कि इस महत्वाकांक्षी परियोजना पर 40 हजार करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया जाएगा और इससे रोजगार के 11 हजार से अधिक अवसर पैदा होंगे। इस पर मुख्यमंत्री नवीन पटनायक की उपस्थिति में भुवनेश्वर में हस्ताक्षर किए गए। कंपनी की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में इसे एक ऐतिहासिक पहल बताते हुए कहा गया है कि बिजली के क्षेत्र में ओडिशा की स्थिति को मजबूत करने के लिए राज्य की सरकार के साथ जेएसडब्ल्यू समूह ने एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। बयान में कहा गया है कि एक एकीकृत इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) और ईवी बैटरी विनिर्माण कटक और पारादीप में परियोजना। जेएसडब्ल्यू समूह ने कहा है कि इस परियोजना के लिए उसे दूसरे राज्यों से भी प्रतिस्पर्धी प्रस्ताव मिले थे।

## नीतीश ने कृषि यांत्रिकरण मेले का किया भ्रमण

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज राज्यस्तरीय कृषि यांत्रिकरण मेला का भ्रमण किया। श्री कुमार ने शनिवार को यहां गांधी मैदान में आयोजित राज्यस्तरीय कृषि यांत्रिकरण मेला (एग्रो बिहार-2024) का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न स्टॉलों पर जाकर कृषि के लिये उपयोगी आधुनिकतम कृषि यंत्रों के बारे में जानकारी ली। इस मेला में देश के प्रमुख कृषि यंत्र निर्माताओं द्वारा आधुनिक यंत्रों का प्रदर्शन किया गया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सरकारी अनुदान प्राप्त कृषि यंत्रों के क्रय करनेवाले प्रगतिशील किसान लाभार्थियों से मुलाकात की।

## वाराणसी, मुंबई व सूरत समेत चार शहरों के आर्थिक बदलाव के लिए योजना तैयार

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रमण्यम ने दी जानकारी



नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रमण्यम ने शनिवार को कहा कि आयोग ने वाराणसी, मुंबई, सूरत, और विशाखापट्टनम के आर्थिक रूपांतरण और 2047 तक भारत को एक विकसित अर्थव्यवस्था बनने में मदद करने के लिए एक योजना तैयार की है। कहा कि आयोग की योजना 20-25 और शहरों की आर्थिक योजना तैयार करने की है, क्योंकि वे आर्थिक गतिविधियों के केंद्र हैं।

उन्होंने भारत को 2047 तक 30 लाख करोड़ डॉलर की विकसित अर्थव्यवस्था बनाने के लिए नीति आयोग द्वारा एक दृष्टिपत्र तैयार किया जा रहा है और इसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा जारी किया जाएगा।

सुब्रमण्यम ने यहां एक कार्यक्रम में कहा-नीति आयोग ने वाराणसी, मुंबई, सूरत और विशाखापट्टनम के आर्थिक बदलाव के लिए योजना तैयार की है। पिछले साल महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने नीति आयोग के अधिकारियों के साथ एक बैठक की थी, जिसमें 2030 तक मुंबई महानगरीय क्षेत्र (एमएमआर) की जीडीपी को 300 अरब डॉलर तक ले जाने के लिए जरूरी कदमों पर चर्चा की गई थी। सुब्रमण्यम ने कहा कि केंद्र ने 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के अपने दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने के लिए 11 दिसंबर को देश के युवाओं के विचार मांगे थे। अब तक हमें 10 लाख से अधिक विस्तृत सुझाव प्राप्त हुए हैं।

बुमराह से हुई अपनी बात को इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल एथरटन से किया साझा

# बुमराह को खुद को सफेद गेंद का विशेषज्ञ कहना पसंद नहीं: शास्त्री

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के पूर्व कोच रवि शास्त्री जानते थे कि जसप्रीत बुमराह टेस्ट क्रिकेट खेलने के लिए बेताब थे क्योंकि यह तेज गेंदबाज खुद को 'सफेद गेंद विशेषज्ञ' के तौर पर बुलाना पसंद नहीं करता था। बुमराह आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष पर रहने वाले पहले भारतीय तेज गेंदबाज हैं।



विशाखापत्तनम टेस्ट में जीत से भारत को श्रृंखला में 1-1 से बराबरी दिलाने वाले मुकाबले में उन्होंने 91 रन देकर 9 विकेट झटके। इससे यह खिलाड़ी सबसे तेज 150 टेस्ट विकेट लेने वाला भारतीय बन गया। शास्त्री ने इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल एथरटन को दिए साक्षात्कार में बुमराह के साथ अपनी बातचीत के बारे में बताया। शास्त्री ने कहा कि कोलकाता में मैंने बुमराह से पूछा था कि क्या उन्हें टेस्ट क्रिकेट में दिलचस्पी है? तब उसने कहा था कि यह उसके जीवन का सबसे बड़ा दिन होगा। उससे बिना पूछे ही उसे सफेद गेंद का विशेषज्ञ करार दे दिया गया। लेकिन मैं जानता था और देखना चाहता था कि उसमें टेस्ट खेलने को लेकर कितनी भूख है। मैंने उससे कहा कि तैयार रहो। मैंने उसे कहा कि मैं उसे दक्षिण अफ्रीका में खिलाने जा रहा हूं। बुमराह ने जनवरी 2018 में केपटाउन में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपना टेस्ट पदार्पण किया।

# छठा विश्व कप जीतने को तैयार हैं भारतीय जांबाज

## आईसीसी अंडर-19 विश्व कप का फाइनल : ऑस्ट्रेलिया की टीम से भिड़ने को बेताब युवा क्रिकेटर

बेनोनी (दक्षिण अफ्रीका), एजेंसी

अंडर-19 वर्ल्ड कप का फाइनल मुकाबला आज 11 फरवरी को भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच विलोमूर पार्क मैदान में खेला जाएगा। इंडिया सेमीफाइनल में साउथ अफ्रीका को और ऑस्ट्रेलिया पाकिस्तान को हराकर फाइनल में पहुंची है। भारत के युवा खिलाड़ियों ने टूर्नामेंट में हर मैच में जीत हासिल की है। अब फाइनल में कंगारू को हराकर खिताब जीतना चाहेगी।

भारत के युवा क्रिकेटर रविवार को आस्ट्रेलिया के खिलाफ फाइनल जीतकर रिकॉर्ड छठा आईसीसी अंडर-19 विश्व कप खिताब जीतने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे। पिछले साल 19 नवंबर को आस्ट्रेलियाई टीम ने रोहित शर्मा की अगुवाई वाली सीनियर टीम को वैश्विक मंच पर रूलाया था जिससे उदय सहारन की अगुआई वाली टीम का ऑस्ट्रेलिया की अंडर-19 टीम को हराकर खिताब जीतना सुखद होगा।




कप्तान सहारन ने कहा था कि फाइनल में सामने ऑस्ट्रेलिया हो या पाकिस्तान, फर्क नहीं पड़ता। हम विरोधी पर नहीं अपने खेल पर ध्यान दे रहे हैं। हमने मैच दर मैच रणनीति बनाई है और हर मैच को संजीदगी से ले रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान ह्यू वेबगेन, सलामी बल्लेबाज हैरी डिक्सन, तेज गेंदबाज टॉम स्ट्रेकर और कैलम विडलर ने इस चरण के दौरान अच्छा प्रदर्शन किया है जो भारत के लिए परेशानी बन सकते हैं। भारत की अंडर-19 टीम ने 2012 और 2018 फाइनल में ऑस्ट्रेलिया को हराया था और इस चरण के खिताबी मैच में भी वह प्रबल दावेदार होगी। भारतीय टीम हमेशा आयु वर्ग के टूर्नामेंट में 'पॉवरहाउस' रही है और इस टूर्नामेंट में नौवीं बार फाइनल में पहुंचना इसका प्रमाण है। भारत की अंडर-19 टीम ने 2016 के बाद सभी फाइनल खेले हैं जिसमें से उसने 2018 और 2022 चरण में खिताब जीते जबकि 2016 और 2020 में उसे हार मिली। विराट कोहली की टीम ने 2008 में ट्राफी जीती थी जिसके बाद अंडर-19 विश्व कप ने काफी लोकप्रियता हासिल की है। लाइव टीवी कवरेज और 'स्ट्रीमिंग' से इसके प्रति उत्सुकता भी बढ़ गई है।

| भारत | ऑस्ट्रेलिया |
| --- | --- |
| उदय सहारन (कप्तान), अर्शिन कुलकर्णी, आदर्श सिंह, रुद्र मयूर पटेल, सचिन धास, प्रियांशु मोलिया, मुशीर खान, अरावली अवनीश राव (विकेटकीपर), सौम्य कुमार पांडे (उप कप्तान), मुरुगन अभिषेक, इनेश महाजन (विकेटकीपर), धनुष गौड़ा, आराध्या शुक्ला, राज लिम्बानी, नमन तिवारी। | ह्यू वेबगेन (कप्तान), लाचलान ऐटकेन, चार्ली एंडरसन, हरकीरत बाजवा, महली बियर्डमैन, टॉम कैम्पबेल, हैरी डिक्सन, रेयान हिक्स (विकेटकीपर), सैम कोनस्टास, राफेल मैकमिलन, ऐडन ओकोनोर, हरजस सिंह, टॉम स्ट्रेकर, कैलम विडलर और ओली पीक। मैच दोपहर डेढ़ बजे। |

## खेल डायरी

### गुकेश ने कार्लसन को हराया, संयुक्त दूसरे स्थान पर



वांगल्स (जर्मनी), एजेंसी। भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने यहां शुरू हुए वेसेन्हॉस शतरंज चैलेंज के पहले दिन एक के बाद एक जीत दर्ज करते हुए दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी नार्वे के मैग्सन कार्लसन, अर्मेनिया के लेवोन अरोनियन और मौजूदा विश्व चैम्पियन चीन के डिंग लिरेन को पराजित किया। हालांकि फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा के खिलाफ पहली बाजी में हारकर पूरे अंक गंवाने से गुकेश की शुरूआत अच्छी नहीं हुई लेकिन इसके बाद वह पूरी तरह लय में आ गये और उन्होंने चार में से तीन अंक अपनी झोली में डाले। इससे वह रैपिड वर्ग में जर्मनी के विन्सेंट केमेर (3 .5 अंक) के बाद संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर चल रहे हैं। नोडिरबेक अब्दुसत्तारोव को पहले दिन एक भी बाजी में हार नहीं मिली लेकिन उनके अंक गुकेश के बराबर हैं। कार्लसन, फिरोजा और अमेरिका के फैबियानो कारूआना 200,000 डॉलर पुरस्कार राशि के टूर्नामेंट में दो अंक लेकर संयुक्त दूसरे स्थान पर चल रहे हैं।

### मार्कोस ने शीर्ष वरीय फ्रांसेस टियाफो को हराया

डलास, एजेंसी। गैर वरीयता प्राप्त मार्कोस गिरोन ने शुक्रवार की रात शीर्ष वरीय फ्रांसेस टियाफो को हराकर उलटफेर करते हुए हार्डकोर्ट टूर्नामेंट डलास ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। गिरोन ने क्वार्टरफाइनल में टियाफो पर 6-1, 6-4 से जीत हासिल की। सेमीफाइनल में गिरोन का सामना आस्ट्रेलिया के जेम्स डकवर्थ और फ्रांस के एड्रियन मनारिनो के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से होगा। बेन शेल्टन ने जोर्डन थॉम्पसन को 6-7 (2), 6-4, 6-4 से हराया और इस तीसरे वरीयता प्राप्त अमेरिकी खिलाड़ी का सामना सेमीफाइनल में हमवतन टॉमी पॉल से होगा। दूसरे वरीय पॉल ने जर्मनी के डोमिनिक कोफर पर 7-5, 6-3 से जीत हासिल की।

### रामकुमार को मिला बेंगलुरु ओपन के लिए वाइल्ड कार्ड

बेंगलुरु, एजेंसी। भारत के दूसरी सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग के खिलाड़ी रामकुमार रामनाथन को 12 फरवरी से शुरू होने वाले बेंगलुरु ओपन के एकल मुख्य ड्रा में शनिवार को वाइल्ड कार्ड दिया गया। हाल में पाकिस्तान के खिलाफ डेविस कप मुकाबले में भारत की अगुआई करने वाले रामकुमार यहां चल रहे चेन्नई एटीपी चैलेंजर के पहले दौर में हार गये थे जिससे उन्हें घरेलू सरजमीं पर अच्छा करने का मौका मिलेगा। रामकुमार सात बार एटीपी चैलेंजर सर्किट के एकल फाइनल में पहुंचे थे। उन्होंने नवंबर 2021 में बहरीन के मनामा में अपना एकमात्र खिताब जीता था। दिलचस्प बात है कि रामकुमार ने दो साल पहले अपना सातवां और अंतिम युगल चैलेंजर खिताब बेंगलुरु में हमवतन साकेत मायनेनी के साथ जीता था।

### मेस्सी पर नाराजगी से अर्जेंटीना का मैत्री मैच रद्द



हांगकांग, एजेंसी। स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी के हांगकांग में प्रदर्शनी मैच में नहीं खेलने के कारण अगले महीने चीन में होने वाले अर्जेंटीना के फुटबॉल मैत्री मैच को शुक्रवार को रद्द कर दिया गया। मेस्सी की कप्तानी में विश्व कप चैम्पियन अर्जेंटीना को 18 से 26 मार्च तक के अंतरराष्ट्रीय ब्रेक के दौरान चीन का दौरा करना था। बीजिंग में आइवरी कोस्ट और हांगझोउ में नाईजीरिया के खिलाफ मैच होने थे। लेकिन मेस्सी ने अपने इंटर मियामी क्लब के साथ दौरे पर हांगकांग में प्रशंसकों को नाराज कर दिया था। वह पिछले रविवार को 'ग्रोइन' चोट के कारण मैत्री मैच में नहीं खेले और बेंच पर बैठे रहे थे। इससे खेल प्रेमी काफी नाराज हो गये थे। शुक्रवार को अर्जेंटीना और नाईजीरिया के बीच मैत्री मैच रद्द कर दिया गया। हांगझोउ स्पोर्ट्स ब्यूरो ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट पर घोषणा की कि कारण सभी को पता है, हमें अधिकारियों से पता चला है कि परिस्थितियां मैच कराने के सही नहीं हैं।

# कोहली श्रृंखला से हटे, अय्यर बाहर गेंदबाज आकाशदीप टीम में शामिल

## बीसीसीआई की पुष्टि के बाद कोहली को लेकर चल रही अटकलें हुईं खत्म

नई दिल्ली, एजेंसी

स्टार बल्लेबाज विराट कोहली व्यक्तिगत कारणों से इंग्लैंड के खिलाफ खेले जा रहे टेस्ट श्रृंखला के बचे हुए मुकबलों से हट गए हैं, जिसकी पुष्टि शनिवार को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने की। इससे कोहली को लेकर चल रही अटकलें खत्म हो गईं। कोहली पहले दो टेस्ट में नहीं खेले थे।

बीसीसीआई ने कहा कि विराट कोहली व्यक्तिगत कारणों से श्रृंखला के बचे हुए मैचों के चयन के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। बोर्ड कोहली के फैसले का पूरा सम्मान और समर्थन करता है। कोहली इस समय पारिवारिक कारणों से विदेश में हैं। अभी श्रृंखला 1-1 से बराबरी पर है। तीसरा मैच 15 फरवरी से राजकोट में शुरू होगा। व्यक्तिगत कारणों से कोहली की अनुपलब्धता के बारे में बीसीसीआई को पता था लेकिन अधिकारी यह देखना चाहते थे कि क्या वह 7 से 11 मार्च तक धर्मशाला में होने वाले अंतिम टेस्ट खेल सकते हैं।

बीसीसीआई के सीनियर सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर बताया कि चयन समिति को पता था कि विराट श्रृंखला के लिए उपलब्ध नहीं होंगे और इसके अनुसार आकस्मिक योजना तैयार थी। बीसीसीआई में हर कोई चाहता है कि विराट अपनी पारिवारिक प्रतिबद्धताओं को पूरा करें और जब भी वह उचित समझे वापस आएं। राष्ट्रीय चयन समिति ने सीनियर






खिलाड़ी रविंद्र जडेजा और केएल राहुल को टीम में शामिल किया है लेकिन बीसीसीआई की चिकित्सा टीम से मंजूरी मिलने के बाद ही वह खेल सकते हैं। इन दोनों को चोट लगी थी। राहुल फिट हैं और अंतिम एकादश में शामिल किए जाने को तैयार हैं। उसके अभी 'क्वाड्रीसैप्स' में थोड़ी ऐंठन है और चिकित्सा टीम इसे बढ़ाना नहीं चाहती। जडेजा की मांसपेशियों में खिंचाव है और वह बेहतर हो रहे हैं।

मैच शुरू होने में अब भी पांच दिन बचे हैं और अगर वह ठीक रहते हैं तो बढ़िया है। अगर राहुल और जडेजा अंतिम एकादश में वापसी करते हैं तो




### भारतीय टीम

रोहित शर्मा (कप्तान), जसप्रीत बुमराह (उप कप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, केएल राहुल, रजत पाटीदार, सरफराज खान, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), केएस भरत (विकेटकीपर), आर अश्विन, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार और आकाश दीप।

विशाखापत्तनम में पदार्पण करने वाले रजत पाटीदार को बाहर बैठना पड़ेगा क्योंकि श्रेयस अय्यर को बाहर कर दिया गया है। सीनियर बल्लेबाज अय्यर को कमर के निचले हिस्से और 'ग्रोइन' में खिंचाव की शिकायत के बाद टीम में नहीं लिया गया है। हालांकि बीसीसीआई ने उनका मेडिकल अपडेट नहीं दिया गया है। माना जा रहा है कि अय्यर को हर हाल में बाहर कर दिया जाता और उनकी चोट ने चयनकर्ताओं के लिए फैसला आसान कर दिया है। अय्यर ने काफी लंबे समय से अर्धशतक नहीं जड़ा है और बल्लेबाजों के मुफीद भारतीय पिचों पर उनके आउट होने का तरीका चिंताजनक है। निकट भविष्य में लंबे प्रारूप के लिए अय्यर के नाम पर शायद विचार नहीं किया जाए क्योंकि शॉर्ट गेंद का सामना करना उनकी कमजोरी रही है।

# लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम में वुड की जगह शमार

नई दिल्ली, एजेंसी

लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने शनिवार को वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज शमार जोसफ को आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) सत्र के लिए इंग्लैंड के मार्क वुड की जगह टीम में शामिल किया।

पिछले महीने जोसफ ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ अकेले दम पर टेस्ट मैच में जीत दिलाई थी। इस 24 वर्षीय तेज गेंदबाज ने ब्रिसबेन के गाबा में आस्ट्रेलिया के स्टार सुसज्जित बल्लेबाजी लाइन अप को चरमराते हुए दूसरी पारी में 68 रन देकर सात विकेट झटके थे। वह तीन करोड़ रुपये में लखनऊ सुपर जायंट्स से जुड़ेंगे और यह आईपीएल में जोसफ का पहला सत्र होगा।

आईपीएल ने एक बयान में कहा कि लखनऊ सुपर जायंट्स ने टाटा आईपीएल 2024 के आगामी चरण के लिए शमार जोसफ को तेज गेंदबाज मार्क वुड के स्थान पर शामिल किया है। इसके अनुसार, जोसफ तीन करोड़ रुपये में एलएसजी से जुड़ेंगे। हाल में गाबा में वेस्टइंडीज को टेस्ट में मिली जीत के दौरान इस तेज गेंदबाज ने शानदार प्रदर्शन किया था। उन्होंने दूसरी पारी में सात विकेट झटके थे जिससे वेस्टइंडीज ने आस्ट्रेलिया पर ऐतिहासिक जीत दर्ज की थी। इस घोषणा का मतलब वुड आईपीएल के आगामी सत्र के लिए उपलब्ध नहीं होंगे, हालांकि इसका कारण नहीं पता है। वह इस समय भारत दौरे पर आई इंग्लैंड टीम के साथ हैं।

**टाटा आईपीएल 2024 के लिए वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज 3 करोड़ रुपए में टीम से जुड़े**



# जॉनसन को अच्छे प्रदर्शन से ऑस्ट्रेलिया की टी20 विश्व कप टीम में जगह बनाने की उम्मीद


मेलबर्न, एजेंसी

बाएं हाथ के तेज गेंदबाज स्पेंसर जॉनसन की निगाहें इस साल मई में होने वाली आईपीएल में शानदार प्रदर्शन की बदौलत आस्ट्रेलिया की टी20 विश्व कप टीम में जगह बनाने पर हैं। गुजरात टाइटन्स ने उन्हें 10 करोड़ की राशि में टीम में शामिल किया था।

यह 28 वर्षीय खिलाड़ी रविवार को एडीलेड ओवल में वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरा टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेलने को तैयार है। जॉनसन ने कहा कि आस्ट्रेलिया के लिए कुछ मैच में शानदार प्रदर्शन करना अच्छा होगा लेकिन विश्व कप में अभी लंबा समय है और अगर मेरा आईपीएल में प्रदर्शन अच्छा रहता है तो पूरी उम्मीद है कि मैं विश्व कप टीम में शामिल हो सकता हूं।




जॉनसन ने अभी तक एक वनडे और दो टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले हैं, उन्होंने 2023-24 में बिग बैश लीग में सफल अभियान में 11 पारियों में 19 विकेट झटके हैं। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि बिग बैश लीग में मैंने जो प्रदर्शन किया है, उम्मीद है कि वह काफी होगा। आईसीसी टी20 विश्व कप आईपीएल खत्म होने के बाद जून में वेस्टइंडीज और अमेरिका में खेला जाएगा।




शनिवार को मैनचेस्टर, इंग्लैंड के एतिहाद स्टेडियम में मैनचेस्टर सिटी और एवर्टन के बीच इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल के खेले गए मैच के दौरान मैनचेस्टर सिटी के जेरेमी डोकू, बाएं, एवर्टन के एशले यंग और उनके साथी डोमिनिक कैल्वर्ट-लेविन के साथ गेंद के लिए संघर्ष करते हुए। एजेंसी




## बॉलीवुड हलचल

### यामी की फ़िल्म आर्टिकल 370 का ट्रेलर रिलीज




मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेत्री यामी गौतम की आने वाली फ़िल्म आर्टिकल 370 का ट्रेलर रिलीज़ हो गया है। जियो स्टूडियोज ने बी62 स्टूडियोज के सहयोग से फ़िल्म आर्टिकल 370 ट्रेलर रिलीज़ किया। इस फ़िल्म में यामी गौतम मुख्य भूमिका में नज़र आयेंगी। आर्टिकल 370 एक खुफिया अधिकारी (यामी द्वारा अभिनीत) की कहानी को दर्शाती है, जो पीएमओ ब्यूरोक्रेट (प्रियामणि) के साथ घटनाओं की जटिल सिरीज़ और आतंकवाद की सांठगांठ का पर्दाफ़ाश करने की कोशिश करती है, जिसके कारण कश्मीर से आर्टिकल 370 को समाप्त करने का ऐतिहासिक और अभूतपूर्व परिणाम सामने आता है। आर्टिकल 370 हाई ऑक्टेन एक्शन पॉलिटिकल ड्रामा है। इस फिल्म का निर्देशन आदित्य सुहास जांभले ने किया है। ज्योति देशपांडे, आदित्य धर और लोकेश धर द्वारा निर्मित यह फिल्म 23 फरवरी 2024 को रिलीज होगी।

### 8 साल बाद फिर से जादू बिखेरेंगे सलमान और सूरज बड़जात्यावा



निर्देशक सूरज बड़जात्या और अभिनेता सलमान खान ने कई ब्लॉकबस्टर फिल्में दी हैं। इसमें मैंने प्यार किया, हम आपके हैं कौन और प्रेम रतन धन पायो जैसी फिल्में हैं। सलमान और बड़जात्या की फिल्म का लोगों को हमेशा इंतजार रहता है। पिछले साल इस जोड़ी ने कन्फर्म किया था कि वह प्रेम रतन धन पायो (2015) के 8 साल बाद अपने पांचवें सहयोग के लिए फिर से साथ आ रहे हैं और उनकी अपकमिंग परियोजना बड़े पैमाने पर बनाई जाने वाली है। सूरज बड़जात्या और सलमान खान एक बड़े विज़न और बड़े पैमाने के प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं और उससे उन्हें काफी उम्मीदें है।

### रणबीर की 'रामायण' में शूर्पणखा बनेंगी रकुल प्रीत सिंह

दंगल फेम डायरेक्टर नितेश तिवारी की अपकमिंग फिल्म 'रामायण' में रणबीर कपूर राम, सांई पल्लवी सीता और केजीएफ स्टार यश रावण का किरदार निभाएंगे। अब हाल ही में खबर आई है कि एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह फिल्म में रावण की बहन शूर्पणखा का किरदार निभा सकती हैं। नितेश तिवारी और रकुल प्रीत सिंह के बीच इसे लेकर बातचीत चल रही है। चूंकी शूर्पणखा 'रामायण' का एक खास किरदार है इसी की वजह से भगवान श्रीराम और रावण के बीच युद्ध हुआ। इसीलिए इसके लिए रकुल ने अभी से लुक टेस्ट वगैरह भी दे दिए हैं। अगर सबकुछ प्लान के मुताबिक रहा तो रामायण पहला प्रोजेक्ट होगा, जिसकी शूटिंग रकुल अपनी शादी के बाद शुरु करेंगी। बॉलीवुड स्टार रणबीर कपूर और साउथ एक्टर यश की फिल्म 'रामायण' इन दिनों सुर्खियों में हैं। नितेश तिवारी की 'रामायण' में नए-नए स्टार्स की एंट्री हो रही हैं। अब तक इस फिल्म में रणबीर कपूर, यश, सनी देओल, बॉबी देओल समेत कई स्टार्स की एंट्री हो चुकी है। अभी हाल ही में माता सीता के किरदार के लिए जाह्नवी कपूर का नाम सामने आया था, जिसके बाद माना जा रहा था कि साई पल्लवी फिल्म से बाहर हो जाएंगे। इन सब के बाद अब फिल्म में 'शूर्पणखा' के रोल के लिए एक एक्ट्रेस का नाम सामने आ रहा है। नितेश की फिल्म 'रामायण' रिलीज से पहले स्टारकास्ट को लेकर काफी चर्चा में हैं। अब तक कई अपडेट्स सामने आ चुके हैं। अभी हाल ही में 'रामायण' में जाह्नवी कपूर की एंट्री को लेकर खबरें सामने आई थी। रणबीर कपूर और यश की फिल्म में शूर्पणखा के रोल के लिए एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह का नाम सामने आया है।



### रजनीकांत की लाल सलाम पर रवि तेजा की ईगल पड़ी भारी



नई दिल्ली। 9 फरवरी को कुल चार फिल्में सिनेमाघरों में रिलीज हुई। इनमें से एक बॉलीवुड स्टार शाहिद कपूर-कृति सेनन के तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया और बाकी तीन साउथ की लाल सलाम, अनवेशप्पिन कांडेतम और रवि तेजा की ईगल है, लेकिन साउथ की मूवीज में ईगल ने बाजी मारते हुए रजनीकांत और थोविनो थॉमस को भी पीछे छोड़ दिया है। सक्निल्क डाट कॉम के आकंड़ों के अनुसार, ईगल ने बॉक्स ऑफिस पर पहले दिन 6 .1 करोड़ की कमाई की है . जबकि लाल सलाम ने केवल 4 .3 करोड़ का कलेक्शन किया है। इशके चलते रजनीकांत के स्पेशल कैमियो वाली फिल्म लाल सलाम पर रवि तेजा की ईगल भारी पड़ती हुई नजर आई है। जबकि बॉलीवुड मूवी तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया की टक्कर ईगल से होती दिख रही है क्योंकि इस फिल्म ने भी 6 करोड़ पार की कमाई अपने नाम की है। कार्तिक गट्टामनेनी द्वारा निर्देशित रवि तेजा की फिल्म ईगल में अनुपमा परमेशवरर, काव्या थापर, मधू और विनय राय जैसे सितारे हैं।

### अंजना सिंह की फिल्म ठाकुरगंज की शूटिंग शुरू




मुंबई, एजेंसी। भोजपुरी अभिनेत्री अंजना सिंह की आने वाली फिल्म ठाकुरगंज की शूटिंग शुरू हो गई है। राज घराना फिल्म प्राइवेट लिमिटेड प्रस्तुत भोजपुरी फिल्म ठाकुरगंज का मुहूर्त संपन्न हो गया और शूटिंग शुरू हो गई है। फिल्म के निर्माता आदित्य कुमार झा और निर्देशक नीरज रणधीर हैं। फिल्म में मुख्य भूमिका में अंजना सिंह है और राहुल सिंह हैं। निर्माता आदित्य कुमार झा ने कहा कि ठाकुरगंज एक बेहतरीन पटकथा पर आधारित है। फिल्म की कहानी घर परिवार से है और यह दर्शकों को अपनी ओर आकर्षित करने में कामयाब होगी। इस फिल्म का बजट रूटिंन फिल्मों से ज्यादा है। फिल्म के निर्देशक नीरज रणधीर है। वही फिल्म को लेकर अंजना ने कहा कि यह मेरे लिए बेहतरीन मौका है, जिसमें एक शानदार पटकथा पर बनने वाली फिल्म में काम करने का मौका मिला है। इस फिल्म में मेरा किरदार सर्वोपरि है और मैं इसे पूरी तरह से जीना चाहती हूं।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

## एक नजर

### इजराइली हवाई हमले में 10 बच्चे समेत 28 फिलिस्तीनियों की मौत

**एपी।** इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की ओर से रफा से आमलोगों को निकालने और हमास पर हमले की दोहरी योजना की घोषणा के बाद से वहां मौजूद लोगों की सांसें थमी हुई हैं। 12 लाख के करीब लोग वहां फंसे हुए हैं। हालांकि, नेतन्याहू की ओर से हमले का समय नहीं बताया गया है। लेकिन उनकी इस घोषणा के बाद से डर का माहौल बना हुआ है। इस बीच, इजराली वायु सेना की ओर से हमले जारी हैं। शनिवार तड़के रफा में इजराइल की ओर से किए गए हवाई हमले में 28 फिलिस्तीनियों की मौत हो गई। एक स्वास्थ्य अधिकारी के अनुसार, शनिवार को रफाह क्षेत्र में घरों पर तीन हवाई हमले किए गए थे। हमले में तीन परिवारों के कई सदस्यों की मौत हो गई, जिनमें कुल 10 बच्चे थे।

### यूक्रेन के खारकीव पर रूस का ड्रोन हमला, 3 बच्चों समेत 7 की मौत

**कीव।** यूक्रेन के दूसरे सबसे बड़े शहर खारकीव पर रूस ने ड्रोन से शुक्रवार-शनिवार की रात बड़ा हमला बोला। हमले में सात लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में तीन बच्चे भी शामिल हैं। खारकीव क्षेत्र के गवर्नर ओलेह सिनिहुबोव ने शनिवार को कहा कि ईरान निर्मित शहीद ड्रोन से नेमिश्लियन जिले में नागरिक बुनियादी ढांचा को निशाना बनाया गया। इस हमले के कारण भीषण आग भड़क उठी, जिसकी चपेट में आकर 15 घरों को नुकसान पहुंचा है। गृहमंत्री इहोर क्लिमेंको ने कहा कि वहां से 50 लोगों को निकाला गया है।

### कनाडा: भारतवंशी चालक पर नशीली दवाओं को बांटने का आरोप

**टोरंटो।** कनाडा में एक भारतीय ट्रक ड्राइवर पर नशीली पदार्थों को बांटने का आरोप लगाया गया है। दरअसल, उसे 8.7 मिलियन कनाडाई डॉलर मूल्य की कोकीन अमेरिका लाने के प्रयास में पकड़ा गया था। ड्राइवर की पहचान गगनदीप सिंह के तौर पर की गई है। उसे कस्टम और सीमा सुरक्षा अधिकारियों (सीबीपी) ने कोकीन के साथ पकड़ा था। अधिकारियों के अनुसार, यह जब्ती बड़े पैमाने पर नशीली दवाओं के वितरण गतिविधियों के अनुरूप है। आपराधिक शिकायत के अनुसार, आरोपी ने सीबीपी अधिकारियों को अनदेखा करने और उनके द्वारा रोके जाने के बाद टोल से आगे बढ़ने की कोशिश की।

### अमेरिका के हवाई- कैलिफोर्निया में 5.7 तीव्रता से आया भूकंप

**होनोलूलू/मालिबु।** अमेरिका के हवाई के बिग आइलैंड और मालिबु के निकट सदर्न कैलिफोर्निया में शुक्रवार को भूकंप के झटके महसूस किए गए। अमेरिकी भूगर्भीय सर्वेक्षण (यूएसजीएस) ने बताया कि हवाई में 5.7 तीव्रता का भूकंप आया, जिसका केंद्र नालेहु से 11 मील (18 किलोमीटर) दक्षिण में और छह मील (10 किलोमीटर) गहराई में था। प्रशांत सुनामी चेतावनी केंद्र ने कहा कि सुनामी की कोई आशंका नहीं है। दूसरी तरफ कैलिफोर्निया में भी 4.6 तीव्रता का भूकंप आया जिसके झटके लॉस एंजिलिस क्षेत्र में भी महसूस किए गए।

## जेलों में गर्भवती हो रहीं महिला कैदियों के मामले में उच्चतम न्यायालय ने लिया स्वतः संज्ञान

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बंगाल के सुधार गृहों में बंद कुछ महिला कैदियों के गर्भवती होने के मामले पर स्वतः संज्ञान लिया है। मामले की जांच के लिए, सहमति व्यक्त करते हुए जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने वरिष्ठ वकील गौरव अग्रवाल से इस मुद्दे को देखने और एक रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है।



अग्रवाल जेलों में बढ़ते कैदियों के मामले में न्याय मित्र के रूप में सुप्रीम कोर्ट की सहायता कर रहे हैं। गुरुवार को बंगाल के सुधार गृहों में में महिला कैदियों के गर्भवती होने का मुद्दा हाई कोर्ट में उठाया गया था। कलकत्ता हाई कोर्ट ने इस मामले को आपराधिक मुकदमों की सुनवाई करने वाली खंडपीठ को स्थानांतरित करने का आदेश दिया था। इसमें कोर्ट द्वारा नियुक्त न्याय मित्र तापस कुमार भांजा ने दावा किया था कि बंगाल के सुधार गृहों में बंद कुछ महिला कैदी गर्भवती हो रही हैं। इसलिए 196 बच्चे इस तरह के विभिन्न सुधार गृहों में रह रहे हैं। भांजा ने सुधार गृहों के पुरुष कर्मचारियों को महिला कैदियों के सेल में प्रवेश पर रोक लगाने का सुझाव दिया है।

## महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा हैं चार्जिंग स्टेशन

# यूपी ईवी में अव्वल

देश का ईवी (इलेक्ट्रिक वाहन) उद्योग तेजी से विकास कर रहा है। सड़कों पर बड़ी संख्या में दोपहिया-तिपहिया के साथ ही ईवी कारें और बसें नजर आ रही हैं, लेकिन ईवी के विकास के लिए सबसे जरूरी चार्जिंग स्टेशनों की संख्या अब भी कम है। भारी उद्योग राज्य मंत्री, कृष्णपाल गुर्जर ने लोकसभा में बताया कि इस साल 2 फरवरी तक देश में कुल 12,146 चार्जिंग स्टेशन खुल चुके हैं। इसमें सबसे ज्यादा महाराष्ट्र में 3079 चार्जिंग स्टेशन हैं। 1886 चार्जिंग स्टेशनों के साथ दिल्ली दूसरे नंबर पर है, जबकि कर्नाटक में 1041 चार्जिंग स्टेशन हैं। इसके बाद केरल (852), तमिलनाडु (643) और उत्तर प्रदेश की बारी आती है।

**2023** अगस्त तक देश में कुल 28,30,565 ईवी थीं, इसमें तेलंगाना और लक्षद्वीप शामिल नहीं



**12,146** कुल चार्जिंग स्टेशन हैं भारत में, 1800 से ज्यादा चार्जिंग स्टेशनों के साथ दिल्ली दूसरे नंबर पर

**2030** तक देश भर में 29 लाख चार्जिंग स्टेशनों की होगी जरूरत

### देश में 29 लाख चार्जिंग स्टेशनों की जरूरत

भारत में 2030 तक 29 लाख चार्जिंग स्टेशनों की जरूरत होगी। इसलिए सरकार ईवी चार्जिंग स्टेशन बनाने के लिए सब्सिडी दे रही है। फेम-2 योजना के तहत सरकार पहले 5000 सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना के लिए कुल चार्जिंग स्टेशन लागत का 50 से 100% तक सब्सिडी दे रही है। साथ ही सरकार ने चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए दिशानिर्देश और मानक जारी किए हैं, जो घर-दफ्तर में ईवी चार्ज करने की इजाजत देते हैं।

### 2023: हर माह 1 लाख से ज्यादी ईवी बिकीं

जैसे-जैसे ईवी तकनीकि तौर पर विकसित और सस्ती होती जा रही है। बाजार में इसकी मांग भी बढ़ती जा रही है। एनआरआई कंसल्टिंग एंड सॉल्यूशंस के प्रितेश सिंह बताते हैं- पिछले साल हर महीने 1 लाख से ज्यादा ईवी की बिक्री हुई। इनमें से 56% टू व्हीलर्स हैं। अकेले मई में सबसे ज्यादा 1,58,374 ईवी की बिक्री हुई।

### उत्तर प्रदेश में सिर्फ 582 चार्जिंग स्टेशन

उत्तर प्रदेश में सिर्फ 582 चार्जिंग स्टेशन हैं। जबकि देश में सबसे ज्यादा इलेक्ट्रिक व्हीकल्स उत्तर प्रदेश में ही हैं। आबादी के लिहाज से देश के सबसे बड़े सूबे उत्तर प्रदेश में अगस्त 2023 तक 5,74,967 रजिस्टर्ड इलेक्ट्रिक व्हीकल्स थे। यानी 988 वाहनों के लिए सिर्फ 1 चार्जिंग स्टेशन। इसके बाद सबसे ज्यादा ईवी महाराष्ट्र (3,05,006) में हैं। यानी हर 100 ईवी के लिए एक चार्जिंग स्टेशन है। देश की राजधानी दिल्ली में 124 ईवी के लिए सिर्फ 1 चार्जिंग स्टेशन है। देश में 3 अगस्त 2023 तक कुल ईवी 28,30,565 थीं। इसमें तेलंगाना और लक्षद्वीप का डेटा नहीं जोड़ा गया है।



### इमरान खेमे में दोहरी खुशी, पीटीआई समर्थित प्रत्याशियों ने जीतीं सर्वाधिक सीटें

# इमरान को 12 केसों में मिली जमानत

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

पाकिस्तान में चुनावी नतीजों के बीच शनिवार को पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को राहत मिली है। दरअसल, रावलपिंडी में आतंकवाद विरोधी अदालत (एटीसी) ने इमरान को 9 मई के दंगों से संबंधित 12 मामलों में जमानत दे दी है।

इमरान के लिए ये दोहरी खुशी इसलिए भी है, क्योंकि चुनावी नतीजों में भी उनकी पार्टी पीटीआई के समर्थित उम्मीदवारों ने सबसे ज्यादा सीटें जीती हैं। इसके अतिरिक्त, इमरान खान के करीबी सहयोगी और पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरेशी को 13 मामलों में जमानत दे दी गई है। इमरान को आर्मी म्यूजियम पर हमलों में भी जमानत दे दी गई है। अदालत ने सभी 12 मामलों में 1 लाख पाकिस्तान रुपये के जमानत बांड पर जमानत दी है। जमानत आवेदनों पर एटीसी न्यायाधीश मलिक इजाज आसिफ ने फैसला सुनाया कि पीटीआई संस्थापक को हिरासत में रखने का कोई औचित्य नहीं है और 9 मई के मामलों में सभी संदिग्धों को जमानत दे दी गई। इमरान और कुरैशी को 6 फरवरी को आरोपों के अनुसार दोषी ठहराया गया था।



### पीटीआई के उम्मीदवारों को मिलीं सौ सीटें

पाकिस्तान निर्वाचन आयोग के अनुसार, नेशनल असेंबली की 250 सीट पर मतगणना पूरी हो चुकी है और निर्दलीय उम्मीदवारों ने सर्वाधिक 100 सीट जीती हैं। इनमें से अधिकतर उम्मीदवार पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पीटीआई समर्थित हैं। नवाज की पीएमएल-एन ने 73, पीपीपी ने 54 सीट और मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट ने 17 सीट पर जीत हासिल की है। छोटे दलों को अन्य 11 सीटों पर जीत दर्ज की है। इमरान खान की पार्टी ने पीपीपी, पीएमएल-एन के साथ गठबंधन करने से इनकार करते हुए कहा कि वह अपने बलबूते संघीय सरकार बनाने की स्थिति में है।

### बेटी मरियम-नवाज की जीत को चुनौती, कोर्ट पहुंचे पीटीआई नेता



पीएमएल-एन सुप्रीमो नवाज शरीफ और उनकी बेटी मरियम नवाज की जीत को लाहौर उच्च न्यायालय में चुनौती दी गई है। पाकिस्तान के चुनाव आयोग (ईसीपी) ने दोनों को लाहौर की नेशनल असेंबली की सीटों पर विजयी घोषित किया है। चुनाव आयोग पर आरोप है कि सही प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया है।पूर्व प्रधानमंत्री की बेटी के निर्वाचन को शनिवार को चुनौती दी गई। याचिका में पीटीआई समर्थित उम्मीदवारों ने दावा किया कि पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) ने उन्हें 'फर्जी' परिणाम पर विजेता घोषित किया।

### राजनीतिक -आर्थिक स्थिरता लाए आगामी सरकार: मुनीर



पाकिस्तान के चुनावी परिणाम आने के बाद शनिवार को सेना प्रमुख असीम मुनीर ने देश की जनता को सफल चुनावों के लिए बधाई दी। असीम ने इसी के साथ कहा कि मेरी कामना है कि देश को इस चुनाव से अराजकता और खराब राजनीति से छुटकारा मिलेगा और आगे बढ़ने के लिए स्थिर सरकार मिलेगी। उन्होंने कहा लोकतांत्रिक ताकतों को संभालने वाली सरकार राष्ट्रीय उद्देश्यों को पूरा करेगी, यही उम्मीद करता हूं और इसी के साथ कामना करता हूं कि ये चुनाव राजनीतिक, आर्थिक स्थिरता, शांति और समृद्धि लाए।

## 100% भरोसा, यूएनएससी का स्थायी सदस्य बनेगा भारत

**पर्थ, एजेंसी**

भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ऑस्ट्रेलिया की यात्रा पर हैं। वह दो दिवसीय हिंद महासागर सम्मेलन में भाग लेने के लिए पहुंचे हैं। शनिवार को जयशंकर ने कहा कि 100 प्रतिशत विश्वास है कि भारत को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सीट मिलेगी, लेकिन यह आसान नहीं होगा क्योंकि बहुत सारे देश हैं जो हमें रोकना चाहते हैं।

भारतीय समुदाय के साथ बातचीत में एक सवाल के जवाब में जयशंकर ने कहा कि जब वह दुनिया भर में जाते हैं तो उन्हें यह बदलाव नजर आता है कि अब दुनिया भारत को कितनी अलग नजरों से देखती है। उन्होंने स्थायी सीट को लेकर कहा 'मैं 100 प्रतिशत आश्वस्त हूं कि हम वहां पहुंचेंगे। लेकिन मैं ईमानदारी से कहूं तो, हमें यह आसानी से नहीं मिलेगा क्योंकि दुनिया प्रतिस्पर्धा से भरी है। किसी देश का नाम लिए बिना जयशंकर ने कहा कि कुछ लोग हमें रोकने की कोशिश करेंगे, उस मार्ग को कठिन बना देंगे या रास्ते में किसी तरह की बाधाएं, किसी तरह का तर्क डालेंगे, लेकिन मुझे विश्वास है कि हम वहां पहुंचेंगे और मैं पांच साल पहले या 10 साल पहले की तुलना में आज अधिक आश्वस्त हूं।'

उन्होंने कहा, 'जैसे-जैसे मैं दुनिया भर में घूमता हूं, मैं अक्सर लोगों से यह सुनता हूं कि 'देखो, आप वो बातें कह सकते हैं जो हम नहीं कह सकते। हम यह कहने के लिए आप पर भरोसा करते हैं क्योंकि हमारी अपनी सीमाएं हैं। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि कैसे भारत ने पहले ही स्वाभाविक रूप से एक स्थिति बना ली है जो उन सभी के लिए एक सामूहिक स्थिति है। उन्होंने कहा कि ऐसे कई मुद्दे थे जिनमें कई लोगों के हित शामिल थे लेकिन वैश्विक बहस पर कुछ ही लोगों का दबदबा था।

### आने वाले वक्त में क्वाड की प्रासंगिकता बढ़ेगी



भारतीय समुदाय को संबोधित करते जयशंकर।

जयशंकर ने शनिवार को कहा कि उन्हें विश्वास है कि क्वाड समूह की प्रासंगिकता बढ़ेगी और यह क्षेत्रीय तथा क्षेत्र से परे राजनीति व नीति में एक बड़ा कारक बनेगा। जयशंकर ने हिंद महासागर सम्मेलन में ऑस्ट्रेलिया की अपने समकक्ष पेनी वोंग के साथ एक चर्चा के दौरान ये टिप्पणियां कीं। उन्होंने कहा, यह समूह प्रमुख शक्तियों की बदलती क्षमताओं और पूरी दुनिया पर उसके असर का परिणाम है। हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन के आक्रामक रुख से निपटने के लिए 2017 में किया गया था। जयशंकर ने कहा, यह तीन बहुत महत्वपूर्ण संबंधों को भी दर्शाता है जो शीत युद्ध खत्म होने के बाद बदल गए हैं। उन्होंने कहा कि ये चारों देश इस समुद्री क्षेत्र के चार कोनों पर स्थित हैं।

### भारत में एक दशक में 8 नए एयरपोर्ट बने

जयशंकर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व की जमकर सराहना की। उन्होंने कोरोना महामारी (कोविड) के दौर में भारत में हुई सकारात्मक पहल और गरीबों को मुफ्त राशन जैसी योजनाएं गिनाते हुए कहा कि कोरोना से उबरने में प्रोत्साहन की अहम भूमिका रही। विदेश मंत्री ने कहा कि जब पूरी दुनिया कोरोना से जूझ रही थी, उस समय भारत में सभी के मन में एक ही बात और भावना थी, किसी भी सूरत में इस संकट के समय को पीछे छोड़ना है। उन्होंने बीते एक दशक में हुए विकास कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में सरकार ने कई मील के पत्थर स्थापित किए हैं।

## अमेरिका: घायल भारतीय मूल के युवक की अस्पताल में मौत

**वाशिंगटन, एजेंसी**

▸▸ **2 फरवरी को रेस्तरां के बाहर घायल अवस्था में फुटपाथ पर मिले थे विवेक तनेजा, जांच जारी**

अमेरिका के वाशिंगटन शहर के एक रेस्तरां के बाहर एक 41 वर्षीय भारतीय मूल के कार्यकारी पर किसी विवाद के कारण हमला किया था, जिसके कुछ दिन बाद उसकी मृत्यु हो गई है।

जांचकर्ताओं के अनुसार, अधिकारियों ने 2 फरवरी को सुबह लगभग 2 बजे शोटो रेस्तरां के बाहर विवेक तनेजा घायल अवस्था में फुटपाथ पर पड़े थे। उन्हें जानलेवा चोटें आई थीं, जिसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया।

मीडिया के मुताबिक, प्रारंभिक जांच में पाया गया कि तनेजा और एक अज्ञात व्यक्ति के बीच किसी बात को लेकर बहस हो गई और वह झड़प में बदल गई। इसके बाद शख्स ने तनेजा को जमीन पर गिरा दिया गया और उनका सिर फुटपाथ पर जा लगा। बुधवार को अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। पुलिस अब तनेजा की मौत को हत्या मानकर जांच कर रही है। तनेजा डायनेमो टेक्नोलॉजीज के सह-संस्थापक और अध्यक्ष थे। तनेजा संघीय सरकार के अनुबंध क्षेत्र पर जोर देने के साथ डायनेमो की रणनीतिक, विकास और साझेदारी पहल का नेतृत्व करते थे। तनेजा वर्जीनिया के अलेक्जेंड्रिया में अपनी उनकी पत्नी और एक बेटी के साथ रहते थे।

पुलिस उस शख्स को अब भी खोज रही है, जिसने विवेक पर हमला किया था। वह सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है। पुलिस ने आरोपी शख्स को पकड़ने के लिए अब जनता से भी मदद मांगी है।

### संगम पर उमड़े भक्त...



**प्रयागराज :** माघ मेले के पर्व मौनी अमावस्या पर भक्त संगम उमड़ पड़े। मेला प्रशासन का अनुमान है कि शनिवार को 2 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं ने संगम में डुबकी लगाई। भक्तों की बड़ी संख्या को देखते हुए मेला प्रशासन ने स्नान घाटों की संख्या बढ़ाकर 12 कर दी। घाटों की लंबाई भी 6800 रनिंग फोट से 8000 रनिंग फोट की गई। श्रद्धालुओं की मदद के लिए 500 मेला मित्र भी तैनात रहे। पहली बार एनडीआरएफ ने महिला बचावकर्मियों को भी तैनात किया है। इस स्नान को 2025 में आयोजित होने वाले महाकुंभ के रिहर्सल के रूप में आयोजित किया जा रहा है। ● एजेंसी



## मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता तीन दशक बाद भारत में होगी, 18 से होगा आगाज

**नई दिल्ली।** करीब तीन दशक बाद भारत में मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता होने जा रही है। अंतर्राष्ट्रीय सौंदर्य प्रतियोगिता का यह 71वां संस्करण होगा, जो 18 फरवरी से 9 मार्च तक आयोजित किया जाएगा। नई दिल्ली में शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिये वर्तमान मिस वर्ल्ड पोलैंड की कैरोलिना बिलावस्का, पूर्व विजेता टोनी एन सिंह (जमैका) ने प्रतियोगिता की जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता का उद्घाटन 20 फरवरी को भारत पर्यटन विकास निगम (आईटीडीसी) करेगा। प्रतिस्पर्धा इंडिया वेलकम द वर्ल्ड गाला के साथ शुरू होगी और इसका ग्रैंड फिनाले 9 मार्च को मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में होगा। नई दिल्ली में भारत मंडपम समेत विभिन्न स्थानों पर आयोजित की जाएगी। इसमें दुनिया भर के देशों के 120 प्रतियोगी भाग लेंगे।

## पूर्व पीएम नरसिम्हा राव ने इजराइल के राजनयिक संबंधों की नींव रखी: गिलोन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव को भारत रत्न देने की घोषणा की है। जिसके बाद से ही तमाम राजनीतिक प्रतिक्रिया शुरू हो गई है। इस बीच, भारत में इजराइली राजदूत नाओर गिलोन ने पूर्व पीएम नरसिम्हा राव को सर्वोच्च नागरिक सम्मान दिए जाने को लेकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि 1992 में पीएम नरसिम्हा राव के नेतृत्व में भारत और इजराइल ने राजनयिक संबंध स्थापित किए थे।



एक्स पर पोस्ट साझा करते हुए इजराइली राजदूत नाओर गिलोन ने कहा कि पूर्व पीएम पीवी नरसिम्हा राव ने भारत और इजराइल के राजनयिक संबंधों की नींव रखी थी, जो आज प्रगाढ़ हो चुके हैं। मोदी द्वारा उन्हें देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान देने के एलान की मैं प्रशंसा करता हूं। साथ ही मध्यपश्चिम भारत में इजराइली महावाणिज्यदूत कोबी शोशानी ने भी इजराइल और भारत के बीच पूर्ण राजनयिक संबंध स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार किया।

## खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में धमाका, एक पुलिसकर्मी समेत तीन आतंकी ढेर

**पेशावर।** पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक पुलिस मोबाइल वैन पर हमले के बाद हुई गोलीबारी में कम से कम तीन आतंकवादी और एक पुलिस अधिकारी की मौत हो गई।

पुलिस ने बताया कि दक्षिण वजीरिस्तान की सीमा से लगे डेरा इस्माइल खान जिले के दारजिंदा इलाके में गश्त कर रही एक वैन पर अज्ञात आतंकवादियों द्वारा की गई गोलीबारी में एक अतिरिक्त एसएचओ की मौत हो गई, जिसके बाद पुलिस और हमलावरों के बीच एक घंटे से अधिक समय तक गोलीबारी हुई। पुलिस ने बताया कि लड़ाई के दौरान तीन हमलावरों को मार गिराया गया। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस की भारी टुकड़ियां घटनास्थल पर पहुंचीं। पुलिस ने कहा, हमलावरों का पता लगाने के लिए अभियान शुरू कर दिया है।

## टीएमसी नेता की गिरफ्तारी को लेकर प्रदर्शन, इंटरनेट ठप

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखली में दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लागू की गई है। इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई हैं। शुक्रवार को स्थानीय महिलाओं ने संदेशखली में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के फरार नेता शेख शाहजहां और उनके सहयोगियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर प्रदर्शन किया था।

हाथों में लाठी और झाड़ू लेकर स्थानीय महिलाओं ने संदेशखली के विभिन्न इलाकों में जुलूस निकाला। एक अधिकारी ने बताया धारा 144 लागू की गई है और जिले के कुछ हिस्सों में इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई हैं। शेख शाहजहां पिछले महीने से फरार हैं। ईडी कथित राशन घोटाले में उनके घर पर छापेमारी की थी। जिस दौरान भीड़ ने ईडी के अधिकारियों पर हमला कर दिया था।

**विज्ञान** | नासा के अंतरीक्ष यान कैसिनी के जरिए सौरमण्डल में छिपे महासागर की हुई खोज

# शनिग्रह के उपग्रह 'मीमास' में मिला जल का भंडार

**नैनीताल कार्यालय**

**अमृत विचार :** किसी दूसरे ग्रह पर जीवन की तलाश ने वैज्ञानिकों को अकूत तरल जल का खजाना हाथ लगा है। बाहरी ग्रह पर मिले महासागर में जीवन की संभावना प्रबल बताई जा रही है। तरल जल का यह महासागर शनि के चंद्रमा मीमास में खोजा गया है। ऑब्ज़र्वेटोएरे डी पेरिस-पीएसएल के खगोलशास्त्री वैलेरी लैनी और उनकी टीम ने यह खोज की है।

नासा के अंतरीक्ष यान कैसिनी के जरिए यह खोज हुई है। मीमास शनि का सबसे छोटा उपग्रह है। इस उपग्रह पर तरल जल की मौजूदगी की कोई संभावना नजर नही आती थी। कैसिनी अंतरिक्ष यान ने 2004 से 1017 के बीच कई बार मीमास के जांच पड़ताल की और तस्वीरों समेत डेटा पृथ्वी पर भेजा। जब वैज्ञानिकों ने इस उपग्रह का डेटा खंगाला तो हैरान हो गए। मीमास के भीतरी सतह में महासागर छिपा हुआ था। इस उपग्रह की सतह मोटी परत की बर्फ से ढकी हुई है और सतह से केवल 20 से 30 किलोमीटर की गहराई में तरल जल का महासागर समाया हुआ है। लंदन क्वीन मैरी यूनिवर्सिटी ने महासागर की इस घोषणा को प्रकाशित किया है। खोजकर्ता वैज्ञानिको का कहना है कि शनि के चंद्रमा मीमास का महासागर संभवतः 5 से 15 मिलियन वर्ष पहले शनि द्वारा मीमास के ज्वारीय निचोड़ के कारण बना था। इस खोज से वैज्ञानिकों को महासागर की उत्पत्ति की जानकारी मिल सकती है। साथ ही इस महासागर में किसी भी रूप में जीवन भी मिल सकता है। अब आगे के अध्ययन से इस संदर्भ की पुष्टि होगी। बीते दशक में नासा ने चंद्रमा की बर्फ से ढंकी सतह के नीचे तरल रूप में पानी मौजूद होने का दावा किया था।

फिर चाहे वह भूमिगत जल हो या किसी महासागर के रूप में हो। लेकिन शनि के चंद्रमा एनक्लेडस को देखकर पहली झलक में कहा जा सकता है कि इसके दक्षिणी ध्रुव पर पानी का अथाह भंडार है। इस खोज को नेचर जरनल में प्रकाशित शोध पत्र के प्रमुख शोधकर्ता और कारनेल यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर मैट हेडमैन ने बातया था कि, एनक्लेडस जब शनि के बहुत करीब होता है तो जलस्त्रोतों के पोर जैसे बंद हो जाते हैं और जब ये चाद अपने शनि ग्रह से सबसे अधिक दूर होता है तो जल सबसे अधिक छलकता है।



शनि का उपग्रह मीमास।

### एन्सेलाडस, यूरोपा के क्लब में शामिल हुआ मीमास

मीमास एक छोटा चंद्रमा है, जिसका व्यास केवल 400 किलोमीटर है। यह खोज मिमास को आंतरिक महासागरों वाले चंद्रमाओं के एक विशेष क्लब में जोड़ती है, जिसमें शनि का चंद्रमा एन्सेलाडस और बृहस्पति का चंद्रमा यूरोपा शामिल है।

## 88 की उम्र में हीमैन ने बदला नाम, अब हुए धर्मेंद्र सिंह देओल

**मुंबई।** हीमैन ने 88 साल की उम्र में अपना नाम बदल दिया है। इस बात का खुलासा तब हुआ, जब शाहिद कपूर और कृति सेनन स्टारर फिल्म 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' 9 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। फिल्म में दिए गए शुरुआती क्रेडिट से पता चला कि धर्मेंद्र ने अपने जन्म के समय दिए गए मिडिल नेम और सरनेम को अपने नाम के साथ जोड़ लिया है। फिल्म के क्रेडिट में उनका नाम धर्मेंद्र सिंह देओल लिखा गया है। बता दें, इडंस्ट्री में आने के 64 साल बाद उन्होंने नाम बदला है। इससे पहले धर्मेंद्र अपने नाम के साथ कुछ भी नहीं लगाते थे। धर्मेंद्र के बचपन का नाम धर्मेंद्र केवल किशन देओल है। हालांकि, अब तब हीमैन ने अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।



## सरकार को बर्खास्त कर लगाएं राष्ट्रपति शासन: उद्धव ठाकरे

**मुंबई, एजेंसी**



▸▸ **कानून व्यवस्था को लेकर उद्धव ने मुख्यमंत्री शिंदे को घेरा**

महाराष्ट्र में उद्धव गुट के नेता की हत्या के बाद शिवसेनाम (यूबीटी) और कई विपक्षी दलों ने शिंदे सरकार पर टिप्पणी की है। उद्धव ठाकरे ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था बुरी तरह से खराब हो रही है। मुख्यमंत्री शिंदे पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र सरकार को बर्खास्त किया जाना चाहिए। उन्होंने यह कहा कि राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाया जाना चाहिए, जिसके बाद नए सिरे से राज्य में चुनाव कराए जाएं।

बता दें गुरुवार शाम महाराष्ट्र स्थित दहिसर में शिवसेना(यूबीटी) के एक नेता की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। जिसके बाद से ही राज्य में कानून व्यवस्था को लेकर विपक्षी दल आक्रमक हो गया है। उद्धव ठाकरे ने राज्य सरकार पर गुंडों को संरक्षण देने का भी आरोप लगाया है। वहीं शिवसेना (यूबीटी) सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने शुक्रवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर महाराष्ट्र में बेकाबू कानून व्यवस्था की स्थिति पर तत्काल हस्तक्षेप की मांग की।

बता दें, गुरुवार शाम शिवसेना नेता की स्थानीय व्यवसायी और सामाजिक कार्यकर्ता मौरिस नोरोन्हा ने फेसबुक लाइन के दौरान गोली मारकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने इस मामले पर कहा कि नोरोन्हा ने बाद में खुद को ही मारा डाला।